वाराणसी, गुरुवार, 15 दिसम्बर, 2022

पौष मास, कृष्ण पक्ष 7, वर्ष 11, अंक 307, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अंदर- भारतीय शास्त्रीय संगीत को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास

अंदर- विराट कोहली को वनडे रैंकिंग में हुआ फायदा



नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news


# जहरीली शराब का तांडव, 27 की मौत

## बिहार विस में हंगामा, सीएम नीतीश ने खोया आपा, कई की हालत गंभीर

**पटना।** सारण में जहरीली शराब से मौत का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। अब तक 27 लोगों की मौत हो गई है। कई लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 5 लोगों की मंगलवार देर रात हुई थी। वहीं ग्रामीणों की माने तो संदिग्ध स्थिति में 3 लोगों की मौत हुई है जिनका पोस्टमॉर्टम नहीं कराया गया है। पुलिस ने मामले में 14 लोगों को हिरासत में लिया है। ये लोग कौन है, पुलिस ने फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया है। बताया जा रहा है कि मशरख और इसुआपुर इलाके में देसी शराब की बड़ी खेप पहुंची थी। जिसे 50 से ज्यादा लोगों ने पिया था। 20 से ज्यादा लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सभी ने 20-20 रुपए में देसी शराब के पाउच खरीदकर पीए थे। सभी लोग 1 किलोमीटर के दायरे में आसपास रहते हैं। डोयला इलाके में बड़े पैमाने पर देसी शराब बनती और बिकती है। प्रशासन की ओर से शराब से मौत की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन आसपास के लोगों का कहना है कि सभी ने शराब पी थी। इसके बाद उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। थोड़ी देर में आंखों से दिखाई देना बंद हो गया। जहरीली शराब से मौत पर मद्य निषेध मंत्री सुनील कुमार का अजीब बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के जमाने में भी कानून बनते थे,तब भी कानून टूटता था। अंग्रेजों ने भी कानून बनाया, लेकिन इसके बाद भी रेप और हत्या हो रही है ना। शराबबंदी भी वैसे ही है। शराब बिक रही है तो पुलिस भी कार्रवाई कर रही है। शराब से मौत तो दूसरे राज्यों में भी हो रही है।

परिवार ने बताया कि सभी ने शराब पी थी। जैसे ही घर लौटे तो कुछ देर बाद तबीयत बिगड़ने लगी। अचानक से तेज बुखार चढ़ गया। उल्टियां होने लगीं। पेट दर्द की शिकायत होने लगी। अस्पताल ले जाने के दौरान ही मंगलवार को 3 लोगों की मौत हो चुकी थी। बाकी की इलाज के दौरान मौत हुई है।

**खुली पोल**

### मौत पर राजनीतिक गलियारे में मची है हायतोबा

### उल्टी-दस्त के बाद गई आंखों की रोशनी




### बीजेपी विधायकों से बोले नीतीश ए क्या हो गया, चुप हो जाओ

बिहार विधानसभा में विपक्ष के सवालों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आपा खो दिया। बिहार के छपरा में जहरीली शराब से 27 लोगों की मौत हो गई है। कई लोगों का इलाज चल रहा है। इन मौतों को लेकर बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में जमकर हंगामा हुआ। बीजेपी ने इन मौतों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जिम्मेदार ठहराया और सदन के अंदर और बाहर नीतीश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्ष के हंगामे से नीतीश कुमार ने अपना आपा खो दिया। गुस्से में उन्होंने बीजेपी विधायकों की तरफ इशारा किया और कहा- क्या हो गया, ए, चुप हो जाओ। मुख्यमंत्री के इस व्यवहार से बीजेपी विधायक नाराज हो गए और नीतीश कुमार को माफी मांगने को कहा। भारी हंगामे के बाद सदन कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# शादी का जश्न गम में तब्दील, तीन की मौत

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के अकोढ़ी गांव के पास प्रयागराज मीरजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की रात हुए सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गयी। जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। देहात कोतवाली क्षेत्र के खजुरी गांव निवासी अनिल शर्मा के गैपुरा गांव स्थित रिश्तेदारी में शादी थी। अनिल शर्मा का 22 वर्षीय पुत्र आदर्श शर्मा के साथ 24 वर्षीय सत्यम शर्मा, 55 वर्षीय अशोक शर्मा, 24 वर्षीय राहुल शर्मा जायलो कार से शादी समारोह में शामिल होने गए थे। गांव का ही इब्राहिम कार चला रहा था। कार सवार पांचों लोग वैवाहिक समारोह से वापस लौट रहे थे। चालक कार लेकर विंध्याचल थाना क्षेत्र के अकोढ़ी गांव के पास पहुंचा। तेज गति के कारण सड़क किनारे खड़े टैंकर से जा भिड़ी। जोरदार टक्कर से कार सवार सभी घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मंडलीय अस्पताल भेजा। परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने कार चालक इब्राहिम खान, अशोक शर्मा व राहुल शर्मा को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल आदर्श व सत्यम को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया है। उन्हें वाराणसी के ट्रामा सेण्टर में भर्ती कराया गया है। रात के अंधेरे में आयी आपदा से तीन की मौत से गाँव में कोहराम मचा हुआ है।

**हादसा**

### दो की हालत गंभीर, वाराणसी रेफर, एक ही गांव के थे वाहन सवार

# शिवपाल के दरबार में टिकट के दावेदारों की लगी भीड़

**लखनऊ।** निकाय चुनाव में टिकट के लिए दावेदारों की भीड़ शिवपाल सिंह यादव के दरबार में लगने लगी है। प्रत्याशियों पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के आने के बाद मंथन किया जाएगा।प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का सपा में विलय करने और मैनपुरी सीट पर उपचुनाव जिताने के बाद सपा की राजनीति में शिवपाल सिंह यादव का कद बढ़ गया है। वह प्रमुख भूमिका में आते हुए नजर आ रहे हैं। शिवपाल लखनऊ पहुंच चुके हैं जिसके बाद से ही निकाय चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की भीड़ उनके घर आने लगी है। कहा जा रहा है कि उम्मीदवारों का फैसला सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिल्ली से लौटने के बाद होगा।

हालांकि, आरक्षण को लेकर प्रदेश में निकाय चुनाव की तस्वीर उलझी हुई है पर इस पर जल्द ही कोर्ट से निर्णय होने की उम्मीद है। टिकटों के दावेदार भी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। अखिलेश यादव के दिल्ली से लौटने का इंतजार हो रहा है। ऐसे में दावेदार शिवपाल सिंह यादव के दरबार में पहुंच रहे हैं। कोई पुराने संबंधों की दुहाई देकर खुद को बेहतरीन उम्मीदवार बता रहा है तो कोई वोट बैंक का हवाला दे रहा है। प्रदेश भर से महापौर, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के दावेदार शिवपाल सिंह यादव के कार्यालय में डेरा डाले हुए हैं। मैनपुरी लोकसभा सीट सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई थी। इस सीट पर डिंपल यादव ने चुनाव लड़ा और करीब तीन लाख वोटों से जीत दर्ज की जो कि ऐतिहासिक है। इस जीत में शिवपाल यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उपचुनाव परिणाम आने के दिन ही शिवपाल ने अपनी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का सपा में विलय कर दिया था। इसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे हैं कि शिवपाल को सपा में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

**गणेश परिक्रमा**

### अखिलेश के आने का इंतजार

# संसद में फिर गूंजा तवांग मुद्दा, विपक्ष का वॉकआउट

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीनी सैनिकों के बीच पिछले दिनों हुई झड़प के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग लेकर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने राज्यसभा और लोकसभा में हंगामा किया। हालांकि आसन की ओर से उनकी मांग को खारिज किया गया। इसके बाद कांग्रेस तृणमूल कांग्रेस समाजवादी पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय जनता दल सहित कई विपक्षी दलों ने विरोध जताकर सदन से बहिर्गमन किया। तवांग मुद्दे पर लोकसभा और राज्यसभा से विपक्षी सांसदों ने वॉकआउट कर दिया। चर्चा की मांग को लेकर राज्यसभा से 17 विपक्षी दलों ने वॉकआउट किया है। इनमें कांग्रेस, राजद, आम आदमी पार्टी, एमडीएमके, सीबीएम, सीपीआई, जदयू, डीएमकी, टीएमसी और टीडीपी शामिल हैं। बुधवार की सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई उपसभापति हरिवंश ने राज्यसभा के दो पूर्व सदस्यों- योगेंद्र के अलघ और आर सी सिंह के निधन से सदन को अवगत कराया। सदस्यों ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उपसभापति ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसके बाद विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चीनी अतिक्रमण के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की। उन्होंने कहा हमने कल भी इस मुद्दे पर चर्चा के लिए नोटिस दिया था... जो चीनी अतिक्रमण हुआ है उसके बारे में हम विस्तृत चर्चा चाहते हैं। हमारी कोशिश रही है कि सदन को पूरी जानकारी मिले देश के लोगों को भी जानकारी मिले कि वहां की वास्तविक स्थिति क्या है। इस दौरान उपसभापति ने खरगे को टोकते हुए कहा कि आज इस बारे में कोई नोटिस नहीं है इस कारण विषय पर चर्चा नहीं की जा सकती है क्योंकि रक्षा मंत्री भी इस पर बयान दे चुके हैं। इस पर खरगे ने कहा हम देश के साथ हैं हम सेना के साथ हैं। खरगे बोल ही रहे थे कि उपसभापति ने शून्यकाल शुरू कराया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बृजलाल को अपना मुद्दा उठाने को कहा। इसी बीच विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच ही बृजलाल ने अलीगढ़ मुस्लिम यूर्निवसिटी में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण नहीं दिए जाने का मुद्दा उठाया। इसके बाद उपसभापति ने फिर हंगामा कर रहे सदस्यों को शांत करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि मंगलवार को विपक्ष के नेता को चीनी अतिक्रमण के मुद्दे पर अपने नोटिस को पूरा पढ़ने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि आज की कार्यवाही में जो चीजें सूचीबद्ध हैं उनके अतिरिक्त वह कुछ नहीं कर सकते।

**बवाल**

### तवांग में भारतीय और चीनी सैनिकों में झड़प को लेकर संसद में विपक्ष ने फिर रखी चर्चा की मांग

### आसन से नहीं मिली चीन के मुद्दे पर बोलने की इजाजत, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने किया हंगामा

### सोनिया गांधी के नेतृत्व में 17 विपक्षी दलों ने किया वॉकआउट








# बस-ट्रक की टक्कर में छह मरे

**फिरोजाबाद।** उप्र के फिरोजाबाद जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर थाना नगला खंगर क्षेत्र में बुधवार तड़के डीसीएम से स्लीपर बस की टक्कर हो गई। जिससे बस खाई में पलट गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। 22 यात्री घायल हो गए। नौ घायलों को शिकोहाबाद अस्पताल भेजा गया है जबकि बाकी घायलों को सैफई रेफर किया गया है। मरने वालों में एक बच्चा दो महिला और तीन पुरुष शामिल हैं। यह हादसा शिकोहाबाद के नगला खंगार के 61 माइल स्टोल के पास आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ है। हादसे की जानकारी मिलते ही यूपीडा की राहत टीम के साथ थाना नगला खंगर एवं नसीरपुर से पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। वही पुलिस के आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया है। बताया जाता है कि जब हादसा हुआ तब अधिकांश सवारियां नींद में थीं। उनको हादसे का पता तब चला जब बस और डीसीएम में भिड़ंत के बाद तेज आवाज हुई और फिर बस खाई में पलट गई।



## ईडी ने मुख्तार अंसारी को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यूपी के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम मामले में गिरफ्तार किया। नवंबर में उनके बेटे अब्बास अंसारी को ईडी द्वारा नौ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने अब मुख्तार अंसारी को गिरफ्तार किया है जो इन दिनों बांदा जेल में बंद है। ईडी ने कहा है कि उनके खिलाफ अहम सबूत हैं जिसके आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

# सुबह एसिड अटैक, शाम को गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को 17 साल की लड़की पर तेजाब फेंका गया। घटना द्वारका इलाके में सुबह 7:30 बजे हुई। लड़की छोटी बहन के साथ जा रही थी, तभी बाइक पर सवार 2 लोग आए। पीछे बैठे लड़के ने तेजाब फेंक दिया। पुलिस को 9 बजे सूचना मिली थी। घटना में शामिल 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। लड़की को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसका चेहरा झुलस गया है। पूछताछ में उसने पहचान के 2 लोगों पर शक जाहिर किया था। वहीं, एसिड अटैक की घटना से पूरे इलाके में सनसनी है, घटना को लेकर पूरे देश में गुस्सा है। खास कर दिल्ली के लोगों ने आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। लड़की के पिता ने मीडिया को बताया कि बेटी की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा, मेरी बेटियां आज सुबह एक साथ बाहर निकली थीं। छोटी बेटी भागते हुए घर पर आई और उसने बताया कि 2 लड़के दीदी पर एसिड डालकर चले गए। उनके चेहरे भी ढके हुए हैं इसलिए कुछ पता नहीं चल पा रहा है। उसकी(पीड़िता) हालत अभी बहुत खराब है, उसके दोनों आंखों में एसिड चला गया है।

**दुस्साहस**

### दिल्ली में छात्रा पर फेंका तेजाब, सरेआम फांसी की मांग

# निकाय चुनाव पर हाईकोर्ट ने 20 तक लगाई रोक

**आदेश**

### ओबीसी आरक्षण को लेकर फंसा है पेंच, जवाबी हलफनामे को लेकर सरकार ने तीन दिन का मांगा वक्त

### 20 दिसंबर तक नहीं जारी होगी नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच द्वारा प्रदेश के नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने पर 12 दिसम्बर को लगाई गई रोक 20 दिसंबर तक तक जारी रखने का आदेश दिया है। नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू करने में प्रक्रिया का पालन न करने का आरोप राज्य सरकार पर लगाते हुए, दाखिल जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने यह आदेश दिया है। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने जवाबी हलफनामा देने के लिए तीन दिन का समय दिए जाने की मांग की जिसे न्यायालय ने मंजूर कर लिया। इससे पहले कोर्ट ने मामले में सरकार से पूरी जानकारी मांगी थी। सरकार की तरफ से मंगलवार को कोर्ट से जवाब पेश करने के लिए एक दिन का वक्त मांगा गया था। इस पर न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की खंडपीठ ने समय देते हुए अगली सुनवाई बुधवार को नियत की थी। मामले में याची का यह भी कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत जब तक राज्य सरकार तिहरे परीक्षण की औपचारिकता पूरी नहीं करती तब तक ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं दिया जा सकता। जबकि यह औपचारिकता पूरी किए बगैर सरकार ने अनंतिम आरक्षण की अधिसूचना जारी कर दी। वहीं, सरकार की ओर से कहा गया कि 5 दिसंबर की अधिसूचना महज एक ड्राफ्ट आदेश है। इस पर सरकार ने आपत्तियां मांगी हैं। व्यथित अपनी आपत्तियां दाखिल कर सकता है। इस तरह अभी यह याचिका समय पूर्व दाखिल की गई है।

प्रदेश सरकार ने नगर निकायों में महापौर व अध्यक्षों का कार्यकाल खत्म होने की स्थिति में प्रशासनिक व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। इसके मुताबिक जैसे-जैसे नगर निकायों में कार्यकाल खत्म होगा, उसी क्रम में प्रशासकीय व्यवस्था लागू होती जाएगी। यानी नगर निगमों में नगर आयुक्त और पालिका परिषद व नगर पंचायतों में अधिशासी अधिकारियों के पास सारा अधिकार चला जाएगा। निकायों के बोर्ड का कार्यकाल पांच साल के लिए निर्धारित होता है। 2017 में हुए निकाय चुनाव का परिणाम आने के बाद बोर्ड का गठन 12 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच हुआ था। इस लिहाज से महापौर व अध्यक्षों का कार्यकाल इसी बार उस तिथि को समाप्त होगा जिस दिन बोर्ड की पहली बैठक हुई थी।




# 1052 वोट पाकर राम प्रवेश सिंह बने अध्यक्ष

**बीबीए चुनाव**

### महामंत्री पद पर प्रदीप कुमार राय ने कमलेश यादव को दी मात

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** बनारस बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर राम प्रवेश सिंह विजयी घोषित हुए और महामंत्री पद पर प्रदीप कुमार राय ने कब्जा जमाया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अरविंद कुमार पांडेय ने जीत दर्ज की। विजेता प्रत्याशियों की घोषणा एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष छत्रधारी सिंह की। विजेता प्रत्याशियों के समर्थन में जमकर नारेबाजी और खुशी देखने को मिली।

मतगणना बुधवार की सुबह नौ बजे प्रारंभ हुई। पहले चक्र से ही राम प्रवेश सिंह ने बढ़त बनायी जो परिणाम आने तक जारी रहा। राम प्रवेश सिंह को 1052 मत प्राप्त हुए जबकि उनके प्रतिद्वंदी अवधेश सिंह को 817 वोट मिले। महामंत्री पद पर प्रदीप कुमार राय ने 1367 वोट प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंदी कमलेश सिंह यादव को हराया। कमलेश सिंह यादव को 1127 मत प्राप्त हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अरविंद कुमार पांडेय ने 1762 वोट पाकर ओम प्रकाश को हराया। ओम प्रकाश को 1356 वोट मिले थे। उपाध्यक्ष दस वर्ष से अधिक पर चंद्रशेखर ने बाजी मारी उन्हें 797 मत प्राप्त हुए जबकि कोषाध्यक्ष राजेश प्रजापति 1344 मत प्राप्त कर विजेता बने। मतगणना के शुरुआत से ही अध्यक्ष पद पर राम प्रवेश सिंह ने बढ़त बनाये रखी जो परिणाम आने तक जारी रहा। महामंत्री पद पर भी प्रदीप कुमार सिंह ने भी शुरूआत से बढ़त बनाए रखा जो अंत तक जारी रहा।



नतीजे के बाद खुशी मनाते विजयी उम्मीदवार

### अन्य पदों पर इन्होंने मारी बाजी

संयुक्त मंत्री प्रशासन पद मुकेश कुमार विश्वकर्मा तथा संयुक्त मंत्री प्रकाशन अनिल कुमार गुप्ता निर्वाचित हुए। प्रबंध समिति के 15 वर्ष से ऊपर अनुभव पद पर अंशुमान दूबे, असद अहमद सिद्दकी,कौशिक कुमार पांडेय, रमेश प्रसाद, उमाकांत सिंह, उमेश प्रसाद त्रिपाठी और प्रबंध समिति सदस्य 15 वर्ष से कम अनुभव पद पर विनीत कुमार सिंह,जय प्रकाश नारायण मिश्र,कृष्ण मोहन मिश्र,मनोज कुमार त्रिपाठी व पराग कुमार को निर्विरोध निर्वाचन घोषित किए गए। जबकि आय व्यय निरीक्षक पद पर रिक्त रह गया। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष छत्रधारी सिंह, वरिष्ठ समिति सदस्यगण अवधेश कुशवाहा, प्रमोद पाठक , संजय कुमार वर्मा, धर्मेंद्र नाथ शर्मा गुड्डू, प्रदीप सिंह, अजय बरनवाल सौरभ श्रीवास्तव, दीनानाथ सिंह राधेश्याम चौबे, आदि अधिवक्ताओं ने मतगणना में सहयोग दिया।

**अध्यक्ष की प्राथमिकता**

कचहरी परिसर में पेयजल, साफ-सफाई के साथ-साथ लाइब्रेरी की व्यवस्था में सुधार लाएंगे। वकीलों के हितों के लिए हर समय तत्पर रहेंगे और वकील पेंशन पर संघर्ष करेंगे। साथ ही भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगाया जाएगा।

अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह

**महामंत्री की प्राथमिकता**

बार के विकास व अधिवक्ताओं के गरिमा के अनुरूप कार्य करूंगा। अधिवक्ता हित में व उनकी समस्याओं के उचित निराकरण कराने का कार्य करूंगा। बार-बेंच में सामंजस्य बनाकर न्यायिक कार्य को सुचारु रूप से कार्य करने का प्रयास करूंगा।

महामंत्री प्रदीप राय

## प्रेमिका के गम में छात्र ने लगायी फांसी

**बड़ागांव।** बड़ागांव थानाक्षेत्र के कुसमुरा गांव बी.फार्मा का छात्र ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। उसके पास से एक सुसाइड नोट मिला जिसमें प्रेम में असफलता का जिक्र था और प्रेमिका के चले जाने का। पुलिस से मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

मूल रूप से जौनपुर जनपद के मड़ियाहूं थाना अंतर्गत गौर निवासी हिमांशु पाण्डेय कुसमुरा गांव में स्थित बी.फार्मा कालेज में तृतीय वर्ष का छात्र था और बड़ागांव में सब्जी मंडी के पास किराये के कमरे में रहता था। बुधवार को वह कालेज गया इसके बाद लौट आया। दोपहर करीब 2.30 बजे जब अन्य छात्र जो उस कमरे के आसपास वाले रूम में रहते थे पहुंचे तो जानकारी हुई। उसके सहपाठियों की माने तो इधर कुछ दिनों से वह उदास रहता था। पूछने पर भी कुछ बताता नहीं था। पुलिस को मिले सुसाइड नोट में मृतक ने प्रेमिका के चले जाने की जिक्र करते हुए यह कदम उठाने की बात लिखी है।

## संक्षेप

### आदि शंकराचार्य मठ के महंत ने किया केस

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के बैजनत्था स्थित आदि शंकराचार्य मठ के महंत विवेकानंद गिरी की शिकायत पर फर्जी दस्तावेज के आधार पर पूर्व कार्यवाहक महंत रमेश गिरी, गजेंद्र आचार्य सहित अज्ञात के खिलाफ भेलूपुर में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेकानंद गिरी को मठ के मुख्य महंत बोध गया में रहने वाले त्रिवेणी लाल गिरी ने महंत बनाकर भेजा है। जिसके बाद कुछ साधु संतों के साथ मठ के भीतर विवेकानंद गिरी रहते हैं। उनका आरोप है कि सात दिसंबर को गजेंद्र आचार्य आठ से दस की संख्या में अपने साथियों के साथ मठ में जबरी घुसकर मारपीट की। मठ में रखें दस्तावेज और इलेक्ट्रानिक गजेटियर और बीस हजार नकद उठा ले गए। जबकि उप जिलाधिकारी मठ को खाली कराकर विवेकानंद को सौंपने का निर्देश भी पुलिस को दिया है। रमेश गिरी को वर्ष 2014 में कार्यवाहक महंत बनाकर त्रिवेणी गिरी ने भेजा। इसी दौरान मठ की संपति को जालसाजी करके रमेश गिरी ने पावर आफ अटार्नी गजेंद्र को कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर रमेश गिरी को हटा दिया गया।

### छत से गिरकर युवक की मौत

**वाराणसी।** चौक थाना क्षेत्र के ढुंढीराज गणेश के पास बुधवार को मकान से गिरकर युवक की मौत हो गई। मृत युवक अभिषेक शेट्टी मूल रूप से हरियाणा के फतेहाबाद का रहनेवाला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी में रखवा दिया और उसके परिवारवालों को सूचित कर दिया है। अभिषेक सेट्टी मानसिक रूप से विक्षिप्त था। उसका दिल्ली पीजीआई में इलाज चल रहा था। दो दिन पहले वह घर से भागकर बनारस चला आया। बुधवार को अभिषेक सेट्टी अन्नूपर्णा मंदिर की ओर से ढुंढीराज गणेश मंदिर के पास आया। वहीं एक बंद दुकान पर चढ़ने लगा। करीब एक मंजिल से ज्यादा चढ़ गया था। इसी दौरान वह अचानक गिरा और सिर में गंभीर चोट से वहीं उसकी मौत हो गई।

### बैंक अधिकारियों से मारपीट में रपट दर्ज

**वाराणसी।** जिला न्यायालय परिसर में लोक अदालत के दौरान बैंक अधिकारियों के साथ हुए मारपीट में आरोपी अधिवक्ताओं के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। आरोप है कि 12 नवम्बर को जिला न्यायालय वाराणसी परिसर में बैंक अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत के समय कुछ अधिवक्ताओं ने मारपीट और अभ्रद व्यवहार किया था। इस मामले में सौरभ श्रीवास्तव स्टेट सेक्रेट्री बैंक आफ इण्डिया और ऑल इण्डिया बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन ने जिला जज को प्रेषित अपने पत्र के माध्यम से यह अवगत कराया गया था। जिला जज ने तत्कालीन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाराणसी को जांच के लिए निर्देशित किया। जांच के बाद कैंट थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### बच्चे से दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की सजा

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो त्रिभुवन नाथ की अदालत ने सात वर्षीय बच्चे के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में दोषी पाते हुए अभियुक्त सूरज को 10 वर्ष की कड़ी कैद और 40 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। पीड़ित को 35 हजार देने का आदेश कोर्ट ने दिया है। विशेष लोक अभियोजक आदित्य नरायन सिंह के मुताबिक चौबेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में वादिनी के सात साल के पुत्र को अभियुक्त ने घर से ले जाकर अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। वादिनी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया था, अदालत ने विचारण के बाद अभियुक्त को दोषी पाया और सजा सुनाई।

### युवती से अश्लील हरकत करने वाला हिरासत में

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के कुरौना बाजार से घर जा रही युवती के साथ एक युवक ने अश्लील हरकत की। युवती ने परिजनों को मामले से अवगत कराया। युवती के मामा की तहरीर पर जंसा पुलिस ने आरोपी युवक सूरज पुत्र रामअचल पटेल के खिलाफ के खिलाफ रपट दर्ज कर उसे हिरासत में लिया।

### गायब किशोरी बरामद

**सिंधोरा।** सिंधोरा थाना पुलिस ने 15 दिन से गायब युवती को बुधवाकर को सिंधोरा बाजार के पास से बरामद कर परिजनों को सौंपा।

# बाइक की ट्रक से टक्कर एक की मौत, दो घायल

**जनसंदेश न्यूज**

**कछवांरोड।** कछवां रोड चौराहा स्थित ओवरब्रिज पर बुधवार को खड़े ट्रक के पीछे बाइक सवार तीन युवक जा टकराए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई और दो युवक घायल हैं।

जानकारी के अनुसार भेलूपुर थाना के दसवीं त्रिमुहानी खोजवा निवासी आकाश मोदनवाल (19), अश्वनी मोदनवाल (18) और राहुल कनौजिया (20) बाइक से प्रयागराज की ओर से वाराणसी की तरफ जा रहे थे। कछवां रोड बाजार स्थित ओवरब्रिज पर पहले से खड़े ट्रक से उनकी तेज रफ्तार बाइक जा टकराई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसआई अमित पांडेय ने तीनों युवकों को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। उन्होंने बताया कि ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान अश्वनी मोदनवाल की मौत हो गई है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और उसके चालक की तलाश की जा रही है।



### ट्रक में लदे थे मवेशी, हो रही थी तस्करी

**कछवांरोड।** जिस ट्रक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हुई उक्त ट्रक में ठूसकर दो दर्जन से ज्यादा मवेशी लदे थे। पुलिस ट्रक को क्रेन की मदद से ओवरब्रिज के नीचे लाया गया। यहां जांच में पाया गया कि ट्रक में 23 मवेशी क्रुरता पूर्वक लादे थे और दो की मौत हो गयी थी। सभी गो वंशों को ठठरा गांव स्थित पशु आश्रय केंद्र में ट्रक से उतरवा कर रखवाया गया। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया की पशु लदी ट्रक में ही बाइक सवार भिड़े थे मौके से चालक तस्कर फरार हो गये। ट्रक को कब्जे में लिया गया।

# महिला को बंधक बनाकर लूटे जेवरात

## पांच दिन से बगल के प्लॉट पर कर रहे थे मजदूरी बाल्टी में पानी लेने के बहाने पहुंचे घर में

**लूटपाट**

### महिला के सिर पर किया ईंट से वार, बेहोश होने का नाटक कर नीलम ने बचाई जान

**जनसंदेश न्यूज**

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के लक्ष्मी नगर कॉलोनी में बुधवार को दिनदहाड़े पास के प्लाट में मजदूरी कर रहे बदमाशों ने महिला को बंधक बनाकर लूटपाट की। महिला शोर न मचाये इस लिए उसे सिर पर ईंट से हमला भी किया गया। उसने बेहोसी की नाटक कर किसी तरह अपनी जान बचाई। मामला संज्ञान में आने के बाद मंडुवाडीह पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है।

जानकारी के अनुसार विनोद कुमार सिंह जो बरेका के गोपनीय विभाग में स्टेनो पद पर कार्यरत है। बुधवार को वह ड्यूटी पर गए हुए थे और उनके दोनों बेटे आदित्य जो सेंट जान्स बरेका में कक्षा आठ में दूसरा पुत्र आर्या कक्षा पांच का छात्र है स्कूल गए हुए थे। घर में नीलम सिंह अकेली थी।



लूट की शिकार महिला

बुधवाकर को करीब पौने 12 बजे सामने के प्लॉट पर शनिवार से काम कर रहे दो मजदूर जो कि असल में बदमाश में नीलम के घर बाल्टी में पानी लेने के लिए पहुंचे। उन्होंने जब दरवाजा खोला तो उसमें से दूसरे बदमाश नें उनके सर पर ईंट से वारकर दिया।

नीलम के हाथ पैर मफलर से बांध दिया और घसीट कर कमरे के अंदर ले गये। नीलम सिंह ने बताया कि बदमाशों के इस कृत्य को देख वह डर गयी और बेहोश होने का नाटक कर अपनी जान बचाई। इसी दौरान दोनों बदमाशों ने उनके कान से सोने के झाले व गले की चेन नोच ली और साथ ही घर में भी लूटपाट करने का प्रयास किया।

इस बीच मौका देकर नीलम घर से बाहर निकलने में कामयाब रही। ऐसे में बदमाश पीछे के रास्ते छत से कूदकर भाग निकले। घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है।


**जनसंदेश टाइम्स**

**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा शास्त्री सन् 2003 अनुक्रमांक 58099 एवं आचार्य सन् 2005 अनुक्रमांक 73513 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। सत्यकाम सिंह तोमर पुत्र प्रमोद सिंह तोमर, ग्रा0+पो0-सिरहौल, इटावा।

मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 3342901, इन्टरमीडिएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2525293 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र खो गया हैं। कुमारी सोनल यादव पुत्री रामकिशुन यादव ग्राम-शाहपुर, पोस्ट-सहपुरवा, बलिया।

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2004 अनुक्रमांक 1655844 का मूल प्रमाणपत्र (सनद) खो गया है। नन्दकुमार सिंह यादव पुत्र रामनरेश यादव मुहल्ला-शाहनिन्दा, मुहम्मदाबाद, पोस्ट-मुहम्मदाबाद जिला-गाजीपुर।

मैं विकास मेहरोत्रा पुत्र स्व0 जयनारायण मेहरोत्रा निवासी डी-3/107 मीरघाट, वाराणसी सूचित करता हूँ कि मेरा भॉजा मनीष सेठ पुत्र स्व0 गणेश नारायण सेठ व स्व0 सरोज सेठ डी-16/48 मिसिर पोखरा के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मुझे व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है।

मेरा मूल दस्तावेज जमीन का पेपर दिनांक 12/12/2022 को ऑफिस नीचीबाग से घर जाते समय खो गया है। जिसमे मेरा रवि प्रकाश सिंह S/o स्व0 श्री इकबाल नारायण सिंह निवासी डी 57/56 बी सिद्धगिरिबाग -वाराणसी और मेरी पत्नी प्रतिभा सिंह W/o श्री रवि प्रकाश सिंह रजिस्ट्री पेपर मूलप्रति खो गया है। यदि किसी को मिले तो मो0 न0-9452763565 पर संपर्क करने की कृपा करें। रजिस्ट्री विवरन - पुस्तक सं0 679/415/1975/5/12/94

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**

निर्मल मूलचानी फार्मेसी कालेज नसीरपुर, हंसराजपुर गाजीपुर में एम0 फार्मा प्राचार्य एक पद (अनुभव पांच वर्ष) एम0 फार्मा उप प्राचार्य एक पद (अनुभव तीन वर्ष) एवं बी0 फार्मा प्रवक्ता तीन पद (अनुभव तीन वर्ष) की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान पी0 सी0 आई0 के मानक के अनुसार। योग्य अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र के साथ विज्ञापन प्रकाशन के तीन दिन के अंदर अपना आवेदन करें।

प्रबन्धक
मो0-9451753866

**आवश्यकता है**

दूधनाथ फार्मेसी कालेज मोलनापुर, जखनिया, गाजीपुर में एम0 फार्मा प्राचार्य एक पद (अनुभव पांच वर्ष) एम0 फार्मा उप प्राचार्य एक पद (अनुभव तीन वर्ष) एवं बी0 फार्मा प्रवक्ता तीन पद (अनुभव तीन वर्ष) की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान पी0 सी0 आई0 के मानक के अनुसार। योग्य अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र के साथ विज्ञापन प्रकाशन के तीन दिन के अंदर अपना आवेदन करें।

प्रबन्धक
मो0-8574168972


# मनी ट्रांसफर की दुकान से टप्पेबाजी

**धोखाधड़ी**

### पुलिस को प्लॉट में फेंका गया बैग और मोबाइल मिला

**जनसंदेश न्यूज**

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के लहरतारा बौलिया तिराहे पर मोबाइल रिपेयर व मनी ट्रांसफर की दुकान से बुधवार को 1.50 लाख टप्पेबाजी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला।

जानकारी के अनुसार बौलिया तिराहे पर जगत नारायण निवासी बौलिया (लहरतारा) थाना मंडुवाडीह का मोबाइल रिपेयरिंग व मनी ट्रांसफर के नाम से दुकान है। जगत के बेटे कृष्ण मुरारी ने बताया कि बुधवार को वह दुकान खोलकर सफाई कर रहा था ,तभी एक युवक पास आया और कहा की आपके बगल की बन्द पड़ी दुकान के समीप 10-10 रुपये के नोट है जो किसी के गिरे हुए हैं तो उक्त युवक के झांसे में आकर कृष्ण मुरारी एक-एक कर नोट उठाने लगे और जब वापस आकर देखा तो दुकान में रखा उनका बैग जिसमें कृष्ण मुरारी लगभग डेढ़ लाख रुपये जो मनी ट्रांसफर के थे तथा बैग में रखा दो मोबाइल दुकान से गायब था। यह देख उनके होश उड़ गए। तत्काल उन्होंने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी सूचना पर मौके पर लहरतारा चौकी प्रभारी मनोज कुमार व कांस्टेबल सूर्यभान सिंह ने सीसीटीवी कैमरा खंगाला। छानबीन में चांदपुर स्थित एक निजी हॉस्पिटल के समीप से खाली प्लाट में खाली बैग और मोबाइल मिला। पुलिस मामले की जांच में लगी हुई थी।



मामले की जांच करती पुलिस

# शादी से लौट रही महिला को कंटेनर ने कुचला

**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अन्तर्गत कोईराजपुर में रिंग रोड फेज दो पर बुधवार को सुबह कंटेनर की चपेट में आने से महिला की मौत हो गयी। महिला अपनी बहन के दामाद के साथ शादी समारोह से लौट रही थी। सूचना मिलने के बाद बड़ागांव पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी अनुसार सारनाथ थाना क्षेत्र के नई बाजार भैसौड़ी निवासी उषा देवी (55) राजातालाब के महगांव में स्थित अपने रिश्तेदारी की शादी में शामिल होकर अपनी बहन के दामाद रामसेवक मौर्य निवासी दामोदरपुर सारनाथ के साथ घर लौट रही थी। कोईराजपुर गांव में रिंग रोड फेज-2 पर रामसेवक ने बाइक को रिंग रोड से सर्विस लेन पर जैसे टर्न किया वहां मौजूद एक गड्ढे में बाइक फिसल गई। दोनों बाइक से नीचे गिर गये। इस बीच पीछे से आ रही कंटेनर की चपेट में उषा देवी आयी और कुचलने से मौत हो गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक समेत कंटेनर को कब्जे में लिया। मृतका की तीन बेटी और चार बेटे है। घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों ने शव को रखकर प्रदर्शन की कोशिश की लेकिन थान प्रभारी अश्वनी चतुर्वेदी के समझाने पर सभी मान गये। घायल रामसेवक का उपचार अस्पताल में चल रहा है।



विलाप करते परिजन

# अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए : कमिश्नर



तैयारियों का जायजा लेते कमिश्नर

**जनसंदेश न्यूज**

**सारनाथ।** कमिश्नर कौशल राज शर्मा बुधवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल, लोक निर्माण विभाग से संबंधित अधिकारियों व राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारियों के साथ सारनाथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सरकारी भूमियों का सर्वे कराया जाय और जिस भूखंड पर अवैध अतिक्रमण हो उसे तत्काल हटाया जाए।

कमिश्नर ने सारनाथ में स्थित सारंनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार करनें का निर्देश दिया और साथ ही कहा कि इसकी पार्किंग, सड़क आदि की पूरी व्यवस्था कराई जाए।

# भाजपा कमेटी की रायशुमारी बैठक

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी नगर निकाय चुनाव के लिए कमर कस ली है। भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय के नेतृत्व में नगर निकाय चुनाव के महानगर प्रभारी व महानगर महामंत्री जगदीश त्रिपाठी ने नगर निगम निकाय चुनाव से संबंधित जानकारी देते हुए बुधवार को बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महानगर के सभी मंडलों के मंडल प्रभारी पालक मंडल अध्यक्ष के साथ वार्ड संयोजक और वार्ड प्रभारी के साथ स्क्रीनिंग कमेटी की रायशुमारी बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्राथमिकता के आधार पर मंडलवार अलग-अलग वार्ता करके चयन किया। साथ ही अपनी रिपोर्ट को स्क्रीनिंग कमेटी में रखने का कार्य किया।

विभिन्न स्क्रीनिंग कमेटी की रायशुमारी बैठकों के दौरान मुख्य रूप से धर्मेंद्र सिंह, प्रदीप अग्रहरि, राकेश शर्मा, दिलीप पटेल, संदीप केसरी, संजय राय, प्रकाश चंद्र यादव, डॉ वीरेंद्र सिंह, एडवोकेट जेपी सिंह, साधना वेदांती, आत्मा विशेश्वर, इंजीनियर अशोक यादव, अभिषेक मिश्रा, अशोक पटेल, मीडिया प्रभारी किशोर सेठ, नीरज जायसवाल, महेंद्र सिंह गौतम, मन्नू राय आदि मौजूद रहे।



बैठक में राय व्यक्त करते पदाधिकारी

### वाराणसी-बरकाकाना स्पेशल आज से निरस्त

**वाराणसी।** धनबाद मंडल के गढ़वा रोड, तोलरा व रजहा स्टेशन पर इंटर लॉकिंग कार्य के चलते इस रुट से गुजरने वाली गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसमें शामिल गाड़ी संख्या -03359/03360 वाराणसी - बरकाकाना स्पेशल ट्रेन 15 से 30 दिसंबर तक निरस्त रहेंगी। वहीं, वाराणसी के रास्ते चलने वाली कुछ गाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।

### रेलकर्मी का भदोही स्थानांतरण

**वाराणसी।** विजीलेंस के अनुमोदन पर कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर तैनात रेलकर्मी का कैंट स्टेशन से भदोही ट्रांसफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर सीटीआई (लाईन) के पद पर तैनात धर्मेंद्र मिश्रा का भदोही स्टेशन ट्रांसफर कर दिया गया। विजीलेंस के अनुमोदन पर किसी पुराने मामले को लेकर यह कार्यवाही की गयी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत दीघार, विकास खण्ड-बेलहरी, बलिया**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), फेज-2 (SBMG) के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु सामग्री आपूर्ति

पत्रांक: दिनांक:

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत दीघार विकास खण्ड-बेलहरी में कराये जाने वाले कार्यों के लिए ... अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्में दिनांक 15.12.2022 से दिनांक 19.12.2022 तक दिन में 11 बजे से दिन में 02 बजे तक अपने कोटेशन सीलबंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय/पंचायत भवन में प्रस्तुत कर सकते है। समस्त निविदायें दिनांक 22.12.2022 को दोपहर तीन बजे क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा की शर्तें एवं आवेदन पत्र सम्बन्धित ग्राम पंचायत के सहायक/ग्राम रोजगार सेवक से किसी भी कार्य दिवस में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

विनय कुमार सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत दीघार, वि.ख.-बेलहरी, बलिया

निलम देवी
प्रधान
ग्राम पंचायत दीघार, वि.ख.-बेलहरी, बलिया

**कार्यालय ग्राम पंचायत गंगापुर, विकास खण्ड-बेलहरी, बलिया**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), फेज-2 (SBMG) के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु सामग्री आपूर्ति

पत्रांक: दिनांक:

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत गंगापुर विकास खण्ड-बेलहरी में कराये जाने वाले कार्यों के लिए ... अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्में दिनांक 15.12.2022 से दिनांक 20.12.2022 तक दिन में 11 बजे से दिन में 02 बजे तक अपने कोटेशन सीलबंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय/पंचायत भवन में प्रस्तुत कर सकते है। समस्त निविदायें दिनांक 21.12.2022 को दोपहर तीन बजे क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा की शर्तें एवं आवेदन पत्र सम्बन्धित ग्राम पंचायत के सहायक/ग्राम रोजगार सेवक से किसी भी कार्य दिवस में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

विनय कुमार सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत गंगापुर, वि.ख.-बेलहरी, बलिया

प्रतिभा यादव
प्रधान
ग्राम पंचायत गंगापुर, वि.ख.-बेलहरी, बलिया

**कार्यालय नगर पंचायत जंगीपुर, गाजीपुर**

पत्रांक: 121/न0पं0ज0/2022-23/2022, दिनांक: 14 दिसम्बर 2022

**कार्यालय ज्ञाप**

स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अन्तर्गत ''स्वच्छ टेक्नोलॉजी चैलेन्ज'' के कार्यवाही के सम्बन्ध में ''स्वच्छ टेक्नोलॉजी चैलेन्ज'' का प्रमुख फोकस ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु कार्य कर रहे निजी उद्योग एवं सामाजिक तत्वों को प्रोत्साहित कर कचरा मुक्त शहर बनाना है, इस हेतु निर्धारित थीम के अनुसार ज्यादा से ज्यादा निजी उद्योग/सामाजिक तत्वों/ शैक्षणिक संस्थान/स्वैच्छिक संगठन इत्यादि द्वारा प्रतिभाग सुनिश्चित कराने के लिए, समुचित प्रचार-प्रसार कराते हुए, प्राप्त सुझावों में से ठोस एवं अच्छे सुझाव का चयन किये जाने हेतु एक कमेटी का गठन किया जाना है।

अतएव उपरोक्तानुसार निम्न प्रकार से ''स्वच्छ टेक्नोलॉजी चैलेन्ज'' कमेटी का गठन किया जा रहा है-

| | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | अजय कुमार | अध्यक्ष |
| 2. | अखिलेश मिश्रा | सदस्य |
| 3. | विवेक बिन्द | नोडल |
| 4. | शिवमंगल सिंह कुशवाहा | सदस्य |
| 5. | अब्दुल सलाम राईनी | सदस्य |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत जंगीपुर, गाजीपुर



# वाराणसी



# महापौर पद पर मंथन शुरू, दिल्ली में लगेगी अंतिम मुहर

राघवेन्द्र केशरी

**वाराणसी।** निकाय चुनाव धीरे-धीरे नजदीक आ रहा है। जिसे लेकर सत्ताधारी दल भाजपा ने महापौर पद पर मंथन शुरू कर दिया है। कोर कमेटी की ओर से आवेदकों की सूची तैयार की जा रही है। जिसमें कांट छांट कर संभावित सूची को आलाकमान तक पहुंचाया जाना है। जिसपर अंतिम मुहर दिल्ली से लगाई जाएगी।

जैसा कद वैसी बिसात, एक दशक से देश की सबसे बड़ी राजनितीक पार्टी के तौर पर उभरी भारतीय जनता पार्टी का कूनबा वर्तमान समय में काफी विकसीत हो गया है। बड़े से लेकर छोटे चुनावों में भी पार्टी मजबूती साबित करने में जुटी रहती है। ऐसे में प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र और निकाय चुनाव पार्टी के लिए बड़ी चुनौती के रूम में देखा जा रहा है। 25 वर्षों से महापौर की सीट पर कब्जा जमा चुकी भाजपा को इस बार के चुनाव में भी जीत की आस है। जिसके लिए पार्टी अभी से फूंक फूंक कर कदम रख रही है। पार्टी सूत्रों की मानें तो हर बार की तरह इस बार भी महापौर की सीट पर अंतिम मुहर दिल्ली आलाकमान द्वारा ही लगाया जाएगा। जिसमें लोकल कमेटी की ओर से सूची तैयार कर दिल्ली भेजने की तैयारी है। पार्टी के स्थानीय कमेटी को केंद्रीय नेतृत्व का समय-समय पर मार्गदर्शन मिले। इसके लिए चुनाव से पहले शहर में केंद्रीय नेताओं का भी जमावड़ा हो रहा है। बहाना चाहे जो हो लेकिन इनका फोकस निकाय चुनाव पर केंद्रीत है। अंदरखाने की बात की जाए तो पार्टी की दमदारी के लिए बुथवार कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से चुनाव के लिए तैयार किया जा रहा है। जिसके लिए बाकायदा वार्ड स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

### क्षेत्रों में सर्वे के लिए बनाई जा रही टीम

महापौर सहित वार्ड के पार्षद उम्मीदवारों की जमीनी हकिकत भांपने के लिए क्षेत्रीय सर्वे कराए जाने की तैयारी हो रही है। पार्टी की ओर से इसके लिए टीमों का गठन कर क्षेत्र के चौराहों और अढ़ियों पर तैनात किया जा रहा है। ताकि आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का आंकलन सही से किया जा सके। वहीं महापौर पद पर किस नाम की चर्चा सबसे ज्यादा है, इसपर भी विशेष निगाह रही जा रही है। इनकी रिपोर्ट तैयार कर कोर कमेटी के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।

### फूंक-फूंक कर रख रहे कदम

उम्मीदवारों के चयन के लिए पार्टी काफी सतर्कता भी बरत रही है। इसके लिए उम्मीदवारों के बैकग्राउंड भी खंगाले जा रहे हैं। इनमें उम्मीदवार का जनता के बीच रुझान, चरित्र और उसकी लोकप्रियता के साथ उसकी चुनाव जीतने की संभावनाओं का भी विशेष तौर पर आंकलन लगाया जा रहा है। मंडल स्तर पर इनकी पहली सूची तैयार कर उसे महानगर कमेटी और उसके बाद निकाय चुनाव संयोजनक व प्रभारी के पास भेजा जाएगा। जिसपर अंतिम फैसला लिया जाएगा। हर वार्डों से तीन उम्मीदवारों केआवेदन लिए जा रहे हैं। इसके साथ महापौर का आवेदन महानगर अध्यक्ष व कमेटी में निर्धारित अन्य पदाधिकारियों के पास किया जा रहा है। पार्टी सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार पार्टी को महापौर पद पर अब तक लगभग 50 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

**कवायद**

**भाजपा कोर कमेटी की ओर से आवेदकों की बनाई जा रही है सूची**

**पीएम का संसदीय क्षेत्र होने के चलते इस पद पर टिकीं हैं सबकी निगाहें**




### काशी का मेयर कैसा हो...?

**अभियान**

निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हैं। हालांकि अभी चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है। लेकिन विभिन्न पार्टियों में संभावित प्रत्याशियों की दावेदारी की कवायद परवान चढ़ रही है। भारतीय लोकतंत्र में उम्मीदवारों का चयन पार्टियों द्वारा होता है। वो जिसे टिकट देती हैं, वही चुनावी जंग में ताल ठोकते हैं। पार्टियों के चयन का अपना पैमाना होता है, उनकी तवज्जो सिर्फ जिताऊ कैंडिडेट पर होती है। इस प्रक्रिया में मतदाता की राय कोई मायने नहीं रखती। मेयर प्रत्याशी के गुण दोष को लेकर लोग क्या सोचते हैं इसे सामने लाने के मकसद से जनसंदेश टाइम्स ने 'आपका मेयर कैसा हो' श्रंखला शुरू की है। इस कड़ी में हमारी ओर से समाज के विभिन्न तबके के अलग-अलग लोगों की राय लेने का क्रम शुरू किया जा रहा है। कुछ लोगों तक हम खुद पहुंचेंगे और जिन तक हम नहीं पहुंच पायें, वो खुद भी हमें अपनी राय लिखकर दे सकते हैं, हम उसे भी सामने रखने का प्रयास करेंगे। आप संबंधित जानकारी हमारे ईमेल-jansandeshvaranasi @gmail.com और व्हाटसएप्प नंबर 9696126371 पर भेज सकते हैं।

# बड़ालालपुर में शिल्पकारों और बुनकरों से संवाद

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम में, एक भारत श्रेष्ठ भारत‍ की भावना को बनाए रखने के लिए कपड़ा मंत्रालय की ओर से बड़ालालपुर में दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव में गुरु शिष्य संवाद सहित कई कार्यक्रम और गतिविधियां शामिल थीं, जिसमें वाराणसी और तमिलनाडु के मास्टर शिल्पकार और बुनकरों द्वारा विशेषज्ञता और अनुभवों को साझा करना, मास्टरों द्वारा लाइव प्रदर्शन और तमिलनाडु (तिरुपुर) और यूपी, वाराणसी के कपड़ा क्लस्टर के बारे में संवाद शामिल थे। कार्यक्रम में गुरु शिष्य संवाद, तमिलनाडु और काशी वस्त्र हितधारकों के अनुभव साझा करना, वस्त्र संवाद, विजन 2047 के लिए विचार-विमर्श अलगाव आयोजित किया जा रहा है। बुधवार को गुरु शिष्य संवाद और अनुभव साझा करण तमिलनाडु और काशी वस्त्र हितधारकों का आयोजन दीनदयाल हस्तकला संकुल में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय गुरु शिष्य संवाद था। इस अवसर पर श्रीमती रचना शाह, सचिव (वस्त्र), रोहित कंसल, अपर सचिव (वस्त्र), श्रीमती शुबरा, हस्तशिल्प और हथकरघा विकास आयुक्त भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम के दौरान गुरुओं यानी शिल्प गुरु जैसे प्रमुख शिल्पकारों और हस्तशिल्प और हथकरघा के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं ने कारीगरों के साथ बातचीत की।



# पक्के होंगे अस्सी-रविदास घाट के बीच के घाट

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** डीएम एस. राजलिंगम ने अस्सी घाट और रविदास घाट के बीच के कच्चे घाटों को पक्का कराने के लिए नोडल विभाग बंधी प्रखंड को 15 दिन के भीतर सर्वे कराते हुए इस्टीमेट पेश करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने वाराणसी-भदोही मार्ग पर स्थित नेवादा ग्रामसभा में भूमि विवाद का जल्द निस्तारण कराने को कहा है। जिलाधिकारी ने विभिन्न महकमों के अफसरों से कहा है कि विकास योजनाओं का निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पूर्ति समयानुसार सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी स्तर पर सुस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विकास भवन सभागार में बुधवार को श्री राजलिंगम जनपद के विकास कार्यों की प्रगति संबंधी समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य समय पर पूर्ण कराने पर बल दिया। वाराणसी-भदोही-सेवापुरी क्षेत्र में मार्ग निर्माण कार्य को किसानों द्वारा रोके जाने की जानकारी पर उन्होंने मुआवजे के लिए रेट तय करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर फुलवरिया पुल के लिए सेना की जमीन के उपयोग की अनुमति की जरूरत बतायी गयी। यह कार्य आगामी वर्ष मार्च तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। डीएम ने बिजली के दो पोल शिफ्ट कराने के लिए विद्युत विभाग तथा सेतु निगम के अभियंता को संयुक्त निरीक्षण कर मामले का निस्तारण कराने को कहा। उन्होंने अपंजीकृत गौशालाओं का रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिये।

मीटिंग में पंचायती राज विभाग के अधिकारी ने बताया कि सात ग्राम पंचायतों में जमीन उपलब्ध न होने के चलते शौचालय निर्माण कार्य लंबित है। हैंडपंप रिबोर के तहत 1550 में से लगभग 1530 हैंडपंप रिबोर कराये जा चुके हैं। नगर विकास की दो सीवर एवं एक जलापूर्ति परियोजना पूर्ण है। हाउस होल्ड पेयजल कनेक्शन 50 हजार के सापेक्ष 29 हजार 803 कनेक्शन दिये जा चुके हैं। बैठक में बताया गया कि सीडी-वन के 29 सड़कों के निर्माण के अंतर्गत 20 मार्गों के लिए धनराशि की मांग की गयी है। इस मौके पर सीडीओ हिमांशु नागपाल भी थे।

**मीटिंग**

**जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान 15 दिन में मांगा इंस्टीमेट**

**कहा : समयानुसार सुनिश्चित करें लक्ष्य के सापेक्ष 100% पूर्ति, किसी भी स्तर पर सुस्ती बर्दाश्त नहीं**




जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने बुधवार को विकास कार्यों की प्रगति के बारे में समीक्षा बैठक की

# जी-20 एवं एससीओ सम्मेलन तैयारी तेज

**वाराणसी।** शहर में आगामी समय में जी-20 एवं एस०सी०ओ० के मद्देनजर बुधवार को कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने अधिकारियों संग बैठक कर सड़कों के सौदर्यीकरण, नई सड़कों की योजना, अच्छी ट्रैफिक व्यवस्था, अच्छी सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं के चाक चौबंद किये जाने को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता एवं गुणवत्ता के साथ संपन्न कराए जाने हेतु निर्देशित किया है।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की सड़कों को उच्चमानकों के अनुसार तथा विदेशों की रोल मॉडल सडकों के अनुरूप ही विकसित किया जाय। शहर में निर्मित समस्त फ्लाईओवरों के नीचे जो खाली जगह है, उसका विकास एवं सौन्दर्यीकरण कराते हुए वहाँ पर पेड-पौधे लगाये जायें। एयरपोर्ट से वाराणसी शहर को आने वाली सड़कों, चौकाघाट, रूद्राक्ष सड़क, रविदास पार्क सड़क आदि सड़कों को अच्छे मानक के अनुरूप विकसित किया जाय एवं इन पर डिवाइडर, चौराहों के सौन्दर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट, दोनों तरफ रेलिंग, वृक्षारोपण आदि के कार्य कराये जाय। विद्युत पोल जो सड़कों के किनारे है जिनसे यातायात संचालन में असुविधा हो रही है, उसका सर्वे कराते हुए उसको पीछे हटवायें। लोक निर्माण विभाग एवं नगर निगम शहर में सड़कों के बीच बने डिवाइडर का सौंदर्यीकरण तथा जो रिप्लेस करने लायक है उनको ठीक करायें या बीच में स्टील से डिवाइडर एवं हरियाली लाये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करायें। इसमें साइड रेलिंग का कार्य भी कराया जाये, जिससे कि फुटपाथ में चलने वाले राहगीरों को कोई असुविधा न हो।

**बैठक**

**कमिश्नर ने सड़कों के सौदर्यीकरण व अच्छी ट्रैफिक व्यवस्था सहित मूलभूत व्यवस्थाओं को चाक चौबंद किये जान के लिए अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**

**शहर की महत्वपूर्ण सड़कों पर स्थित दिशा सूचक बोर्ड की एकरूपता हो तथा जो क्षतिग्रस्त है, उनको ठीक कराने की कार्रवाई की जाये**

# आईएलएस से बाबतपुर एयरपोर्ट लैस

**सुविधा**

**घने कोहरे में भी आसानी से रनवे पर उतर सकेंगे विमान**

**बाबतपुर।** लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे से होने वाली कम दृश्यता के चलते कोई विमान डायवर्ट नहीं हो सकेगी, इसके एयरपोर्ट पर आईएलएस (इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम)प्रणाली को इंस्टाल कर दिया गया है।

बुधवार को निदेशक अर्यमा सान्याल द्वारा पूरे विधि विधान पूर्वक पूजन कर हवाई अड्डे पर नए सिस्टम को कार्य करने की हरी झंडी दिखा दी है। जानकारी के अनुसार हवाई अड्डे पर कार्य कर रहा आईएलएस इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की अवधि समाप्त हो गयी थी जिसको देखते हुए अगस्त माह में नये आईएलएस सिस्टम को सीएनएस विभाग के द्वारा लगाया गया था। चार महीने से इस उपकरण के परीक्षण प्रक्रिया का कार्य चल रहा था। विमान कैलिब्रेशन एवं डीजीसीए की औपचारिकता पूरी हो जाने के बाद अब नया इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम गुरुवार से विमानों का संचालन करने लगेगा।



आई एल एस सिस्टम के शुभारम्भ के पूर्व विधिवत पूजन करती एयरपोर्ट की निदेशक अर्यमा सान्याल

### क्या है आईएलएस सिस्टम

आईएलएस एक नेविगेशनल उपकरण होता है इस उपकरण की सहायता से विमानों को रनवे पर उतरने के लिए सटीक सिंग्नल उपलब्ध कराता है। उक्त उपकरण को हवाई अड्डे पर स्थापित करने में लगभग 6.46 करोड़ रुपये की लागत आयी। निदेशक अर्यमा सान्याल ने बताया कि हवाई अड्डे पर लगे पुराने इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की अवधि पूरी हो गयी थी जिस वजह से कम दृश्यता होने पर विमानों का आवागमन प्रभावित हो रहा था।अब नये सिस्टम की सुविधा प्रारम्भ हो जाने से कम दृश्यता में भी विमान को रनवे पर उतरने में आसानी होगी।

# काशी-तमिलनाडु के बीच है अटूट संबंध : पीयूष गोयल

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि काशी और तमिलनाडु के बीच एक अनोखा और अटूट संबंध है। दोनों स्थान पर एक-दूसरे के क्षेत्र का प्रभाव दिखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से चल रहे काशी-तमिल संगमम के जरिये देश और पूरी दुनिया के सामने इस संबंध को प्रस्तुत किया गया।

श्री गोयल बुधवार की शाम रो-रो बोट पर आयोजित प्रेसवार्ता में यह बात कही। उन्होंने बताया कि काशी का प्रभाव तमिलनाडु में और तमिलनाडु का प्रभाव काशी में सहज ही दिखता है। वस्त्र भी एक ऐसा क्षेत्र है जो दोनों को जोड़ता है। यहां की बनारसी साड़ी और तमिलनाडु की कांजीवरम सिल्क साड़ी दोनों स्थान पर लोकप्रिय हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 16 दिसंबर को दिल्ली के जनपथ में पहली बार देश के विभिन्न प्रांतों की 75 प्रकार की साड़ियों की प्रदर्शनी 'माई साड़ी-माई प्राइड' विरासत के तौर पर लगेगी।

दूसरी ओर, केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बड़ालालपुर स्थित पं. दीनदयाल हस्तकला संकुल (टीएफसी) में बुधवार से आरंभ दो दिनी टेक्सटाइल कॉन्क्लेव में लंबे समय तक के लिए टेक्सटाइल उद्योग के रणनीति तैयार की जाएगी।

**प्रेसवार्ता**

**केंद्रीय कपड़ा मंत्री ने कहा दोनों क्षेत्र में दिखता है एक दूसरे का प्रभाव**

**दो दिनी टेक्सटाइल कॉन्क्लेव में तय हो रहा टेक्सटाइल उद्योग का भविष्य**

# गृहमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा बैठक

**बाबतपुर।** आगामी समय में गृहमंत्री के संभावित दौरे को लेकर बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एडवांस सिक्योरिटी लाइजनिंग बैठक की गयी । उच्चधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को परखा। मुख्य टर्मिनल भवन में बने कॉन्फ्रेंस हॉल में करीब एक घण्टे चली इस बैठक के दौरान गृहमंत्री अमित शाह के 16 दिसम्बर को होने वाले संभावित दौरे को देखते हुए हवाई अड्डे के सुरक्षा सम्बन्धित सभी बिंदुओ पर अधिकारियों ने गहनता पूर्वक चर्चा की। जानकारी के अनुसार गृहमंत्री वाराणसी में चल रहे काशी तमिल संगमम्‌ के समापन समारोह में शामिल होने विशेष विमान से पहुचेगे। प्रोटोकॉल के अनुसार गृहमंत्री का विमान अपराह्न करीब 4: 30 बजे हवाई अड्डे पर पहुचने की संभावना जतायी जा रही है। हवाई अड्डे से गृहमंत्री सड़क मार्ग से कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्थान करेगे। सुरक्षा बैठक के दौरान हवाई अड्डे की सुरक्षा संबंधित सभी एजेंसियों सहित जिले के आला अधिकारी मौजूद रहे।

# जटिल पैराथायराइड ग्लैंड का सफल ऑपरेशन



**वाराणसी।** मो. उमैद अंसारी (15 वर्षीय) का पेनक्रियाज में इन्फेक्शन (पैंक्रियाटाइटिस) होने पर उनका थायराइड ग्रंथि के साथ पैराथायराइड ट्यूमर का ऑपरेशन कर निकला गया जो काफी जटिल प्रक्रिया थी।

बुधवार को इस उपलब्धि के बारे में बताते हुए डॉ. ओ.पी. प्रजापति ने बातया कि शुरूआती कुछ जांच करने पर पता चला की थायराइड के बगल में पैराथायराइड ग्लैंड होता है जिसमें ट्यूमर बना हुआ है। जिसके वजह से उसकी हड्डियां गलती चली जा रही थी और इसी करण से बार-बार पैंक्रियाश में इन्फेक्शन हो रहा था व मरीज का कैल्सियम लेवल भी बड़ा हुआ था। रिपोर्ट के आधार पर ऑपरेशन किय ।गया और अपेरशन सफल भी रहा। बताया कि ऐसे केस काफी दुर्लभ होता है व लाखों लोगों में किसी एक मरीज में पाया जाता है।

# जैपुरिया स्कूल्स के बच्चों ने जीते 34 पदक



**वाराणसी।** पड़ाव स्थित जैपुरिया स्कूल्स ने सीबीएसई खेलकुद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर 34 पदक जीतकर बच्चों ने सीबीएसई गेम्स में परचम लहराया। इस दौरान 20 से अधिक बच्चों का नेशनल लेवल गेम्स में चयन ।

सीबीएसई द्वारा आयोजित क्लस्टर एवं जोनल स्तर पर विविध खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत सेठएमआर जिपुरिया स्कल्स पड़ाव कप के बच्चों ने अदभूत प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई। कैंपस के लगभग पचास से अधिक बच्चों ने रांची, कोशांबी, आजमगढ़, झांसी, अंबेडकर नगर व बनारस के विभिन्न स्कूलों में अपनी भागीदारी दर्ज की। स्कूल के बच्चों ने 6 स्वर्ण पदक 14 रजत और 14 कास्य पदक विभिन्न खेतों में प्राप्त कर स्कूल का सम्मान बढ़ाया। जिसमें एथलेटिक्स, स्विमिंग प्रतियोगिता और स्केटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक हासिल किया। बालिका वर्ग कब्बडी प्रतयोगिता में दस बालिकाओं ने प्रथम उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के चेयरमैन दीपक कुमार बजाज ने कहा की विद्यालय न सिर्फ शैक्षणिक अपितु खेल क्षेत्र में भी अद्भुत प्रदर्शन कर अनवरत सफलता का परचम लहरा रहा है। प्रबंध निदेशक मनोज बजाज ने कहा की हम शिक्षा खेल आदि के क्षेत्र में खुल कर प्रदर्शन कर रहे है।

# दीक्षा महिला कल्याण शोध संस्थान की द्वितीय शाखा का उद्घाटन

**विस्तार**

**प्रथम दिन 30 छात्रों ने ग्रहण की शिक्षा**

**वाराणसी।** दीक्षा महिला कल्याण शोध संस्थान के द्वितीय शाखा का उद्घाटन को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम डोमरी में पंचायत कार्यालय के समीप किया गया। शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्वांचल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कपूर, संस्था के संरक्षक राजेंद्र धानुका, कोषाध्यक्ष दीपू शुक्ला एवं अध्यक्ष संतोषी शुक्ला ने सामूहिक रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वल्लित करके किया।

**निर्धन छात्रों का भविष्य सुधरेगा**

इस दौरान मुख्य अतिथि विजय कपूर ने कहा कि यह एक अच्छी शुरूआत है। संस्था के इस अभियान से निर्धन छात्रों का भविष्य सुधरेगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर सुधरेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बहुत से लोग संसाधनों की कमी के कारण अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पाते। जिससे उनका भविष्य अंधकार में पड़ा रहता है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर सुधारेंगे :** संस्था की अध्यक्ष संतोषी शुक्ला ने कहा कि हम अपनी संस्था के पहली शाखा की तरह ही इसे भी आगे बढ़ाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी शिक्षा का स्तर बहुत ही निम्न है। जिसे हम सुधारने का प्रयास करेंगे। हमारा प्रयास है कि हम अधिक से अधिक बच्चों को बेसिक ज्ञान देकर उनका दाखिला स्कूल में कराएं। जिससे गरीब बच्चों का भविष्य उज्जवल हो। उद्घाटन के पहले ही दिन 30 बच्चों की शिक्षा शुरू हुई। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वहीं उनके अभिभावकों ने भी संस्था व उसके पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विजय चौहान ने किया और धन्यवाद ज्ञापन संस्था के संरक्षक राजेंद्र धानुका ने किया।




दीक्षा शोध संस्थान की दूसरी शाखा का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

### आठ वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत

बता दें कि दीक्षा महिला कल्याण शोध संस्थान पिछले 8 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत है। इनकी पहली शाखा वाराणसी के हुकुलगंज में स्थित है। संस्था समय समय पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु अभियान भी चलाती है। इसके अलावा भी संस्था के ओर से विभिन्न प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। वर्तमान में संस्था के अंतर्गत 350 से ज्यादा बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। कुछ बच्चों का विद्यालय में दाखिला भी कराया गया है। जिसका खर्च संस्था की जिम्मेदारी है।

### कलराज पहुंचे संकटमोचन दरबार

**वाराणसी।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र अपने परिवार के साथ बुधवार की सुबह संकटमोचन दरबार दर्शन पूजन करने पहुंचे। जहां उन्होंने संकटमोचन हनुमान और राम दरबार का विधिवत पूजन अर्चन की। करीब 15 मिनट तक मंदिर में दर्शन पूजन करने के बाद वापस आने गंतव्य की ओर लौट गए।



बजरंगबली का पूजन करते कलराज मिश्र

रिटेल डायरेक्टरी



## संक्षेप

### खेलो इंडिया के लिए कबड्डी टीम का ट्रायल आज

**वाराणसी।** खेलो इंडिया प्रतियोगिता दिनांक 31 जनवरी से 11 फरवरी 2023 तक भोपाल में आयोजित है, इसमें उत्तर प्रदेश के अंडर 19 वर्ग में बालक की टीम प्रतिभाग करेगी। इसके लिए चयन ट्रायल 15 दिसंबर को सुबह 10 बजे डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा वाराणसी में आयोजित किया गया है। इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों का जन्म 1 जनवरी 2004 के बाद हो और वजन 70 किग्रा तक हो। साथ में आधार कार्ड, नगर निगम या तहसील से जन्म प्रमाण पत्र, खेलो इंडिया में रजिस्ट्रेशन का फोटो कॉपी और दो पासपोर्ट साइज का फोटो लाना अनिवार्य है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव राजेश कुमार सिंह ने दी है।

### बीएचयू के चार छात्र सस्पेंड, दो को चेतावनी

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के तीन छात्रों को 14 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया है। कुलसचिव (शिक्षण) ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि विद्यार्थियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए गठित स्थायी समिति की अनुशंसाओं के आधार पर कुलपति के आदेश से यह एक्शन लिया गया। जिसके तहत शोध छात्र वैभव कुमार तिवारी पाली एवं बौद्ध दर्शन एवं मृत्युंजय तिवारी हिन्दी विभाग और आशीर्वाद दुबे एमए अर्थशास्त्र डीएवी पीजी कॉलेज को विवि की सभी गतिविधियों से दो सप्ताह के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। इसी वर्ष 21 जुलाई को बीएचयू के केंद्रीय कार्यालय में हुई घटना और पूर्व में हुई अन्य घटनाओं को देखते हुए यह कार्रवाई हुई है। इसी प्रकार विभिन्न घटनाओं को लेकर कला संकाय में बीए ऑनर्स के छात्र सुमित यादव को भी 14 दिन के लिए निलंबित किया गया है। वहीं, पाली एवं बौद्ध दर्शन के शोध छात्र अविंद राय, डीएवी पीजी कॉलेज के एमए समाजशास्त्र छात्र दुष्यंत चंद्रवंशी को चेतावनी जारी की गयी है।

### ब्रह्मचारी महाराज को भू समाधि देने उमड़े लोग

**चौबेपुर।** क्षेत्र के गौरा उपरवार गांव के गंगा किनारे स्थित श्री श्री 1008 मौनी बाबा आश्रम के पीठाधीश्वर संत तपस्वी बाबा ब्रह्मचारी जी महाराज मंगलवार को ब्रह्मलीन हो गए थे। भक्तों सहित आसपास के भक्तों ने आश्रम पर पहुंचकर ब्रह्मलीन तपस्वी बाबा के पार्थिव शरीर को डोली में सजा कर गाजे बाजे के साथ भू समाधि की तरफ ले गए। आश्रम के नियमानुसार आवश्यक क्रिया कर्म के बीच आश्रम परिसर में ही उन्हें भू समाधि दी गई। उन्हें श्रद्धांजलि देने सर्व प्रथम चंदौली सांसद भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय ने श्रद्धांजलि अर्पित की। अजगरा विधानसभा के विधायक त्रिभुवन राम, प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम जी, दुष्यंत सिंह मोनू, डॉ. सुधीर, अपूर्व कुमार, पप्पू सिंह, कमलेश यादव, पवन चौबे, राहुल, शिवशंकर, पप्पू, बिपिन सिंह आदि कई प्रमुख लोगों के अलावा कई प्रांतों के श्रद्धालु व उनके परिवार के लोग शामिल रहे।

### संदीप बने प्रदेश मीडिया प्रभारी

**रामनगर।** विश्व हिंदू महासंघ में गोरक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह ने रामनगर निवासी संदीप श्रीवास्तव को प्रकोष्ठ का प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। इस पर प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार प्रजापति एवं उपाध्यक्ष तपेश्वर चौधरी आदि ने उम्मीद जताई है कि संदीप बेहतर ढंग से कार्य करेंगे। संदीप के इस मनोनयन पर आशुतोष ओझा, दिनेश मौर्य, आलोक चौधरी, धनपाल सिंह, रजनी जोहर, संजय सिंह, अनुराग चतुर्वेदी वगैरह ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### कुश्ती स्टेट चैंपियनशिप में बनारस अव्वल

**वाराणसी।** पंडित दीनदयाल के जन्म शताब्दी के अवसर पर सीनियर कुश्ती स्टेट चैंपियनशिप मिर्जापुर के कछवां में 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। जिसमें बनारस की फ्री स्टाइल कुश्ती टीम 3 गोल्ड, एक सिल्वर और 3 ब्रोंज मेडल के साथ चैंपियन हुई। ग्रीको रोमन में एक गोल्ड एक सिल्वर एवं 5 ब्रोंज मेडल के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जिसमें 80 किलो ग्रीको रोमन में रामप्रवेश यादव ने गोल्ड, 59 किलो में विकास यादव ने सिल्वर, 64 किलो में आकाश यादव सहित अन्य वर्ग के खिलाड़ियों ने ब्रांच मेडल जीता। पूरी प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा आकर्षित कुश्ती रामप्रवेश की रही और उन्हें प्रतियोगिता का बेस्ट प्लेयर घोषित किया गया। फ्री स्टाइल में चैंपियन होने पर वाराणसी कुश्ती संघ एवं बनारस कुश्ती प्रेमियों ने पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### हाई वोल्टेज से जले विद्युत उपकरण

**पिंडरा।** स्थानीय विकास खंड के थाना गांव के ट्रांसफार्मर की खूंटी जलने से बुधवार की सुबह अचानक हाई वोल्टेज के चलते तमाम घरों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए। उपभोक्ताओं ने प्रकरण को लेकर शिकायत की। उसके बाद शाम को विभाग ने किसी प्रकार विद्युत आपूर्ति सामान्य ढंग से बहाल करायी लेकिन खूंटी नहीं बदली गई। इस बारे में ग्रामीणों ने महकमे के जेई राजकुमार से शिकायत की। जेई ने उनसे कहा कि अधिकारियों से खूंटी उपलब्ध करा दीजिए तो हम बदलवा देंगे। जेई के इस रवैये पर लोगों में आक्रोश दिखा। उपभोक्ता गिरीश सिंह, गुलाब प्रसाद, अजय गुप्ता आदि ने आरोप लगाया कि ट्रांसफार्मर की खूंटी जलने व तेल खत्म होने की लिखित-मौखिक शिकायत महीनों पहले दी जा चुकी थी। वहीं, एसडीओ संजीव श्रीवास्तव ने समस्या के जल्द निबटारे का भरोसा दिया।

### नेपाल में होने वाले टी-20 मैच में खेलेंगे ओम सिंह

**हरहुआ।** विकास खंड के गड़वा गांव के ओम सिंह का चयन खेलो इंडिया स्पोर्ट समिति ने किया है। स्पोर्ट समिति ने बताया कि ओम खेलो इंडिया स्पोर्ट्स क्रिकेट टीम के राष्ट्रीय स्तर पर नेपाल में तीन दिवसीय मैच में इंडिया की टीम की तरफ से खेलेंगे। जो नेपाल के रंगशाला स्टेडियम पोखन में खेला जायेगा, खेलो इंडिया के जूनियर टीम के कोच राहुल सिंह के अनुसार टीम 13 दिसंबर को नेपाल के रंगशाला स्टेडियम पहुंचेगी। ओम इस समय एयर इंडिया वाराणसी में कार्यरत हैं।

### यूपी कॉलेज के छात्रों ने दिया धरना, परीक्षा प्रभावित

**तरना।** उदय प्रताप (यूपी) कालेज के छात्रों ने बुधवार को कालेज परिसर में कालेज प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। छात्रों के अनुसार उन्हें कक्षाओं से लेकर छात्रावास तक जांच के नाम पर परेशान किया जा रहा है। छात्रों प्राचार्य को हटाने की मांग कर रहे थे। धरना-प्रदर्शन के कारण मिड टर्म की होने वाली परीक्षा प्रभावित हुई। उधर प्राचार्य डॉ. डीके सिंह का कहना है कि परिसर और हास्टल में अनुशासनहीनता में पकड़े जाने पर छात्रों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। हास्टल में निरीक्षण के दौरान छात्र नए छात्रों की रैगिंग करते पकड़े गए हैं। हास्टल का निरीक्षण आगे भी होगा। धरना स्थल पर पहुंचे एडीसीपी मनीष शांडिल्य एवं एसीपी डॉ. अतुल अंजान के समझाने बुझाने पर छात्रों का धरना समाप्त हुआ। धरने में अभय, अभिषेक सिंह सनी, सुधीर सिंह, अभिषेक, कुश सिंह, अनिकेत, अमरेंद्र प्रताप, विवेक सिंह, अमन, सत्यम, अमन सिंह, रितेश सिंह सहित अन्य छात्र शामिल रहे।

### शोध को प्रमाणिक बनाने में संदर्भों का स्थान अहम :प्रो. शैला

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के शिक्षा शास्त्र विभाग के शोधार्थियों को बुधवार को संदर्भ लेखन की जानकारी दी गयी। प्रो. शैला परवीन ने कहा कि शोध को प्रामाणिक बनाने में संदर्भों का एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। सामान्यत: समाज विज्ञान के क्षेत्र में एपीए एवं साहित्य के क्षेत्र में एमएलए का उपयोग शोधार्थियों द्वारा ही किया जाना चाहिए। मुख्य वक्ता का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र वर्मा ने किया। संचालन रोहिणी मालवीय एवं धन्यवाद ज्ञापन विजेता ने किया। मौके पर डॉ. राखी देव, डॉ. वीणा वादिनी, डॉ. अभिलाषा, डॉ. दिनेश, डॉ. रमेश, डॉ. ज्योत्सना राय, फातमि, मनोज यादव, पूनम कुमारी, ज्योति मिश्र आदि मौजूद रहे।

### सीआरओ ने मण्डलीय अस्पताल का लिया जायजा



**वाराणसी।** मुख्य राजस्व अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को मण्डलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। ब्लड बैंक व रैन बसेरा के पास गंदगी मिलने पर उसे साफ कराने का निर्देश दिया। एडीएम सीआरओ अरुण कुमार सिंह बुधवार को एडिशनल सीएमओ डॉ एके मौर्या को साथ लेकर दोपहर साढ़े बारह बजे कबीरचौरा स्थित श्री शिव प्रसाद गुप्त अस्पताल निरीक्षण पहुंचे। वह सबसे पहले चिकित्सकों व अन्य कर्मियों का हाजिरी रजिस्टर चेक किया। इसके बाद एमएस डॉ वीएस त्रिपाठी व वरिष्ठ डॉक्टर एसपी सिंह को साथ लेकर ओपीडी में लाइब्रेरी, जिरियाट्रिक कक्ष, मानसिक व ऑर्थो कक्ष का निरीक्षण किया। ऑर्थो कक्ष में मरीज देख रहे डॉक्टर अभिषेक रॉय से उन्होंने प्रतिदिन कितने मरीज आते है इसके बारे में पूछा तो बताया कि दो से ढाई सौ आते है। किसी अन्य हड्डी के डॉ. के न होने के बाबत बताया कि एक्सिडेंटल या आकस्मिक केस आने पर ओपीडी में जूनियर डॉक्टर के भरोसे छोड़कर इलाज किया जाता है। साथ ही उनकी वीआईपी ड्यूटी भी लगायी जाती हैं। इसके बाद वह रैबीज कक्ष, डायलिसिस यूनिट, बर्न वार्ड का निरीक्षण किया। ब्लड बैंक के एक कक्ष में गंदगी मिला साथ ही रैन बसेरा गेट बंद मिला और वहां भी गंदगी दिखने पर उन्होंने तत्काल साफ कराने का निर्देश दिया।

### डॉ. सत्यदेव सिंह को मातृशोक

**वाराणसी।** डीएवी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा.सत्यदेव सिंह की माता पुत्तु देवी का बुधवार को निधन हो गया, वह 90 वर्ष की थीं। जानकारी के अनुसार पुत्तु देवी पत्नी स्व.बुद्धु सिंह लंबे समय से बीमार थी, और डा.सत्यदेव सिंह के साकेत नगर स्थित आवास पर ही रह रही थी। बुधवार को सायं उन्होंने साकेत नगर स्थित आवासपर ही अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर दारानगर स्थित उनके पैतृक आवास पर लाया गया। बुधवार को देर शाम दारानगर से ही उनकी अंतिम यात्रा निकाली गयी, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल रहें। मर्णिकर्णिका घाट पर उनके पुत्र डा.सत्यदेव सिंह ने मुखाग्नि दी। डा.सत्यदेव सिंह की माता के निधन की खबर सुनते ही शहर के जाने माने साहित्यकार, शिक्षाविद्, कई पार्टियों के नेतागणों ने शोक व्यक्त किया।

# 236 खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक

**सांसद आदर्श खेल प्रतियोगिता**

**सिगरा स्टेडियम में दो दिवसीय जिला स्तरीय 'खेलो बनारस-2022' का समापन**

**1888 खिलाड़ियों की रही हिस्सेदारी, 236 को रजत व 92 को मिला कांस्य पदक**

जनसंदेश न्यूज



सिगरा स्टेडियम में आयोजित दो दिनी जनपद स्तरीय 'खेलो बनारस-2022' प्रतियोगिता का समापन हुआ

**वाराणसी।** सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिनी जनपद स्तरीय 'खेलो बनारस-2022' प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। सांसद आदर्श खेल प्रतियोगिता के तहत यह आयोजन था। जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या एवं विधायक त्रिभुवन राम के मुख्य आतिथ्य में विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण-पत्र दिये गये। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने खेलकूद के क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले ऐसे कार्यक्रमों में भारी संख्या में खिलाड़ियों की हिस्सेदारी को उत्साहजनक बताया।

इस प्रतियोगिता में एक हजार 888 खिलाड़ी शामिल हुए। उनमें से 236 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक, 236 ने रजत पदक और 92 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक हासिल किया। 800 मीटर दौड़ में हरहुआ ब्लॉक के आदर्श विश्वकर्मा ने बाजी मारी। तीन हजार मी. की दौड़ में शशिकांत विश्वकर्मा अव्वल रहे। खो-खो और वॉलीबॉल में काशी विद्यापीठ विकास खंड को प्रथम स्थान मिला। 200 मी. दौड़ में आराजी लाइन के ओमप्रकाश सबसे आगे रहे। कबड्डी में चिरईगांव ब्लॉक को प्रथम स्थान मिला। वहीं, डिस्कस थ्रो में बड़ागांव ब्लॉक के राहुल गिरी, गोला प्रक्षेप में पिंडरा के दिलीप कुमार पहले स्थान पर रहे। वहीं, पुरुषों की कुश्ती में 50 किलो वर्ग में पिंडरा के अवधेश यादव, 54 किलो वर्ग में चोलापुर के आकाश यादव, 58 किलो वर्ग में सेवापुरी के आर्यन यादव, 63 किलो वर्ग में पिंडरा के उत्तम यादव तथा 69 किलो वर्ग में हरहुआ विकास खंड के राहुल यादव को स्वर्ण पदक मिला। लंबी कूद में आराजी लाइन के ओमप्रकाश राजभर, चिनअप में काशी विद्यापीठ के साहिल पटेल, रस्सी कूद में हरहुआ के मनोज पटेल, ऊंची कूद में काशी विद्यापीठ के धर्मदेव राजभर अव्वल थे। इसी प्रकार बालिका वर्ग की कुश्ती में 43 किलो में पिंडरा की ज्योति यादव, 46 किलो वर्ग में हरहुआ की अलका यादव, 49 किलो वर्ग में काशी विद्यापीठ की खुश्बू पटेल, 52 किलो वर्ग में चोलापुर की आशा यादव तथा 56 किलो वर्ग में सेवापुरी की वसुंधरा यादव ने पहला स्थान प्राप्त किया। आयोजन में विभिन्न वर्ग के अंतर्गत खेल की अन्य प्रतियोगिताएं भी हुईं।

## मिस्त्रियों को बनाया बंधक तो मिला नलकूप का मोटर

**पिंडरा।** स्थानीय विकास खंड के थानारामपुर गांव में बीते 18 दिनों से ठप पड़े पेयजल नलकूप दुरुस्त कराने की मांग लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने मिस्त्रियों को बंधक बना लिया। ट्यूबवेल को दुरुस्त करने में असफल रहे वह मिस्त्री जब लौटने लगे तो आक्रोशित लोगों ने उन्हें घेरकर बंधक बना लिया। इस नलकूप की मरम्मत कराने की मांग लेकर बीते रविवार ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन किया था। इस पर सोमवार को जलनिगम के अफसरों ने ट्यूबवेल का आधा-अधूरा सामान भेजा। बुधवार को दूसरा मोटर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था। उसे लगाने के लिए सुबह प्राइवेट मिस्त्री पहुंचे लेकिन दोपहर 12 बजे तक विभाग की ओर से मोटर भेजा ही नहीं गया। इस पर मिस्त्री लौटने लगे तो ग्रामीणों ने उन्हें बंधक बना लिया। मामला गरम होने पर शाम चार बजे महकमे ने मोटर मुहैया कराया। उसके बाद मिस्त्रियों ने नलकूप की मरम्मत की और मोटर चालू किया। उसके बाद ग्रामीणों ने मिस्त्रियों को मुक्त किया।

# संपूर्णानंद में फिल्म एप्रीसिएशन कोर्स

**वाराणसी।** सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी की अध्यक्षता में बुधवार को विद्यापरिषद की बैठक हुई। जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें शिक्षा के साथ रोजगार परक शिक्षाओं पर भी जोर देने पर निर्णय लिया गया। इनमें फिल्म एप्रीसिएशन कोर्स संचालित करने का फैसला लिया गया।

इन निर्णयों में नई राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 एवं शासनादेश के अंतर्गत शास्त्री प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में विद्यार्थियों को क्रेडिट की प्राप्ति होगी और अध्यापकों को भी छात्रों के अनुशासन, शास्त्रार्थ, सेमिनार, उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए आंतरिक अंक देने का अधिकार होगा। पारंपरिक संस्कृत विश्वविद्यालय में नई शिक्षा निति के आलोक में विद्यापरिषद ने सर्वसम्मति से संगणक एवं अंग्रेजी को भी विषय के रूप में स्वीकृति प्रदान की गयी है।

दोनों विषय पढ़ना अनिवार्य होगा। शासन का अनवरत शोधकार्य को बढ़ावा देने के लिये मार्गदर्शन प्राप्त होता रहता है, सिक्किम प्रदेश में संबद्ध संस्कृत कॉलेज को जो की नैक द्वारा बी ग्रेड प्राप्त है को विद्यापरिषद ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर अधिकृत किया है। इसके लिए एक समिति बनाई गई जो शोध कार्य कराने के लिए उचित मार्ग दर्शन करेगी। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता गोविंदा के बड़े भाई अभिनेता, निर्देशक, निमार्ता, कोरियोग्राफर एवं स्क्रिप्ट राइटर डॉ. कीर्ति कुमार अहुजा के द्वारा विश्वविद्यालय में (अभिनय) नाटक, लेखन आदि के माध्यम से जीवन मूल्यों पर आधारित पाठ्यक्रम (फिल्म एप्रीसिएशन कोर्स) संचालित करने के लिये स्वीकृति प्रदान की गई, जिसमें संस्कृत भाषा की शुद्धता, भाषायी शुद्धता, उच्चारण की गुणवत्ता, हमारी संस्कृति की रक्षा आदि होगी।

### सीएम ने किया 'सनातन धर्मोद्धार' भाग एक का लोकार्पण



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बुलावे पर मुख्यमंत्री आवास कालिदास मार्ग पर बुधवार की शाम पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। कुलपति प्रो. त्रिपाठी ने बताया कि उस दौरान मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के प्रकाशन संस्थान से प्रकाशित पुस्तक "सनातन धर्मोद्धार" भाग 01 का लोकार्पण किया। इस पुस्तक के मुख्य संपादक कुलपति प्रो. त्रिपाठी और संपादक प्रकाशन संस्थान के निदेशक डॉ. पद्माकर मिश्र हैं। बताया कि मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय की गरिमा को बनाये रखने के लिए प्रत्येक बिंदु पर सूक्ष्मता से देखते हुये कहा कि यह विश्वविद्यालय अन्य संस्थाओं से भिन्न है यह 232 वर्ष पुराना है इसकी गरिमा-महिमा का क्षरण कुछ पूर्व वर्षों में हुआ है जिसको हर संभव प्रयास कर बनाने और बचाने पर जोर देना चाहिये। इसके गौरव को पूर्व समय के अनुसार बनाने पर बल देने की आवश्यकता है। निर्भिक भाव से विश्वविद्यालय के कार्यों का संपादन किया जाय।

# फाइलेरिया उन्मूलन को जागरूकता अभियान



**वाराणसी।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बुधवार को बड़ागांव ब्लॉक के ग्राम दजीपुर में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) ने पेशेंट सपोर्ट ग्रुप (पीएसजी)/नेटवर्क अर्थात रोगी सहायता समूह/नेटवर्क के साथ बैठक की। बैठक में फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के लिए कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग की अपेक्षा की

बैठक में मौजूद दजीपुर के ग्राम प्रधान निहालु ने नेटवर्क सदस्यों और आशा कार्यकर्ता को ग्रामीण में फाइलेरिया रोग के लक्षण, जांच, उपचार और सहयोग के बारे में जागरूक करने के लिए कहा। साथ ही कहा कि आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर फाइलेरिया रोग के बारे में जानकारी प्रदान करे और साल में एक बार चलने वाले एमडीए अभियान के दौरान दो साल से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को छोड़कर सभी व्यक्तियों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खाने के लिए प्रेरित करें। फाइलेरिया रोग से बचाव ही इसका एकमात्र उपचार है। नेटवर्क के सदस्य मुमताज (55), उदय भान (60) और शांति देवी (50) ने आशा कार्यकर्ता सुनीता देवी को जमीनी स्थिति के बारे में अवगत कराया और उनसे समुदाय को जागरूक करने के लिए सहयोग मांगा। दूसरी ओर बड़ागांव ब्लॉक के दल्लुपुर ग्राम के राशन वितरण केंद्र पर लोगों को फाइलेरिया रोग के प्रति जागरूक किया गया। ग्राम प्रधान मुन्ना पटेल ने लोगों को फाइलेरिया रोग के प्रति जागरूक रहने और सरकार के इस उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की।

### आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही, रुका वेतन

**चिरईगांव।** आयुष्मान भारत कार्ड बनाने में रुचि ना लेने वाले ग्राम पंचायत सहायकों के मानदेय तथा स्वास्थ्य विभाग की आशा संगिनियों के वर्तमान माह के वेतन भुगतान पर रोक लगाई गई। चिरईगांव ब्लाक सभागार में बुधवार को आयुष्मान भारत कार्ड के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत सहायक व आशा संगिनियां उपस्थित रहीं। सभीं कर्मचारियों से एक एक करके उनके कार्यों का फीडबैक लिया गया। जिसमे अधिकांश लोग फिसड्डी ही साबित हुए। ब्लाक की बीडीओ सरिता गुप्ता ने बताया कि जन कल्याणकारी योजनाओं में शामिल शासन की महत्त्वाकांक्षी योजना में लापरवाही कत्तई क्षम्य नहीं है।

## विजेता वॉलीबाल टीम को सीएम ने किया सम्मानित

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की वॉलीबॉल टीम को महंत अवैद्यनाथ राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जिसके लिए टीम को बीते आठ दिसंबर को अध्यक्ष लोक सभा ओम बिरला एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा 75000 सम्मान राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई। इसी क्रम में विश्वविद्यालय की बॉलीबॉल टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर्विश्वविद्यालय प्रतियोगिता जो कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, भुवनेश्वर उड़ीसा में 10 से 13 दिसंबर को संपादित हुई, इसमें द्वितीय स्थान प्राप्त किया और साथ ही टीम को ऑल इंडिया स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए चयनित किया गया। उक्त उपलब्धि पर विजयी टीम को कुलपति प्रो. त्यागी के द्वारा बधाई दी गई और ऑल इंडिया स्तर पर अच्छे प्रदर्शन को बनाए रखने के लिए शुभकामनाएं प्रदान की गई। उक्त टीम को बॉलीबॉल खेल प्रभारी डॉ. राधेश्याम के द्वारा मार्गदर्शन में तैयार एवं ट्रेनिंग दी गई। उक्त जानकारी डॉ. मुकेश कुमार पंथ, सचिव क्रीड़ा परिषद द्वारा प्रदान की गई और सभी के प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किया गया।



# बांग्लादेश के प्रतिनिधि मंडल ने लिया कोटे की दुकानों का जायजा



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** राइस फोर्टिफिकेशन तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत फोर्टिफाइड राइस वितरण प्रक्रिया का जनपद में अध्ययन कर रहा बांग्लादेश का उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल बुधवार को चोलापुर ब्लॉक के जगदीशपुर ग्राम पंचायत पहुंचा। गांव में उन्होंने कोटेदार निर्मला देवी की दुकान का निरीक्षण किया। मौके पर राशन वितरण का कार्य चल रहा था। उसमें फोर्टिफाइड चावल भी रहा।

दल के सदस्यों ने निर्मला और राशनकार्ड धारकों से बातचीत की। उन्होंने लोगों को फोर्टिफाइड राइस के गुणों की जानकारी दी। इसी क्रम में टीम के सदस्यों ने प्राथमिक विद्यालय, पोषण वाटिका और आंगनबाड़ी केंद्र का जायजा लिया। इसी क्रम में उन्होंने पिंडरा ब्लॉक के समोगरा में कोटोदार प्रकाश सोनकर की दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने गांव के प्राइमरी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र को भी देखा। प्रतिनिधि मंडल में फरीदा परवीन, फिरदौस बेगम, मकसूदा बेगम सिद्दीका, मो. अफीफ अल महमूद भुइयान, मो. महबोबोर रहमान, मो. आकिब अवरार क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी गुलाब चंद्र आदि रहे।

## टेलीग्राम एप से प्राप्त होंगी सूचनाएं

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को सोशल मीडिया पर सशक्त बनाने के लिए कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी के नेतृत्व में एक्टिविटी क्लब और जनसंपर्क कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सोशल मीडिया पर विस्तार का कार्य किया जा रहा है। बुधवार को इसी क्रम में विद्यापीठ के विद्यार्थी तक आवश्यक सूचनाएं टेलीग्राम एप्प के माध्यम से आसानी से पहुंचाने के लिए एक्टिविटी क्लब द्वारा आधिकारिक टेलीग्राम चैनल का निर्माण किया गया। विवि के जनसंपर्क अधिकारी व एक्टिविटी क्लब इंचार्ज ने बताया कि एक्टिविटी क्लब द्वारा विवि को ट्विटर व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सक्रिय करने के लिए टेलीग्राम चैनल का निर्माण भी किया गया है। विवि से जुड़ी विस्तृत खबर के लिए अब विद्यार्थी इस प्लेटफार्म का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।



## संक्षेप

### बीएलडब्ल्यू को मिला यूपी ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार



**वाराणसी।** मेसर्स बनारस लोकोमोटिव वर्क्स, बनारस ने रेलवे वर्कशॉप सेक्टर के अंतर्गत प्रदेश में वर्ष 2020-21 के सापेक्ष वर्ष 2021-22 में ऊर्जा बचत करके प्रशंसनीय एवं उल्लेखनीय कार्य किया है, जिसके फलस्वरूप रेलवे वर्कशॉप सेक्टर में ऊर्जा संरक्षण हेतु वर्ष 2022 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सम्मानित किया गया। बरेका की जीएम अंजलि गोयल ने सभी कर्मचारियों को इसके लिए शुभकामना दी।

### अनुराधा पौडवाल ने गरीब महिलाओं का किया सहयोग

**रोहनिया।** रोहनिया स्थित देऊरा गांव में होप फाउंडेशन (ग्रीन आर्मी) की ओर से संचालित गरीब असहाय महिलाओं के लिए स्लीपर (चप्पल) के कारखाने का अनुराधा पौडवाल व उनकी पुत्री कविता पौडवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। तत्पश्चात देउरा रविदास मंदिर पर शिवधाम फाउंडेशन द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुड़ाडीह रमसीपुर देउरा तारापुर गजाधरपुर रमना गांव की महिलाओं ने कजरी गीत गाया। इस दौरान मधुकर मिश्र ने कजरी के इतिहास से जुड़ी पुस्तक अनुराधा पौडवाल को भेंट की। अनुराधा पौडवाल ने कहा कि हमारी एक संस्था है जिसका नाम सूर्योदय फाउंडेशन है जिसके तरफ से आप सभी को एक सम्मान दिया जा रहा है। फाउंडेशन के अध्यक्ष रवि मिश्र ने बताया कि यह फाउंडेशन विलेज डेवलपमेंट, डोमेस्टिक कंप्लेंट, महिला स्वरोजगार से संबंधित उद्देश्यों पर काम करती है।

### गोपाल मंदिर में प्राकट्य महोत्सव 16 से

**वाराणसी।** श्री विठ्ठलनाथ के 508वें त्रिदिवसीय अखिल भारतीय प्राकट्य महोत्सव 16,17 व 18 दिसम्बर को षष्ठपीठ गोपाल मंदिर में आयोजित है। इस मौके पर गोपाल मंदिर से पदयात्रा भी निकाली जायेगी। यह जानकारी गोपाल मंदिर के षष्ठ पीठाधीश्वर गो. श्याम मनोहर महराज ने बुधवार को गोपाल मंदिर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि विगत तीन वर्षों से कोरोना महामारी के कारण पदयात्रा स्थगित हुई थी। वैष्णव जनों के विशेष निवेदन पर इस वर्ष पदयात्रा पुनः चालू की गई है। 16 दिसम्बर को गोपाल मंदिर परिसर से मंगला आरती का दर्शन कर पदयात्रा निकलेगी। जो गोपाल मंदिर, चौखम्भा, ठठेरी बाजार, चौक, बांसफाटक, गोदौलिया, लक्सा, रथयात्रा, महमूरगंज चितईपुर होती हुई चुनार स्थित चरणाट धाम पहुंचेगी। 17 दिसम्बर को मुकुंद गोपाल सेवा संस्थान की ओर से वनवासियों को वस्त्र वितरित किया जायेगा। साथ ही सायंकाल महाप्रभु के दर्शन होंगे। 18 को चरणाट धाम में बैठक की परिक्रमा होगी। पत्रकारवार्ता में अतुल शाह, अरूण पारिख, मनोज मुनीमवाला, राजेश अग्रवाल, सचिन पारिख, प्रदीप अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### निगम की कारवाई में हटाए गए अतिक्रमण

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा बुधवार को अपर नगर आयुक्त द्वितीय राजीव कुमार राय के निर्देश पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चालाया गया। जिसमें बड़ी गैबी से तुलसीपुर तक सड़क और पटरी खाली करवाया गया, बुला नाला क्षेत्र में निर्माण कार्य रोकते हुए मकान मालिक को अतिक्रमण हटाने का सख्त निर्देश दिया, गोदौलिया से मैदागिन, महमूर गंज से वापस गोदौलिया क्षेत्रों में प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों वेंडरों से प्लास्टिक के थैले जब्त कर 9,500 रुपये वसूले गए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कुसुम्हा, वि0 ख0 पटेहरा कलां, मीरजापुर**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कुसुम्हा,विकास खण्ड पटेहरा कलां मीरजापुर द्वारा वर्ष 2022-23 में पंचम वित्त/ केन्द्रीय वित्त व मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नांकित कार्यो को कराये जाने हेतु वाणिज्यकर में पंजीकृत फर्मो दिनांक 16.12.2022 को 2 बजे अपराह्न तक नीचे दिये गये विवरण के अनुसार आपूर्ति हेतु सामग्री का दर आमंत्रित किया जाता है। उसी दिन निविदा गठित समिति द्वारा 3 बजे अपराह्न खोला जायेगा। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ नियत तिथि को टेण्डर खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 100 रुपया मात्र में प्राप्त किया जा सकता है। टेण्डर के समय सामग्री अंश का 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि एन0एस0सी0 या एफ0 डी0 जो ग्राम विकास अधिकारी के पक्ष में बंधक होगा उसे जमा करना होगा। टेण्डर खोलते समय टेण्डर दाता जो उपस्थित रहना चाहते हो वो रह सकते है।जिसका टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा। कायार्देश के पश्चात 3 प्रतिशत जमानती धनराशि के रूप में एफ0डी/एन0एस0सी जमा करना होगा तथा बिना कारण बताये निविदा अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। बिल के साथ विभाग के रूप पत्र एम0 एम0 11 सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

**कार्य का नाम** - ग्राम पंचायत कुसुम्हा में अमृत वन का निर्माण कार्य।

**सामग्री** - सीमेन्ट, कोर सेन्ड, फाइन सेन्ड, पत्थर गिट्टी 40 एम एम, डाला गिट्टी 20 एम एम, पत्थर, ईंट प्रथम श्रेणी,प्लास्टिक पेंट, स्टील, जीएसबी, इण्टरलाकिंग ईंट, लोकल बालू, जीआई पाईप 32 एम एम, माइल्ड स्टील आयरन वर्क/ऐंगल, लोहा जाली, पेंट, बेन्च, साईन बोर्ड, सोलर हाई मास्क लाईट, चैन।

सचिव **आशुतोष पाठक** | ग्राम प्रधान **विकास सिंह**

**कार्यालय ग्राम पंचायत हड़ौरा, वि0 ख0 पटेहरा कलां, मीरजापुर**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत हड़ौरा,विकास खण्ड पटेहरा कलां मीरजापुर में वर्ष 2022-23 में राज्य वित्त/पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त, आईसीडीएस/ स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नांकित कार्यो को कराये जाने हेतु वाणिज्य कर में पंजीकृत फर्मो दिनांक 16.12.2022 को 2 बजे टेण्डर (निविदा) आमंत्रित किया जाता है। उसी दिन निविदा समिति द्वारा 3 बजे अपराह्न तक खोला जायेगा। इच्छुक फर्म सामग्री दर कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित लिखकर बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति के साथ नियत तिथि तक जमा कर दें। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से पाँच सौ रुपये मूल्य में प्राप्त किया जायेगा। टेण्डर के समय सामग्री अंश का 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि एन0 एस0 सी0 या एफ0 डी0 जो ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगा/देय होगा। टेण्डर खुलते समय टेण्डर दाता जो उपस्थित रहना चाहते हो रह सकते है। बिना कारण बताये निविदा अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। **सामग्री विवरण निम्नवत है** - ईंट, फाइन बालू, मोटा बालू, लोकल बालू, सीमेन्ट, चादर, इण्टरलॉकिंग ईंट, सरिया, ह्यूम पाईप, हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री, बोरिंग कार्य, पटिया, बोल्डर, पत्थर गिट्टी, डाला गिट्टी, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, सबमर्सिबुल, सबमर्सिबुल से जुड़ी अन्य सामग्री, भरसी, जी0एस0बी0 टैंकर क्रय एवं टैंकर का किराया, स्टेशनरी कार्यालय हेतु सामग्री, टाइल्स, शौचालय निर्माण में होने वाली सामग्री व भवन में उपयोग होने वाली सामग्री व अन्य उपयोग होने वाली सामग्री इत्यादि।

सचिव **सुनील कुमार सिंह** | ग्राम प्रधान **ज्ञान देवी**

**जलकल विभाग**
**नगर निगम, भेलूपुर, वाराणसी**

पत्रांक: 1287/अधि0 अभि0 (मध्य)/ज0क0न0नि0वा0 — दिनांक: 14.12.2022

**निविदा**

जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी के मध्य जोन में पेयजल पाइप लाइन विस्तार कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र, शर्तें अधिकृत वेबसाइट ई-टेण्डर पोर्टल www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा को निर्धारित तिथि से पोर्टल पर ऑनलाइन डाउनलोड/अपलोड कर सकते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रकाशन वेबसाइट पर तिथि/समय | - | दिनांक 15.12.2022 मध्यान 12:00 बजे। |
| निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | - | दिनांक 15.12.2022 अपरान्ह 01:00 बजे। |
| निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | - | दिनांक 15.12.2022 अपरान्ह 02:00 बजे। |
| निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | - | दिनांक 21.12.2022 अपरान्ह 03:00 बजे। |
| बिड खोलने की तिथि/समय | - | दिनांक 21.12.2022 अपरान्ह 04:00 बजे। |

**अधिशासी अभियन्ता (मध्य)**
**जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी**

# दुष्कर्मी की मां ने पीड़िता का कराया गर्भपात, पिता ने पुलिस में दी तहरीर

**भ्रूण हत्या**

### पुलिस के पहुंचने से पहले अस्पताल का स्टाफ फरार

### पीड़ित किशोरी के साथ इस शर्मनाक हरकत से इलाका स्तब्ध, सख्त ऐक्शन की मांग

जनसंदेश न्यूज


अस्पताल का निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी साथ में पुलिस।

**बैरिया (बलिया)।** मानवता को तार-तार करने वाली घटना प्रकाश में आयी है। नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के बाद दुष्कर्म करने वाले युवक की मां ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर बैरिया के सुमन चिकित्सालय में लाकर बीते शनिवार को उसका सिजेरियन ऑपरेशन करा कर भ्रूण हत्या करा दिया। इसकी शिकायत पीड़िता के पिता ने क्षेत्राधिकारी बैरिया उस्मान से बुधवार को की है। वही पुलिस के वहां पहुंचने पर चिकित्सालय के सभी स्टाफ चिकित्सालय छोड़कर फरार हो गए।

सिजेरियन आपरेशन की हुई नाबालिग लड़की अकेले चिकित्सालय में छटपटाती रही। पिता का यह भी आरोप है कि मेरी पुत्री शनिवार से ही घर से लापता है। जिसकी मैं तलाश कर रहा था। क्षेत्राधिकारी को दिए गए तहरीर में रेवती थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने बताया है कि मेरी पत्नी का निधन हो गया है। मैं जीविकोपार्जन के लिए बिहार के डोरीगंज घाट पर मछली पकड़ने का काम करता हूं। मैं विकलांग हूं। मेरी पुत्री अकेले घर में रहती है। वह शनिवार से गायब थी। मेरे ही गांव के एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जिससे वह गर्भवती हो गई। इसकी जानकारी होने पर उक्त युवक की मां ने मेरी पुत्री को बहला-फुसलाकर बैरिया लेकर आई, और सुमन चिकित्सालय में दवा इलाज कराने के बहाने पैसा खर्च कर सिजेरियन ऑपरेशन कराकर उसका भ्रूण हत्या करा दिया है। उक्त युवक की मां ने मेरी पुत्री को धमकी दी थी, कि अगर किसी से बताओगी तो जान से हाथ धो बैठोगी। पुलिस में शिकायत की भनक लगते ही चिकित्सालय का सारा स्टाफ चिकित्सालय छोड़कर फरार हो गया।

#### अधिकारियों ने चिकित्सालय का किया निरीक्षण

घटना की सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र, चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल कुमार मिश्र व 112 नम्बर की पुलिस ने चिकित्सालय का निरीक्षण किया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि घटना रेवती थाना क्षेत्र के एक गांव की है। मामले की तहरीर पीड़िता के पिता से मांगी गई है। सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसडीएम बैरिया से पूछने पर बताया कि मामला काफी संगीन है। इस मामले में नर्सिंगहोम संचालक, इस में बैठने वाले डॉ., काम करने वाले स्टाफ किसी को बख्शा नहीं जाएगा और नर्सिंगहोम की भी जांच होगी।

## पहले कॉन्सेप्ट पर दें ध्यान शॉर्टकट न अपनाएं छात्र

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया (बलिया)।** यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं सिर पर आ चुकी हैं। सीबीएसई व उप्र बोर्ड की परीक्षा फरवरी से मार्च तक समाप्त हो जायेगी। ज्यों-ज्यों परीक्षा के दिन निकट आ रहे हैं, परीक्षार्थियो का तनाव बढ़ता जा रहा है। परीक्षा के दबाव के चलते बच्चे पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे हैं।

देर रात तक पढ़ाई करने के साथ ही वे सुबह में भी जल्दी उठ कर पढ़ने लग जाते हैं। इससे उनकी नींद पूरी नहीं हो पाती। दिमाग सुस्त हो जाता है और इसका सीधा प्रभाव कार्यक्षमता पर पड़ता है। ऐसे में उनका स्वस्थ्य खराब होने के साथ ही परीक्षाफल पर भी गलत प्रभाव पड़ने का खतरा रहता है। इसको लेकर पूर्व प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार पाण्डेय उर्फ मुनी पाण्डेय से बात करने पर उन्होंने विद्यार्थियों को कुछ महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए।

कहा कि परीक्षा के दौरान बच्चों को तनाव किसी हाल में नहीं लेना है। पढ़ाई का सबसे अच्छा तरीका है कि पहले टाइम टेबल बनाएं और तय कर लें कि आपको कब, क्या और कितना पढ़ना है। हर आधे या एक घंटे में 10 से 15 मिनट का ब्रेक भी लेते रहें। इससे वे रीफ्रेश हो जाएंगे और दोबारा जब पढ़ने बैठेंगे तो अच्छे ढंग से पढ़ पाएंगे। इसके अलावा एक ही बार में अधिक से अधिक पढने का प्रयास न करें। सबसे पहले कठिन विषयों का अध्ययन कर लें, उसके बाद ही आसान विषयों पर फोकस करें। परीक्षा की तैयारी के लिए पहले कॉन्सेप्ट पर ध्यान दें। विषय को याद करने के साथ ही लिखकर उसकी प्रैक्टिस भी करें। ऐसा करना उनके लिए लाभप्रद हो सकता है। तैयारी के लिए शॉर्टकट बिल्कुल न अपनाएं। कोशिश करें कि टेक्स्टबुक से ही पढ़ाई करें।

**बोले कृष्ण कुमार**

### बोर्ड परीक्षाएं सिर पर छात्रों को दी महत्वपूर्ण टिप्स

### आधे या एक घंटे में 10 से 15 मिनट का लें ब्रेक इससे रीफ्रेश हो जाएंगे और दोबारा पढ़ने बैठेंगे तो अच्छे ढंग से पढ़ पाएंगे

## संक्षेप

### गोंड समाज का धरना सातवें दिन भी जारी




**बलिया।** निकाय चुनाव में जनजाति सीट आरक्षित करने की मांग को लेकर गोंडवाना का धरना 7वें दिन भी बुधवार को जारी रहा। माडल तहसील के समीप चल रहे धरने को संबोधित करते हुए छितेश्वर प्रसाद गोंड ने कहा कि निकाय चुनाव में जनजाति (एसटी) हेतु सीटे आरक्षित करना संवैधानिक न्याय संगत होगा। प्रदेश सचिव सुरेश शाह ने कहा कि गोंड, खरवार का जाति प्रमाण पत्र सुगमतापूर्वक जारी किया जाय नहीं तो आन्दोलन के अगले क्रम में संवैधानिक सत्याग्रह अनशन भी प्रारम्भ कर दिया जायेगा। दुर्गविजय खरवार ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के अभाव में जनजाति छात्र नौजवान अगली कक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्ति तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, नौकरी के फार्म भरने से वंचित हो जा रहे है। प्रदेश प्रभारी अरविन्द गोंडवाना ने कहा कि आदिवासी जनजाति गोंड, खरवार का उत्पीड़न चरम पर है। इसके साथ ही असम कोकराझार के स्वतंत्र लोकसभा सांसद नाबा कुमार सरनिया द्वारा लोकसभा में जाति प्रमाण पत्र जारी करने व निकाय चुनाव में सीटे आरक्षित करने की मांग किये जाने पर उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। धरना सभा में सुमेर गोंड, परशुराम खरवार, गोपाल जी खरवार, दुर्गविजय खरवार, रामसेवक खरवार, मनोज खरवार, चन्द्रशेखर खरवार, अरविन्द गोंडवाना, दादा अलगू गोंड, रामसेवक खरवार आदि मौजूद रहे।

### पिकअप से 105 पेटी शराब बरामद, दो गिरफ्तार



**सहतवार।** पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर के निर्देशन में अपराध व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सहतवार के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह मयफोर्स स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 स्थित जिनबाबा मंदिर के समीप से एक पिकअप से 105 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया है। साथ ही मौके पर ही पुलिस ने दो तमंचे व दो कारतूस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह सहतवार थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ थाना क्षेत्र के ही त्रिकालपुर की तरफ गस्त पर गए थे। उधर से लौटते समय अभी जिनबाबा स्थान के पास पहुंचे ही थे कि बांसडीह के तरफ से आ रही पिकअप दिखाई दी। पुलिस द्वारा उस पिकअप को रुकने का इशारा किया गया। पिकअप की तलाशी में पुलिस ने 90 पेटी ऑफीसर चॉइस फ्रूटी व 15 पेटी रायल स्टेज की फ्रूटी बरामद किया। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से दो तमंचे व दो जिंदा कारतूस बरामद किया। पूछताछ में तस्करों ने अपना नाम उधारी राम पुत्र सुखदेव व जितेंद्र यादव पुत्र उपेंद्र यादव निवासी सिताब दियरा बताया। पुलिस ने अनुज्ञापी संगीता देवी बासडीह मनोज सिंह उर्फ बाला सिंह व गाड़ी पिकअप मालिक उपेंद्र कुमार यादव ग्राम परमानंद का टोला थाना खरिका थाना रेवती पर मुकदमा दर्ज कर कर कार्रवाई में जुट गयी।

### छात्रों ने निकाली सड़क सुरक्षा रैली



**बेरुआरबारी।** भारत स्काउट गाइड बलिया के जिला प्रशिक्षक आनंद यादव के नेतृत्व में गायत्री ज्ञान पीठ इंटर कॉलेज सुखपुरा के छात्रों ने सड़क सुरक्षा रैली निकाली। विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली सुखपुरा चौराहा, शहीद स्मारक, भारतीय स्टेट बैंक होते हुए वापस विद्यालय आकर समाप्त हो गयी। प्रशिक्षक आनंद यादव ने सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रामउदार सिंह, वशिष्ठ नारायण सिंह, सदानंद सिंह, प्रफुल्ल चंद्र सिंह, तेज प्रताप सिंह,बब्बन यादव, प्रवेश चौहान, अविनाश सिंह, अनिल पांडे, राकेश सिंह, आकाश कुमार, शिवजी, राजन कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### टैंपो-बाइक में भिड़ंत, युवक गंभीर



**सिकंदरपुर (बलिया)।** बेल्थरा मार्ग पर नवानगर चट्टी के समीप बाइक और टेंपू की टक्कर में 25 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मधुबन थाना क्षेत्र के मर्यादपुर गांव निवासी रमन पुत्र हेमंत यादव सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के मलवार गांव अपने रिश्तेदारी में आया हुआ था। बुधवार को वापस अपने घर जाते समय नवानगर चट्टी के समीप बेल्थरा की तरफ से आ रही टेंपो से आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार रमन गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगो द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

## नेपाल से लेकर, यूपी-बिहार तक फैला गांजा तस्करों का नेटवर्क

**पुलिस बनी अनजान**

### इस धंधे में महिलाएं भी शामिल, युवाओं में फैलता जा रहा नशा

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया (बलिया)।** गांजा की तस्करी जोरो पर है। सूत्रो की माने तो क्षेत्र में तस्करो का बड़ा नेटवर्क हावी है। चट्टी-चौराहों के अलावा गांजा के तिजारत करने वाले घूम-घूम कर गांजा बेच रहे है। ऐसा नही की पुलिस इससे अनजान है। उल्लेखनीय है कि गांजा तस्करों का नेटवर्क नेपाल से लेकर बिहार और यूपी तक फैला हुआ है। इस धंधे में सैकड़ों युवक, युवतियां भी शामिल है। बहुत कम समय में लाखों रुपए कमाने के इस धंधे से अब महिलाए भी अछूता नहीं है।

गांजा तस्करी के अन्दरखाने में जाने पर सूत्र बताते हैं कि यह गांजा जब नेपाल से खरीदा जाता है। तो वहां उसकी कीमत एक हजार रुपये से बारह सौ रुपये प्रति किलो होती है। वहां के वाहनों के बॉडी में बक्शा बना कर गांजा रख दिया जाता है। देखने पर तो वह बाहर खाली दिखता है। लेकिन उसके बाडी वाले खोल में भारी मात्रा में गांजा आसानी से आ जाता है।

सूत्र बताते हैं कि एक पिकअप वाहन की बाडी में करीब चार कुंतल गांजा आसानी से रखा जाता है। यह गाजा नेपाल से जोगबनी, दोनहा, जयनगर के रास्ते बिहार में प्रवेश करता है। इसके बाद से बिहार व यूपी के गांजा तस्करों का नेटवर्क एकजुट होकर अलग-अलग वाहनो से बैरिया, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी आदि स्थानों पर पहुंचाने का कार्य करता है। यह गांजा पांच या दस किलो के बण्डल में पैक कर अलग अलग स्थानो पर पंहुचा दिया जाता है। तो इसकी कीमत चार हजार रुपये से पांच हजार रुपये प्रति किलो हो जाती है।

#### छपरा व आरा में गांजा का किया जाता है भण्डारण

जानकार बताते है कि यह गांजा बिहार के छपरा व आरा में भण्डारण किया जाता है। इसके बाद जल मार्ग से नाव द्वारा व जयप्रभा सेतु के रास्ते, ट्रेन रूट से महिलाएं भी सप्लाई करती है। इसके अलावा गांजा आरा क्षेत्र से नाव द्वारा भी मंगाया जाता है। इसकी खपत के मामलों पर गौर किया जाय तो बानगी स्वरूप रेवती थाना क्षेत्र के दलछपरा, श्रीनगर, नरायनगढ़ आदि बताया जाता है कि पुलिस बिक्री के अड्डे को बखूबी जानती है, पर इस ओर हमेशा आख बन्द कर लेती है। इससे द्वाबा के युवा गांजा की लत में फंसते जा रहे हैं। इसका ही नतीजा है बीच-बीच में कई बार पुलिस ने भारी मात्रा मे गांजा पकड़ कर सख्त कार्रवाई की है।

#### संदिग्ध व्यक्ति, सामान पर पुलिस की नजर

इस बावत क्षेत्राधिकारी उस्मान से पूछने पर बताया कि पुलिस की पैनी नजर इस पर है। जब भी कोई संदिग्ध व्यक्ति या सामान नजर आएगा। उस पर ध्यान रखा जाएगा। गांजा तस्करी किसी हाल मे नही होगी। इस मामले में अगर कोई पकड़ में आएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## न्याय सबके लिए समान है: अपर न्यायाधीश

**सराहनीय**

### कार्यशाला में बच्चों को दी विधिक संबंधी जानकारी


सनबीम स्कूल में अपर न्यायाधीश को सम्मानित करते विद्यालय परिवार के सदस्य।

**बलिया।** अगरसंडा स्थित सनबीम स्कूल में बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में ला ऑफ एक्शन के अंतर्गत जनपद न्यायाधीश जितेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशानुसार विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर न्यायाधीश, सचिव नरेंद्र पाल राणा ने बच्चों से मुखातिब होकर उन्हें न्याय व विधिक संबंधी अनेक जानकारियां दीं। बताया कि आप सभी गुड टच एवं बैड टच से वाकिफ हैं।

सराहना व शाबाशी को गुड टच जबकि आपकी इच्छा के विपरीत आपका स्पर्श बैड टच अर्थात अपराध की श्रेणी में आता है। अतः आप सभी को मानसिक रूप से निडर व जागरूक रहना है। शासन ने त्वरित न्याय के लिए पास्को एक्ट, स्पेशल टास्क कोर्ट, सालसा, निशुल्क वकील, विशेष सुनवाई, आदि की व्यवस्था राज्य, जनपद एवं तहसील स्तर पर की है। कहा कि निर्दोष को सजा ना मिले व अपराधी बच ना पाए, इस पर हम न्यायाधीश पैनी नजर रखते हैं।

अतः एक न्यायाधीश कुशल ऑब्जर्वर एवं लिसेनर भी होता है। वह महज फाइल में दर्शाई गई तथ्य को ही नहीं देखता। संतोष कुमार चतुर्वेदी ने आभार ज्ञापित किया।

इस अवसर पर निदेशक डॉक्टर अरूण कुमार सिंह, प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह, एडवोकेट कुमार अमिताभ, कोआर्डिनेटर सहर बानो, डॉ. नवचंद्र तिवारी, अनुराग सिंह, सीताराम चौबे, विशाल सिंह, नेहा श्रीवास्तव आदि थे।

#### विद्यार्थियों के सवालों का न्यायाधीश ने दिया जवाब

विद्यार्थियों के इस विशेष कार्यशाला में कक्षा 8वीं की कीर्ति वर्मा, अमृता गुप्ता, समृद्धि, दीक्षा, जान्हवी, प्रिंस गुप्ता, शौर्य पांडेय, भूमि सोनी, अनीशा, आर्यन आदि ने क्रमशः धाराप्रवाह अंग्रेजी में न्याय व विधिक से जुड़े अनेक प्रश्न किए। जिसका प्रत्युत्तर न्यायाधीश ने बड़े रोचक, आत्मीय व शानदार ढंग से देकर बच्चों को संतुष्ट किया। वे बच्चों के प्रश्न, जिज्ञासा व उत्साह की सराहना की। तत्पश्चात उन्होंने विद्यालय के पुस्तकालय का निरीक्षण किया।

## शबाब पर धनुष यज्ञ मेला, महिलाओं ने की खरीदारी


धनुष यज्ञ मेले का आनंद लेते मेलार्थी।

**बैरिया (बलिया)।** द्वाबा के महान सन्त सुदिष्ट बाबा का धनुष यज्ञ मेला इन दिनो पूरे शबाब पर है। बुधवार को हजारों दर्शनार्थियों ने सुदिष्ट बाबा के समाधि पर मत्था टेकने के बाद मेले का आनंद लिया। युवा मस्ती के मूड में दिखे। मेला घूमने की हर किसी की उत्सुकता देखते ही बन रही थी। जनपद के कोने कोने से पहुंचे लोगों ने दिन भर मेले का आनंद लिया।

मेले में महिलाओं की अप्रत्याशित भीड़ देखने को मिली। मेला में हर तरफ सिर्फ व सिर्फ महिलाओं का आगे बढ़ता कारवां नजर आया। दोपहर होते ही मेला अपने परवान चढ़ने लगा। महिलाओं ने अपनी सहेलियों संग फोटो खिंचवाई। सेल्फी का क्रेज भी जमकर रहा। मेला व इसके आसपास के सड़कों पर ठेलमठेल भीड़ दिखी और दर्शनार्थी भीड़ से संघर्ष करते नजर आये। इस बीच मेले में आधुनिकता का रंग भी गाढ़ा होता दिखाई दिया।

मेला में भीड़ बढ़ने व खरीदारी तेज होने से दुकानदारों के चेहरे खिल उठे। दुकानदारों की मानें तो महिला खरीदारों की संख्या पुरुषों से ज्यादा है। नई नवेली दुल्हनों व युवतियों ने सौंदर्य के समान व चूड़ी-कंगन की खरीदारी की। साथ ही चाट-छोले व गोलगप्पे का आंनद लिया। वही मेले मे जलेबी के साथ सब्जी का अलग ही आनन्द रहा।

## जिला व मण्डल स्तरीय चयन-ट्रायल कल

**बलिया।** खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष बास्केटबाल प्रतियोगिता 20 से 23 दिसम्बर तक बस्ती में आयोजन किया जा रहा है। इसमें उप्र के सभी मण्डल की टीमें प्रतिभाग करेगी। जिसके अन्तर्गत आजमगढ़ मंडल की टीम हेतु बास्केटबाल का जिला स्तरीय चयन ट्रायल्य 16 दिसम्बर को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम, बलिया में एवं मण्डल स्तरीय चयन-ट्रायल 17 दिसम्बर को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। उक्त चयन-ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जिले के इच्छुक खिलाड़ी इस चयन-ट्रायल में भाग ले सकते हैं। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी उपरोक्तानुसार आयोजित प्रदेशस्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए जिला क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्यालय दिवस में जिला खेल कार्यालय बलिया. में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

## स्पर से फिसलकर बोल्डर से टकराया बालक, मौत

**मझौंवा (बलिया)।** मझौंवा में स्पर के पास फिसलने के कारण एक बालक बोल्डर से टकरा गया। इससे बालक के सिर में गम्भीर चोटें आयी है। परिजनों ने उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल ले गये जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। हादसे के बाद बालक के परिजनों में कोहराम मच गया। अचानक हुए इस दुर्घटना से हर कोई अवाक रह गया। जानकारी के अनुसार मझौवा ग्राम निवासी आशीष पुत्र मनीष बिंद मंगलवार की देर शाम स्पर के पास पैर फिसल गया। इससे बालक का सिर बोल्डर से टकरा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गयी।

## सहायक अध्यापक के निधन पर शोक

**बलिया।** शिक्षा क्षेत्र मनियर के प्राथमिक विद्यालय काजीपुर पर कार्यरत सहायक अध्यापक शमीम अहमद के निधन पर शोकसभा का आयोजन बीआरसी मनियर पर बुधवार को किया गया। इस दौरान लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर गतात्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह, सतीश चंद्र वर्मा, उपेंद्र नारायण सिंह, नित्यानंद, कमलेश्वर, अनुपम, कौशल कुमार, वीर बहादुर वर्मा, सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं, करें सम्मान


खेलकूद में प्रतिभाग करते दिव्यांग।

**बोले असगर ओवैस**

### खेलकूद प्रतियोति में दिव्यांगों ने किया प्रतिभाग

**रसड़ा (बलिया)।** पूर्वांचल ग्रामीण चेतना समिति राघोपुर आफ वाराणसी सोसल वेल्फेयर सोसाइटी के प्रांगण में दिव्यांग जन संगठन (डीपीओ) के तत्वावधान में आयोजित किया गया। पूर्वांचल ग्रामीण चेतना समिति एवं के निदेशक फादर जॉन मसीह, नेशनल कान्वेंट स्कूल के प्रधानाचार्य असगर ओवैस हाशमी एवं दिव्यांगजन संगठन से सीमा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसी क्रम में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि ओवैस असगर हासमी ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है। संस्था का कार्यकाल काफी सराहनीय है और दिव्यांग जनों को आगे बढ़ाने में प्रयासरत है। संस्था के निदेशक फादर जॉन ने दिव्यांग बच्चों के लिए आत्मनिर्भरता ही आत्म सम्मान विषय को संबोधित करते हुए स्वयं आगे आने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजू राज, रामकिशन, प्रमोद, राजकुमार, प्रदीप, रीना, सोना, सावित्री, मनोरमा, बिंदु आदि का योगदान सराहनीय रहा। संचालन आनंद कुमार ने किया।

#### बैसाखी दौड़ में मनु और अनिता प्रथम

बैसाखी दौड़ बालकों में प्रथम मनु कुमार, द्वितीय श्री राम और तृतीय स्थान पर अमित कुमार रहे। बैसाखी दौड़ बालिकाओं में अनीता कुमारी रंजन, कुमारी सीमा, गुब्बारा फोड़ प्रतियोगिता में आनंद कुमार सुनील कुमार, साइकिल दौड़ प्रतियोगिता में करण यादव विजेत रहे। मुख्य अतिथि द्वारा दिव्यांग बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

# नवविवाहित जोड़ों को योग्यतानुसार मिलेगा रोजगार

**बोले दयाशंकर सिंह**

### विभिन्न ब्लॉकों में पांच सौ जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह


सामूहिक विवाह का दीप प्रज्वलित का शुभारंभ करते परिवहन मंत्री, विधायक केतकी सिंह साथ में अन्य।

**बांसडीह।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत बुधवार को समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में शिवरामपुर स्थित बांसडीह महाविद्यालय में जनपद के विभिन्न ब्लाकों के पांच सौ जोड़े का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन परिवहन मंत्री दयशंकर सिंह, विधायक केतकी सिंह, जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, नागेंद्र पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व विधायक केतकी सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार व आशीर्वाद देकर बधाई दिया। विवाह समारोह में हजारों की संख्या में जिले के अलग अलग स्थानों से लोगो ने शिरकत किया। हजारों की भीड़ में सामूहिक विवाह को आजमगढ़ के प्रभारी रणविजय सिंह एव गायत्री मंदिर बलिया के आचार्यों की टीम ने वैदिक रीति से विवाह कराया। परिवहन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आमलोगों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से गरीब परिवार की बालिकाओं व बालकों का विवाह कराया जा रहा हैं। सामूहिक विवाह के बाद सरकार इन नवविवाहित जोड़ों को उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी व रोजगार का लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने विधायक केतकी सिंह के अनुरोध पर बलिया से बांसडीह क्षेत्र में एक बस अडडा बनवाने व विभिन्न रूटों पर तीन बसों को चलवाने की घोषणा किया। विधायक केतकी सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए कहा की सरकार योजना के तहत सामान सहित 51 हजार रुपए दे रही हैं। उन्होंने बांसडीह क्षेत्र में अगले वर्ष योजना से एक हजार एक शादी कराने की घोषणा किया। इस मौके पर अश्वनी सिंह लिटिल, राणा प्रताप यादव, समाज कल्याण अधिकारी विनोद सिंह, पूनम गुप्ता, रंजना सिंह, अरूण सिंह, अभिजीत तिवारी बब्लू, प्रतुल ओझा, दिनेश तिवारी, आदि थे।


मांगलिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

#### विवाह स्थल पर तैनात रही पुलिस टीम

**बांसडीह।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में सुरक्षा की दृष्टि से बांसडीह कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह सदल बल सहित जिले कई थानों की फोर्स, महिला कांस्टेबल, क्विक रिस्पांस टीम विवाह समापन तक मुस्तैद रही।

#### छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया मांगलिक कार्यक्रम

**बांसडीह।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में टाउन डिग्री कालेज के संस्कृत के छात्र-छात्राएं मांगलिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर नवविवाहित जोड़ों एव उपस्थित अतिथियों का मन मंत्र मुग्ध हो गया। उपस्थित लोगों ने मांगलिक कार्यक्रम देखकर तालियां बजायी और गायकों का उत्साहवर्धन किया।

## विद्युत वितरण खंड चतुर्थ ऑफिस स्थापित करने का आया फरमान

**लेकिन सोए हैं जिम्मेदार**

अधिकारियों की उदासीनता से उपभोक्ताओं को जाना पड़ता है मुख्यालय

जनसंदेश न्यूज

### जिपं सदस्य गीता सिंह ने लिखा था पत्र

बैरिया मे विद्युत वितरण खण्ड चतुर्थ का कार्यालय बैरिया मे स्थापित करने के लिए जिला पचायत सदस्य गीता सिंह ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम वाराणसी के प्रबन्ध निदेशक को पत्र लिखा था। पत्र का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उन्होंने मुख्य अभियंता वितरण आजमगढ़ क्षेत्र व अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण बलिया को आदेशित किया है कि बैरिया क्षेत्र लंबा है उसमें कई उपकेन्द्र आते है। उपभोक्ता 50 से 55 किलोमीटर दूरी तय करके बलिया जाकर विद्युत संबंधी अपनी समस्याओं का निस्तारण कराते हैं। जो जनहित में उचित नहीं है। ऐसे में विद्युत वितरण खंड चतुर्थ बैरिया का कार्यालय हर हाल में बैरिया में स्थापित होना सुनिश्चित किया जाय।

**बैरिया (बलिया)।** विद्युत वितरण खण्ड चतुर्थ का मुख्यालय बैरिया मे स्थापित करने के लिए काफी दिनों से मांग चल रही है, क्योंकि 50 से 55 किमी दूरी तय कर उपभोक्ता अपनी समस्या लेकर जिला मुख्यालय जाते है। ऐसे मे उन्हे आर्थिक, शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का शिकार होना पड़ता है।

फिर भी विभाग का अधिकारी कभी मिलता है तो कभी नही मिलता है। इसके लिए बिजली विभाग के प्रबन्ध निदेशक ने बैरिया मे विद्युत वितरण खण्ड चतुर्थ का मुख्यालय बैरिया मे ही स्थापित करने का फरमान मुख्य अभियन्ता आजमगढ़ व अधीक्षण अभियन्ता बलिया जारी किया है। इसके बावजूद विभाग मे कोई सरगर्मी नहीं है। ऐसा लग रहा है कि जिला मुख्यालय पर तैनात अधिकारी बैरिया मे मुख्यालय स्थापित होने देना चाहते ही नही है। बैरिया विद्युत खण्ड चतुर्थ के अन्तर्गत सोनवानी, रेवती, दियार, बैरिया ग्रामीण, बैरिया तहसील, ठेकहा लोकधाम, जयप्रकाश नगर उपकेन्द्र आते है। इतना लम्बा क्षेत्र होने के बावजूद भी अब तक अधिकारी अपने सुविधानुसार बलिया मुख्यालय पर ही विद्युत वितरण खण्ड चतुर्थ बैरिया का कार्यालय चला रहे है। इसके लिए उपभोक्ताओ ने कई बार आन्दोलन भी किया लेकिन विभाग पर कोई असर नही हुआ। ऐसे मे थक हार कर अपनी समस्याओ को लेकर उपभोक्ताओ को बलिया जाना पड़ता है। जिससे उनका काफी नुकसान होता है।

> जब तक बैरिया में विभाग द्वारा भवन का निर्माण नहीं होगा। तब तक वहां कार्यालय स्थापित करना संभव नहीं है। जबकि बलिया में बिजली विभाग के इसी खण्ड का कार्यालय किराए के भवन में चलता है। यह सवाल पूछने पर वह झेंप गये, और इधर उधर की बातें करने लगे।
>
> एके शुक्ल, अधिशासी अभियंता

## सफाई को लेकर हमेशा शिकायतों के कारण सुर्खियों में रहती है नगर पालिका

**बलिया।** नगर पालिका परिषद सफाई के मामले में हमेशा शिकायतों के कारण सुर्खियों में रहता है। कई दिनों से पूरे नगर क्षेत्र में कूड़े के अंबार जगह-जगह फैला हुआ है। यह कोई पहली बार नहीं हुआ है ऐसा कई बार हो चुका है। दुख की बात तो यह है कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद इन सब चीजों पर ध्यान नहीं देते हैं। कई लोगों का कहना है कि मैं महानगरों में अधिकारी रहा हूं बलिया मेरे लिए कुछ भी नहीं है चलिए मान लिया जाता है फिर भी अधिकारी तो बलिया के हैं। आर्यन ग्रुप के कर्मचारियों का वेतन आखिर कहां जाता है हर महीने काम तो करते हैं तो हर महीने वेतन बनना चाहिए तो नहीं आखिर वेतन कौन बनाता है सबसे बड़ी जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी नपा परिषद बलिया का होता है। सब नियम कानून ताक पर रखकर काम करते हैं। पालिका के अधिकारी चेयरमैन का कार्यकाल बीत गया है सभी लोग अपना-अपना हिसाब कर लिए, लेकिन दुख की बात यह है कि सफाई कर्मचारी 4:00 बजे भोर में उठकर झाड़ू लगाते हैं कूड़े को उठाते हैं, लेकिन फिर भी बदहाल है। कर्मचारी नगर क्षेत्र के लोगों ने डीएम बलिया से मांग किया है कि नपा की सबसे बड़ी समस्या कर्मचारियों का वेतन आखिर हर महीने क्यों नहीं बनता है नगर के लोगों ने मांग किया है इस पूरे प्रकरण की जांच करा कर विधिक कार्रवाई की जाए।

## अध्यक्ष और सभासद पद के संभावित दावेदारों ने जुलूस निकाला



**नगरा।** निकाय चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने के उद्देश्य से भाजपा संगठन के निर्देश पर बुधवार को नगर पंचायत नगरा के अध्यक्ष व सभासद पद के संभावित दावेदारों ने जुलूस निकालकर नगर में भ्रमण किया। जुलूस में प्रचार वाहनो व अन्य गाड़ियों के काफिला संग निकले जनसैलाब द्वारा लगाए गए जय श्रीराम के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा।

जुलूस सरस्वती शिशु मंदिर से आरम्भ होकर बेल्थरा रोड मार्ग, सिकंदरपुर मार्ग, सहित बाजार का भ्रमण करते हुए अतिथि गृह पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में भारी संख्या में मौजूद जन समुदाय ने नगर पंचायत नगरा मे राजनितिक पारा बढ़ा दिया है। निकाय चुनाव की घोषणा से पूर्व निकले जुलूस को लोग भाजपा के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देख रहे हैं। माना जा रहा है कि जुलूस में अच्छे प्रदर्शन करने वाले दावेदारों को भाजपा अपना उम्मीदवार बना सकती है। जिला महामंत्री आलोक शुक्ला, जिला मंत्री सतबीर सिंह, नगर पंचायत नगरा के प्रभारी खड्ग बहादुर तिवारी, संयोजक डॉ मिलन राम, मण्डल अध्यक्ष अरविन्द नारायण सिंह, देवनारायण प्रजापति देवा भाई, राजू सोनी, योगेन्द्र यादव, काशीनाथ जायसवाल, जयप्रकाश जायसवाल, डॉ डीएन प्रसाद, लालबहादुर सिंह, रामायण ठाकुर, अमरेन्द्र सोनी, राजीव कुमार सिंह, फतेह बहादुर, सूर्य प्रताप, मनोज भारती, शशि सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं अध्यक्ष, सभासद पद के दावेदार मौजूद रहे। थानाध्यक्ष नगरा ब्रजेश सिंह मय फोर्स डटे रहे।

## संक्षेप

### ग्रीनफील्ड में किसानों की भूमि के बैनामा का कार्य शुरू

**बैरिया।** स्थानिय तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे 16 राजस्व ग्रामों से गुजर रहा है। उक्त ग्रामों के किसानों की भूमि का अधिग्रहण/बैनामा कराया जाना है। इस क्रम में बुधवार को मौजा सोनबरसा तहसील बैरिया अन्तर्गत ग्रीनफील्ड में किसानों की भूमि का बैनामा का कार्य शुरू हुआ। इसमें पहले बैनामाकर्ता के रूप में भगवती उपाध्याय पुत्र स्व. जयराम उपाध्याय व अन्य बैनामाकर्ता के रूप में सुकेश्वरी देवी पत्नी दीनदयाल उपाध्याय, विनीत कुमार उपाध्याय पुत्र स्व. दीनदयाल उपाध्याय, सुमित कुमार उपाध्याय पुत्र स्व. दीनदयाल उपाध्याय का बैनामा कराया गया। एसडीएम आत्रेय मिश्र ने इन सभी बैनामाकर्ताओं का माल्यार्पण करने के साथ ही मिठाई खिलाकर स्वागत किया। प्रथम बैनामाकर्ता भगवती उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्रहित में प्रदेश के विकास के लिए मुझको योगदान करने का अवसर मिला और मुझे पहले बैनामाकर्ता के रूप में चुना गया। इसके लिए मैं जिलाधिकारी बलिया व सरकार का बहुत आभारी हूं।

### एलआईसी योजनाओं की जानकारी प्रचार वाहन से मिलेगी

**बांसडीह।** शाखा प्रबंधक रामप्रवेश ने भारतीय जीवन बीमा निगम बांसडीह के प्रांगण से योजनाओं के प्रचार रथ को सुबह हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर एलआईसी के योजनाओं की जानकारी देने का काम करेगा। शाखा प्रबंधक ने बताया कि गांव, देहात में जानकारी के अभाव में लोग एलआईसी के योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते है हमारा प्रयास है कि इस प्रचार वाहन के माध्यम से गाँव-गाँव एलआईसी के योजनाओं को पूर्ण जानकारी के साथ ही इसका लाभ सबको मिल सके। प्रचार रथ को रवाना करते समय सहायक शाखा प्रबंधक अनुरुद्ध सिंह विसेन, अनूप श्रीवास्तव, पाल जी, विकास, उत्कर्ष कुमार, स्नेह प्रताप सिंह, ज्ञानशंकर ओझा, अंकित अग्रवाल, विकास पटेल, सीताराम सिंह, अनुरुद्ध, मुद्रिका प्रसाद, विक्रम सिंह, ओमशंकर यादव, वेदरत्न, देवेश मन्ध्यान आदि सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### 84 विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन किया गया वितरित

**नगरा।** क्षेत्र के श्री नरहेजी विधि महाविद्यालय नरही में उप्र स्मार्ट फोन टेबलेट वितरण योजना के तहत बुधवार को कुल 84 विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। स्मार्ट फोन वितरण समारोह के मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष नगरा ब्रजेश सिंह ने मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में थानाध्यक्ष ने कहा कि स्मार्ट फोन आज सबकी जरूरत है। छात्र-छात्राएं स्मार्ट फोन का सकारात्मक उपयोग कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें तथा जीवन में स्वालंबी बने। उच्च शिक्षा के प्राप्ति हेतु ऑनलाइन स्टडी में स्मार्ट फोन सहायक साबित होगा। कार्यालय अधीक्षक राजेश सिंह, प्रदीप कुमार, अशोक प्रजापति, प्रिंस सहित शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. बलिराम राय व संचालन डॉ. कृष्ण मोहन सिंह ने किया।

### बैठक में धरना-प्रदर्शन की रूप रेखा हुई निर्धारित

**बलिया।** उप्र रसोईयां कर्मचारी संघ जनपद शाखा बलिया की एक आवश्यक बैठक हुई, जिसमें 16 दिसम्बर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलिया के कार्यालय पर होने वाले धरना-प्रदर्शन की रूप रेखा निर्धारित की गयी। रसोईयां को महज सत्र में निष्कासित किया जा रहा है। कम्पोजिट विद्यालय पर भी निष्कासन की कार्यवाही की जा रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जिलाध्यक्ष रेनू शर्मा ने कहा कि यह लड़ाई रसोईयों के भविष्य से जुड़ी है इसलिए समस्त रसोईयां अधिक से अधिक संख्या में 16 दिसम्बर शुक्रवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के सम्मुख प्रातः 10 बजे उपस्थित हो। बैठक में मुख्य रूप से संजू ठाकुर, हेवांती, बिन्दु यादव, सुन्दरी, रमावती आदि ने भाग लिया। अध्यक्षता रेनू शर्मा तथा संचालन विमला भारती ने किया।

### दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नगरा।** दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जनता इंटर कॉलेज नगरा के मैदान में मंगलवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में न्याय पंचायत स्तर की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया। क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रवज्जलित कर किया। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में नगरा क्षेत्र के 16 न्याय पंचायतों के उच्च व प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में यूपीएस नगरा की अंजली प्रथम, यूपीएस डिहवा की ज्योति द्वितीय, यूपीएस जुड़नपुर की मधु तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं 600 मीटर दौड़ बालक वर्ग में यूपीएस नगरा के रजनीश प्रथम, यूपीएस सुल्तानपुर के प्रदीप द्वितीय तथा यूपीएस अब्दुलपुर मदारी के अनिस तृतीय स्थान प्राप्त किए।600 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में यूपीएस नगरा की अंजली पहला, यूपीएस जूड़नपुर की कंचन दूसरे तथा यूपीएस गौवापार की आंचल तीसरे स्थान पर रही।

## तमंचा के साथ शराब तस्कर गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के कुशल निर्देशन में में अवैध शस्त्र व अवैध शराब के दुर्व्यसन, संचय व परिसंचरण को रोकने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना नरही पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 14 दिसम्बर को उ.नि. मंतोष सिंह मय फोर्स के साथ देखभाल क्षेत्र, चेकिंग अवैध शराब व संदिग्ध वाहन व्यक्ति में मामूर थे। चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर सरया तिराहे पर एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जमातलाशी के दौरान उसके पास से 01 अदद तमंचा 315 बोर बरामद हुआ तथा मो.सा. बजाज प्लेटिना, 03 बोरी में कुल 10 पेटी 8 पीएम फ्रूटी अंग्रेजी शराब 480 अदद प्रति 180 एमएल कुल 86.400 लीटर बरामद हुआ। बरामद अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लेते हुए थाना स्थानीय पर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा दिया गया। अभियुक्त का नाम सोनू कुमार पुत्र छब्बू लाल निवासी ग्राम सरया थाना नरही का रहने वाला है।

## स्वच्छता की खुलेआम उड़ रहीं धज्जियां, प्रशासन मौन



सड़क किनारे लगा कूड़े का ढेर।









जनसंदेश न्यूज

**सिकन्दरपुर (बलिया)।** क्षेत्र के बस स्टेशन से जलपा चौक तक खुलेआम स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। एक तरफ केंद्र और प्रदेश की सरकार स्वच्छ भारत अभियान के नाम पर लाखों- करोड़ों रुपए खर्च कर पूरे देश को शत-प्रतिशत संपूर्ण स्वच्छता की ओर ले जाने का प्रयास कर रही हैं। वही नगर पंचायत व संबंधित विभागों की लापरवाही से आयेदिन इस अभियान की धज्जियां उड़ती हुई नजर आती हैं।

**लापरवाही**

### पॉलीथिन से नालियां पड़ी हैं जाम, लोग परेशान

नगर पंचायत के द्वारा नगर से निकले कूड़े को बलिया मार्ग, मनियर मार्ग पर सड़क के किनारे गिरा दिया जा रहा है। नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा कूड़ा गिरने वाली जगहों पर आस पास के लोगो द्वारा मना करने पर कर्मचारियों द्वारा बदतमीजी भी की जाती है, और नगर पंचायत इसको नजरअंदाज कर देती है। इस सम्बंध में जब नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सीमा राय से दूरभाष पर सम्पर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नही किया गया।

### बोले स्थानीय लोग

नगर पंचायत निवासी युवा नेता जितेश वर्मा ने कहा कि सफाई की कोई भी व्यस्था नहीं है। बरसात के दिनों में हल्की सी बरसात हो जाती है तो नगर पंचायत की पोल खुल जाती है। समाजसेवी रवीश श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार के पाबन्दी के बावजूद प्लास्टिक पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही। सभी छोटे बड़े दुकानदारो द्वारा प्लास्टिक के थैले में समान दिया जा रहा है। प्रत्येक दिन कूड़े के ढेर में प्लास्टिक जलता हुआ देखा जा सकता है। समाजसेवी मोहम्मद तारिक ने कहा कि हल्की बरसात भी हो जाये तो सिकंदरपुर कस्बे में जलजमाव चारो तरफ हो जाती है। इसका मुख्य वजह है कि नाली का साफ सफाई अच्छे से न होना। युवा नेता पवन चौहान का कहना है कि साफ सफाई के लिए सफाई कर्मी रखे गए हैं परंतु उनकी उदासीनता से सड़क पर ही कचरे सड़ रहे हैं। नगर पंचायत के द्वारा नगर से निकले कूड़े के ढेर को अपनी मर्जी से सड़क के किनारे गिरा दिया जा रहा है जिससे आने जाने वाले राहगीरों का चलना दुश्वार हो गया है।

## संक्षेप

### पूर्वांचल सहोदया स्पोर्ट्स कबड्डी चैंपियनशिप आयोजिन



**इंदारा, मऊ।** कोपागंज ब्लाक क्षेत्र के इंदारा में स्थित संत फ्रांसिस स्कूल में बुधवार को पूर्वांचल सहोदया स्पोर्ट्स कब्बडी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के 8 स्कूलों ने भाग लिया। जिसमें से 4 टीम फाइनल में जगह बनाई। जिसका फाइनल मैच 21 दिसम्बर को भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊ में होगा।वही संत फ्रांसिस स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। क्षेत्र के संत फ्रांसिस स्कूल में एक दिवसीय महिला कब्बडी चैंपियनशिप आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि संत फ्रांसिस स्कूल के फादर बर्थलोमियो रहे। चैंपियनशिप में जिले के चन्द्रा पब्लिक स्कूल मऊ, महर्षि दयानंद लखनी मुबारकपुर, संत फ्रांसिस स्कूल इंदारा, पीकेएस पब्लिक स्कूल चिरैयाकोट, नावर्ट स्कूल घोसी, सेक्ररेट हार्ट मोहम्मदाबाद गोहना, ने भाग लिया। जिसमें सभी स्कूलों द्वारा बहुत ही सहारनीय प्रदर्शन किया गया। कब्बडी चैंपियनशिप में संत फ्रांसिस स्कूल इंदारा के जूनियर व सीनियर की टीमें फाइनल में जगह बनाई। सेकेट हार्ट मोहम्मदाबाद गोहाना की भी जूनियर व सीनियर टीम ने फाइनल में जगह बनाने में सफल रही। जिसका फाइनल मैच भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊ में खेला जाएगा। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष चंद्रा पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य केसी पीटर, सचिव किरन सेक्रेट हार्ट मोहम्मदाबाद गोहाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत फ्रांसिस स्कूल के सिस्टम मरिया ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्रदर आनंद, ब्रदर चाक्रो, विजय यादव, प्रीतुलता पान्डेय, उमा महेन्द्रा, रंजना, अर्जून, किरन, अमित, श्वेता, अजय यादव, कोच विनोद कुमार, अनिल रहे।

## धान क्रय केंद्रों एवं राइस मिलों के बीच बोरों का ठीक अनुपात में करायें वितरण : डीएम

**बैठक में निर्देश**

### धान खरीद की अद्यतन स्थिति के संबंध में बैठक संपन्न



**मऊ।** बुधवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में धान खरीद योजना के संबंध में आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने धान खरीद में आने वाली समस्याओं के संबंध में मिल मालिकों एवं क्रय केंद्रों से संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। समीक्षा के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि जनपद में कुल धान क्रय की मात्रा 6975.29 मीट्रिक टन के सापेक्ष राइस मिलों को अभी तक कुल प्रेषित धान की मात्रा मात्र 1840 कुंटल है।

पीसीएफ द्वारा संचालित धान क्रय केंद्रों पर बोरों के अभाव में धान खरीद की स्थिति खराब पाई गई। जिलाधिकारी ने पीसीएफ के जिला प्रबंधक को बोरों का धान क्रय केंद्रों एवं राइस मिलो के बीच ठीक अनुपात में वितरण कर धान क्रय की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी क्रय एजेंसियों को कड़ी चेतावनी देते हुए तीन दिन के अंदर इसमें सुधार लाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पीसीएफ के जिला प्रबंधक को अपने क्रय केंद्रों पर धान खरीद हेतु बोरो की अलग से व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा राइस मिलों को सीएमआर के अग्रिम संप्रदान हेतु अपेक्षित संख्या में तत्काल बोरे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मिल मालिकों द्वारा पर्याप्त मात्रा में परिवहन सुविधा उपलब्ध न होने का मामला संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने परिवहन ठेकेदारों को आवश्यकतानुसार ट्रकों की मात्रा उपलब्ध कराने के साथ ट्रांसपोर्ट प्रक्रिया अनवरत रखने के भी निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने उपस्थित राइस मिल मालिकों से भी जनपद में एफआरके की उपलब्धता की जानकारी ली तथा सी.एम.आर. के त्वरित संप्रदान हेतु अपनी पूर्ण क्षमता के अनुरूप मिल के संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी दशा में धान बेचने हेतु आए किसानों को धान क्रय केंद्रों से वापस न लौटना पड़े। जिलाधिकारी ने समस्त क्रय एजेंसियों के अधिकारियों एवं राइस मिल मालिकों को शीघ्र ही सारी कमियां दूर कर धान क्रय केंद्रों पर धान खरीद की स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, खाद्य विपणन अधिकारी विपुल सिन्हा सहित संबंधित अधिकारी एवं राइस मिलो के मालिक उपस्थित रहे।

## विमला देवी क्रिकेट स्पर्धा का सीडीओ ने किया शुभारंभ

जनसंदेश न्यूज

**मऊ।** बुधवार को विमला देवी मेमोरियल कैश मनी क्रिकेट प्रतियोगिता का षुभारम्भ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन सीडीओ प्रशांत नागर ने किया। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त किया गया। आज का उद्घाटन मैच एमएससीए बनाम आरसीए के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एमएससी की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में 5 विकेट खोकर 216 रन का लक्ष्य दिया। जिसमें एमएससीए के तरफ से आदित्य ने 66 रन एवं श्रेयांश ने 38 रन का योगदान दिया वही प्रीतम और शिव नारायण ने दो-दो विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीए की टीम 29 ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 154 रन ही बना सकी। जिसमें अखिल ने 81 रन बनाएं वही एमएससीए की तरफ से श्रेयांश 3 विकेट लिए। मैच के अंपायर पंकज मौर्या और अभिषेक थे। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सबरवाल, क्रिकेट कोच मोहम्मद शाहिद, धर्मेंद्र सिंह, ओमेंद्र सिंह, ज्ञान प्रकाश यादव, रिशु शर्मा, अखंड प्रताप सिंह, सुरेंद्र मौर्य एवं अमलेश यादव उपस्थित रहे।



## अपर निदेशक हेल्थ ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**लिया हाल**

### दो साल से बन्द एक्सरे मशीन पर जतायी कड़ी आपत्ति



**दोहरीघाट, मऊ।** दोहरीघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य विभाग आजमगढ मंडल के अपर निदेशक ओपी तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का हाल जाना तथा साफ सफाई पर संतोष प्रकट करते हुए ओपीडी हाल कम्प्यूटर कक्ष प्रसूती कक्ष इमरजेन्सी वार्ड समेत आदि कक्ष का निरीक्षण किया।

जैसे ही एक्स-रे मशीन का निरीक्षण करने पहुंचे और जब पता चला की मशीन खराब है जब से लगी तबसे आजतक कोई एक्स-रे हुआ ही नही इस बात पर भड़क उठे तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी फैजान अहमद को फटकार लगाते हुए दुरभाष पर सीएमओ को एक्स-रे मशीन की पत्रावली के साथ तलब करने का निर्देश देते हुए कहा कि हर हाल मे एक हफ्ते के अन्दर एक्स-रे मशीन ठीक हो जाना चाहिए अगर ऐसा नही हुआ तो कारवाई तय है। प्रेस प्रतिनिधियों से बात करते हुए अपर निदेशक ने बताया कि और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अपेक्षा यहां सब ठीक है तथा रजिस्टर मे चिकित्सको की उपस्थिति के साथ सभी चिकित्सक मौजूद रहे तथा साफ सफाई भी ठीक रही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक भी स्पेशलिस्ट न होने पर कहा कि पूरे प्रदेश मे सर्जन चिकित्सकों की कमी है जो है उन्ही से काम चलाया जा रहा है इस पर मै कुछ नही कर सकता दवा का भी मिलान कराया गया सही पाया गया कुछ अव्यवस्थाएं है जिन्हे ठीक करने का निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी को दे दिया गया प्रति दिन यहां ओपीडी चार सौ के आस पास है जो सही है। इधर अपर निदेशक के आगमन की सुचना मिलते ही स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी चिकित्सक पहले से एलर्ट दिखे।

## पेंशनर दिवस का अयोजन 17 दिसम्बर को

**मऊ।** वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुमार कुशवाहा ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 दिसम्बर, 2022 को पेंशनर दिवस का आयोजन किया जाना है। जनपद में पेंशनर दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में प्राप्त 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया जायेगा। उन्होने बताया कि शासनादेश में दिये गये निर्देश के अनुपालन में समस्त कार्यालयाध्यक्ष अपने-अपने कार्यालय में पेंशनरों से सम्बन्धित मामलों का प्रभावी रूप से निस्तारण करा लें एवं पेंशनर दिवस को प्रभावी बनाये जाने हेतु कार्यालयाध्यक्ष स्वयं प्रतिभाग करने का कष्ट करें, ताकि पेंशनरों से सम्बन्धित समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा सके।

## अंतिम दिन महामंत्री पद के लिए हरिद्वार ने भरा पर्चा

**मऊ।** सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एशोसियेशन के चुनाव मे बुधवार को नामांकन के अन्तिम दिन कार्यकारिणी के 22 पदो पर कुल 10 पर्चे दाखिल हुए। महामंत्री के महत्वपूर्ण पद पर हरिद्वार राय ने पूरे दमखम से अपने समर्थकों के हुजूम के साथ पर्चा दाखिल कर अपनी शक्ति का एहसास कराया। वहीं इसी पद पर राजेश कुमार सिंह राज ने भी भारी भीड़ के साथ पर्चा दाखिल किया तथा उपमन्यु राय ने भी अपने समर्थकों के साथ पर्चा दाखिल किया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष एक पद पर शिवलाल यादव तथा मुनी लाल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रशांत कुमार त्रिपाठी ने नामांकन किया। कोषाध्यक्ष पद पर केदार नाथ गोंड़, सदस्य कार्यकारिणी 6 पद वरिष्ठ पर राजेन्द्र प्रसाद तथा मनोज कुमार सिंह व कार्यकारिणी कनिष्ठ पर सर्वेश प्रजापति ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस प्रकार बार एशोसिएसन की एक वर्षीय नई कार्यकारिणी के 22 पदों पर दो दिन चले नामांकन मे कुल 31 उम्मीदवारो ने अपना नामाकन किया। एशोसियेशन के अध्यक्ष पद पर दो व महामंत्री पद पर कुल चार उम्मीदवारो ने नामांकन किया है। वहीं वरिष्ठ कार्यकारिणी के 6 पदों पर सिर्फ 4 नामांकन दाखिल है कनिष्ठ कार्यकारिणी के 6 पदो पर निवर्विरोध निर्वाचन तय है। शेष पदो पर मतदान होना तय है। प्रपत्रो की जांच 15 दिसंबर को से 1 बजे तक तथा पर्चा वापसी 15 दिसंबर को 2 बजे से 4 बजे तक और मतदान 21 दिसंबर को 10 बजे से 4 बजे तथा मतगणना 22 दिसंबर को एवंम परिणाम की औपचारिक घोषणा 23 दिसंबर को आम सभा में की जाएगी। बताते चलें कि चुनाव में कुल 1028 अधिवक्ता मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे तथा मतो की गिनती 22 दिसंबर को की जाएगी।



पूर्वोत्तर रेलवे

... ई-नीलामी (E-Auction) किया जाता है।

... BSB ... PARKING 22

| कार्य का विवरण | अवधि | ई-नीलामी तिथि | ई-नीलामी का समय |
| --- | --- | --- | --- |
| [illegible] स्टेशन स्थित ... पहिया स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 29.12.2022 | 11.00 से 11.30 बजे तक |
| गाजीपुर सिटी स्टेशन स्थित दो पहिया स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 29.12.2022 | 11.00 से 11.40 बजे तक |
| [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 29.12.2022 | 11.00 से 11.50 बजे तक |
| [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 29.12.2022 | 11.00 से 12.00 बजे तक |

ई-नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर ... (Non Refundable) ... (One Time Registration) ... EMD ... ई-नीलामी (E-Auction) ... IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction Leasing Section में ...

पूमाकि/वाणिज्य-222 मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# नगर पालिका में होगी आधी आबादी की सरकार

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनाव 2022 के लिए नगर निकाय के नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद और जमानियां सीट महिला के लिए आरक्षित हो गयी है। ऐसे में नगर पालिका में अब अगले 5 वर्ष आधी आबादी की सरकार चलेगी। नगर पालिका महिला सीट होने के बाद पूरा नगर निकाय क्षेत्र महिला प्रत्याशियों के पोस्टर, बैनर और होर्डिंग से पट गई है। जो महिलाएं कभी हासिए पर होती थीं, आज वह फ्रंट पर आ गई है। नगर पालिका महिला सीट होने के बाद सभी पार्टियों की नेताओं की पत्नियां या नेत्री टिकट के लिए पार्टी नेतृत्व से गुजारिश कर रही हैं। सबसे लंबी लिस्ट भारतीय जनता पार्टी में है।

नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद के अध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित हो जाने से अध्यक्ष पद के दावेदारों मे खुशी की लहर दौड़ गई है। अब सभी वर्ग के दावेदार अपनी जगह पर अब अपनी धर्मपत्नी के नाम पर चुनाव मैदान मे उतरेंगे। चुनाव के लिए वार्डों के आरक्षण की सूची जारी होने के बाद अध्यक्ष पद का आरक्षण जारी होने से अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वालों में ऊहापोह की स्थिति समाप्त हो गई।

अब सभी के चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया। मुहम्मदाबाद नगर पालिका परिषद का चेयरमैन पद पर वर्ष 1988 से 2017 तक छह बार के हुए चुनाव में एक बार पिछड़ी जाति महिला, तीन बार पिछड़ी जाति के लिए आरक्षित रहा है जबकि दो बार अध्यक्ष का पद अनारक्षित रहा है। मुहम्मदाबाद नगर पालिका परिषद के लिए हुए पिछले चुनावों मे वर्ष 1988 के चुनाव में एजाजुल हक अंसारी,1995 मे शांती देवी पत्नी विन्ध्याचल प्रसाद, वर्ष2000 में शमीम अहमद, 2006 में शमीम अहमद, 2012 में एजाजुल हक अंसारी और 2017 में शमीम अहमद चेयरमैन चुने गये थे।

## निकाय चुनाव

### नगर पालिका मुहम्मदाबाद और जमानियां अध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित

### गाजीपुर नगर पालिका दूसरी बार हुई अनारक्षित

गाजीपुर के अगर पिछले पांच चुनावों के आरक्षण की स्थिति देखें तो शहर की सीट पर 1995 से 2017 तक तीन बार ओबीसी पुरुष, एक बार सामान्य पुरुष और एक बार सामान्य महिला सीट रही है। इसमें 1995, 2002 और 2006 में लगातार तीन बार ओबीसी पुरुष रहा है। ऐसे ही 2012 में सामान्य पुरुष और 2017 में सामान्य महिला रहा है। इस बार एक बार फिर से गाजीपुर नगर पालिका की सीट को अनारक्षित घोषित किया गया है। जो अब तक के चुनाव में दूसरा मौका है।




### जमानिया की सीट भी महिला के लिए आरक्षित

जमानिया नगर पालिका परिषद की सीट महिला के लिए आरक्षित घोषित हुई है। इससे चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। इस सीट के अतीत पर नजर डालें तो 15 अगस्त 1985 को जमानिया को नगर पालिका घोषित किया गया। शुरूआती दौर में तत्कालीन जिलाधिकारी को यहां का प्रशासक नियुक्त किया। जिनका कार्यकाल लगभग तीन वर्षों का रहा। इमरजेंसी के बाद पहली बार नगर पालिका के अध्यक्ष पद के चुनाव में 6 दिसंबर 1988 को जीत हासिल कर ओंकार नाथ यादव अध्यक्ष बने। दूसरी बार साल 1995 में पिछड़ा महिला सीट पर शल्वाजरीन ने जीत दर्ज की। ढाई वर्ष के बाद अविश्वास प्रस्ताव आने से कार्यवाहक के रूप में जाहिद सिद्दीकी उर्फ पाशा को 23 मार्च 1998 को नियुक्त किया गया। इसके बाद हुए चुनाव में ओंकार नाथ यादव की पत्नी कुसुम यादव ढाई वर्ष के लिए अध्यक्ष पद पर चुन कर आई। वही साल 2000 के चुनाव में अनिल कुमार गुप्त अध्यक्ष बने। साल 2006 के चुनाव में अनिल कुमार गुप्त पुनः जीत कर अध्यक्ष बने। वर्ष 2012 में हुए चुनाव में महिला सीट पर अनिल कुमार गुप्त की पत्नी चंद्रकांता जीत पर नगर पालिका की अध्यक्ष बनी। वर्ष 2017 में हुए चुनाव में पिछड़ा वर्ग सीट से बहुजन समाज पार्टी कि सीट से एहसान जफर अध्यक्ष बने। इस बार का चुनाव भी दिलचस्प होना तय है। जिसमें पूर्व के कुछ धुरंधर तो कुछ नए प्रत्याशी मैदान में दिखाई देंगे। आरक्षण सीट के प्रकाशन के बाद चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है।

## कार ने प्रधानाध्यापक को रौंदा, मौत

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के महुलियां से होकर गुजरी गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन पर मंगलवार की शाम तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक सवार प्रधानाध्यापक को रौंद दिया। जिसमें उनकी मौत हो गई। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद चालक व उसमें सवार लोग गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। वाराणसी के चौबेपुर स्थित उगापुर पंडापुर गांव निवासी रामविलास यादव 45 चोलापुर के बबियांव गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात थे। वो बाइक से देवकली की तरफ मांगलिक कार्यक्रम में जा रहे थे। इस बीच महुलियां के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने आगे जाने के चक्कर में बाइक को रौंद दिया। जिसमें शिक्षक के सिर में गंभीर चोट आई और वो वहीं गिर पड़े। घटना के बाद चालक व सवारियां मौके पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। आसपास के लोगों ने उनके मोबाइल से परिजनों को घटना की सूचना दी और उन्हें लेकर सैदपुर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाईयों में सबसे बड़े थे। उनकी मौत का पता चलने पर भाईयों समेत पत्नी निशा का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत दो संतान छोड़ गए हैं। कोतवाल शिवप्रताप वर्मा ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर स्कार्पियो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## संक्षेप

### जीएसटी विभाग की छापेमारी की अफवाह



दिलदारनगर बाजार में बंद दुकानें।

**दिलदारनगर।** स्थानीय नगर में बुधवार को देर शाम जीएसटी विभाग की आने की फर्जी अफवाह से कस्बा में दुकानदारों में हड़कंप मंच गया। घंटो तक बंद रही सभी दुकाने नगर में जीएसटी विभाग के आने की झूठी खबर से दुकानदार परेशान रहें। इस कारण छोटी व बड़ी दुकानें बंद होने से अफरा तफरी मच गयी। अफवाह से दुकान बंद रहने से खरीदार घंटो तक परेशान रहे। इसके बाद जब दुकानदारो को पता लगा कि जीएसटी विभाग की आने की फर्जी अफवाह थी तब नगर की सभी दुकानदारो ने शाम 5 बजे दुकान खोल दिए।

### दो पैसेंजर ट्रेनों का समय बदला

**बारा।** रेलवे ने लाखों रेल यात्रियों की मांग पूरी कर दी है। पूर्व मध्य रेलवे ने पटना जंक्शन से खुलने वाली दो प्रमुख सवारी गाड़ियों का समय बदल दिया है। 13209/10 पटना जंक्शन – पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन मेमू एक्सप्रेस ट्रेन का समय दोनों दिशाओं में परिवर्तित कर दिया गया है। 13209 अब सुबह 8:40 बजे की बजाए 7:20 बजे पटना से खुलेगी। 13210 बनकर वापसी में भी सभी स्टेशनों पर यह ट्रेन करीब एक घंटे पहले पहुंचेगी। इससे दैनिक यात्रियों और सरकारी कार्यालयों, कोर्ट – कचहरी जाने वालों को काफी सुविधा होगी। मेमू रैक से चलने वाली इस ट्रेन को कोविड के बाद एक्सप्रेस का दर्जा दे दिया गया। इसके कारण यात्रियों को लोकल सवारी गाड़ी जैसी सुविधा के लिए एक्सप्रेस का किराया देना पड़ता है। 13209 एक्सप्रेस अब सुबह 10:40 बजे बक्सर पहुंचेगी। यह ट्रेन अब जिले की सीमा में 11:3 बजे बारा कला हाल्ट, 11:10 में गहमर स्टेशन, 11:23 बजे भदौरा स्टेशन, 11:44 दिलदारनगर, दरौली 11:47, 11:55 बजे जमानियां होते हुए दोपहर दो बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में 13210 बनकर दोपहर 2:35 बजे खुलेगी और शाम 3:33 बजे जमानियां, 3:42 दरौली, 3:58 बजे दिलदारनगर, 4:10 बजे भदौरा, 4:22 गहमर, 4:28 बजे बारा कला हाल्ट, बक्सर 5:20 व 9:40 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी। यातायात निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि 13209/10 मेमू ट्रेन 14 दिसंबर से अपने नए समय से चलने लगी है।

### खानपुर थाना शिकायतों का निस्तारण करने में अव्वल

**खानपुर।** एक सप्ताह से खानपुर थाना पूरे क्षेत्र में चर्चा में है। अबकी बार खानपुर थाने ने शिकायत निस्तारण में पूरे प्रदेश में टॉप करके पूरे जिले का नाम रोशन किया है। खानपुर थाने ने पूरे उत्तर प्रदेश में आईजीआरएस पर मिली शिकायतों का निस्तारण का शत प्रतिशत निस्तारण करते हुए पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। ऑनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल से प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने के मामले में खानपुर को नवम्बर महीने की रैकिंग में प्रथम स्थान हासिल हुआ है। एसपी ओमवीर सिंह ने थानाध्यक्ष संजय मिश्रा सहित सभी पुलिसकर्मियों को बधाई दी है। बताया कि आईजीआरएस सेल द्वारा मिली 74 शिकायतों को खानपुर थाने पर ऑनलाइन भेजा गया था। थानाध्यक्ष ने मिली हुई शिकायतों की जांच करते हुए दिए गए समय में संबंधित शिकायतों का निस्तारण करके मुख्यालय को रिपोर्ट भेज दिया।

### कार के धक्के से दो घायल

**खानपुर।** थानाक्षेत्र के बिहारीगंज डगरा के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दो टेक्नीशियन घायल हो गए। दोनों को सैदपुर लाया गया। जहां से एक की हालत ज्यादा गम्भीर होने पर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। करमपुर निवासी राकेश तिवारी 40 पुत्र त्रिभुवन व सैदपुर निवासी संतोष सिंह 45 इंडस टॉवर में टेक्नीशियन हैं। वो बाइक से एक टॉवर का मेंटेनेंस देखने जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक चला रहे राकेश छिटककर दूर जा गिरे। उनके सिर व पैर में गम्भीर चोट आईं। वहीं संतोष भी घायल हो गए। दोनों को सैदपुर सीएचसी लाया गया। जहां से राकेश को वाराणसी रेफर कर दिया गया। इधर टक्कर मारकर कार मौके से फरार हो गयी।

### 17 को होगा पेंशन दिवस का आयोजन

**गाजीपुर।** वित्त (सामान्य) अनुभाग-3, उप्र शासन द्वारा प्रत्येक वर्ष 17 दिसम्बर को प्रदेश के प्रत्येक जनपद में पेंशनर दिवस आयोजित किये जाने व पेंशनर्स दिवस को प्रभावकारी एवं सार्थक रूप से आयोजित किये जाने के निर्देश है। इस आशय की जानकारी अपर जिलाधिकारी (वि/रा.) अरूण कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने जनपद के समस्त विभागाध्यक्षों, कार्यालयाध्यक्षों तथा सभी पेंशनर्स संगठनों के पदाधिकारियों को पेंशनर दिवस पर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। जिसमें कोविड-19 की रोकथाम हेतु प्रोटोकाल का ध्यान अवश्य रूप से रखा जाना है। उन्होंने बताया है कि उपरोक्त शासन के निर्देश के क्रम में शनिवार को समय दोपहर 02.00 बजे, स्थल जिला पंचायत सभागार, में आयोजित बैठक में स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### कल होगा व्यापारियों के समस्याओं निराकरण

**गाजीपुर।** उद्यमियों/व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु प्रत्येक माह तृतीय शुक्रवार को उद्यमी दिवस का आयोजन किया जाता है। तद्क्रम में माह दिसम्बर, 2022 की उद्यमी दिवस बैठक उपायुक्त उद्योग की अध्यक्षता में शुक्रवार को पूर्वाहन, 10.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे तक कार्यालय उपायुक्त उद्योग,जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में आहूत की गयी है। जिसमें उद्यमियों की समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान/निराकरण किया जायेगा। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र प्रवीण कुमार मौर्य ने दी है।

### 31 तक किसान करा लें कृषि बीमा

**गाजीपुर।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर है, किसान भाइयों से अनुरोध है कि जिनको अपने फसलों का बीमा कराना है वे 31 दिसम्बर तक अपने फसलों का बीमा अवश्य करा ले। वे किसान जिनका केसीसी बना हुआ है, यदि अपने फसलों का बीमा नहीं कराना चाहते है, तो 24 दिसम्बर तक अपने बैंक शाखा से सम्पर्क कर यह लिखित रूप से अवगत करा दे कि हमारे फसल का प्रीमियम न काटा जाय। अन्यथा कि स्थिति में प्रीमियम काटकर सम्बन्धित बीमा कम्पनी को बैंको द्वारा दे दिया जाएगा।

### सड़क की बहाली पर रामायण पाठ

**खानपुर।** क्षेत्र के सिधौना से बिहारीगंज तक चार किमी सड़क मार्ग की बदहाली पर बुधवार को स्थानीय लोगों ने सिधौना बाजार में रोड पर रामायण पढ़ा। सिधौना बाजार में बीच सड़क टेंट लगाकर कीर्तन मंडली के साथ लोगों ने चार घंटे तक भजन कीर्तन और सुंदरकांड का पाठ किया। गोमती ब्रीज डायवर्जन सड़क वाराणसी गोरखपुर हाइवे से जिउली देवगांव हाइवे पर बिहारीगंज चौराहे पर मिलती है। आधे सड़क पर रामायण और आधे सड़क पर वाहनों व राहगीरों का आवागमन चलता रहा। जिपं सदस्य कमलेश यादव उर्फ राय साहब ने बताया कि पिछले छह सालों से यह सड़क किसी भी मौसम में चलने लायक नही है। सड़क पर बने बेसुमार गढ्ढ़े बरसात में पानी से और गर्मी में धूल से भर जाते है। इस सड़क पर प्रतिदिन हजारों स्कूली बच्चों सहित राहगीर आते जाते है। राजेन्द्र यादव, चंद्रपति यादव, देवव्रत चौबे, विन्देश्वरी सिंह, पवन यादव, अम्बिका पांडेय, चंद्रिका, शशि यादव, परशुराम यादव, अमरदेव आदि रहे।

### जिले में कल से और बढ़ेगी ठंड, बारिश की आशंका

**गाजीपुर।** जिले में इन दिनों मौसम का मिजाज नरम गरम बना हुआ है। पिछले एक पखवाड़े से सर्दी का दौर चल रहा है, लेकिन तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं हो रही है। अगले दो-तीन दिन भी मौसम का मिजाज इसी तरह रहने की संभावना है। आंशिक बादलों की स्थिति बनी हुई है, जिससे तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होने की संभावना है। खास बात यह है कि जिले में ये बादल बरस भी सकते हैं। बीते सप्ताह सर्द हवाओं के कारण जिले में सर्दी अचानक बढ़ गई थी, लेकिन इन दिनों तापमान 10 डिग्री के आसपास चल रहा है। तापमान में पिछले दो तीन दिनों से खास बढ़ोतरी नहीं हो रही है। बुधवार को अधिकतम तापमान जरूर एक डिग्री बढ़ा, लेकिन न्यूनतम तापमान में खास परिवर्तन नहीं आया। अधिकतम तापमान 27.5 और न्यूनतम 10.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक पहाड़ों में मौजूद पश्चिमी विक्षोभ का असर अगले हफ्ते से कम होने पर मौसम यू टर्न लेगा और न्यूनतम तापमान तेजी से नीचे लुढकेगा। यानी सर्दी अपने आप बढ़ जाएगी। इसके बाद तापमान करीब 5-6 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है जबकि अभी न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आस-पास है।

# भाई से विवाद के बाद बहन ने की आत्महत्या

## होमवर्क नहीं कराने पर छोटे भाई ने बहन को मारा था तमाचा

जनसंदेश न्यूज

**सेवराई/बारा।** भाई से विवाद के बाद बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों से पूछताछ के बाद जांच में जुट गई।

गहमर थाना क्षेत्र के सायर गांव निवासी संजय जायसवाल रेवतीपुर ब्लाक के नसीरपुर गांव में सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत है। संजय की 17 साल की बेटी सुप्रिया कक्षा 11 की छात्रा थी। जबकि 12 वर्षीय बेटा आयुष जायसवाल कक्षा आठ का छात्र है। बुधवार की सुबह आयुष ने अपनी बहन को अपना होमवर्क कराने के लिए कहा। बहन के मना करने पर भाई ने उसे थप्पड़ मार दिया और बाहर चला गया।



मृतका सुप्रिया (फाइल फोटो)

छोटे भाई द्वारा मार खाने के बाद सुप्रिया ने कमरे के अंदर रोशनदान में दुपट्टे से फांसी लगा ली। जब एक घंटे बाद छोटा भाई घर पहुंचा तो बहन की लाश देखकर घबरा गया और चिल्लाने लगा।

आयुष के चिल्लाने से गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सुचना पाकर मौके पर प्रभारी निरीक्षक गहमर पुलिस टीम के साथ पहुंचे। इसके बाद घटनास्थल की जांच की। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस पर मुख्य आरोपी का नाम निकालने का आरोप

## इलजाम

### नंदलाल हत्याकांड में शामिल हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए धरना

### अधेड़ की पीट पीट कर दबंगो ने की हत्या

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** नंदलाल हत्याकांड में नामजद मुख्य आरोपी का नाम कोतवाली प्रभारी द्वारा मुकदमा से निकालने का आरोप लगा है। मृतक के परिजनों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर धरना देकर मांग किया कि मुख्य आरोपी को हत्या में नामजद करते हुए गिरफ्तारी की जाए।

गौरतलब है कि , शहर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को टेढवा गांव निवासी नंदलाल बनवासी की होम्योपैथी कालेज के पास दबंगो ने मारपीट कर हत्या कर दी। दरअसल, नंदलाल बनवासी 50 वर्ष अपने घर से देर शाम खुले मैदान में शौच के लिए जा रहे थे। इस बीच जमीनी विवाद को लेकर पहले से घात लगाए दबंगों ने लाठी डंडो से हमला कर दिया। नंदलाल को अकेले पाकर पीट पीट कर हत्या कर दी।



एसपी कार्यालय पर धरना देता पीड़ित परिवार।

घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घायल नंदलाल को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में मृतक की पत्नी शांति देवी ने चार नामजद लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर दी थी। बुधवार की सुबह मृतक की पत्नी परिजनों व ग्रामीणों के साथ एसपी कार्यालय पहुंच कर कोतवाली पुलिस पर आरोप लगाया कि जमीनी विवाद को लेकर मुन्नन खान पुत्र इम्तियाज खान ने कई बार जान से मारने की धमकी दी गई थी। नामजद तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने मुख्य आरोपी का नाम एफआईआर से निकाल दिया है। एफआईआर से नाम निकाले जाने से नाराज परिजन एसपी कार्यालय पहुंच कर धरने पर बैठ गए। सीओ सिटी गौरव कुमार व कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह मौके पर पहुंच किसी तरह लोगों को कोतवाली ले गए। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि परिजनों के तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रहीं हैं जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बीडीओ ने फर्ज में ढिलाई बरत रहे सचिवों को दिया अल्टीमेटम

## प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही पर सचिवों की लगाई क्लास

**भांवरकोल।** प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर स्थानीय ब्लॉक परिसर सभागार में आयोजित सप्ताहिक बैठक में खण्ड विकास अधिकारी रामकृपाल यादव ने पंचायत सचिवों की क्लास



सचिवों की बैठक लेते बीडीओ रामकृपाल यादव।

लगाई। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश के बावजूद अभी तक लाभार्थियों की लक्ष्य के सापेक्ष रजिस्ट्रेशन, पात्रों एवं अपात्रों की सूची तथा आवास स्वीकृति का सुझाव देने में घोर लापरवाही बरती जा रही है।यह पंचायत सचिवों द्वारा हिला-हवाली का परिचायक है। ऐसे में यह लापरवाही कत्तई क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने सचिवों को निर्देश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर डोर टू डोर जाकर पात्रों एवं अपात्रों की सूची की जांच कर रजिस्ट्रेशन एक सप्ताह भीतर उपलब्ध कराएं। अन्यथा समयावधि में रजिस्ट्रेशन उपलब्ध नहीं कराया गया तो सम्बन्धित सचिव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर एडीओ पंचायत अशोक कुमार यादव, बम्हानंन्द चतुवेर्दी, सूर्यभान राय, शोभनाथ शुक्ला, राजकुमार यादव, महताब अहमद, ज्ञानेंद्र यादव,पिन्टू सरोज, अजित कुमार गौतम, बृजेश कुमार, शशिकांत आदि कर्मी मौजूद रहे।

# धान क्रय की धनराशि 48 घंटे में मिले किसानों को: डीएम



गहमर धान क्रय केंद्र पर निरीक्षण के दौरान अधिकारी से जानकारी लेती डीएम आर्यका अखौरी।

जनसंदेश न्यूज

## निरीक्षण

### 69 के सापेक्ष 36 किसानों के भुगतान पर जताई नाराजगी

**सेवराई।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने तहसील सेवराई के धान क्रय केन्द्र गहमर का स्थलीय निरीक्षण कर धान क्रय के सम्बन्ध मे जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होनें क्रय केन्द्र पर उपलब्ध अभिलेखो व किसानों के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं तथा क्रय हेतु उपकरणों तथा इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, बोरा, बैनर, धान का नमूना, टोकन रजिस्टर, डेली क्रय किये गये धान की स्थिति आदि के बारे जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र पर धान खरीद की स्थिति की जानकारी लेने पर बताया गया कि खरीद मानक के अनुरूप किया जा रहा है,इस पर जिलाधिकारी महोदय ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि वह मंडी सचिव को प्रत्येक धान क्रय केंद्र पर भेज कर धान वजन करने वाली मशीन तथा मापन यंत्र का निरीक्षण करवा ले। जिलाधिकारी ने पूछा कि यहां कितना भुगतान किया गया तथा कितना धान क्रय किया गया यहां किसानों को 69 किसानों का धान क्रय किया गया। जिसमें 36 किसानों को ही भुगतान किया गया। जिलाधिकारी ने आदेश दिया कि किसानों को 48 घंटे में भुगतान होना चाहिए यहां के लेखपाल को निर्देश दिया कि वह सीमान्त किसानों को प्रत्येक गांव में जाकर जागरूग करते हुए धान क्रय केन्द्र पर ही अपना धान बिक्री करने हेतु प्रेरित करे। जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देश दिया कि केन्द्र पर किसानों को बैठने के लिए पेयजल व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्था करे जिससे किसानों को कोई परेशानी न होने पाये।

### बॉर्डर पर हाइट गेज बैरियर टूटा देख डीएम नाराज

**बारा/सेवराई।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बुधवार की दोपहर बारा कर्मनाशा नदी पर बने बिहार बार्डर को जोड़ने वाली क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की त्यौरी उस समय चढ़ गई जब कर्मनाशा नदी पर भारी वाहनों के रोक थाम के लिए लगाए गए हाइट गेज बैरियर को टूटा हुआ देखा । उन्होंने तुरंत सम्बंधित विभाग के कर्मचारियों को नया बैरियर लगाने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि बारा कर्मनाशा नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया था जिस पर भारी वाहनों के संचालन पर रोक लगाने के लिए दोनों तरफ से हाइट गेज बैरियर लगाया गया था। बैरियर लगने के 24 घंटे के अंदर ही बालू माफियाओ द्वारा बैरियर को तोड़ दिया गया। सबसे मजेदार बात यह देखने को मिली कि पुल के समीप ही बने पुलिस पिकेट के पास लगे इस बैरियर को किसी गाड़ी द्वारा तोड़ दिया गया और पुलिस को इसकी जानकारी तक नही हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी बुधवार की दोपहर बिहार बार्डर आ धमकी और पिकेट के पास लगे टूटे बैरियर को देख उनकी त्योरी चढ़ गई। उन्होंने मौके पर मौजूद पीडब्लूडी के कर्मचारियों को तत्काल एक नया बैरियर लगाने का निर्देश दिया। मौके पर मौजूद कोतवाल पवन उपाध्याय से उन्होंने शराब,मादक द्रव्यों और पशु तस्करी के बारे में जानकारी लिया साथ ही निर्देशित किया कि किसी भी हाल में इन चीजों की तस्करी नही होनी चाहिए। इस संबंध में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि पुल का निरीक्षण किया गया है नए हाइट गेज बैरियर तत्काल लगाया जाएगा। पुल के मरम्मत हेतु प्रस्ताव भेज दिया गया है जल्द ही कार्य पूर्ण कर चालू किया जाएगा।

# पीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव पर रोक

## कोर्ट का फैसला

### हाईकोर्ट ने छात्रों की दायर याचिका की खारिज

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** पीजी कालेज प्रशासन ने छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा दी है। प्रशासन यह रोक हाईकोर्ट के आदेश पर लगाया है। वहीं जिलाधिकारी ने कोर्ट के निर्णय के अनुपालन और आगामी निकाय चुनाव को लेकर चुनाव पर पाबंदी लगा दी है।

पीजी कालेज गाजीपुर के संगोष्ठी कक्ष में बुधवार को प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। प्राचार्य राघवेन्द्र पांडेय ने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्णय के आलोक में छात्रसंघ चुनाव कराया जाना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि शासन व वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की ओर से नई शिक्षा नीति लागू किये जाने के क्रम में समस्त पाठ्यक्रमों में सेमेस्टर सिस्टम लागू कर दिया गया है। जिसके तहत वर्ष में दो बार प्रवेश प्रक्रिया परिचय पत्र वितरण, क्लास संचालन, मिड टर्म एग्जाम, सेशनल कार्य, प्रेक्टिकल और थ्योरी परीक्षा आयोजित किया जाना है। प्राचार्य ने जानकारी दिया कि कोरोना काल से शैक्षणिक सत्र अपने नियत समय से पीछे चल रहा है। ऐसे परिस्थितियों में सेशन को ससमय करने के लिए अथक प्रयास विश्वविद्यालय एवं कालेज की ओर से संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इसी बीच विश्वविद्यालय की कुलपति की ओर से उपरोक्त कार्यक्रमों के अनुपालन को देखते हुए वर्तमान सत्र में छात्र संघ चुनाव को कराने की अनुमति नहीं प्रदान किया गया। जिसके बाद छात्रों की ओर से हाइकोर्ट में वाद दाखिल किया गया था। जिसकी सुनवाई के क्रम में हाइकोर्ट ने अपने निर्णय में अकादमिक सत्र की वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए चुनाव कराए जाने की मांग को निरस्त कर दिया है। इसी क्रम में हाइकोर्ट के निर्णय के आलोक में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने भी हाइकोर्ट के निर्णय के अनुपालन के क्रम में एवम आगामी निकाय चुनावों को लेकर छात्र संघ चुनावों को कराने से मना कर दिया है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से डा.डीके सिंह, डा.एसएन सिंह , अनुराग सिंह अमितेश सिंह मौजूद रहें।



मीडिया से वार्ता करते प्राचार्य राघवेंद्र पांडेय व अन्य।

### गांधीवादी शैली में होगा आंदोलन

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुज कुमार भारती ने कहा कि हाईकोर्ट से हमारी मांग को निरस्त किया गया है। लेकिन हम अपनी चुनाव की मांग को लेकर लड़ाई जारी रखेंगे। चुनाव नहीं होने से छात्रों के हक की लड़ाई कौन लड़ेगा। कालेज प्रशासन अपनी मनमानी करेगा। छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर गांधीवादी तरीके से आंदोलन किया जाएगा। हम सभी छात्र हार नहीं मानने वाले है।

# बंदरों के आतंक से सहमे लोग

## एक दर्जन से ज्यादा लोगों को कर चुके हैं जख्मी

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** फुल्लनपुर क्षेत्र में बीते एक माह के अंदर बंदरों ने एक दर्जन से अधिक लोगों को काटकर जख्मी कर दिए हैं। जिनका अस्पताल में इलाज कराना पड़ा। दहशत के चलते बच्चे घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। फुल्लनपुर निवासी गायत्री सिंह ने बताया कि मकान के छत पर बंदरों के दहशत से लोग बच्चों को नहीं निकलने दे रहे हैं। समाजसेवी दीनानाथ तिवारी, राजवीर सिंह, नमोनारायण राय, राहुल आदि ने जिला प्रशासन से इन्हें पकड़ने की मांग की है।

बंदरों को पकड़ने की जिम्मेदारी उठाने वाले वन विभाग की लापरवाही लोगों की जान पर बन आई है। शहर में बंदरों का आतंक एक बार फिर से बढ़ने लगा है। क्षेत्र में दुकान, मकान, मंदिर, पार्क के साथ करीब-करीब हर जगह बंदरों ने डेरा डाल रखा है। ये बंदर घरों में भी घुस कर सामान आदि नष्ट कर दे रहे हैं। भगाने पर लोगों पर घायल कर दे रहे हैं। बंदरों के आतंक से अपने ही घर में नजरबंद



सिटी रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म पर टहलते बंदर।

बंदरों के आतंक से लोगों को अपने ही घर में नजरबंद रहना पड़ रहा है। बच्चे बाहर खेलने की बजाय घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। बंदर इतने स्मार्ट हो चुके हैं कि दरवाजों के लॉक को भी खोल लेते हैं और घर में घुसकर धमाचौकड़ी करते हैं। राजीव कुमार सिंह कहते हैं कि बंदरों ने घर में पानी का पाइप तोड़ दिया है। बंदरों के चलते छत पर जाना मुहाल हो गया है। छत पर कपड़ा फैलाने के दौरान भी बंदर झपट्टा मारने और गुरार्ते हैं। डर के मारे छत का दरवाजा बंद रखा जाता है। भरत राय का कहना है कि खिड़की अगर खुली छूट गई तो बंदर घर में आ जाते हैं और सामान नुकसान करके चले जाते हैं।

बंदर के आतंक परेशान होकर कुत्ता पाला गया है। छत पर कुत्ते को खुला छोड़ देते हैं। फिर भी बंदर छत की मुंडेर पर बैठे रहते हैं।

जनसंपादकीय

# तमाशबीनों की भीड़ में बदलते लोग

बीते दिनों उत्तर प्रदेश के जनपद मेरठ के लालकुर्ती के छोटा बाजार में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक वृद्धा संतोष से कुंडल लूट लिए। बदमाश भागने लगे तो दादी के कुंडल बचाने के लिए पोती रिया अकेले ही बदमाशों से भिड़ गई। परंतु, वहां मौजूद भीड़ ने उसका साथ नहीं दिया। लोग छतों से वीडियो बनाते रहे, जिसका फायदा उठाकर बदमाश भागने में सफल रहे। परंतु, कुछ ही घंटों बाद पुलिस ने दोनों बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान पकड़ लिया।

वैसे ये कोई पहला मामला नहीं है जब लोगों या भीड़ ने संवेदनहीनता दिखाई हो। अक्सर ऐसे मामले पढ़ने–सुनने को मिलते रहते हैं। जब भीड़ मुसबीत में फंसे व्यक्ति या घायल की मदद करने की बजाय वीडियो बनाने का तरजीह देती है। लोग तमाशबीन बनकर खड़े रहते हैं। लगता है समाज और भीड़ का चरित्र बदल चुका है।

बीते अगस्त में यूपी के झांसी में एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव ट्रक की टक्कर से घायल हो गया और तड़प-तड़प कर सड़क पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तमाशबीन बनी भीड़ पुलिस को सूचना देने के बजाय वीडियो बनाने में व्यस्त रही। इसी महीने दिल्ली के खजूरी खास में बदमाशों ने बीच-बाजार एक युवक को चाकू मार दिया। वारदात के दौरान आरोपी पीड़ित पर हमला करते रहे, इस बीच लोग तमाशबीन बने रहे। वारदात के बाद हमलावर आसानी से फरार हो गए।

10 दिसंबर 2021 को मध्यप्रदेश के जबलपुर में पालतू कुत्ते के भौंकने पर एक हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी रॉड और डंडे लेकर टूट पड़े। कुत्ते को बचाने के लिए सामने आई लड़कियों की भी उन्होंने जमकर पिटाई कर दी। लगभग 15 मिनट तक बदमाशों की गुंडागर्दी चलती रही और लोग तमाशबीन बने रहे।

ऐसी ही एक और घटना जून 2019 की है जिसे देख कर रोंगटे खड़े हो जाएंगे। दिल्ली के ज्योति नगर में आपसी रंजिश के कारण छह लोगों ने एक व्यक्ति पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी थी। घायल हो कर सड़क पर गिर जाने के बाद उसके परिजन लोगों से मदद की गुहार लगाते रहे। वो घायल बेटे के सामने सिर पटक-पटक कर रोते रहे, लोगों ने वीडियो बनाया लेकिन कोई मदद के लिए आगे नहीं आया। 37 सेकंड की इस वायरल वीडियो को देख कर आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

दो सितंबर 2019 की रात इंडिया गेट के के सामने एक भीषण सड़क हादसे में पिता और पुत्री खून से लथपथ घायल अवस्था में सड़क पर छटपटाते रहे, और उन्हें चारों ओर से घेरकर खड़ी भीड़ घंटों इस दर्दनाक दृश्य को ताकती रहती है। उनका वीडियो बनाती रही।

फरवरी 2017 में बंगलूरू का रहने वाला अली साइकिल पर सवार हो कर जा रहा था, जब पीछे से आ रही एक बस ने उसे कुचल दिया। वहां मौजूद लोग करीब 25 मिनट तक खड़े होकर उसका वीडियो बनाते रहे, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की और अली की जान चली गई।

20 जून 2016 को पुणे में 18 साल का विनायक पेट्रोल पंप में तेल भरवा रहा था। उस पर पांच लड़के उस पर टूट पड़ते हैं। उसे जमीन पर गिराकर मारते हैं। वो बचने के लिए उठने की कोशिश करता है तो उसे पकड़कर स्कूटी पर लादकर मारते हैं। लड़के उसे तब तक मारते हैं जब तक उसके शरीर में कोई हलचल नहीं होती। इसके बाद पत्थरों से उसे कुचल देते हैं। भीड़ तमाशबीन की तरह तमाशा देखती रहती है। अपराधी वारदात को अंजाम देकर चले जाते हैं।


देश के कोने-कोने में आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिन्हें गैर मानवीयता की श्रेणी में रखा जा सकता है। कोई मर रहा है, तो मरने दो। कमोबेश इतनी संकीर्ण या स्वार्थ केंद्रित सभ्यता तो हमारी नहीं रही और न ही हमें ऐसे संस्कार हमारे पूर्वजों से मिले हैं। फिर क्यों आज ऐसी घटनाएं सामने आती हैं कि मुसीबत में पड़े शख्स की कोई मदद नहीं करता है। हम लोग क्यों तमाशबीन बनकर देखते रह जाते हैं?

ऐसे में अहम प्रश्न यह है कि क्या आज हम इतने संवेदनहीन हो चुके हैं कि एक तड़पते हुए इनसान को अस्पताल तक नहीं पहुंचा सकते या किसी मुसीबत में फंसे किसी व्यक्ति की मदद नहीं कर सकते? क्या हमारे पास किसी दूसरे की मदद करने का समय नहीं है? जब ऐसे मामले पढ़ने–सुनने को मिलते हैं तो समाज के व्यवहार और चरित्र पर शर्म अनुभव होती है। यह घटनाएं मानवीय संवेदनाओं की और उससे भी ज्यादा मानवता की त्रासदी है कि किसी को असहाय अधमरा देख कर जल्द से जल्द कैमरा ऑन करने के लिए इतने सारे हाथ उठ जाते हैं, लेकिन उनमें से एक भी आगे आ कर डायल पैड खोल कर एंबुलेंस या पुलिस को फोन करने की जरूरत नहीं समझता है।

भारत में दुनिया के एक फीसदी वाहन हैं पर सड़कों पर वाहन दुर्घटनाओं के चलते विश्वभर में होने वाली मौतों में 11 प्रतिशत मौत भारत में होती हैं। देश में हर घंटे 53 सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और हर चार मिनट में एक मौत होती है। विश्वबैंक की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। क्या हम एक मुसीबत में फंसे इनसान की मदद नहीं कर सकते? क्या हम वास्तव में इतने लाचार हैं? ऐसी क्या विडंबना है कि हमें सिर्फ अपने आप से ही ताल्लुक रह गया है, दूसरों के दुख-दर्द से हमें अब कोई फर्क नहीं पड़ता।

पिछले एक दशक में भारतीय सड़कों पर 13 लाख लोगों की मौत हुई है और इनके अलावा 50 लाख लोग घायल हुए हैं। जानकारों के अनुसार, मदद करने वाला पुलिस व अन्य कागजी के फेर में नहीं पड़ना चाहता। इसी के मद्देनजर पिछले साल केंद्र सरकार ने संबंधित कानून में संशोधन किया है। अब आप सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को तड़पते हुए देखने की बजाय उसे अस्पताल पहुंचाकर मानवीय कर्तव्य का पालन बेझिझक कर सकते हैं। आपसे अस्पताल में कोई पूछताछ नहीं होगी और नहीं आप पुलिस या अस्पताल को अपनी निजी जानकारी दर्ज कराने के लिए बाध्य होंगे।

आज इनसान को एक ऐसा इनसान बनने की जरूरत है, जो जानवरों से कहीं अलग व विवेकशील दिखे। हमें इनसानियत का मोल समझना चाहिए। तकनीक और सोशल मीडिया की इस वर्चुअल रेस में आगे निकलने के लिए मानवता और नैतिकता को न भूलें। किसी भी हादसे में घायल व्यक्ति को देखें तो सोशल मीडिया पर शेयर करने के लिए वीडियो बनाने के बजाय आप उनकी सहायता के लिए आगे आएं।



**आशीष वशिष्ठ**
**लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं,**
**1संपर्क-99 3624 7777**

## गजल

हमारी बदनसीबी का कोई सानी नहीं मिलता
जहाँ जाकर कुआँ खोदें वहीं पानी नहीं मिलता
चलें जब घर से माँ को देखकर दुनिया के मेले में
कोई चेहरा कहीं फिर उतना नूरानी नहीं मिलता
हमारे रहबरों में सब तो इक-दूजे के सानी हैं
मुसीबत ये है इनमें कोई लासानी नहीं मिलता
हमारे बीच रंगों की सियासत के कई हैं रंग
हरा है, लाल, केसरिया मगर धानी नहीं मिलता
कहन तो ठीक है लेकिन कहन भर का करें क्या हम
तुम्हारे शेर का कोई अगर मानी नहीं मिलता
बड़े दिलकश नजारे हैं मगर फानी है ये दुनिया
खुदा को छोड़कर कुछ भी तो लाफानी नहीं मिलता



- डॉ. त्रिमोहन तरल, आगरा

जिनकी कल्पनाशीलता, दूरदर्शिता और संवेदनशीलता हमें उनका कायल बनाती है

# सामाजिक सरोकारों के फिल्मकार श्याम बेनेगल


शख्सियत



डॉ. चित्रा माली

'हम जानते हैं कि दिखाई दे रहे एक बिंब के पीछे एक और बिंब है जो यथार्थ के साथ ज्यादा ही वफादार है, और कि उस दूसरे बिंब के पीछे भी एक और बिंब है फिर एक बिंब और है । उस परम भेद भरे यथार्थ के सच्चे बिंब तक कोई नहीं देखता । या शायद किसी बिंब के या यथार्थ के विघटन तक कोई नहीं पहुंचता । ...... लेकिन अमूर्त सिनेमा अपने अस्तित्व का दावा तभी सिद्ध कर सकेगा।' माइकेल एंजेलो अंतोनिआनी का यह कथन सिनेमा के लिए है जो एक बिंब के पीछे के कई और बिंब की चर्चा कर रहे है साथ ही वे उस यथार्थ की बात भी कर रहे है जिस तक कोई नहीं पहुंचता है ।

सिनेमा संप्रेषण का सबसे सशक्त माध्यम है । इस संप्रेषण में बहुत कुछ कहा जाता है और उससे भी अधिक संकेतों में लोगों तक संप्रेषित किया जाता है । जिस प्रकार से फिल्म निर्माण के सभी पक्ष जैसे पटकथा, निर्देशन, अभिनय, गीत,संगीत तथा फिल्म से जुड़े कई आयाम कला की श्रेणी में आते हैं उसी प्रकार फिल्मों को देखना और समझना भी एक कला है । कई लोगों का तर्क हो सकता है कि फिल्म मनोरंजन का साधन है और इसके लिए कोई अतिरिक्त काबिलियत को विकसित करने की कोई आवश्यकता नहीं है । फिल्म में हम उस दुनिया को देखना चाहते हैं जहां हर चीज परफेक्ट हो,साथ ही सही समय पर हो और यथार्थ की जद्दोजहद से बिल्कुल मुक्त हो । फिल्म परंपरा, आधुनिकता, पूरब - पश्चिम, सामाजिक रवायतों और निजी चाहतों को पूरी जटिलता के साथ दशार्ती है,पर इतने हल्के हाथ से चित्रित करती है कि गंभीर प्रश्न गंभीर नहीं मालूम होते । फिल्म समाज को आईना दिखाती है पर इस तरह कि जो देखना चाहे अपना असली चेहरा देख ले और जो अनदेखा करना चाहे वो इसे नाच - गाने का आयोजन समझकर खुश हो लें । यह एक अच्छे निर्देशक और सिनेमा से जुड़े विभिन्न किरदारों के कौशल पर निर्भर करता है कि वे समाज के यथार्थ को कैसे अधिक लोगों तक संप्रेषित करते हैं । भारत में सिनेमा के दो प्रकार प्रचलित हैं पहला लोकप्रिय सिनेमा और दूसरा कला सिनेमा । कला सिनेमा जिसे हम आर्ट या प्रति सिनेमा, समानांतर सिनेमा, वैकल्पिक सिनेमा भी कहते है जो यथार्थवादी तथा कम बजट की फिल्मों का निर्माण करने वाला सिनेमा है यह समानांतर सिनेमा भी है जो लोकप्रिय सिनेमा की धारा के विपरीत छोटे, मंझोले बजट और अच्छी फिल्मों की प्रतिज्ञा से बंधे हुए हैं । बीसवीं सदी के दूसरे दशक में यूरोप की प्रयोगधर्मी फिल्मों को भी कला सिनेमा की संज्ञा दी गई थी । इन्हें बनाने में फिल्म माध्यम के गंभीर अध्येताओं, समीक्षकों और लेखकों की प्रमुख भूमिका थी । सिनेमा का यह रूप फ्रांसीसी अवांगार्द आंदोलन के व्यवस्था विरोधी तेवर से काफी प्रभावित हुआ। ये सिनेमेकर्स परंपरा से विद्रोह को मूल्य के रूप में ग्रहण करते हैं । कला सिनेमा की इस लहर ने सारी दुनिया में फिल्मकारों की एक नई पीढ़ी को जन्म दिया । कला सिनेमा,समानांतर सिनेमा और नए सिनेमा में लोकप्रिय सिनेमा से अलग काम करने वालों के समूह थे । भारत में कला सिनेमा, समानांतर सिनेमा को स्थापित करने में श्याम बेनेगल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । 1973 में श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर' ने तहलका मचा दिया जिससे लोकप्रिय सिनेमा को आघात लगा । कला सिनेमा की लोकप्रियता से कला प्रेमी पूंजीवादी कला सिनेमा पर पूंजी लगाने के लिए तैयार हुए और महत्वपूर्ण फिल्मों का निर्माण भी इस दौर में हुआ । इसे 'न्यू इंडिया सिनेमा' भी कहा जाता है । श्याम बेनेगल,सत्यजीत रे से काफी प्रभावित थे। उसी प्रभाव के चलते उन्होंने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कदम रखा। यह भी कहा जाता है कि श्याम बेनेगल ने सत्यजीत रे की विरासत को आज भी संभाले रखा है । श्याम बेनेगल ने अपने केरियर की शुरूआत एडवरटाइजिंग इंडस्ट्री से की थी । वे मुंबई की लिटांस विज्ञापन एजेंसी में कॉपीराइटर थे । श्याम बेनेगल ने 900 से अधिक डॉक्यूमेंट्री और विज्ञापन फिल्मों का निर्देशन किया है । इसके अतिरिक्त फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे में अध्यापन का कार्य किया है और इसी संस्थान के दो बार अध्यक्ष भी रहे है । 'अंकुर' फिल्म से श्याम बेनेगल को एक अलग पहचान और प्रसिद्धि मिली । इस फिल्म की कामयाबी के बाद लगातार कई और फिल्मों में उनके द्वारा ज्वलंत मुद्दों और सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक विसंगतियों को दशार्ती हुई फिल्मों का निर्देशन किया गया है । इन फिल्मों में 'नशांत' भूमिका', 'मंडी', 'मंथन', 'समरआरोहण', 'सूरज का सातवां घोड़ा', 'जुबैदा', 'सरदारी बेगम', 'अनवरत', 'वेलडन अब्बा', 'वेलकम टू सज्जनपुर' और भी कई फिल्में हैं । श्याम बेनेगल की फिल्मों में प्रतिरोध की संस्कृति के साथ साथ स्त्री प्रतिरोध के स्वरों को भी देखा जा सकता है । श्याम बेनेगल ने अपनी फिल्मों में स्त्री पात्रों को स्वतंत्र अस्तित्व, सशक्त और अपने अधिकारों के लिए संघर्षरत दिखाया है। 'मेकिंग ऑफ महात्मा' की कस्तूरबा की तुलना में 'गांधी ' फिल्म की कस्तूरबा अत्यंत सशक्त और प्रतिरोधी दिखाई देती है । श्याम बेनेगल की फिल्मों के माध्यम से उनके संवेदनशील व्यक्तित्व को,स्त्रियों के प्रति सम्मान को और समाज में व्याप्त रूढ़ियों को तोड़ने की प्रतिबद्धता को देखा जा सकता है । श्याम बेनेगल की फि ल्म 'मंथन' के लिए पांच लाख किसानों ने दो - दो रुपए का चंदा इकट्ठा कर कर दिया था । फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघर में किसान ट्रकों में भरकर आते थे । सामाजिक सरोकारों और मुद्दों पर आधारित फिल्मों के निर्माण के आर्थिक पक्ष के लिए श्याम बेनेगल ने दूरदर्शन के लिए धारावाहिक 'यात्रा','कथा सागर' और 'भारत एक खोज' का निर्देशन कार्य भी किया,साथ ही वृत्तचित्रों के माध्यम से भी संप्रेषण का कार्य किया । श्याम बेनेगल ने कला सिनेमा की विधा में परिवर्तन भी किए क्योंकि पूंजी का मुकाबला बलपूर्वक नहीं किया जा सकता है। इन पूंजीवादी साधनों का इस्तेमाल किस प्रकार से अपने पक्ष में किया जाए यह महत्वपूर्ण है और इन संसाधनों का भरपूर इस्तेमाल श्याम बेनेगल अपनी फिल्म 'जुबैदा', 'वेलडन अब्बा' और 'वेलकम टू सज्जनपुर' में करते हैं हालांकि इन्हें लोकप्रिय/कमर्शियल फिल्मों में रखा गया जो बॉक्स ऑफिस पर भी कामयाब भी रही लेकिन इन फिल्मों में कला फिल्मों की प्रतिबद्धता को भी देखा जा सकता है जो यथार्थपरक सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई हैं । 'भारत एक खोज',भारतीय संविधान की निर्माण यात्रा 'संविधान' धारावाहिक, 'मेकिंग ऑफ महात्मा', 'नेताजी सुभाष चंद्र बोसः द फॉरगटन हीरो' और सत्यजीत रे की जीवनी पर बनाई गई फिल्म की कलात्मकता उन्हें अन्य सिनेमेकर्स से अलग श्रेणी में स्थापित करती है । आपको पद्म श्री, पद्म भूषण, दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और वी.शांताराम लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है। इसके अतिरिक्त हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सात बार सम्मानित भी किया गया है । राष्ट्रीय एकता पर सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म 'नेताजी सुभाष चंद्र बोसः द फॉरगटन हीरो' के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । इनके साथ ही कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से भी श्याम बेनेगल को सम्मानित किया गया है। श्याम बेनेगल की कल्पनाशीलता, दूरदर्शिता और संवेदनशीलता हमें उनका कायल बनाती हैं। साथ ही सामाजिक चेतना और सरोकारों के लिए प्रतिरोध की संस्कृति को बचाए व बनाए रखने के लिए वे हमें प्रेरित भी करते हैं । आज श्याम बेनेगल का जन्मदिन है उन्हें जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं इस उम्मीद के साथ की वे अपनी फिल्मों के माध्यम से हमें लगातार यथार्थ से रूबरू करवाते रहेंगे ।



**भारत में कला सिनेमा, समानांतर सिनेमा को स्थापित करने में श्याम बेनेगल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । 1973 में श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर' ने तहलका मचा दिया जिससे लोकप्रिय सिनेमा को आघात लगा । कला सिनेमा की लोकप्रियता से कला प्रेमी पूंजीवादी कला सिनेमा पर पूंजी लगाने के लिए तैयार हुए और महत्वपूर्ण फिल्मों का निर्माण भी इस दौर में हुआ ।**

**( लेखिका शिक्षक, चिंतक और स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# सशक्त भारत के निर्माण की पटेल की आर्थिक नीति

स्मरण



प्रभात किशोर

भारतवर्ष के राष्ट्रनायकों में लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल अग्रणी रहे हैं । सन 1946 में जल्द हीं स्वतंत्रता प्राप्त होने की संभावना के मद्देनजर कांग्रेस की 15 में से 12 प्रांतीय समितियों के द्वारा सरदार पटेल को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने हेतु प्रस्ताव दिया गया ताकि वे स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बन सकें । परन्तु अजेय बहुमत के निर्णय के बावजूद गांधी एवं नेहरू की जिद के कारण ऐसा नहीं हो सका और देश एक सशक्त एवं व्यवहारिक नेतृत्व से वंचित रहा । पटेल के द्वारा भारत सरकार का नेतृत्व नहीं कर पाने के कारण विभिन्न देशी एवं विदेशी हर मामलों में राष्ट्र की निर्धारित नीतियों पर बुरा प्रभाव पड़ा, जिसका खामियाजा भारतवासी आज तक भुगत रहे हैं।

देश के आर्थिक मामलों के प्रति सरदार की सोंच बहुत हीं व्यवहारिक थी । वह मानवता और समय की जरूरत से सराबोर थी । अधिक उत्पादन, समान वितरण, और उत्पादन के तमाम साधनों के साथ सही व्यवहार उनकी आर्थिक नीति के मुख्य आधार थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुणोत्तर प्रगति के द्वारा औद्योगिक निपुणता और आत्मनिर्भरता प्राप्त करना राष्ट्र का प्रथम ध्येय होगा, जो आम जनों की समृद्धि में बढ़ोतरी करेगी और उनके लिए उच्च स्तरीय जीवन स्तर निश्चित कर सकेगी । 5 जनवरी 1948 को कोलकाता में दिए गए भाषण में उन्होने स्पष्ट कर दिया कि उद्योगों का राष्ट्रीयकरण करने से पहले उसको स्थापित करना जरूरी है तथा वैसे लोग राष्ट्रभक्त नहीं हो सकते जो इस बात में यकीन रखते हैं कि मजदूर उत्पादन तो कम करें, किन्तु उन्हें ज्यादा धन मिले ।

भारतवर्ष की योजना एवं आर्थिक नीति पर सरदार पटेल यथार्थवादी विचार रखते थे । उन्होंने देश में फैली आर्थिक रूग्णता पर तीनों पक्षों सरकार, उद्योगपति एवं मजदूरों के बीच सामंजस्य पर जोर दिया था । वे नियंत्रण के उन्मूलन के दृढ़ समर्थक थे तथा खाद्य एवं वस्त्र पर से नियंत्रण हटाने और उन्होने औद्योगिक राहत देने की सरकार की योजना का समर्थन किया । वे योजना की उस रूपरेखन के विरुद्ध थे, जो देश की क्षमता और संसाधनों के परे चली गयी थी । वह देश की अर्थव्यवस्था को गांवों को आधार बनाकर संघटित करना चाहते थे । उनका दृढ़ विश्वास था कि यदि एक बार गांववासियों को सुविधाएं प्रदान कर दी जाय, तो वे स्वयं अपनी देखभाल कर लेंगे और फिर उनके अनाज का उत्पादन हमारी उम्मीद से कहीं ज्यादा बढ़ जाएगा । वे लोगों में ऐसी उम्मीद जागृत करने के विरूद्ध थे, जो कभी पूरी हीं न हो । वे जरूरत पड़ने पर विदेशी ऋण लेने के विरूद्ध नहीं थे, जिसको उत्पादन संबंधी योजनाओं एवं औद्योगिकीकरण पर व्यय किया जा सके । श्री एन0 जी0 रंगा के अनुसार सन 1936 में राजाजी और सरदार पटेल को यह पूर्वाभ्यास हो गया था कि जवाहरलालजी का समाजवाद भारत की सामाजिक अर्थव्यवस्था लिए समस्या उत्पन्न करेगा, इसलिए उन्होने कांग्रेस की अध्यक्षता की अनुकूल-अवस्थिति से किए समाजवाद के उनके अभियान का विरोध किया, जिसके फलस्वरूप नेहरूजी को भारतीय किसानों की अर्थव्यवस्था और उसके लोगों के उद्यम के विरोध में अपने अभियान को आरम्भ करने से पहले वर्ष 1951 यानी सरदार की मृत्यु तक इंतजार करना पड़ा ।

मुख्यमंत्रियों और प्रांतीय कांग्रेस समितियों के प्रमुखों के अधिवेशन में उन्होंने स्पष्ट किया कि इस देश की योजना औद्योगिक देशों की योजना से भिन्न होगी, जो या तो विस्तार में छोटी है या अत्यधिक विकसित है। मशीन इस देश की समस्या का सम्पूर्ण समाधान नहीं है । करोड़ों बेकार हाथों को मशीन से काम नहीं मिल सकता, क्योंकि मशीन तो स्वयं मनुष्य को विस्थापित करती है । उन्होंने कुटीर उद्योगों के विस्तारीकरण पर जोर दिया, परन्तु साथ हीं पर्याप्त संसाधन उत्पन्न करने हेतु देश में तीव्र औद्योगिकीकरण को आवश्यक बताया, ताकि देश को गंभीर संकट का सामना न करना पड़े ।

कथित समाजवादियों के द्वारा सरदार पटेल पर पूंजीवादियों का मित्र होने का आरोप लगाया जाता था । उन्होंने स्पष्ट किया कि गांधीजी की सीख के आधार पर वे मजदूरों, उद्योगपतियों, राजकुमारों, किसानों और जमींदारों से समान भाव से मित्रता रखते हैं और प्यार से उन्हें सही काम हेतु प्रेरित करते हैं। तात्कालिक परिस्थिति में वे राष्ट्रीयकरण के विरूद्ध थे । उन्होंने बताया कि राष्ट्रीयकरण होने के पूर्व देश में उद्योग स्थापित करना जरूरी है । इंग्लैण्ड में समाजवाद वहां सही ढंग से औद्योगिकीकरण के मार्ग पर चलने से आया है । भारतवर्ष में सही मायने में समाजवाद कुटीर उद्योगों के विकास में निहित है, जो करोड़ों लोगों को रोजगार प्रदान कर सकता है । चरखे को ज्यादा सर्वव्यापी बनाकर खादी के द्वारा स्वदेशी की अवधारणा को विकसित किया जा सकता है । उन्होंने व्यापारियों से विदेशी वस्त्रों का आयात न करने का अनुरोध किया और नागरिकों को विदेशी कपड़े नहीं पहनने के लिए प्रेरित किया । आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम और बढ़ाने के उद्देश्य से उन्होंने सेना के लिए आवश्यक साजो-सामान और गोला-बारूद का निर्माण देश में हीं करने हेतु तत्कालीन उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पत्र लिखा तथा उनके इस विचार का वैज्ञानिक एस0एस0 भटनागर ने भी समर्थन किया । उनका स्पष्ट मत था कि भारत में दवा निर्माण वाले उद्योगों को उन्नति करनी चाहिए तथा अंतरप्रांतीय व्यापार पर लागू उत्पाद शुल्क नहीं होना चाहिए । उन्होने देश में पशुधन को सुधारने और कृषि उत्पाद को बढ़ाने की महत्ता पर बल दिया।

सरदार पटेल उद्योग और मजदूर के बीच एक संधि कराना चाहते थे, क्योंकि उस समय उत्पन्न होने वाले मतभेद भारत के औद्योगिक भविष्य के लिए भयंकर आघात के रूप में सामने आ सकते थे । उन्होंने उद्योग एवं मजदूर के बीच व्याप्त समस्या को सुलझाने के लिए मध्यस्थता की नीति अपनाने पर जोर दिया, जैसा कि वह अहमदाबाद में पहले कर चुके थे । इंग्लैण्ड में हालांकि मजदूर सरकार थी और वे औद्योगिकीकरण के क्षेत्र में कहीं ज्यादा आगे थे, पर वे राष्ट्रीयकरण की ओर बहुत हीं धीमी गति से बढ़ रहे थे । इससे औद्योगिक शांति और उत्पादन की अच्छी स्थिति रहने की संभावना थी । वे हड़ताल के सख्त खिलाफ थे तथा उन्होने वैसे संयोजकों की आलोचना की, जो महज अपने नेतृत्व को महत्व देने के लिए हड़तालों को प्रश्रय देते थे । हड़ताल होने से उत्पादन रूकता है और कम उत्पादन का अर्थ है गरीबी को बढ़ावा देना । उन्होने उन लोगों को प्रेरित किया जो इस अंतहीन चक्र को तोड़ना चाहते थे । उन्होने राष्ट्रीयकरण के संदर्भ में उद्योगपतियों की आशंकाओं को दूर करने की कोशिश की तथा उन्हें आश्वस्त किया कि चूंकि उद्योग को अभी स्थापित होना है, अतएव राष्ट्रीयकरण का प्रश्न हीं नहीं उठता है । उन्होंने साधनसम्पन्न व्यापारियों को आगे बढ़कर निर्धनों की स्थिति सुधारने में सरकार की मदद करने की अपील की तथा कहा कि जब देश में करोड़ों लोग ऐसे हैं जो भूखे रहते हैं, तब प्रतिदिन दो बार आराम से खाना पाप है । उन्होंने मंत्रियों एवं लोकसभा के अध्यक्ष के वेतन एवं भत्ते हेतु एक निश्चित राशि तय करवा दी तथा प्रधानमंत्री को सुझाव दिया कि सुरक्षा की दृष्टि से मंत्रियों के यहां कुछ पुलिसकर्मियों के अलावा दो से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात करने की आवश्यकता नहीं है । ओडिशा के राज्यपाल के द्वारा देय भत्ते में वृद्धि की मांग को उन्होने नकार दिया । उन्होंने उन लोगों की प्रशंसा की जिन्होने एक मंत्री या स्पीकर के रूप में देश की सेवा करने के लिए अपनी विलासिताओं को त्याग दिया था ।

उद्योगों की केन्द्रीय सलाहकार परिषद् की स्थायी समिति की बैठक में उन्होंने बताया कि देश में विदेशी पूंजी काफी है, परन्तु स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की मुद्रास्फीति के कारण काफी घट गया है, जिससे मूल्यों में वृद्धि हो रही है और करों का भार भी अधिक है । उन्होंने वित्तमंत्री को अगले बजट में वर्तमान स्थिति के हिसाब से सम्पूर्ण कराधान का पुनर्मूल्यांकन करने की सलाह दी । सरदार पटेल ने इस बात पर जोर दिया कि विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया जाय जिसमें उद्योगपति, अर्थशास्त्री एवं सरकार के प्रतिनिधि सम्मिलित हों, जिन्हें ढांचे व सरकार द्वारा निर्धारित नीतियों को क्रियान्वित करने का कार्य सौंपा जाय । तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरूजी, जिन्होने पहले सामाजिक व आर्थिक मामलों के लिए पृथक मंत्रालय बनाने का निर्णय लिया था, सरदार के विचार सुनने के बाद अपना विचार बदल दिया और इस बात पर सहमत पर हो गए कि सरदार पटेल के द्वारा निर्धारित आधार पर एक बोर्ड या विशेष सलाहकार समिति हो, जो हर कदम पर आर्थिक स्थिति पर निगरानी रखेगी और अपने सुझावों को सरकार के पास विचारार्थ भेजेगी।

राष्ट्र की आर्थिक नीतियों पर सरदार पटेल की सलाह का उनकी मृत्यु के बाद पालन नहीं किया गया। भारत ने राष्ट्रवादी विचारधारा के स्थान पर बाहरी समाजवादी ढांचे को अपनाया, जिसकी वजह से भयंकर दुष्परिणाम सामने आए और देश को भारी कीमत चुकानी पड़ी । नेहरू ने जिस कम्युनिस्ट रूस को आदर्श राज्य माना, उसे अकल्पनीय कठिनाईयां झेलनी पड़ी और अंततः विघटन हो जाने की वजह से उसे मुक्त अर्थव्यवस्था की ओर लौटना पड़ा । सोवियत रूस के विघटन एवं आर्थिक रूप से बर्बाद हो जाने के कुछ समय पूर्व नरसिम्हा राव सरकार द्वारा उदारवादी कदम उठाना पटेल के पूर्वकथित विचार एवं यथार्थवादी दृष्टिकोण की पुष्टि करता है । नेहरूजी के समाजवाद ने देश को ऐसी जगह लाकर खड़ा कर दिया था कि केन्द्र की कांग्रेसी सरकार को हीं अभी तक चल रही नीतियों को उलटना पड़ा तथा अर्थव्यवस्था का उदारीकरण करना पड़ा, जिसके बारे में चालीस वर्ष पूर्व सोचा तक नहीं गया था ।

**(लेखक अभियंता और शिक्षाविद हैं)**

व्यंग्य



## विकास तो हुआ है

हरिशंकर राढ़ी

सबसे पहले मैं उन लोगों पर लानत भेजता हूँ जो मानते ही नहीं कि विकास हुआ है। इतनी नकारात्मकता ठीक नहीं। जिस जमाने में सकारात्मक व्याख्यान सफल धंधा बन चुका हो, जिससे हजारों लोग प्रेरक वक्ता बनकर तमाम थके-हारे मानव प्राणियों से करोड़ों की रकम कमा ले रहे हों, उस समय यह मानकर बैठ जाना कि विकास हुआ ही नहीं, अवसाद से अधिक कुछ नहीं। गुरुवर, जरा नजर उठाकर देखो चारो ओर। पता चल जाएगा कि कहाँ-कहाँ कितना विकास हुआ है।

विकास दिखेगा, लेकिन उसके लिए अपने बैठक-कक्ष से बाहर निकलना पड़ेगा। मन बनाकर निकलिए; शादियों का मौसम चल रहा है। वहाँ बहुमुखी विकास हाजिर है। एक बार पाणिग्रहण संस्कार के दावतखाने में जाइए। वहाँ का मेन्यू और माननीय अतिथियों की भोजविधि देखकर विकास का अंदाजा हो जाएगा। कुछ दिक्कत हो तो चार-पाँच दशक पहले की स्थिति से तुलना कर लीजिए। कुछ महात्मा स्वयं पधारे हुए हैं तो कुछ की योग्य संताने भोजमंडप की शोभा बढ़ा रहीं हैं। कभी दादा-दादी जी जितना अन्न पाने के लिए तरसते थे, आज वे उससे ज्यादा प्लेट में सगर्व उच्छिष्ट करके कूड़े में डाल दे रहे हैं। उस एक प्लेट की कीमत तीन हजार रुपये थी। कोई देख ले तो उस छूटे हुए अन्नदेव को निंदा का अतिरिक्त प्रसाद झेलना पड़ जाए। भोजन में इतनी आत्मनिर्भरता हो जाने पर भी आपको विकास नहीं दिखता! गजब हैं आप भी! दादू से पूछो। कितनी कन्याओं का विवाह चंदे और फंदे से होता था। कहीं से आटा, कहीं से चावल, कहीं से चुनरी तो कहीं से पियरी ! भंडारी बाबा लोग भोजन बनाकर बिना खाए चले जाते थे। गाँववाले बेटी के ब्याह से पहले राशन-पानी और बरात के डर से इतना नाच लेते थे कि ब्याह कि दिन नाचने की हिम्मत ही नहीं पड़ती थी। अब ब्याह भले न हो, नाच जरूर होगा। जनाब पाँच सौ का नोट मुँह में दबाए घोड़े के सामने नाच रहे हैं। घोड़ा तरस खा रहा है। दूसरे जनाब नोटों की गड्डियाँ ताश के पत्तों की तरह फेंटकर उड़ाए जा रहे हैं। पहले के जमाने में तो ऐसे पतंगी कागज की झंडियाँ नहीं उड़ती थीं। फिर भी आप कहते हैं कि विकास नहीं हुआ है। जनाब, खाली पेट तो बंदर भी नहीं नाचता। और खाली पेट जो नाच होता है, उसे नाच नहीं कहते!

शिक्षा में फैले विकास का तो कहना ही क्या? तख्ती, स्याही, कलम और कागज को तरसता गँवार-गरीब विद्यार्थी आज सिगरेट, शराब और शबाब से समृद्ध है। काहे की स्याही, कलम-कागज और दवात! आज उसके पास अलादीन का चिराग मोबाइल है। शायद अलादीन के चिराग में भी इतनी कुव्वत नहीं थी। सौ की स्पीड में बाइक और स्पोर्ट्स कार भगा लेता है। चुटकी बजाते ही लड़की पटा लेता है। लड़की उसके कुकुरमुत्ता शैली के केशविन्यास, छिद्रयुक्त कटान-फटान-सिकुड़ान जींस पर पटने को मरी जा रही है। वह भी विद्यार्थिनी है। कक्षा के अगले दरवाजे से कच्ची लंगोट चढ़ाए घुस रहा है और पिछले से निकल रहा है। गुरु जी उससे थरथरा रहे हैं। आठवीं फेल बारहवीं कर रहा है, नौवीं फेल मंत्री बन रहा है और पीएच.डी. धारक उसकी नौबत बजा रहा है। आप कहते हैं कि विकास ही नहीं हुआ!

एक बारगी सन् 47 पर नजर डालकर देखिए। कहाँ पैंतीस करोड़ थे, कहाँ एक सौ पैंतीस हो गए। जहाँ पंद्रह-बीस का एक परिवार होता था, वहाँ दो-तीन के पंद्रह-बीस करोड़ परिवार हो गए। एक थाने में दो-चार चोर-डकैत होते थे, एक-दो दंगा-फसाद होता था। अब गणनातीत हैं। पूरे देश में एक-दो राजनीतिक दल थे, अब दल-दल ही हो गए। तब किसी भी दल का परिवार नहीं था, अब हर परिवार का दल है। तब एक डॉलर के मात्र चार रुपये मिलते थे। अब उसी डॉलर के अस्सी रुपये मिल रहे हैं। भगवान ने चाहा जो जल्दी ही पूरे सौ मिलेंगे। लेकिन आप कहते हैं कि विकास हुआ ही नहीं!

देश की जनता ने वोट डालना भी सीख लिया है। वोट डालने में पढ़ा-लिखे और अनपढ़ बराबर के होशियार हो गए हैं। लोगों ने नेताओं को ठीक-ठाक पढ़ लिया है। उन्हें पता है कि कौन-सा नेता हमें जातिवाद-संप्रदायवाद की राह पर सही ढंग एवं पूरी गति से ले जा सकता है और कौन मुफ्तवाद की ओर। उसकी समझ में आ गया है कि विकास का काम पूरा हो गया है। अब और विकास नहीं चाहिए। अब या तो मुफ्तवाद चाहिए या फिर जाति-संप्रदायवाद। जरूरत से अधिक विकास का करना भी क्या? अति सर्वत्र वर्जयेत।

हालाँकि उनकी ओर से विकास जारी है। लोग विकास से घबराए हुए हैं। किसी ने सही कहा था कि विकास पागल हो गया है। लेकिन वे विकास करके मानेंगे। आप कब तक नहीं मानेंगे कि विकास हुआ है? आपका घर एक्सप्रेस वे में पड़ेगा तब तो मानेंगे? आपकी पुश्तैनी जमीन बड़के एअरपोर्ट में अधिग्रहीत होगी तब तो मानेंगे? आपके गाँव में खेलगाँव बनेगा, चाटा कंपनी की फैक्ट्री लगेगी, टोलगेट फैलेगा और सरकार उसमें आपकी बगिया कब्जाएगी तब तो मानेंगे? कभी न कभी आपको मानना ही पड़ेगा कि विकास हुआ है। इससे पहले कि आपको दूसरे तरीके से मनाना पड़े, अभी मान लें तो बेहतर होगा।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क: 9654030701)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 268 जोड़े

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सावित्री बाई फूले राजकीय पालिटेक्निक आजमगढ़ में जनपद के समस्त विकास खण्डों से चयनित पात्र 268 जोड़ों की शादी सकुशल सम्पन्न हुई। जिसमें सभी जोड़ों की शादी हिन्दू रीति-रिवाज से सम्पन्न हुई।

जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित प्रति जोड़ों पर 51 हजार रुपया खर्च किया जा रहा है। जिसमें से 35 हजार लड़की के खाते में, 10 हजार का सामान एवं 6 हजार खाने-पीने, टेन्ट एवं अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च किया जाता है। उन्होने बताया कि प्रति जोड़ों को 10 हजार के सामान में साड़ी, शूट, दुपट्टा, पेटिकोट, भॉवर हेतु फेटा, चुनरी, पैन्ट का कपड़ा, बिछिया चांदी 5 ग्राम, पायल 35 ग्राम, प्रेशर कूकर, थाली, गिलास, कटोरी, जग, कलश, बक्शा, सिंगारदानी, नोकिया मोबाइल फोन, प्रेस आदि दिया गया। उन्होने बताया कि उक्त 268 जोड़ों की शादी के उपरान्त उनके संबंधित विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी द्वारा लड़की के खाते में 25 हजार रुपया आरटीजीएस के माध्यम से एक सप्ताह के अन्दर प्रेषित कर दी जायेगी। इस अवसर पर ध्रुव सिंह, ऋशिकान्त राय, बविता, शशांक सिंह एवं बीएल यादव आदि उपस्थित रहे।


राजकीय पालिटेक्निक विद्यालय में शादी रचाते जोड़े।

## मिनी ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर एक की मौत, दो लोग घायल

जनसंदेश न्यूज

फूलपुर (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के कुंवर नदी के पास तेज रफ्तार आ रही डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे एक युवक की मौत हो गयी तथा दो गम्भीर रुप से घायल हो गया।

फूलपुर थाना क्षेत्र के पाण्डेय का पूरा जगदीशपुर निवासी श्रीचन्द विश्वकर्मा की फूलपुर शंकरजी तिराहे पर मिठाई की दुकान है बुधवार की सुबह उनका पुत्र मुन्ना विश्वकर्मा 22 वर्ष मोटर साइकिल से अपने भतीजा सत्यम पुत्र चंद्रेश व दुकान पर काम करने वाले प्रिंस 18 वर्ष निवासी टिकरिया के साथ दुकान खोलने आ रहा था। सुबह सवा पांच बजे के करीब कुंवर नदी पुल क्रास किया और दुकान से मात्र सौ मीटर पहले आजमगढ़ की तरफ जा रही डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार सभी बुरी तरह जख्मी हो गये। आसपास के लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां मुन्ना को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गम्भीर रूप से घायल सत्यम व प्रिंस का इलाज एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मंगलवार को श्रीचंद विश्वकर्मा भी दुर्घनाग्रस्त होकर घायल हो गये थे जिनका इलाज चल रहा है।


मृतक मुन्ना विश्वकर्मा (फाइल फोटो)

## दबंग जबरिया कर रहे भूमि पर कब्जा, पुलिस मौन

जहानागंज। रहनुमाओं की नजर में तो रामराज कायम है, चारों तरफ अमन चैन है। दबंग और भू माफियाओं पर पुलिस लगातार कार्रवाई करने का दावा पेश कर रही है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जिसे जहानागंज थाने के मित्तूपुर गांव में जाकर देखा और समझा जा सकता है। यहां दबंग जबरिया जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित थाने से लेकर आलाधिकारियों तक चक्कर लगा रहा है लेकिन उसकी कोई सुनने वाला ही नहीं है।

हम बात कर रहे हैं जहानागंज थाने के मित्तूपुर गांव की। गांव निवासी बुधिराम की माने तो उसकी पुश्तैनी जमीन अराजी नम्बर 1744, 1745, 1747, 1748, 833 व 825 को विपक्षीगण राजेंद्र, महेंद्र, वीरेंद्र पुत्र रामजीत, रामशरन पुत्र बरन व रामदेव द्वारा अपने चक में जुलाई माह में जबरिया मिट्टी पाट कर कब्जा करते हुए मिला लिया गया था जब मामला एसडीएम के सामने पहुंचा तो दोनों पक्षों पर कार्रवाई कर इतिश्री कर ली गयी। वहीं एसडीएम न्यायालय सदर में वाद दाखिल हुआ उसके बाद यह निर्देश हुआ कि जब तक मुकदमा निर्णित नहीं होगा कोई पक्ष कुछ नहीं करेगा। लेकिन समरथ को नहीं दोष गोसाईं की कहानी को चरितार्थ करते हुए विपक्षियों द्वारा 13 दिसम्बर को पुनः जबरिया उक्त जमीन पर ट्रैक्टर चला कर कब्जा जमाये जाने लगा।


ट्रैक्टर चला कर जमीन कब्जा करते दबंग।

प्रार्थी जब थाने पहुंचा तो स्थानीय पुलिस ने मौन साध ली। प्रार्थी दर-दर भटक रहा है लेकिन उसे कहीं से न्याय की उम्मीद नहीं दिखाई दे रही है। ऐसे में भू माफिया और अपराधियों पर लगातार कार्रवाई करने का पुलिस का दावा बेअसर साबित हो रहा है।

## डिवाइडर से टकराया माल वाहक

जनसंदेश न्यूज

लालगंज (आजमगढ़)। बुधवार को देवगांव कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 233 पर सैयद मलिकपुर में डिवाइडर से टकराकर एक माल वाहन पलट गया। जिससे चालक की जान बाल-बाल बच पाई। वाहन पर पेंट तथा वाटर प्रूफ केमिकल आदि लदा हुआ था। यह वाहन वाराणसी की ओर से आकर लालगंज की ओर जा रहा था कि देवगांव कोतवाली क्षेत्र के सैयद मलिकपुर में नेशनल हाईवे 233 पर डिवाइडर से टकराकर पलट गया जिससे चालक की जान बाल बाल बच पाई। गनीमत यह रही कि पीछे से कोई वाहन नहीं आ रहा था अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था। दुर्घटना के बाद माल वाहन पर लदे सामान सड़क पर बिखर गए। कुछ देर के बाद माल वाहन से सामान को बाहर निकालकर इसको सीधा करके पुनः माल को वाहन पर लादकर चालक वाहन लेकर चला गया।

## अराजकतत्वों ने तोड़ी महादेव की प्रतिमा

**जनता में आक्रोश**

**स्थानीय लोगों ने थाने में दी तहरीर**

**फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने लिया जायजा**

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। दीदारगंज थाना क्षेत्र के ग्रामसभा हड़वा राजभर बस्ती में अराजक तत्वों ने बीती रात भोलेनाथ की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह जब श्रद्धालु पूजन अर्चन के लिए गये तो उन्हें घटना की जानकारी हुई।

दीदारगंज थाना क्षेत्र के हड़वा राजभर बस्ती में स्थित एक पीपल के पेड़ के नीचे भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा स्थापित की गई थी। गांव के श्रद्धालुओं द्वारा वहां पूजन अर्चन किया जाता था। बीती रात कुछ अराजक तत्वों द्वारा भोलेनाथ की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। सुबह जब श्रद्धालु वहां पूजा पाठ करने के लिए गये तो प्रतिमा को क्षतिग्रस्त देख आक्रोशित हो उठे। प्रतिमा तोड़े जाने की बात पूरे गांव में जंगल में आग की तरफ फैल गयी। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष दीदारगंज मयफोर्स मौके पर पहुंच गये और घटना की जानकारी ली। विजय राजभर सहित ग्रामवासियों द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।


भगवान शंकर की खण्डित प्रतिमा।

# कार्यशाला में एड्स विषय पर दिया गया प्रशिक्षण

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एचआईवी, एड्स विषय पर जनपद स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला के माध्यम से विकास खण्ड पल्हनी, फूलपुर, बिलरियागंज, अजमतगढ़ एवं सठियांव के खण्ड विकास अधिकारी सहित समस्त सीडीपीओ को प्रशिक्षण दिया गया।

एचआईवी ट्रेनर ने बताया कि एड्स एक संक्रामक रोग है, जो एचआईवी नाम के विषाणु के संक्रमण से होता है। जब यह विषाणु शरीर में प्रवेश कर जाता है तो ब्लड में पहुंच कर वाइट ब्लड सेल्स में मिलकर उसके डीएनए में पहुंच जाता है, जहां वह विभाजित होता है और रक्त के सफेद कणों पर आक्रमण करता है। धीरे-धीरे यह सफेद कणों की संख्या बहुत कम कर देता है। उसी कमी या समाप्ति के साथ शरीर की रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता को समाप्त करता है। यह विषाणु शरीर में प्रवेश करने के बाद समाप्त नहीं होता है और इसी स्थिति को एड्स कहा जाता है। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में जितने भी एचआईवी पाजीटिव मरीज हैं, उन प्रत्येक मरीजों का प्रोफाइल तैयार करें और उनसे संबंधित डाटा का भी संरक्षण करें। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिया कि डीआईओएस के माध्यम से विद्यालयों में छात्र, छात्राओं को एचआईवी, एड्स पर जागरूक कराना सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आईएन तिवारी ने कहा कि जिन व्यक्तियों में एड्स के लक्षण हों, वे अपने संबंधित ब्लाक के आईटीसी सेन्टर पर जाकर अपनी काउन्सिलिंग अवश्य करायें और जिन ब्लाकों में आईटीसी सेन्टर नही है, उन ब्लाकों के सीएचसी, पीएचसी पर लैब टेक्निशियन कार्यरत हैं, उनसे टेस्ट करायें।


कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित लोग।

## पीड़ित ने लगायी एसडीएम से न्याय की गुहार

जनसंदेश न्यूज

लालगंज (आजमगढ़)। मेहनगर तहसील के खरगपुर निवासी लालचंद राम पुत्र परशुराम ने उप जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि गांव के दबंग विजय कुमार हमारी पैतृक जमीन पर मकान बनवाने से रोक रहे हैं।

उन्होंने कि कहा हमारा मिट्टी का मकान था जो गिर गया था जिसका हम पुनः निर्माण कराना चाहते हैं लेकिन दबंगई के बल पर इसे रोक दिया गया। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने मेहनगर थाने पर कई बार चक्कर लगाया लेकिन कोई हल न निकलने से वह तथा उसका पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। इस मामले को लेकर उसने एसडीएम मेहनगर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। एसडीएम संत रंजन ने इस मामले को लेकर मेहनगर थाने पर जांच कर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

## दबंगों ने पत्रकार को घर में घुसकर पीटा

### पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

जनसंदेश न्यूज

अतरौलिया (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के भगतपुर निवासी राहुल मौर्या पुत्र राजाराम मौर्य पेशे से पत्रकार है। राहुल द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी घर के सामने कुएं पर ढक्कन लगवाने के सन्दर्भ में प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा पुलिस बल के सहयोग से ढक्कन रखने का आदेश पारित किया गया था। डीपीआरओ के आदेश का पालन न होने पर प्रार्थी द्वारा समाचार पत्र और अपने चैनल पर समाचार प्रकाशित करवाया था, जिसे संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों द्वारा ग्राम सचिव को आदेशित किया गया, जिसको लेकर ग्राम सचिव द्वारा नापी कराई जा रही थी। उस समय प्रार्थी घर पर नहीं था, विपक्षी द्वारा नापी नहीं करने दी गई। ग्राम सचिव के चले जाने पर विपक्षी द्वारा पत्रकार के घर में घुसकर उसकी दादी बहन और भाई को समाचार प्रकाशन को लेकर गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। तुम्हारा भाई अगर पुलिस के पास गया तो जान से मार दिया जायेगा। जैसे ही प्रार्थी को सारी बात की जानकारी हुई उसने इसकी जानकारी अपने पत्रकार संगठन के पदाधिकारियों को दी। संगठन के पदाधिकारियों द्वारा तुरंत उच्च अधिकारी तथा थाना प्रभारी से वातालर्प करके एफआईआर दर्ज करने की बात कही गयी। थाना प्रभारी द्वारा विपक्षी के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं पत्रकार संगठन आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष आशीष निषाद व मीडिया प्रभारी विनोद राजभर ने बताया कि किसी भी पत्रकार के साथ इस तरीके उत्पीड़न किया जाएगा तो हमारा संगठन चुप नहीं बैठेगा। उस को न्याय दिलाने का कार्य करेगा।

## केशव सिंह ने कैनवस बॉल क्रिकेट में स्वर्ण जीतकर जिले का नाम किया रोशन

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। एम.ए. स्टेडियम जम्मू एवं कश्मीर में 8 से 12 दिसंबर तक आयोजित 33वीं सीनियर नेशनल टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश टेनिस बाल क्रिकेट टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर ओवर आल विजेता ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। गोवा प्रदेश को हराकर उत्तर प्रदेश लगातार बना 7वीं बार विजेता। 33वीं सीनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में उतर प्रदेश टीम से इस बार आजमगढ़ के रहने वाले केशव सिंह ने गेंदबाज के रुप में प्रतिभाग किया था, केशव ने टीम के साथ गोल्ड मेडल जीतकर आजमगढ़ का मान बढ़ाया।

केशव सिंह ने बताया कि, भारत सरकार से मान्यता प्राप्त टेनिस बॉल क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए अब है सुनहरा मौका है, सरकारी नौकरी के लिए डायरेक्ट खेल कोटा से इस खेल में भी खिलाड़ियों के लिए अपार संभावनाएं हैं, रेलवे, पोस्टल डिपार्टमेंट सहित सभी विभागों में इस खेल से भी खिलाड़ियों को नौकरी मिल रही है। भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री सहजानन्द राय, भाजपा जिला महामंत्री सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, रजनीश श्रीवास्तव, चन्द्रहास राय, मयंक श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव, कुणाल खेमू, राज सिंह, अक्षत राय, राहुल श्रीवास्तव, राघवेंद्र सिंह, शिवम सहित दर्जनों खेल प्रशंषकों में केशव की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और लोगों ने केशव के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।


मेडल के साथ खिलाड़ी केशव सिंह।

### ट्रेलर-कार की टक्कर, दो घायल

आजमगढ़। सिधारी थाना क्षेत्र के नरौली स्थित तिरंगा चैराहे पर तेज गति से जा रही ट्रेलर ने एक कार को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में कार सवार दो लोग घायल हो गये। एयर बैग खुलने से ड्राइवर बाल-बाल बच गया। कार सवार ठेकमा के निवासी हैं जो आजमगढ़ शहर किसी कार्यवश आए थे। घर वापस जाते समय नरौली चैराहे पर वे जैसे ही पहलवान मूर्ति की तरफ जाने वाली सड़क पर मुड़े सामने से आ रहे ट्रेलर ने धक्का मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कार जाने वाली दिशा के विपरीत घूम गई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक को स्थानीय प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। ट्रेलर चालक घटना के बाद ट्रेलर के साथ फरार हो गया।

### बैठक 18 को

आजमगढ़। श्री सांगवेद महाविद्यालय हनुमानगढ़ी के व्यवस्थापक डॉ.श्रीनाथ सहाय के निधन से रिक्त व्यवस्थापक के पद पर निर्वाचन हेतु कार्यकारिणी समिति की निर्वाचन विषयक पर बैठक 18 दिसंबर रविवार को रैदोपुर कालीचैरा स्थित अध्यक्ष आवास पर आहूत की गई है। यह बैठक 4 दिसंबर को आहूत की गई थी परंतु कोरम के अभाव में स्थगित कर दी गई थी। निर्वाचन विषयक बैठक में सभी की उपस्थिति अनिवार्य है। उक्त आशय की जानकारी पद्मनाथ श्रीवास्तव एडवोकेट ने दी।

# दीप प्रज्ज्वलित कर डीआईजी ने किया महोत्सव का उद्घाटन

**शुभारम्भ**

**प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित**

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। मिशन हास्पीटल में आयोजित महोत्सव का उद्घाटन आजमगढ़ परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अखिलेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि क्रिश्चियन हास्पिटल सेवा संस्थान, हरबंशपुर से 7 संचालित संस्थाएं अपने कार्यों में खरा उतर रहे हैं। इन संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा मिशन महोत्सव में बाइबल रिडिंग प्रार्थना गीत, सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, स्वागत गीत तथा शिव तांडव एवं समूह नृत्य में भाग लेकर प्रस्तुति करना उनके स्वास्थ एवं प्रतिभा को दशार्ता है।

आगत अतिथि का स्वागत संस्थान के निदेशक डा.अशोक कुमार सिंह ने अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिह्न देकर किया। डा. सिंह ने कहा कि स्कूल ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा क्रिशमस तथा शीतकालीन अवकाश से पहले एक सप्ताह तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी मिशन महोत्सव में मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कार पाते है। जिसके तहत लकी ड्रा प्रतियोगिता में प्रीती यादव को डीआईजी अखिलेश कुमार ने मिक्सर देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में कृष्णा, प्रीती, आयुषी, अंशिका एवं उनकी टीम कृष्णा, रीमा चैहान, अनम, रिपुन, चंदा, गौरव, विपुल तथा कामिनी की टीम ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। संस्थान की विजनेश मैनेजर बीना सिंह ने सभी का मार्ल्यापण कर स्वागत किया। अध्यक्षता स्कूल ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य अवनी एनआर एवं संचालन शिक्षक अजीत पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर डा.गरिमा सिंह, डा. निरज सिंह, डा.बिनोद सिंह, डा.रिंकी सिंह, संदीप सिंह सोनू, डा. अर्पण श्रीवास्तव, डा.पंकज सिंह, डा. रामजी सिंह, डा.राजन बाबू श्रीवास्तव, डा.वेद प्रकाश सिंह, डा.आमिर, संदीप मौर्या आदि उपस्थित थे। शिब्ली नेशनल कालेज के सहायक प्रो.दर्शनशास्त्र डा.बीके सिंह ने आजादी के महापुरूषों की जीवन गाथा पर संकलित देश के 51 लेखकों द्वारा लिखित पुस्तक ह्यइनसे हैं हम आजमगढ़ केह्न डीआईजी को भेंट किया।


मिशन हास्पिटल में दीप प्रज्ज्वलित करते डीआईजी अखिलेश कुमार।

## संक्षेप

### महंगाई सहित सभी मुद्दों पर सरकार विफलः इस्तेयाज




आजमगढ़। बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने सहित दस सूत्री मांगों को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तत्वावधान में बुधवार को जिलामंत्री खरपत्तू राजभर के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया। इसके बाद एक प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान भाकपा, किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष इस्तेयाज बेग ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध, को लेकर आम जनता परेशान है, किसान महंगे दामों पर खेती कर रहा है लेकिन सरकार केवल पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए सत्ता में आई है। राज्य कमेटी के सदस्य हामिद अली ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार फेल रही है। संगठन की दस सूत्री मांगों में बढती महंगाई पर रोक लगाया जाए, बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए, जब तक रोजगार नहीं मिलता बेकारी भत्ता दिया जाय, दस हजार रूपया प्रति माह किसानों, मजदूरों, ग्रामीण दस्तकारों को वृद्धा पेंशन दिया जाए, क्रय केन्द्रों को सुचारू रूप से चलाकर धान की खरीद सुनिश्चित की जाए, मनरेगा मजदूरों को 200 दिन काम दिया जाए, महंगाई के अनुरूप दैनिक मजदूरी दिया जाए। इस अवसर पर पूर्व जिलामंत्री रामाज्ञा, दुर्बली राम, शिवमूरत, लालचन्द यादव, रामकेवल, वसीर अहमद, गुलाब मौर्या, श्यामा प्रसाद, मंगल देव, मखडू राजभर, रामनेत यादव, हरिगेन राम, जानकी मौर्या, रामचन्दर, रामलखन, रामकेवल, जियालाल, शहनवाज बेग, गंगादीन, वीरवल प्रजापति, दयाराम आदि मौजूद रहे।

### अभियान में 10 पुरुषों ने अपनाई नसबंदी



आजमगढ़। जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 21 नवंबर से 11 दिसंबर तक जिला पुरुष व महिला अस्पताल सहित नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन में पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी आईएन तिवारी ने बताया कि पखवाड़ा के दौरान अभी तक कुल 10 पुरुष और 310 महिलाओं ने नसबंदी अपनाई है। साथ ही कंडोम और गर्भनिरोधक गोली के अतिरिक्त पैकेटों की आपूर्ति भी की गयी। अप्रैल 2022 से लेकर अब तक 16 पुरुष नसबन्दी, 2428 महिलाएं ने नसबंदी, 4268 महिलाओं ने आईयूसीडी, 6262 ने पीपीआईयूसी, 5036 महिलाओं ने त्रैमासिक गर्भ निरोधक इंजेक्शन अंतरा अपनाया है। अभियान के दौरान आशा ने कंडोम व गर्भनिरोधक गोलियों के वितरण पर विशेष ध्यान भी दिया। नोडल अधिकारी डॉ.संजय कुमार ने कहा कि जिले में 28 नवंबर से 11 दिसम्बर तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ाह्व का आयोजन किया गया। पुरुष नसबंदी मामूली शल्य प्रक्रिया है। इसमें सामान्य सा ऑपरेशन होता है। इसमें व्यक्ति को उसी दिन अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है। परिवार नियोजन विशेषज्ञ अनूप राय ने बताया कि परिवार को सामाजिक एवं आर्थिक मजबूती बढ़ाने के लिए पुरुष आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

### बीसी सखियों को दिया गया यूनीफॉर्म



लालगंज (आजमगढ़)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विकास खण्ड परिसर के सभागार में एक ग्राम पंचायत एक बैंकिंग बीसी सखी को एक साडी ड्रेस के रूप में बीडीओ लालगंज व ब्लाक मिशन मैनेजर की देख रेख में वितरण किया गया। विकास खंड अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विकास खंड लालगंज के 23 ग्राम सभाओं में एक ग्राम पंचायत एक बैंकिंग बीसी सखी नियुक्त की गयी हैं। सभी बीसी सखियों को बुधवार को ब्लाक परिसर के सभागार में ड्रेस के रूप में एक साड़ी वितरण किया गया। ब्लाक मिशन मैनेजर अखिलेश कुमार ने बताया कि एक ग्राम पंचायत एक बैंकिंग बीसी सखी द्वारा ग्राम सभा के किसी भी योजना का पैसा हो या किसी बैंक में स्वयं का पैसा हो बीसी सखी के यहां से प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर बीसी सखी नंदिनी, निशा गौतम, वन्दना कुमारी, अन्जू चैरसिया, विमला, किरन राजभर, मौसम सिंह, जैसिका, रीता शर्मा, गोल्डी यादव, सिम्पल राय आदि को ड्रेस वितरण किया गया।

### तमंचा के साथ गिरफ्तार



लालगंज (आजमगढ़)। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गायत्री मोड़ के पास से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। पल्हना चैकी पुलिस अपराधियों की तलाश में क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान गायत्री मोड़ के पास से अभियुक्त रिषु सिंह उर्फ बुलबुल सिंह पुत्र स्व.मुसाफिर सिंह निवासी लहुआ कला थाना देवगाव को मंगलवार की शाम गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर और एक अदद कारतूस जिंदा बरामद किया। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

### आर्म्स ऐक्ट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना फूलपुर पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। फूलपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान ग्राम सुदनीपुर शबाना आजमी मोड़ के पास से महेन्द्र यादव पुत्र स्व.धर्मराज यादव निवासी डारीडीहा थाना फूलपुर के कब्जे से एक अदद देशी तमन्चा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### ट्रेन की चपेट में आकर महिला जख्मी

रानीकीसराय (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सेठवल गांव के समीप बुधवार की दोपहर लकडी तोड़ कर घर ले जा रही महिला ट्रेन की चपेट में आ कर जख्मी हो गयी। एम्बुलेंस से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रानी की सराय थाना क्षेत्र के सम्मोपुर गांव निवासी कई महिलाएं सेठवल गांव के समीप पोखरी के आस पास से लकड़ी काटने आ रही थी। बुधवार को महिलाएं लकड़ी का गट्ठर सिर पर रख कर घर के लिए जा रही थी। रमावती देवी रेलवे पटरी पार कर रही थी उसी दौरान शाहगंज से आजमगढ़ जा रही ताप्ती गंगा एक्सप्रेस की चपेट में आ गयी। नागरिकों ने सूचना एम्बुलेंस को दी। जख्मी हालत में उसे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया। महिला के सिर और हाथ में चोटे आई है।

### आशियाना बचाओ ग्रामवासी मोर्चा का धरना आज

आजमगढ़। प्रशासन द्वारा नये सर्वे के अनुसार कुल आठ ग्रामों के लगभग चार हजार घरों को तोड़ कर मंदुरी हवाई पट्टी का विस्तार करके अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाये जाने के विरोध में ग्रामसभा गदनपुर हिच्छनपट्टी, जमुआं हरिराम, जमुआं जोलहा, जिगिना, मंदुरी, जेहरा पिपरी, हसनपुर व कादीपुर के ग्रामवासियों ने आशियाना बचाओ मोर्चा बनाकर लगातारर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में 15 दिसम्बर गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित रिक्शा स्टैंड पर जनसभा एवं धरना करके जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री व उड्डयन मंत्रालय को ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम आयोजित किया है। उक्त आशय की जानकारी मोर्चा के संरक्षक ओम प्रकाश सिंह ने दी है।

### मारपीट के आरोप में सात गिरफ्तार

रानीकीसराय (आजमगढ़)। स्थानीय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो स्थानों से मारपीट के मामले में वांछित सात लोगो को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर मिश्र ने बताया कि दो स्थानों पर भूमि सबंधी मामले में मारपीट कर रहे थे। सात आरोपित गिरफ्तार किये गये हैं।

### छेड़खानी का आरोपी गया जेल

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना रानी की सराय पुलिस ने छेड़खानी में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्त अजय गिरी निवासी थाना तहबरपुर बताया जा रहा है।

# सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 101 जोड़े

**कार्यक्रम**

**मंत्र और आयतों से गुंजायमान रहा परिसर**

**जलपान व भोजन की समुचित व्यवस्था न होने से नवदंपति सहित लोगों में रहा रोष**

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** विकास खंड के मवईकलां गांव स्थित पंचशील डिग्री कालेज परिसर में बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा विकास खंड के विभिन्न गांवों के 101 जोड़ों का वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित नीरजानंद ने सौ जोड़ों का सामूहिक विवाह करवाया। वहीं एक जोड़े मुस्लिम का निकाह काजी अब्बास द्वारा करवाकर शादी की रस्म पूरी की गई। वैवाहिक स्थल पर वैदिक मंत्रों व आयतें गूंजती रही। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह संपन्न होने के बाद राज्यसभा सांसद अरुण सिंह के प्रतिनिधि धनंजय पांडेय समाजसेवी सुधीर सिंह बीडीओ कुलदीप कुमार द्वारा नवदंपतियों के सुखद जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया गया।

प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ने विवाह बंधन में बंधे सभी जोड़ों को दीवार घड़ी उपहार स्वरूप भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्रत्येक जोड़ो पर व्यवस्था के नाम पर छह हजार रुपए खर्च किए जाने की बात कही जा रही थी लेकिन वैवाहिक कार्यक्रम में वर वधू के साथ आने वाले लोगों को जलपान आदि की व्यवस्था नही किए जाने पर लोगों में रोष देखने को मिला। सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मी तथा ड्यूटी में तैनात कर्मचारी भी जलपान के लिए परेशान दिखाई दिए।

यहां तक कि समुचित ढंग से भोजन आदि की व्यवस्था नही किए जाने पर दर्जनों वर वधू सहित साथ में आए मेहमान बिना भोजन किए ही व्यवस्था को कोसते हुए घर चले गए। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चन्द्र दूबे, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, अरूण मिश्र, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कौशलेंद्र राय आदि मौजूद रहे।


विवाह में शामिल युगल दम्पति।


कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा व अन्य।

### सामूहिक विवाह से हर व्यक्ति का पूरा होता है सपना : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**लालगंज।** विकासखंड परिसर में बुधवार को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 4 मुस्लिम सहित 103 नव दंपतियों का विवाह संपन्न हुआ। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस नवनीत सेहरा ने वर बंधू समारोह में कहा कि सामुहिक विवाह समारोह में हर व्यक्ति का सपना पूरा होता है। कहा कि नये जोड़े भविष्य के दायित्व निर्वहन करते हुए बढ़ते रहें। आयोजन से सामुहिक संस्कार की भावना और भविष्य का निर्धारण होता है। उन्होंने पंडाल में पहुंचकर वर वधु को बारी बारी से आशीर्वाद दिया। डीसी मनरेगा मोहम्मद नफीस ने कहा कि विकास पथ विवाह से भी चलाता है। खंड विकास अधिकारी शिवनारायण सिंह स्वागत भाषण में बताया कि शासन के गाइडलाइन के अनुसार यह आयोजन किया गया है जिसमें 99 हिंदू वर बधू और चार मुस्लिम धर्म से निकाह किया। वर वधु को आशीर्वाद देने वालों में जिला पंचायत सदस्य कृष्ण गोपाल चौधरी, पूर्व प्रमुख नरेंद्र गिरि सहित ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य गण के साथ भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**4 मुस्लिम सहित 103 नव दंपतियों का संपन्न हुआ विवाह**

# नकली मौसी ने फर्जी आधार पर किया करोड़ों का बैनामा

**हेराफेरी**

**जालसाज गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** फर्जी दस्तावेज के सहारे एक करोड़ से अधिक की संपत्ति का फर्जी बैनामा कराने वाले गैंग का पर्दाफाश पुलिस अधीक्षक ने किया। इस मामले में 3 शातिर जालसाज को गिरफ्तार किया गया है। फर्जी आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बनाने में प्रयोग किये जाने वाले एक सीपीयू हार्ड डिस्क बरामद किया।

पुलिस लाइन में खुलासा करते हुए एसपी ने टीम को 20 हजार रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि 19 अगस्त 2022 को जनसुनवाई के दौरान सुरसत्ती देवी पत्नी स्व0 रामकृष्ण उर्फ रामकिशुन निवासिनी वार्ड न.14 सिकटिया परशुरामपुर थाना मुगलसराय जनपद चंदौली ने जानकारी दी थी। नामजद अभियुक्तों पर फर्जी दस्तावेज व आधार कार्ड तैयार कराकर अवैध ढ़ग से जमीन अपने नाम रजिस्ट्री कराने के सम्बंध में तहरीर दी थी।

अदलहाट थाना में मामला दर्ज कर कार्रवाई आरम्भ किया गया। क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव के नेतृत्व में थाना अदलहाट के वरिष्ठ उप निरीक्षक वंशनारायण यादव ने पुलिस टीम के साथ आज कस्बा से 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में अदलहाट थाना क्षेत्र के पचेंगड़ा निवासी रमेश यादव पुत्र कल्लू यादव, राजपुर के संदीप कुमार पुत्र रामपरावन तथा थाना जमालपुर के भरतपुर बियरही निवासी सन्तोष कुमार प्रजापति पुत्र मिठाईलाल को गिरफ्तार किया गया।

रमेश यादव के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर एक कारतूस बरामद किया गया। संतोष कुमार प्रजापति के कम्प्यूटर की दुकान से फर्जी आधार कार्ड तैयार करने में प्रयुक्त एक सीपीयू हार्ड डिस्क सहित बरामद किया। रमेश कुमार यादव पर फर्जी कागजात के सहारे जमीन हड़पने और अवैध असलहा रखने से जुड़े चार मामला पहले से दर्ज हैं।



मामले की जानकारी देते एसपी।

# दो दर्जन सवारियों को लेकर पलटा आटो

जनसंदेश न्यूज

**अफरा-तफरी**

**राजगढ़ थाना क्षेत्र के सरसो सेमरी गांव से लौट रहे थे आटो सवार**

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत राजगढ़ चुनार मार्ग पर हिनौता गांव के सामने तेज रफ्तार आटो लगभग दो दर्जन सवारियों को लेकर पलट गई जिसमें बैठे सभी लोग घायल हो गए। आनन-फानन में सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां स्वास्थ्यकर्मियों ने मिलकर व्यवस्थाओं को संभाला और प्राथमिक इलाज के लिए जुट गए। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर पवन कश्यप भी घायलों के परिजनों को ढांढस बंधाया और इलाज करने में जुट गए। जानकारी के अनुसार सोनभद्र जनपद के अलग-अलग जगहों से एक दूसरे के रिस्तेदार आटो में सवार होकर राजगढ़ थाना क्षेत्र के सरसो सेमरी गांव में आए थे जहां से लौटते समय आटो में लगभग दो दर्जन लोग बैठ गए और आटो ओवरलोड हो गई। वहीं चालक को नशे की हालत में बताया गया। जिसमें बच्चे बुढ़े और महिलाएं भी सवार थीं। इस दौरान राजगढ़ चुनार मार्ग के हिनौता गांव स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के पीछे खतरनाक मोड़ पर सामने से आ रही पीक अप से बचने के लिए अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें बैठे सभी सवारियों को चोटें आई हैं। घायलों में पूजा पुत्री रमेश 16, निवासी वार्ड नं 2 हर्ष नगर, जोखनी देवी पत्नी खरपत्तू उम्र लगभग 90 वर्ष निवासी पन्नूगंज सोनभद्र, उषा देवी पत्नी सुभराज 28 वर्ष खदरा रायपुर सोनभद्र, संजू देवी पत्नी रमेश 40 वर्ष निवासी हर्ष नगर सोनभद्र, संदीप कुमार पुत्र बल्लू 11 वर्ष निवासी हर्ष नगर सोनभद्र, आंचल पुत्री सुभराज निवासी खदरा रायपुर, सोनभद्र, आदि लोग घायल हो गए। जिसमें पूजा, उषा, संदीप कुमार सहित आधा दर्जन लोगों को गंभीर चोट पहुंची है जिसको देखते हुए डाक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# अपराध पर अंकुश लगाने के लिए करें प्रभावी कार्रवाई : एसपी

## एसपी ने की राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनपद के राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण के साथ जनपद में अपराध की समीक्षा के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में महिला सम्बन्धी अपराध, एस0सी0/एस0टी0 एक्ट से सम्बन्धित अपराध तथा अन्य गम्भीर अपराधों की सर्किल वार समीक्षा की गयी तथा इससे सम्बन्धित लम्बित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर यथाशीघ्र निस्तारण एव इस प्रकार के अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। समय-समय पर जनपद में पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित चलाये जाने वाले अभियानों को सफल बनाने, अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यवाही कराने के लिए सुदृढ पर्यवेक्षण हेतु सभी को निर्देशित किया गया। अवैध मादक, नशीले पदार्थों के बिक्री, भंडारण व परिवहर के पूर्णतः रोक थाम हेतु लगातार अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर प्रभावी पुलिस व्यवस्थापन करने, जनपद में अपराध पर नियन्त्रण तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकान्त प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन महेश सिंह अत्री, क्षेत्राधिकारी नगर परमानन्द कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी सदर शैलेन्द्र त्रिपाठी, अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# राजनीतिक दल कानून को अपने हाथ में न लें : कमिश्नर

**चेताया**

**समस्याओं के बारे में ली जानकारी**

**निकाय चुनावों के मद्देनजर दलों के साथ की बैठक**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त डॉ मुथुकुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत राजनैतिक दलों के साथ बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, अपर आयुक्त प्रशासन, मुख्य विकास अधिकारी भदोही भानु प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 मीरजापुर शिव प्रताप शुक्ल, सोनभद्र सहदेव मिश्र उपस्थित रहें। मण्डलायुक्त ने सभी राजनैतिक दल के पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया।

उन्होने कहा कि एक व्हाटसएप ग्रुप बनाकर सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को उसमें जोड़ने का निर्देश दिया। मण्डलायुक्त द्वारा सभी राजनैतिक दल के पदाधिकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी व सम्बन्धित अधिकारियों का निर्देशित किया कि समस्याओं का समाधान कर अवगत करायें। उन्होने कहा कि हमारा प्रयास है कि नगर निकाय सामान्य निर्वाचन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन हों। मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुये कहा कि मतदाता सूची में यदि किसी व्यक्ति का दो स्थलों पर नाम दर्ज है तो उसका परीक्षण कर एक स्थान से नाम हटा दिया जाय। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। मतदान केन्द्रों के बारे में जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि सभी मतदान केन्द्रों पर पहले से सुनिश्चित कर ले कि वहां प्रकाश, विद्युत शौचालय आदि व्यवस्था हो। उन्होने कहा कि कोई भी राजनैतिक दल कानून को अपने हाथ में न लें यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो प्रशासन को अविलम्ब अवगत करायें उसका समाधान किया जायेगा।

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने राजनैतिक दलों से कहा कि जो भी संवेदनशील बूथ है उसकी मानिटरिंग पहले से ही करा ली जायेगी और किसी प्रकार समस्या उत्पन्न नही होने दी जायेगी। उन्होने कहा कि संवेदनशील अति संवेदनशील बूथों का चिन्हीकरण कर लिया गया हैं।

उन्होने बताया कि जनपद में संवेदनशील बूथ 18, अति संवेदनशील बूथ 58 एवं अति संवेदनशील प्लस 08 केन्द्र हैं। रूट चार्ट की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है, पोलिंग पार्टी प्रस्थान, वापसी एवं मतगणना केन्द्रो का चिन्हीकरण कर लिया गया हैं।


बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को संबोधित करते आयुक्त।

### जिले के छात्रों ने भदोही में लहराया परचम

**अदलहाट।** श्री राम प्रसाद सिंह बालिका इण्टर कॉलेज शेरपुर की छात्राओं ने विन्ध्याचल मण्डल की ओर से आयोजित मण्डलीय रैली में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दो दिवसीय गाइड रैली 10 से 12 दिसम्बर तक विभूति नारायण राजकीय इण्टर कॉलेज ज्ञानपुर, भदोही में आयोजित की गई थी। जिसमें छात्राओं ने कड़े संघर्ष के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें जिला विद्यालय निरीक्षक ने मेडल देकर सम्मानित किया। रैली समापन के बाद शेरपुर स्थित विद्यालय में प्रधानाचार्य डॉ० नमिता ने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत कर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिवार ने छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# निर्वाचन आयोग के आदेशों को ठीक से पढ़ लें : उपजिला निर्वाचन अधिकारी

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** उप जिला निर्वाचन अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग आफिसरों की नियुक्ति कर प्रशिक्षण दिया गया। उन्होने कहा कि एक उम्मीदवार अधिकतम चार नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकता हैं। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार की आयु 30 वर्ष व सदस्य की 21 वर्ष होनी चाहियें।

उन्होने कहा कि समस्त आदेशों/निर्देशों व रिटर्निंग आफिसर की हस्तपुस्तिका का भली भांति अध्ययन कर लें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 के अन्तर्गत नामांकन पत्रों की बिक्री नामांकन पत्रों का दाखिला, नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी व प्रतीक आवंटन का कार्य नगर पालिका परिषद मीरजापुर के अध्यक्ष पद हेतु उप जिलाधिकारी सदर न्यायालय कक्ष कलेक्ट्रेट एवं तहसील में तथा नगर पालिका परिषद चुनार व अहरौरा के अध्यक्ष/सदस्य पद हेतु तहसील चुनार एवं नगर पंचायत कछवां के अध्यक्ष/सदस्य पद हेतु तहसील अपर उप जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष कलेक्ट्रेट में किया जायेगा। उन्होने समत रिटिर्निंग आफिसर/सहायक रिटिर्निंग आफिसर को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने निकाय के अध्यक्ष/सदस्यों के आरक्षण की श्रेणी का अन्तिम रूप से प्रकाशित सूची की प्रति अवश्य प्राप्त कर लें। नाम निर्देशन पत्रों की ब्रिकी तथा उसकी प्राप्ति की प्रतिदिन की सूचना निर्धारित प्रारूप में नियंत्रण कक्ष एवं जिला निर्वाचन कार्यालय पंचायत एवं नगरीय को अवश्य उपलब्ध करायी जायेगी। प्रत्याशियों द्वारा बैंक खाता खोलकर उसी खाते के माध्यम से व्यय किया जायेगा। बैठक में उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभान सिंह, चुनार नीरज पटेल, न्यायिक चुनार विजय नारायण सिंह, डिप्टी कलेक्टर सिद्धार्थ, सभी रिटर्निंग आफिसर/ सहायक रिटर्निंग आफिसर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।


बैठक में शामिल अधिकारियों को संबोधित करते एडीएम वित्त।

### युद्ध स्तर पर हो रही है नहरों की सफाई : अवर अभियंता

**जमालपुर।** रबी के सीजन में किसानों को अंतिम छोर तक भरपुर पानी पहुंचाने के उद्देश्य से सिंचाई विभाग ने खाका तैयार करते हुए करीब 11.200 किमी नहर और माइनरों की सिल्ट सफाई का कार्य किया गया जिससे क्षेत्रीय किसान राहत महसूस कर रही हैं। वहीं नहरों की मरम्मत से इनके हेड से लेकर अंतिम छोर पर बसे किसानों को जीवनदान मिलने की उम्मीद जगी है। ओडी, हसौली, गोगहरा, बियरही, विक्सी, करजी, सहित तमाम गांव के किसानों ने बताया कि क्षेत्र में कई वर्षों बाद पहली बार इस तरह से सिल्ट सफाई का कार्य हुआ है जिससे जिले में इस तरह के कार्यों का एक अलग पहचान बनेगी। अवर अभियंता अश्विनी कुमार ने बताया कि नहरें ही हमारे विभाग की आंख और कान है जिससे हमारा मूल्यांकन होगा। नहरों के मरम्मत और सिल्ट सफाई का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है जिसमें अब तक कुल 11.200 किलोमीटर तक माईनर सफाई का कार्य पूरा किया चुका है। शेष बचे 1.600 किमी नहरों का कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। वहीं हर एक पुल और पुलिया का रंग रोगन के साथ माइनर का नाम और किमी अंकित किया गया है।

# पौधों की सुरक्षा को तत्काल लगवायें टी गार्ड : सीडीओ

## कर्णावती नदी पर चेक डैम का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**जिगना।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वी एस ने विकास खंड छानबे के ग्राम पंचायत रामपुर भटेवरा विजयपुर कामापुर कला में मनरेगा योजना अंतर्गत कराये गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया। बुधवार की सुबह सीडीओ श्रीलक्ष्मी वी एस बुधवार को उपायुक्त श्रम रोजगार (मनरेगा )मो नफीस व खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता के साथ ग्राम पंचायत रामपुर में नाला सफाई व निर्माण कार्य देखने के बाद भटेवरा में कर्णावती नदी पर बने चेक डैम व सिल्ट सफाई का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत विजयपुर की पहाडी स्वरुपानंद आश्रम के पास विन्ध्यवाटिका का निरीक्षण किया। यहां पर ग्राम प्रधानों अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत विजयपुर द्वारा लगभग साढे 17 सौ पौधे लगाए गए थे जिसमें 90 प्रतिशत पौधे हरे भरे हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल ने बिजली की मांग किया। मुख्य विकास अधिकारी ने पौधों की सुरक्षा हेतु टी गार्ड व बेंच लगवाने, लाईट की व्यवस्था करने व बोर कराकर पम्पिंग सेट से पौधों की सिंचाई कराने का निर्देश दिया। कामापुर कला में नाला सफाई व अमृतसरोवर का निरीक्षण किया। रास्ता में घास आदि की सफाई कराने का निर्देश प्रधान को दिया। इस दौरान दौरान खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता सहायक विकास अधिकारी पंचायत पियूष दुबे, एडीओ सांख्यिकी विन्ध्यवासनी पाठक, सचिव राकेश तिवारी, सौम्या सिंह, बृजेश सिंह, गुलाम रसूल, राज कुमार, व ग्रामीण मौजूद रहे।


निरीक्षण करतीं सीडीओ।

## संक्षेप

### सरिया चोरी के आरोप में पुलिस ने भेजा जेल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव में कृषि विभाग के बहुद्देशीय भवन से बीते अक्टूबर माह में पंद्रह बंडल सरिया चोरी मामले में वांछित चल रहे आरोपी संतोष कुमार दुबे उर्फ गोरे लाल को मुखबिर की सूचना पर बुधवार सुबह पुलिस ने हथेड़ा गांव स्थित गुलाब तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बीते अक्टूबर माह में हथेड़ा गांव में कृषि गोदाम के निमार्णाधीन बहुद्देशीय भवन से पंद्रह बंडल सरिया चोरी हो गई थी। इस संबंध में ठेकेदार अंकित पांडेय ने बीते 26 अक्टूबर को हलिया थाने में प्रदीप बिंद निवासी रामपुर मांझा थाना करंडा जिला गाजीपुर के विरुद्ध सरिया चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के दूसरे दिन ही आरोपी प्रदीप बिंद और अरूण कुमार यादव निवासी पुरवा औसान सिंह थाना हलिया को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई सरिया बरामद कर जेल भेज दिया था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि हथेड़ा गांव स्थित कृषि गोदाम के सरिया चोरी मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

### शादी समारोह में तमंचा लहराने का वीडियो वायरल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत कमलेश भूज के यहां बारात आई थी। रात में एक व्यक्ति द्वारा तमंचा लहराने का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो वायरल होते ही स्थानीय पुलिस को सूचना मिली मौके पर पहुंची पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर तमंचा लहराने वाले व्यक्ति को धर दबोचा और थाने ले आई। वहां पूछताछ व जामा तलाशी की गई। जिसे बुधवार को सुबह पूछताछ के बाद चेतावनी दे कर छोड़ा गया। हलिया प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के अनुसार छोटू मोदनवाल निवासी करमा बाजार, थाना घूरपुर जिला प्रयागराज का निवासी है। इसके पास से तलाशी के बाद लाइटर मिला था। किसी ने तमंचा लहराने का वीडियो वायरल कर दिया था। जिसकी तलाशी के बाद ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ निवासी हलिया को सुपुर्द करते हुए हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।

### संदिग्ध परिस्थिति में लगी आग से जल गया पुआल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वस्तरा राजा गांव में 40 कुन्तल धान का रखा हुआ पुआल अज्ञात परिस्थितियों में आग लगने से जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस अपने सूझबूझ से आग को बुझाने का प्रयास किया गया किंतु आग बुझाते बुझाते पूरा पुआल जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तरा राजा गांव निवासी लल्लन पाण्डेय का 40 कुन्तल धान का पुआल रखा हुआ था कि बुधवार दोपहर 12 बजे अज्ञात परिस्थिति में आग लग गई। आग लगने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ग्रामीणों के सहयोग से समरसेबल के माध्यम पानी की व्यवस्था कर आग बुझाने का पूरा प्रयास किया गया। किंतु आग बुझाते बुझाते 40 कुन्तल धान का रखा हुआ पुआल जलकर राख हो गया। संयोग अच्छा यह था कि जलते हुए पुआल के पास ही लल्लन पाण्डेय का तैयार धान एवं अनाज रखा हुआ था, वह बच गया यदि समय से पुलिस न पहुंची होती तो आग के लपेट में अनाज भी आ जाता।

### अज्ञात वाहन के धक्के से अधेड़ की मौत

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उसरा (पथरौरा) गांव में अज्ञात वाहन से धक्के से 55 वर्षीय अधेड़ की मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी पर थाना प्रभारी निरीक्षक अदलहाट बिजय कुमार चौरसिया घटना स्थल पर पहुँचकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहाँ चिकित्सकों मृत घोषित कर दिया। रामलाल यादव 55 वर्ष पुत्र स्व० रामनन्दन यादव निवासी उसरा पर (पथरौरा) थाना अदलहाट की बीती रात्रि किसी अज्ञात वाहन से धक्का लग जाने से घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अदलहाट बिजय कुमार चौरसिया तत्काल घटना स्थल पर पहुँचकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहाँ चिकित्सकों मृत घोषित कर दिया। यह घटना बीती रात्रि लगभग 8 बजे की है।

### नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना जमालपुर पर 10 दिसम्बर को थाना जमालपुर क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जहां एसपी के निर्देशन पर बुधवार को प्रभारी थाना जमालपुर उ0नि0 रामज्ञान सिंह मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर अपहृता को बरामद करते हुए आरोपी संजू कुशवाहा पुत्र सन्तू कुशवाहा निवासी जमवां थाना लहार जनपद भिंड मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### हॉट शाखा पर सुगमता से धान की तौल कर रहे क्रय केंद्र प्रभारी

**कलवारी।** कलवारी स्थित हाट शाखा पर किसानों के धान फसल की खरीद तेजी से की जा रही है। हॉट शाखा पर क्रय केंद्र प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह खुद किसानों के धान फसल की खरीद कराते है। किसानों की सुविधा के लिए हॉट शाखा पर पर दो सेंटर बनाए गए हैं जिससे किसानों के धान की फसल की खरीद सुगमता से की जा सके। किसानों को एक सप्ताह पहले केंद्र प्रभारी द्वारा धान बेचने की सूचना दे दी जाती है जिससे किसान को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। हॉट शाखा पर दोनों सेंटरों को मिलाकर 10000 कुंटल धान की खरीद की जा चुकी है, जबकि दोनों से धान खरीद लक्ष्य 35000 कुंटल है। क्रय केंद्र प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि हॉट शाखा पर दो सेंटर हैं। इन दोनों सेंटरों पर धान की खरीद की जा रही है। इस दौरान किसान रमेश, कृपाशंकर, सुरेश, पंचू, महेश, कपिल, राधेश्याम व अन्य किसान मौजूद रहे।

### पीड़ित छात्रा ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

**मीरजापुर।** पीड़ित महिला द्वारा अपनी पुत्री अकांक्षा जायसवाल प्रधानाध्यापिका द्वारा गलत तरीके से विद्यालय के प्रांगण साफ कराने व घास-फुस, पेड़ के पत्ते बिनने तथा शौच के डब्बों से गमले में पानी डलवाने को लेकर डीएम का पत्रक दिया है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाते हुए बताया है कि उनकी पुत्री जोकि स्व0 कांशीराम राजकीय इण्टर कालेज मुसफ्फरगंज मीरजापुर में कक्षा 11 की छात्रा है जो कि विद्यालय में अध्ययन करती है। प्रार्थिनी की पुत्री पढ़ाई के सही समय पर विद्यालय में उपस्थित हो जाती है। विद्यालय के सभी नियमों का पालन करते हुए पठन-पाठन का कार्य करती है लेकिन वहाँ के प्रधानाध्यापिका का आचरण ठीक नही है। वह अपना पद का रौब जमाते हुए प्रार्थिनी की पुत्री को कहा कि ये कोई समय है विद्यालय आने का और कहा कि चलो आज विद्यालय के प्रांगण का धास फुस साफ करो तथा पेड़ के पत्ते बिनो तुम्हारी यही सजा है इसके पूर्व में प्रार्थिनी के पुत्री के साथ कई बार ये प्रक्रिया कर चुकी है आये दिन विद्यालय के सभी छात्राओं के साथ ये प्रक्रिया करती रहती है। जब पीड़ित महिला की पुत्री नही कर रही थी। तब कई प्रकार के अपशब्द शब्दों का प्रयोग करने लगी। जिससे प्रार्थिनी के पुत्री से करीब 30 मिनट कार्य कराती रही जिससे पठन पाठन के पढ़ाई की प्रक्रिया में अवरोधक बना।

### मीरजापुर की आकृति को बीएचयू में मिला गोल्ड मेडल

**मीरजापुर।** नगर की युवा प्रतिभा आकृति केसरी को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के 102 वें दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। यह पदक पर्सनल मैनेजमेंट एंड इंडस्ट्रियल रिलेशनशिप की मास्टर डिग्री में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर प्रदान किया गया है। दीक्षांत समारोह फैकेल्टी आफ सोशल साइंस के सभागार में फैकल्टी के डीन प्रोफेसर बिंदा डी.परांजपेय के कर कमलों द्वारा दिया गया। भारत विकास परिषद के उपाध्यक्ष राम कुमार केसरी की पुत्री की सफलता पर परिषद के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता जताया हैं। दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल लेने के लिए आकृति के साथ उसके माता-पिता सभागार में उपस्थित थे।आकृति ने अभी हाल ही में एनटीपीसी द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता अर्जित किया हैं। उसका चयन एच.आर. के पद पर हुआ है, जिसका प्रशिक्षण उड़ीसा प्रांत के टल्चर सुपर थर्मल पावर प्लांट में एनटीपीसी द्वारा कराया जा रहा है। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष गोवर्धन त्रिपाठी एवं जिला संयोजक सुशील सिंह तथा प्रांतीय संगठन मंत्री ऋषि शुक्ला, डॉ गणेश प्रसाद अवस्थी, विष्णु नारायण मालवीय आदि ने उक्त सम्मान के लिए आकृति के माता-पिता जो उसकी पढ़ाई में सहयोगी थे उनको भी आकृति के साथ-साथ बधाई दिया है।

### कृषि निवेश एवं कृषि रबी गोष्ठी

**मड़िहान।** विकास खण्ड कैम्पस में बुधवार को कृषि निवेश एव कृषि रबी गोष्ठी कार्यक्रम सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप निदेशक कृषि अशोक कुमार उपाध्याय द्वारा सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीपप्रज्वलित के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग के डाक्टर सुधीर श्रीवास्तव द्वारा खेती में कम लागत पर अधिक उपज, लाइन से बुवाई के तमाम फायदे व जैविक खेती की जानकारी दिए। किसान गुलाब चंद दूबे, हिन्छलाल मौर्य, ज्ञानदास पटेल ने नील गाय व देशी छुट्टा गाय से फसल नुकसानी से बचाव हेतु मांग रखा जिस पर कृषि विभाग के आलाधिकारी भी चुप्पी साध लिए। समस्या का हल नही निकलने से किसानों में इस विकट समस्या को लेकर मायूसी छा गई। किसान हंसलाल सिंह पटेल, विमल पटेल, बसंतलाल दूबे द्वारा सोनलिफ्ट का पानी मड़िहान ब्रांच के टेल की सभी माइनरों में छोड़े जाने की मांग किया। किसान कन्हैया लाल सिंह नेवढ़िया ने एक ट्राली पुआल बृहद गौ आश्रय पटेहरा में दान स्वरूप दिया। कार्यक्रम में उप निदेशक कृषि अशोक कुमार उपाध्याय द्वारा कृषक उत्पादक संगठन के रजिस्ट्रेशन से फायदे पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बीडीओ शरद कुमार सिंह, एडीओ श्रीकृष्ण उपाध्याय, राजेश गौतम, अनुज कुमार पटेल, विमल कुमार पटेल, अनूप कुमार रावत, जेई एमआई बृजमोहन सिंह रहे। संचालन सुरेश सिंह ने किया।

# कृषि अधिकारी समेत छह अफसरों को शो-कॉज नोटिस

## सीएम के विकास प्राथमिकता वाले 37 बिन्दुओं की समीक्षा, विकास कार्यो में शिथिलता पाए जाने पर लगाई फटकार

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकास कार्यक्रमों व मुख्यमंत्री के प्राथमिकता से सम्बन्धित बिन्दुओं की समीक्षा किया। डीएम ने कार्य में लापरवाही पाए जाने पर जिला कृषि अधिकारी समेत आधा दर्जन अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। कहा कि विकास कार्य में शिथिलता किसी में सूरत में बर्दास्त नहीं की जाएगी। इसके लिए जो भी जिम्मेदार होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सिंचाई विभाग द्वारा नहरों की शिल्ट सफाई का कार्य प्रगति धीमी पायी गयी। डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नहरों की शिल्ट-सफाई में शिथिलता बरतने पर अधिशासी अभियन्ता सिंचाई मीरजापुर नहर प्रखण्ड, सिंचाई निर्माण प्रखण्ड रावट्र्सगंज व बन्धी प्रखण्ड को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नहरों की शिल्ट सफाई के प्रगति में सुधार न होने पर सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों की मरम्मत व निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा में निर्माण खण्ड-2 द्वारा सड़कों की निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी पायी गयी। डीएम ने अधिशासी अभियन्ता को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये।

50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा में यूपी सिडको, राजकीय निर्माण निगम व निर्माण कार्यों हेतु अन्य नामित एजेन्सियों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति धीमी पायी गयी। जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण कार्यों की प्रगति सुधार न होने पर सम्बन्धित अधिकारी व ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नवीन राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय लोढ़ी राबटर्सगंज एवं राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय उम्भा घोरावल के निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी पायी गयी। जिस पर जिलाधिकारी ने एई सिडको को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये हैं। इसी प्रकार से डीएम ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड हेल्थ व वेलनेशन सेन्टर के निर्माण कार्य व एनआरसी सेन्टर के संचालन समीक्षा में सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पतालों में सीजेरियन प्रसव कराया जाये, अनावश्यक रूप से प्राईवेट अस्पतालों में जाने की सलाह न दी जाये। इस दौरान उन्होंने श्रमिक पंजीयन के प्रगति की समीक्षा की। जनपद में यूरिया, डीएपी की उपलब्धता वितरण आदि के प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली और उप निदेशक कृषि, एआर को-आपरेटिव को निर्देशित किया। आरईडी विभाग द्वारा कराये गये निर्माण कार्यों का सत्यापन जिला कृषि अधिकारी द्वारा नहीं किया गया है। जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। जिस पर डीएम ने जिला कृषि अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये हैं।


कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते हुए जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, एके गुप्ता उप निदेशक कृषि, जिला पूर्ति अधिकारी गौरी शंकर शुक्ला, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ओम प्रकाश यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह आदि रहे।

# समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को मिलाया फोन

**गुहार**

### सदर विधायक ने लगाया जनता दरबार, सुनी समस्याएं

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** सदर विधायक भूपेश चौबे ने बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की समस्याओं को सुना। विधायक ने समस्याओं के समाधान को लेकर तत्काल संबंधित अधिकारी को फोन मिलाकर निस्तारण करने का निर्देश दिया।


जनता दरबार में समस्या सुनते सदर विधायक भूपेश चौबे

विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए लोगों ने विधायक के समक्ष निजी व सार्वजनिक समस्याओं को रख कर उसके निस्तारण की मांग की। विधायक ने जनहित से जुड़ी कई समस्याओं का मौके पर समाधान करने के साथ ही अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित मामला छाया रहा। चुर्क के वार परसौना से आयी दर्जनों महिलाओं ने अपनी समस्या विधायक के समक्ष रखी। उनका कहना है कि चेरो बिरादरी को सरकार की तरफ से आवास बनाने के लिए स्वीकृति मिली है, जिस पर हम सभी लोग ग्राम सभा की जमीन पर आवास बना रहे है लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा रोक लगा दिया जा रहा है। जिससे हम सभी लोग परेशान हो गए है। विकास नगर कालोनी से पुसौली मार्ग तक क्षतिग्रस्त सड़क को बनवाने के लिए लोगों ने मांग पत्र सौंपा। विधायक ने सभी प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए लोगों की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। जनता को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को दे रही है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, भाजपा नेता संतोष शुक्ला, राजेश सोनी, रामभरोसे मूसहर, मनीष मिश्रा, कैलाश खरवार, धीरज केशरी आदि मौजूद रहे।

# शाश्वत मंच ने फूंका खनन निरीक्षक का पुतला

## महिला की गाड़ी से कुचलवा कर हत्या कराने का आरोप

**जनसंदेश न्यूज**

**ओबरा।** शाश्वत मंच के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पीजी कालेज चौराहे पर खनन विभाग के खनन निरीक्षक का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। इस दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं ने खनन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी किया। संयोजक श्याम जी मिश्रा ने खनन निरीक्षक ईश्वर चंद पर जानबूझ कर एक महिला पर गाड़ी चढ़ाकर कुचलने का आरोप लगाते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज करन की मांग किया है। कहा कि इनके खिलाफ धारा 302 के तहत मुकदमा होना चाहिए। बताया कि खनन निरीक्षक व्यापारियों से पैसा की भी वसूली कर प्रदेश सरकार को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। दो दिन पूर्व लोढ़ी के समीप हाइवे पर महिला की मौत के मामले में खनन निरीक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।


पीजी कॉलेज चौराहे पर नारेबाजी करते मंच के लोग

पुतला दहन में पवन भारती, शिबू भारती, पवन राव, अनिल, सोनू, कृष्णा सावंत, हंसराज आदि लोग शामिल रहे।

# अपराध नियंत्रण में अहम साबित होगा पुलिस सहायता केंद्र

**जनसंदेश न्यूज**

**ओबरा।** स्थानीय सुभाष तिराहे पर नपं द्वारा बनाये गए पुलिस सहायता केंद्र का बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान एसपी व नपं अध्यक्ष प्रानमती देवी ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का लोकार्पण किया। एसपी श्री सिंह ने कहा कि पुलिस सहायता केंद्र आम जन की सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।


फीता काटकर शुभारम्भ करते एसपी डा. यशवीर सिंह

पुलिस सहायता केंद्र का निर्माण हो जाने से आमजन की सुरक्षा हेतु पुलिस नियमित रहेगी। आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखने के साथ ही चोरी आदि की घटनाओं पर भी विराम लग सकेगा। 24 घंटे पुलिस के जवान मौजूद रहेंगे। किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी होगी तो पुलिस सहायता केंद्र पर आकर सहायता ले सकते हैं। पुलिस सहायता केंद्र सीसीटीवी कैमरे से लैश है। शहर की हर गतिविधि को सीसीटीवी के सहारे देखा जाएगा। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी शंकर प्रसाद, थाना प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश पांडेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुशील गोयल, आलोक भाटिया, अनिल सिंह, दुर्गा प्रसाद, उमेश पटेल, रविन्द्र गर्ग, पवन मिश्रा, विजय कुमार, महेंद्र प्रसाद, ट्रैफिक इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार यादव, इंस्पेक्टर क्राइम केदारनाथ मौर्य, कस्बा चौकी प्रभारी अमित त्रिपाठी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जमीन आवंटन न होने से आदिवासियों में रोष

**जनसंदेश न्यूज**

**म्योरपुर।** आदिवासी वनवासी महासभा के बैनर तले वनाधिकार समिति पदाधिकारियों की मीटिंग में वनाधिकार पट्टा वितरण समारोह के एक महीना बीत जाने पर जमीन आवंटन न होने से तीखी प्रतिक्रिया की गई। प्रस्ताव पारित कर सरकार से मांग की गई कि 15 नवंबर को जनपद में मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित पट्टा वितरण समारोह में जिन 3934 आदिवासियों को स्वीकृत प्रमाण पत्र जारी किए गए, उन्हें तत्काल जमीनें आवंटित की जायें और शेष बचे आदिवासियों व अन्य वन परंपरागत निवासियों को भी जमीन आवंटन के लिए प्रक्रिया शुरू की जाये। आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रदेश संगठन महासचिव दिनकर कपूर ने कहा कि जल्द ही जिलाधिकारी से एक प्रतिनिधि मंडल भी मिलेगा और वनाधिकार कानून के मुद्दे पर वार्ता की जायेगी।

# ओबरा तहसील भवन के लिए वकीलों का कार्य बहिष्कार

## कोर्ट का कामकाज रहा प्रभावित, वादकारी रहे परेशान


राबटर्सगंज कचहरी परिसर में विरोध-प्रदर्शन करते वकील

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** ओबरा में तहसील बनाए जाने की मांग को लेकर चल रही सोनांचल बार एसोसिएशन ओबरा की हड़ताल का समर्थन करते हुए बुधवार को वकीलों ने राबटर्सगंज कचहरी परिसर में विरोध-प्रदर्शन करते हुए कार्य का बहिष्कार किया। जिसकी वजह से कोर्ट का कामकाज प्रभावित रहा और वादकारी परेशान रहे।

सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने कहा कि अधिवक्ताओं द्वारा ओबरा में तहसील भवन बनाए जाने की मांग को लेकर 45 दिन से भी अधिक का समय हड़ताल पर रहते गुजर गया, किंतु प्रशासन की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से सोनभद्र बार एसोसिएशन को ओबरा तहसील की जायज मांग का समर्थन करना पड़ रहा है। इसी प्रकार से अन्य अधिवक्ताओं ने भी बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में एसबीए के पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, महामंत्री चन्र्दपाल शुक्ला, दिनेश दत्त पाठक आदि अधिवक्ता शामिल रहे।


# एआरटीओ परिसर को दिया गया पुष्प वाटिका का रूप

**प्रशंसनीय**

### अफसर ने बनाया खुशनुमा माहौल पर्यावरण संरक्षण के लिए हरियाली अभियान का प्रयास सफल

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** जब भी आप किसी बगीचे में घूमने जाते हैं तो वहां के आसपास की फैली हुई हरियाली और खूबसूरती अक्सर आपका मन मोह लेती है। ऐसे में अगर आपको फूलों और खूबसूरती से भरा गार्डन देखने को मिल जाएं तो आपका मन खुशी से झूम उठेगा। आज हम आपको ऐसे ही एक गार्डन के बारे में बताने जा रहें जो अलग-अलग तरह के फूलों से भर पड़ा है। यहां पर आने के बाद आपका घर वापस जाने का मन नहीं करेगा। फूलों से भरे इस गार्डन की खूबसूरती देखकर आप भी दंग रह जाएंगे।


एआरटीओ परिसर में खिले रंग-बिरंगे फूल

पर्यटन स्थल सोन इको प्वाइंट से महज एक किमी दूरी पर जनपद का उप सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय (एआरटीओ) है और यह जिले का पहला ऐसा सरकारी दफ्तर है जहां फूलों की बागवानी से सजा पड़ा है। परिसर में तरह-तरह के सुंदर खिले फूलों जिसमें पारिजात, कामिनी, गुड़हल, गुलाब, वैजंती, सर्पगंधा, लेमन ग्रास समेत विभिन्न प्रकार के फूल परिसर की शोभा बढ़ा रहे हैं। वही लाल, गुलाबी, नीले, पीले, सफेद रंग के यह फूल मनमोहक खुशबू से परिसर ही नहीं, आसपास के माहौल को भी सुगंध बिखेर रहे हैं। इसके अलावा अमरुद, आम, कटहल, सहिजन, पीपल, बरगद, सागौन, शहतूत आदि के फलदार और औषधि वृक्ष पर्यावरण संरक्षण के लिए अहम कड़ी बन रही हैं। परिसर को हरा भरा रूप देने में संभागीय निरीक्षक आलोक यादव का अहम योगदान है। इनके प्रयास की लोग सराहना कर रहे हैं। संभागीय निरीक्षक श्री यादव बताते हैं कि ये पौधे जैसे-जैसे बड़े होते हैं, आपसे एक भावनात्मक रिश्ता जोड़ते हैं और इन फूलों की खुशबू अलग अहसास कराती है। प्लास्टिक के नकली फूलों या पौधों से यह भावनात्मक रिश्ता कभी नहीं बन पाता।

# उत्पीड़न और खनन में प्रयुक्त मशीनों पर रोक लगाने की मांग

**सोनभद्र।** बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपने राज्यव्यापी आंदोलन के तहत कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार से जुलूस निकाल कर सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन के माध्यम से 21 सूत्रीय मांग पत्र उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल को भेजा। वक्ताओं ने मांग किया कि किसानों को खाद बीज समय से दिया जाए, कालाबाजारी रोकी जाए सरकार ने किसानों को मुफ्त बिजली की व्यवस्था का वादा किया था उसे पूरा करें बिजली कनेक्शन में हो रहे भ्रष्टाचार को दूर किया जाए। प्रदेश के अंदर रजिस्ट्री शुल्क में बेतहाशा वृद्धि की गई है इसे वापस लिया जाए। मनरेगा में 800 प्रति दिन मजदूरी तथा 200 दिन का काम दिया जाए जेसीबी से काम रोका जाए और खनन क्षेत्र में गैरकानूनी तरीके से चल रहे जेसीबी, पोकलेन व नाव पर रोक लगा कर परंपरागत खनन मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जाय। इस अवसर पर जिला सचिव कामरेड आरके शर्मा, देव कुमार विश्वकर्मा, अशोक कुमार कन्नौजिया, बुद्धिराम, हृदय नारायण गुप्ता, दलबीर सिंह खरवार, संतोष कुमार, एसएस मिश्रा, अमरनाथ बिंद, प्रेमचंद्र गुप्ता, कामरेड हनुमान, गुलाब सिंह, दिनेश्वर वर्मा, रीना देवी, राजाराम बारगाह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्षता कामरेड लालता प्रसाद तिवारी ने किया और संचालन मजदूर नेता कामरेड अमरनाथ सूर्य ने किया।


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते भाकपा कार्यकर्ता

## संक्षेप

### विद्यालयों के कायाकल्प में ग्राम प्रधान करें पूरा सहयोग


विधायक को बुके देकर स्वागत करते बीईओ

**म्योरपुर।** स्थानीय बिड़ला विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कालेज के प्रांगण में बुधवार को ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी निकाय सदस्यों का एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि विधायक रामदुलार गोंड़ ने कहा कि सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने एवं इसके आधुनिकीकरण के लिए प्रयासरत हैं। बीईओ देवमणि पांडेय ने कहा कि विद्यालयों का कायाकल्प करके विद्यालयों को 18 पैरामीटर तक संतृप्त किया जा रहा है। म्योरपुर ब्लॉक में कुल 314 परिषदीय विद्यालयों में से 70 विद्यालय 18 पैरामीटर सुविधाओं से लैस हो चुके है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत मार्च 2023 तक ग्राम प्रधान एव ग्राम विकास अधिकारियों के सहयोग से सभी विद्यालयों को अवस्थात्मक सुविधाओं से लैस करने का लक्ष्य रखा गया है। एडीओ पंचायत ने कहा कि 26 जनवरी तक सभी विद्यालयों में अधूरे पड़े कार्यो को पूरा करा दिया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख मानसिह गोंड़, बीडीओ नीरज तिवारी, एडीओ पंचायत रविदत्त मिश्र, दयाशंकर विश्वकर्मा, एआरपी रजनीश श्रीवास्तव, गणेश जायसवाल, प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमचंद यादव, ज्ञानदास, ग्राम प्रधान म्योरपुर संगीता जायसवाल सहित अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

### नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव

**म्योरपुर।** धनबाद मंडल के गढ़वा रोड, तोलरा एवं रजहरा स्टेशनों पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के मद्देनजर कई यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है तथा कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि परिचालन रद्द की गई ट्रेनों में 18631 रांची-चोपन एक्सप्रेस का परिचालन 14 से 28 दिसंबर तक रद्द रहेगा। इसी तरह 18632 चोपन-रांची एक्सप्रेस का परिचालन 15 से 29 दिसंबर तक रद्द रहेगा। इसी तरह 03343 तथा 03344 नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो-चोपन-नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो स्पेशल का परिचालन 15 से 30 दिसम्बर तक रद्द रहेगा। इसी तरह 03359/03360 बरकाकाना-वाराणसी-बरकाकाना स्पेशल का परिचालन 15 से 30 दिसम्बर तक रद्द रहेगा। 18635 रांची-सासाराम एक्सप्रेस का परिचालन 14 से 29 दिसम्बर तक रद्द रहेगा। 18636 सासाराम-रांची एक्सप्रेस का परिचालन 15 से 30 दिसम्बर तक रद्द रहेगा। 13350 पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस का परिचालन 23 से 28 दिसम्बर तक रद्द रहेगा। 13349 सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस का परिचालन 24 से 29 दिसम्बर तक रद्द रहेगा।

### आधार कार्ड बनाए जाने के नाम पर धन उगाही का आरोप

**डाला।** रावर्टसगंज डीविजन के अन्तर्गत डाला पोस्ट आफिस पर आधार कार्ड बनाए जाने को लेकर भारी भरकर पोस्टमास्टर द्वारा अवैध धन की उगाही की जा रही है, धन उगाही के चलते स्थानीयों मे रोष व्याप्त है। डाला केन्द्र पर आधार कार्ड बनवाने के लिए सुबह ही चोपन, सलखन, कोन, कचनरवा, कोटा, गुरमुरा, परासपानी समेत अन्य इलाकों के ग्रामीण आ जाते हैं। ग्रामीण आधार कार्ड बनवाने के लिए दिहाड़ी मजदूर अपनी मजदूरी छोड़कर डाला पोस्ट आफिस आते हैं लेकिन यहां पर उनकी जेबों पर डाका डालने की नियत से पोस्ट कर्मी पहले से तैयार बैठा हुआ है। लेकिन उन्हें क्या मालूम सरकार द्वारा जारी निःशुल्क व्यवस्था पर चोट पहुंचाने के लिए डाला पोस्टकर्मी भ्रष्टाचार करने में मशगूल है। नया आधार व मैनिडेटरी आधार केन्द्र सरकार द्वारा निःशुल्क बनाने का निर्देश प्राप्त है लेकिन सौ रुपये से लेकर दो सौ रुपये तक अवैध वसुली की जाती है, बायोमेट्रिक अपडेट आधार का सौ रुपये फीस है लेकिन दो सौ से तीन सौ रुपये की वसूली की जाती है। डाला पोस्ट आफिस से बाहर तीन सौ मीटर दूर दो दुकानदार बकायदे आधार कार्ड बनवाने के नाम हजारों रुपये की वसूली करके फर्जी आधार कार्ड केन्द्र कमीर्यों की मिली भगत से बनवाते हैं। इस सन्दर्भ में पोस्ट विभाग के डाक निरीक्षक रावर्टसगंज मनीष कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नही थी, जानकारी मिली है। जाचोंपरांत आवश्यक कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी।

### समय से विद्यालय नहीं पहुंच रहे हैं अध्यापक

**दुद्धी।** दुद्धी ब्लाक क्षेत्र के स्कूल के शिक्षक की आरामतलबी की आदत नहीं छूट रही है। जिससे स्कूल समय से नही खुल रहे और न ही पढ़ाई हो रही हैं। बुधवार को कम्पोजिट विद्यालय परासपानी स्कूल में सवा नौ बजे तक एक भी शिक्षक नहीं पहुंचे थे बच्चे खेलते नजर आ रहे थे। वहीं कुछ शिक्षक नौ बजे तक रास्ते में स्कूल जाते देखें जाते हैं। लोगों का कहना है कि शिक्षक भले स्कूल समय न पहुंचते हों पर उपस्थिति पंजिका पर निर्धारित समय ही दर्शाया जाता है। अभिभावकों का कहना है कि यदि विभाग गैर जिम्मेदार शिक्षकों पर कार्रवाई करता तो शिक्षक स्कूल समय से पहुंचते और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होता। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी से आख्या मांगा कर जांच किया जाएगा। गलत पाए जाने पर शिक्षक पर कार्रवाई किया जाएगा। जो शिक्षक समय से स्कूल नही पहुंच रहे हैं उनके ऊपर कार्यवाही की जाएगी।

### रेडिएटर फटने से मासूम बालिका का चेहरा जला, गंभीर

**दुद्धी।** म्योरपुर थाना क्षेत्र के लीलासी गांव में स्थित एक निजी विद्यालय अमेरिकन पब्लिक स्कूल के कक्षा एक की छात्रा 8 वर्षीय खुशबू यादव पुत्री देवनारायण यादव विद्यालय से पढ़ाई करके नित्य की भांति सोमवार को स्कूली वाहन से घर लौट रही थी की रास्ते मे वाहन का रेडिवाटर फट गया। जिसका गर्म पानी वाहन पर बैठी बच्ची खुशबू के चेहरे पर पड़ने से बच्ची का चेहरा जल गया है। जिसका इलाज सीएचसी दुद्धी में चल रहा है। आपको बता दें कि दुद्धी तहसील क्षेत्र में बगैर मान्यता व मापदंडों को पूरा करने वाले सैकड़ों स्कूल संचालित हो रहे हैं ऐसे स्कूलों में खटारा व जर्जर वाहनों से बच्चों की जान जोखिम में डालकर जिगर के टुकड़े ढोये जा रहे हैं और परिजनों से सुविधा शुल्क के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है।

### आरएएफ व पुलिस बल के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**बीजपुर।** स्थानीय थानाक्षेत्र में कानून व शांतिव्यवस्था को प्रभावी तरीके से सुद्दढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से बुधवार को 91 बटालियन दूत कार्यबल (आरएएफ) वाहिनी मुख्यालय ग्रूप केंद्रीय रीजर्ब पुलिस बल लखनऊ के कम्पनी कमांडर अमित कुमार दुबे अपने बल के जवानों एवं प्रभारी निरीक्षक बीजपुर पंकज कुमार सिंह मय प्रभारी निरीक्षक अपराध अशोक यादव तथा पुलिस बल के जवानों के साथ संयुक्तरूप से दंगा अथवा सन्दिग्ध परिस्थितियों के उत्पन्न होने की स्थिति में तत्काल पहुँचकर नियंत्रित करने के लिए कानून व शांतिव्यवस्था को सुद्दढ़ करने के लिए फ्लैग मार्च कर पूर्वाभ्यास किया। संयुक्त बल के जवानों की टीम ने एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के स्वागत द्वार से बीजपुर के मुख्य बाजार से गुजरते हुए अन्य स्थान तक फ्लैग मार्च किया।

### बाइक के धक्के से पूर्व प्रधान के भाई की मौत

**सोनभद्र।** रावर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के चंडी तिराहा के समीप बाइक के धक्के से लोढ़ी गांव के पूर्व प्रधान शमशेर बहादुर सिंह के बड़े भाई सुरेश कुमार सिंह की मौत हो गई। पूर्व प्रधान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरे बड़े भाई सुरेश 49 चंडी तिराहा के समीप टैम्पू से घर आने का इंतजार कर रहे थे तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने सुरेश को धक्का मार दिया। लोगों की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### जंगल में सघन कॉम्बिंग

**डाला।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन व ओबरा क्षेत्राधिकारी पर्वेक्षण में हाथीनाला पुलिस द्वारा बुधवार को नक्सल विरोधी गतिविधियों की रोकथाम हेतु पुलिस व पीएसी बल के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीडीह व बेलहत्थी के जंगलों में घंटों सघन काम्बिंग की गई। हाथीनाला थाना प्रभारी रविन्द्र प्रसाद ने बताया कि जंगल में मिले जानवर चराने वाले तथा लकड़ी बीनने वाले एवं वन रक्षकों से नक्सल गतिविधियों के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक जानकारी दी गई।

# जनपद न्यायाधीश ने बंदियों के रख-रखाव की ली जानकारी


जिला जेल वाराणसी का निरीक्षण करते न्यायिक अधिकारी साथ में डीएम व एसपी।

**चंदौली।** जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार चतुर्थ के द्वारा जिला कारागार वाराणसी में निरुद्ध चंदौली के बंदियों के रखरखाव व कानूनी सहायता हेतु निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण में जनपद के जिलाधिकारी ईशा दुहान, पुलिस अधीक्षक अंकुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली के सचिव ज्ञान प्रकाश शुक्ला, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चंदौली श्याम बाबू, जेल अधीक्षक अरुण कुमार सक्सेना, अपर जेल अधीक्षक एके सिन्हा व जयशंकर सिंह की उपस्थिति में किया गया। उपरोक्त निरीक्षण में माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा सिद्ध दोष बंदी जो अपनी सजा के 40 प्रतिशत सजा काट चुके हैं उनसे मिलकर और उन्हें जल्दी ही रिहा कराने का आश्वासन दिया।

जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि ऐसे सिद्ध दोष बंदी जो अपनी सजा 40 प्रतिशत काट चुके हैं उनकी सूची न्यायालय में प्रस्तुत करें जिससे उच्चतम न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराया जा सके। इसी क्रम में सचिव द्वारा भी विचाराधीन बंदियों को कानूनी सहायता व निःशुल्क अधिवक्ता को दिए जाने के बारे में जानकारी दी गई और जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। कहा कि जिन बंदियों के अपने मुकदमे को देखने हेतु अधिवक्ता नहीं है उनको निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने हेतु सूची तुरंत प्रभाव से कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत की जाए। जिससे उनको निःशुल्क अधिवक्ता नियुक्त कर उनके वादों का निस्तारण कराया जा सके। इस दौरान आगामी लगने वाली विशेष जेल लोक अदालत के आयोजन के बारे में जानकारी दी। बताया कि 19, 20, 21 व 22 दिसंबर 2022 को विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसमें विचाराधीन बंदी के छोटे-छोटे वादों में जुर्म कुबूल करने पर अपने मुकदमों का निस्तारण कराया जा सकता है। इसी क्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्याम बाबू ने भी बंदियों को जुर्म कबूल करने के लिए समझाया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश द्वारा जेल में बंदियों के रखरखाव पाकशाला, चिकित्सालय व साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया गया जो उत्तम पाया गया।

## बीडीओ ने डैना-मनियारपुर नहर मार्ग का लिया जायजा

**सकलडीहा।** बीडीओ अरूण कुमार पांडेय और एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय ने बुधवार डैना-मनियारपुर मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान बार अध्यक्ष नितिन तिवारी को शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कराने का भरोशा दिया। अधिकारियों के आश्वासन से क्षेत्रीय लोगों में खुशी है। विदित हो कि आजादी से लेकर अब तक डैना से मनियापुर जाने वाली डेढ़ किलोमीटर नहर मार्ग पर खड़ंजा तो दूर मिट्टी तक नहीं फेंका गया है। इससे आने जाने वाले राहगीर और महिलाओं को वर्षो से काफी समस्या झेलना पड़ता है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नितिन तिवारी ने इस समस्या को प्रमुखता से सांसद और तहसील के अधिकारियों से किया था। सांसद के निर्देश पर एसडीएम मनोज पाठक ने बीडीओ को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य कराने को बताया। बुधवार को बार अध्यक्ष के साथ मौके पर बीडीओ और एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय गांव पहुंचकर मार्ग का निरीक्षण किया। शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कराने का भरोसा दिया। इस बाबत बीडीओ अरूण कुमार पांडेय ने बताया कि शीघ्र ही मनरेगा के तहत जर्जर मार्ग को दुरूस्त कराया जायेगा। इस मौके पर एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय, सचिव महेन्द्र यादव, बार अध्यक्ष नितिन तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# सीओपी से चुनाव कराए जाने के विरोध में अधिवक्ता मुखर


मुगलसराय तहसील में धरनारत अधिवक्ता।

**नियामताबाद।** तहसील के अधिवक्ताओं द्वारा मुगलसराय बार एसोसिएशन मुगलसराय का वार्षिक चुनाव सीओपी से कराए जाने के विरोध में पूर्व महामंत्री जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया जो सुबह 10 से 02:30 तक अनवरत चला। प्रदर्शन में वक्ताओं ने एक स्वर में सीओपी से चुनाव कराए जाने का विरोध किया तथा कहा कि नवसृजित तहसील में सीओपी से चुनाव कराए जाने में नए अधिवक्ताओं को मतदान के अधिकार से वंचित करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है जिससे नए अधिवक्ता हरगिज बर्दाश्त नहीं करेंगे।

अधिवक्ताओं द्वारा कहा गया कि पूरे प्रदेश के मुख्यालय पर ही केवल सीओपी से चुनाव कराया जाता है तहसील में सीओपी से चुनाव नहीं होता है इसी जिले के सकलडीहा, चकिया, नौगढ़ तहसील में भी बिना सी ओ पी के चुनाव होता है। धरना प्रदर्शन करने वाले में जयप्रकाश यादव, प्रभु नारायण तिवारी, सोमनाथ सिंह यादव, देवी दयाल गुप्ता, मोहम्मद अकरम, ओम प्रकाश गुप्ता, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सूर्य कांत तिवारी, संजीव यादव, संतोष यादव, तेज बहादुर, मुरलीधर राव, वसीम अहमद, विरेंदर यादव, विजय, ओमप्रकाश मौर्य, संजय विश्वकर्मा आदि अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### आग लगने से तीन बीघा धान जलकर राख



**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के हुदहुदीपुर गांव में बुधवार की शाम को बिजली की शार्ट सर्किट से तीन बीघा धान की खड़ी फसल जलकर राख हो गयी। आसपास के लोगो ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया। अन्यथा कई बीघा फसल जल जाती। हुदहुदीपुर गांव के रहने वाले कमला सिंह, चन्द्रभूषण सिंह व कैलाश सिंह की फसल सीवान के खेत में धान की फसल पककर तैयार थी। बुधवार की शाम को खड़ी फसल में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गयी, जिससे तीन बीघा खड़ी फसल जलकर राख हो गयी। किसी प्रकार से ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया अन्यथा खेत में पड़े 50 बीघा धान जलकर राख हो जाता। ग्राम प्रधान आशुतोष सिंह की सूचना पर लेखपाल अखिलेश सैनिक ने मौका मुआयना किया।

### चकिया एसडीएम ने धान क्रय केंद्रों का लिया जायजा



**शहाबगंज।** उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद व तहसीलदार विकास धर दुबे ने बुधवार को विपणन शाखा शहाबगंज, क्षेत्रीय सहकारी समिति शहाबगंज व किसान सहकारी समिति इलिया में धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान धान खरीद में तेजी लाने का केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया। साथ ही पूरी क्षमता के साथ कांटा चलाने को कहा। किसानों को क्रय केन्द्रों पर कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखें। उपजिलाधिकारी ने विपणन शाखा खरीद की स्टाक रजिस्टर का अवलोकन किया। क्षेत्रीय सहकारी समिति के किसानों से धान खरीद के बारे मे जानकारी ली। इलियां केन्द्र पर विद्युत व्यवस्था सही करने का निर्देश दिया। केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया की केन्द्र पर पूरी क्षमता के साथ तौल करायें। उन्होंने प्रत्येक केंद्र पर क्षेत्रीय लेखपाल को उपस्थित रहने का निर्देश दिया। धान खरिद में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान तौफिक अहमद, भूपेन्द सागर, धर्मेंद्र सिंह सहित कर्मचारी व किसान उपस्थित रहे।

### आंचल लड़कियों के लिए प्रेरणास्त्रोतः संजय त्रिपाठी



**चहनियां।** ज्योति नेत्र चिकित्सालय चहनियां के नेत्र चिकित्सक डा.संजय त्रिपाठी ने जगरनाथपुर की रहने वाली समाजसेविका डा. सरिता मौर्या की बेटी आंचल सिंह को सीआईएसएफ में चयन होने पर उसका निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया तथा उसको देश व राष्ट्र सेवा के प्रति निष्ठा भाव रखने का आशीर्वाद दिया। कहा कि अपने क्षेत्र गांव की बेटी जब देश सेवा के लिए जाती है तो क्षेत्र व महिला समाज के लिए बहुत ही गर्व व उत्साह की बात है। जहां देश सेवा के लिए लड़के ही जाते थे लेकिन अब लड़कियां भी इस में कदम से कदम मिलाकर चल रही है और राष्ट्र को सशक्त बना रही हैं। डा. संजय त्रिपाठी ने कहा जहां ग्रामीण क्षेत्र में लड़कियों के जाने से माता-पिता डरते है वहीं आंचल सिंह ने सीआईएसएफ को चुन कर लड़कियों के लिए प्रेरणा भी बनी है। इस दौरान संजय मिश्रा, पूजा शर्मा, सारनाथ सिंह, गगन त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी, विजय शंकर चौबे, सलाला कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

### ठंड के मौसम में रात्रि में सर्किल की सीमा रहेगी सील



**सकलडीहा।** अपराध और अपराधियों पर अकुंश लगाने को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त रुख अख्तियार किया है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर सीओ राजेश कुमार राय ने रात्रि में सर्किल के आधा दर्जन स्थानों पर चेक पोस्ट लगाकर सील करने का निर्देश दिया है। रात्रि में आने जाने वाले वाहन स्वामियों को रजिस्टर में नाम दर्ज कराने पर जाने की छूट मिलेगी। पुलिस की इस फरमान से अपराध पर अंकुश लगेगा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा लगातार अपराध पर अंकुल बनाये रखने के लिये प्रयासरत है। जनपद के सभी सीमा पर चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की जांच का निर्देश दिया है। इस क्रम में सीओ राजेश कुमार राय ने सकलडीहा सर्किल के महुजी, अमड़ा, नईबाजार, बलुआ पुल, मारूफपुर पुल, सधन तिराहा और डेढ़ावल आदि स्थानों पर रात्रि में सड़क पर चेक पोस्ट लगाने का निर्देश दिया है। हर आने जाने वाले वाहनों को रजिस्टर में नाम दर्ज कराने पर ही जाने की छूट दी जायेगी। इसके साथ ही हर चेकपोस्ट पर रात्रि में अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण भी किया जायेगा। इस बाबत सीओ राजेश कुमार राय ने बताया कि ठंड के मौसम में चोरी से लेकर अपराध पर रोक लगाने को लेकर सभी सीमाओं को सील कर चेकपोस्ट लगाया गया है। यहां से गुजरने वाले वाहनों को रजिस्टर में नाम दर्ज कराना होगा। तभी आगे जाने की छूट दी जायेगी।

### शहाबगंज ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों में लटक रहा ताला



**इलिया।** शहाबगंज में आंगनबाड़ी केंद्रों की हालत खस्ता है। अधिकांश केंद्रों पर ताले लटक रहे हैं। अधिकारियों की लापरवाही के कारण केंद्र कागज पर ही संचालित किए जा रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चें तो नामांकित हैं, मगर उनकी उपस्थिति न के बराबर है। शहर और गांव के आंगनबाड़ी केंद्रों के हालात एक जैसे हैं। ना कोई हकीकत देखने वाला है और ना ही इन पर कोई कार्रवाई करने वाला है। शहाबगंज के बेन आंगनवाड़ी केंद्र में 12 बजे तक ताला लटकता मिला। वहीं प्राथमिक विद्यालय बेन कैम्पस में स्थित द्वितीय आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चें तो उपस्थित थे पर उनको देखने व पढ़ाने के लिए न ही आंगनवाडी थी न ही सहायिका। जब कि केंद्र पर 110 बच्चें नामांकित है। आंगनवाड़ी व सहायिका के न आने से विधालयों के अध्यापकों को छोटे बच्चों को देख रेख करने में काफी दिकत्तों का सामना करना पड़ता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह केंद्र काफी दिनों से ऐसे ही बंद रहता है। शायद ही कभी कभार ताला खुलता है। वही सितम्बर माह के बाद से बच्चों में पोषक आहार भी नहीं मिल पा रहा है। जिससे कहीं कहीं बच्चों में केंद्र पर जाने की रुचि नहीं हो रही है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर निरीक्षण करने के लिए ब्लॉकों में सीडीपीओ और मुख्य सेविकाओं की तैनाती की गई है। मगर वह स्वयं घरों से काम करती हैं। इसलिये केंद्र देखने नहीं जाती हैं।

### बांग्लादेशी प्रतिनिधि मंडल ने राइस मिल का किया दौरा

**चकिया।** नगर से सटे मोहम्मदाबाद गांव में स्थित एक राइस मिल का बांग्लादेशी प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार की दोपहर दौरा किया। टीम ने बनने वाले फोटीर्फाइड चावल की बारीकियों को समझने के साथ ही तैयारियों का जायजा लिया। टीम का नेतृत्व कर रही बांग्लादेश महिला न्याय विभाग की महानिदेशक फरीदा परवीन ने बताया बांग्लादेश की सरकार फोटीर्फाइड चावल को पुष्टाहार में सम्मिलित करने की योजना पर काम कर रही है जिसके तहत फोटीर्फाइड चावल की जांच की जा रही है। भारत सरकार कुपोषण को समाप्त करने के लिए आईसीडीएस के अंतर्गत अन्नपुरक पुष्टाहार में शत-प्रतिशत पोषण युक्त चावल (फोर्टिफाइड) चावल को बढ़ावा दे रही है। भारत सरकार की इस योजना से प्रभावित होकर बांग्लादेश की सरकार भी फोर्टिफाइड चावल को पुष्टाहार में सम्मिलित करने की योजना पर काम कर रही है। बुधवार को वाराणसी के राइस मिलर्स से मुलाकात करने के उपरांत बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल ने मोहम्मदाबाद में स्थित राइस मिल का दौरा कर राइस मिल मालिक राजेंद्र प्रसाद जायसवाल और उनके पुत्र सुनील जायसवाल से फोटीर्फाइड चावल की गुणवत्ता को लेकर जानकारी हासिल की। जहां फरीदा परवीन ने बताया कि कुपोषण को समाप्त करने के लिए बांग्लादेश में फोर्टिफाइड चावल कितना कारगर होगा उसका अध्ययन करने के लिए टीम अध्ययन कर रही है। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में फिरदौस बेगम, मकसुदा बेगम, मुहम्मद अफीफ, महमुद भुईयान, मुहम्मद रहमान, मुहम्मद आकीब अबरार सहित डब्लूईपी के प्रोग्रामिंग पालिसी आफिसर निरंजन बैरियार मौजूद रहे।


मोहम्मदाबाद में राइस मिल का निरीक्षण करने पहुंचा बांग्लादेश का प्रतिनिधिमंडल।

# हेल्थ वेलनेस सेंटर पर 15 को मनेगा निक्षय दिवस

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** देश को वर्ष 2025 तक क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए सरकार नए प्रयास कर रही है। अब आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) भी क्षय रोगियों को चिन्हित करने का कार्य कर रहे हैं। इसी कार्य को और मजबूत करने के लिए हर माह की 15 तारीख को जनपद के समस्त ब्लाक स्तरीय पीएचसी और आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निक्षय दिवस मनाया जाएगा, ताकि क्षय रोग पर विजय पाई जा सके।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.वाईके राय ने कहां के कि जिले के 167 प्रशिक्षण प्राप्त सीएचओ क्षय रोगियों के पूर्ण स्वस्थ होने के लिए गुणवत्तापूर्ण सुविधा मुहैया कराएंगे। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि 15 दिसंबर को निक्षय दिवस का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सीएचओ अपने-अपने क्षेत्र में रोगियों की स्क्रीनिंग कर उन्हें बीमारी के प्रति जागरूक कर रहे हैं। साथ ही आशा व एएनएम घर-घर जाकर संभावित टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग कर रही हैं। क्षेत्र में पोस्टर, पंपलेट बैनर आदि से प्रचार-प्रसार जागरूक किया जा रहा है। साथ ही 15 तारीख को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दे रही हैं। लक्षण के आधार पर व्यक्तियों की सूचीबद्ध करके संबंधित एएनएम के जरिए सैंपल पहुंचाया जाएगा। इस अभियान में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर नियुक्त सीएचओ संबंधित आशा को उसके क्षेत्र में उपचारित क्षय रोगियों के लिए प्रति माह औषधियां प्रदान की जाएगी। साथ ही क्षय रोगियों की जांच व उपचार, ट्रीटमेंट, निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत डीबीटी में भी सहयोग प्रदान करेंगे।जिला समन्वय पूजा राय ने बताया कि जिले में इस साल जनवरी से लेकर अब तक कुल 1486 टीबी रोगी चिन्हित हुये हैं।

## बार एसोसिएशन की वार्षिक चुनाव की हुई घोषणा

**सकलडीहा।** सकलडीहा बार एसोसिएशन की वार्षिक चुनाव को लेकर बुधवार को अधिवक्ता भवन में बैठक हुई। सर्व सम्मत से मुख्य चुनाव अधिकारी और सहायक चुनाव अधिकारी के नामों की घोषणा किया गया। इसके उपरांत चुनाव की तिथि की क्रमवार घोषणा किया गया। बार अध्यक्ष नितिन तिवारी और महामंत्री पंकज सिंह सहित अन्य अधिवक्ताओं के नेतृत्व में अधिवक्ता भवन में सामूहिक रूप से बैठक हुई। बैठक में वार्षिक चुनाव और चुनाव अधिकारी को लेकर चर्चा किया गया। वही सहायक चुनाव अधिकारी के लिये अंगद सिंह कुशवाहा, अरुण कुमार और राजेश कुमार सिंह को नामित किया गया। जिसमें सर्व सम्मत से 31 दिसम्बर तक सदस्यता सूची तैयार करने का निर्णय लिया गया। इसके उपरांत 6 जनवरी को नामांकन और 9 जनवरी को नाम वापसी की तिथि निर्धारित किया गया। अंत में 18 जनवरी को सुबह दस बजे से मतदान व मतगणना उसी दिन परिणाम की घोषणा करने की तिथि निधारित हुआ। मौके पर बुद्धिराम, दीनानाथ, अभय नाथ मौर्या, मनोज पांडेय, जयप्रकाश नारायण, अजेय शंकर, लल्लन मौजूद रहे।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर सपाइयों ने की मंत्रणा

चर्चा

## सपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रत्याशियों के चयन पर हुई चर्चा


सपा कार्यालय पर आपस में संवाद स्थापित करते सपा के दिग्गज नेता।

**चंदौली।** नगर निकाय चुनाव को लेकर बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर लोगों ने मंत्रणा की। साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी निकायों में कार्यकताओं के साथ बैठक करके चेयरमैन और सभासद के उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

इस दौरान सपा के राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि पार्टी निकाय चुनाव में पूरी दमदारी के साथ मैदान में उतरेगी। जिले के चारों निकाय में चेयरमैन और वार्ड में सभासद के प्रत्याशियों को सपा के सिंबल पर लड़ाया जाएगा। इसके लिए सभावित उम्मीदवारों का चयन पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा किया जाएगा। विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने कहा कि यूपी में हुए उपचुनाव से साबित हो गया है कि जनता भाजपा के झूठ राजनीति को समझ चुकी है। ऐसे में निकाय चुनाव में भाजपा को मात देने के लिए जनता ने मन बना लिया है। पूर्व सांसद रामकिशुन यादव ने कहा कि निकाय चुनाव सपा के लिए काफी अहम है। पार्टी के कार्यकर्ता भी बूथों पर डटे हुए है।

प्रत्याशियों के चयन को लेकर पूरी पारदर्शिता के साथ कार्रवाई होगी। खुली बैठक के माध्यम से उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा होगी। इसके बाद आम सहमति बनने के बाद ही उम्मीदवार के नाम की घोषणा की जाएगी। निवर्तमान जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने कहा कि सभी निकायों में बैठक के लिए जल्द ही तिथियों की घोषणा की जाएगी। इसके बाद खुली बैठक में प्रत्याशियों के नामों की चर्चा होगी। इस दौरान पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार, नफीस अहमद, चंद्रशेखर यादव रामजनम यादव, सुभाष यादव, श्यामनारायण यादव, मो. अजहर आदि मौजूद रहे।

# लल्लन का शिक्षा क्षेत्र में है अमूल्य योगदानः लालबिहारी


शिक्षक विधायक लाल बिहारी यादव को अंगवस्त्रम व स्मृति चिहन देकर सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य बृजेश सिंह, आनंद तिवारी सोनू।

**चहनियां।** मातृभूमि के प्रति लगाव और क्षेत्र के नौनिहालों के उज्जवल भविष्य को संवारने का संकल्प धारण कर महुअर बलुआ जैसे क्षेत्र में एक साथ छह कालेजों की स्थापना कर शिक्षा का अलख जगाने वाले पंडित लल्लन आर तिवारी का शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान है। उक्त बातें शिक्षक विधायक व विधान परिषद में सपा के नेता लाल बिहारी यादव ने बुधवार को महुअर कला स्थित राहुल नालेज सीटी में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र के कई जिलों में उच्च कोटि के शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना करने का काम सरल नहीं रहा होगा। कम संसाधन के साथ जीवन की शुरूआत कर दो तीन दशकों तक घर व गांव से दूर रहकर भी अपनी मातृभूमि के प्रति अपने फर्ज को निभाते हुए राहुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, पॉलिटेक्निक कालेज, आईटीआई कालेज, बीएड बीटीसी कालेज सहित अन्य कई कोर्सों की शिक्षा व्यवस्था करना अपने आप में क्षेत्र वासियों के लिए प्रेरित करने वाला है। इस दौरान प्रधानाचार्य बृजेश सिंह, प्रबंधक आनन्द तिवारी सोनू ने शिक्षक विधायक को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य रूप से परमात्मा वर्मा, प्रधानाचार्य बृजेश सिंह, डा. डीसी पांडेय, विनोद चौधरी, अमित पांडेय, संजीव यादव पिंटू, नदीश तिवारी, प्रदीप तिवारी, अवधेश तिवारी, सुनील यादव सहित सभी शिक्षक व छात्रगण उपस्थित रहे।


## सावित्री मिश्रा के निधन पर शोकसभा, दी श्रद्धांजलि

**चहनियां।** लोक मंगल संस्थान के अध्यक्ष व रिटायर्ड कमिश्नर भोलानाथ मिश्र के पत्नी सावित्री मिश्रा का बुधवार की सुबह देहावसन हो गया। इसकी जानकारी होते ही लोक मंगल पब्लिक स्कूल में विद्यालय परिवार द्वारा दो मिनट मौन रहकर शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गयी। शोक सभा में प्रबंधक योगेंद्र मिश्रा ने कहा कि सावित्री देवी के निधन से विद्यालय परिवार की अपूरणीय क्षति हुई है। उनके मार्ग दर्शन के कारण संस्था अपने उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रहा है। शोक सभा मे प्रिंसिपल अंकिता गुप्ता, सुनील मौर्य, आशीष कुमार, अनिल कुमार, पुनिता, रंजना, रिशु, शौकत आदि शिक्षक व कर्मचारी मौजूद थे।

## भाकपा माले ने डीएम से मिलकर रखीं अपनी मांगे

**चंदौली।** बिछिया में भाकपा माले के नेतृत्व में 19 अक्टूबर से जारी अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को अनवरत जारी रहा। इस दौरान धरनारत लोगों ने जिले के खरगीपुर के उदल बिंद के हत्यारे के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किए जाने की मांग की। वहीं जीवधीपुर में जीएस परती बंजर सीलिंग की जमीनों को चिन्हित कर गरीबों में पट्टा करने की मांग को दोहराया। वक्ताओं ने कहा कि नियामताबाद ब्लॉक के पचोखर, डिहुलिया, धपरी सहित तमाम पात्र व्यक्तियों को आवास व शौचालय दिया जाए नगर व ब्लॉक की जबरन बिजली बिल वसूलना बंद किया जाए। साथ ही सभी गरीबों की बिजली बिल माफ किया जाए। इन 6 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा बिछिया में अनिश्चितकालीन धरने के आज 56 दिन बीत जाने के बाद भाकपा माले इंकलाबी नौजवान सभा तथा खेत मजदूर सभा के प्रतिनिधि मंडल द्वारा धरने के सक्षम डीएम से मिलकर बातचीत किया गया। डीएम द्वारा संतुष्टि जनक बात करते हुए आपके 6 सूत्रीय मांगों को पूरे करेंगे भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य शशिकांत, रामदुलार, ठाकुर प्रसाद, रामभजन, अनिता कुमारी, परावन, जीरा, महेश, राजू सोनकर व हीरालाल आदि उपस्थित रहे।

# श्रृद्धालुओं ने की क्षतिग्रस्त मन्दिर की मरम्मत की मांग



**चहनियां।** बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर बना वर्षों पुराना गंगा, यमुना, सरस्वती मन्दिर बाढ़ के कारण छत अपने जगह से क्षतिग्रस्त होकर बगल में गिर गया है। आस्था का केन्द्र रहा यह मंदिर पर लोग स्नान कर तीनों देवियों का दर्शन पूजन करते है।

श्रद्धालुओं ने मंदिर छत के निर्माण की मांग की है। बलुआ की रहने वाली द्विजा देवी स्वर्गीय मूरत साहू ने मां गंगा से मन्नत मांगी थी। मन्नत पूरा होने पर 5 मई 1987 को पश्चिम वाहिनी गंगा तट पर गंगा, यमुना, सरस्वती देवी के मन्दिर का निर्माण कराया। यह मंदिर बालू के मिट्टी में बना है। लोग स्नान दान करने के बाद मंदिर में तीनों देवियों का पूजन अर्चन करते है। इस बार बाढ़ में मन्दिर का छत क्षतिग्रस्त होकर दूसरे स्थान पर बगल में चला गया। गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने कहा कि मन्दिर के पुनः निर्माण के लिए हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। पूरे भारत मे एक मात्र स्थान है जहां से गंगा एकाएक पश्चिम की तरफ घूमी है। इसलिए इन्हें पश्चिम वाहिनीं गंगा कहा जाता है। हर त्यौहारों पर लोग दूर-दूर से हजारों लाखों की संख्या में यहाँ आते है। मुख्यमंत्री से मिलकर इस आस्था के केंद्र पर बने मंदिर के निर्माण के लिए गुहार करूंगा।

# कांग्रेसियों ने जयंती पर संजय गांधी को किया याद

**डीडीयू नगर।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेसजनों ने काली महाल स्थित पार्टी कैम्प कार्यालय पर संजय गांधी के जन्मदिवस पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा स्वर्गीय संजय गांधी एक ओजस्वी एवं ऊजार्वान नेता थे। उन्होंने कांग्रेस और देश को एक मजबूत आधार देने का कार्य किया।

संजय गांधी ने देश को नई दिशा दी। युवाओं का मार्गदर्शन कर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उनकी तेज तर्रार शैली और दृढ़ निश्चय सोच की वजह से वो देश की युवा पसंद थे। संजय गांधी अपनी सादगी और भाषण के लिए जाने जाते थे। उन्होंने वर्कशॉप में मारुति का डिजाइन बनाने की कोशिश की। भारत में मारुति की नींव संजय गांधी ने ही डाली थी। मौके पर आनंद, दशरथ चौहान, तारीक अब्बास, डा. नन्दलाल प्रसाद गुप्ता, अनवर सादात, फैयाज अंसारी, रोशन अन्य उपस्थित रहे।


मुगलसराय में संजय गांधी की जयंती मनाते कांग्रेसी।

# डीएम ने 50 लाख की परियोजना की देखी प्रगति


कलेक्ट्रेट सभागार में अफसरों संग बैठक करती डीएम ईशा दुहन।

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा 10 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं में विशेष फोकस करते हुए निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध सुनिश्चित किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। कर्मनाशा-सैयदराजा रेल ऊपरगामी सेतु निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम वाराणसी को दिया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के अनावासीय भवन का अवशेष निर्माण कार्य को तेजी से गुणवत्ता पूर्वक शीघ्र पूर्ण कराएं जाने हेतु तथा परियोजना को हस्तगत कराने हेतु उप्र राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड वाराणसी (भदोही इकाई) को निर्देश दिए।

बाबा कीनाराम अघोरपीठ मठ में समेकित पर्यटन विकास एवं मल्टीपरपस हॉल, पार्किंग, पानी टंकी व सांस्कृतिक पंडाल के कार्य की परियोजना की समीक्षा में उप्र राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड वाराणसी (भदोही ईकाई) की प्रगति असंतोषजनक प्राप्त हुई। जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताते हुए अवशेष समस्त कार्यों को अधिक मजदूर लगाकर परियोजना को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। यदि अग्रिम बैठक में प्रगति मे सुधार नहीं आएगा तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। कार्यशैली सुधारने और गंभीरता लाने के निर्देश दिए गए। शहाबगंज, लेवा, इलिया मार्ग पर कर्मनाशा नदी सेतु निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए माह के अंत तक पूर्ण किया जाय।

व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विभाग के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्किल डेवलपमेंट सेंटर कम निर्माण कार्य की गुणवत्ता हेतु उप्र राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड वाराणसी (वाराणसी ईकाई) को निर्देश दिए। मुजफ्फरपुर बिहार के पुनरुद्धार की परियोजना में यथाशीघ्र अधूरे कार्यों को पूर्ण कर अवगत कराने हेतु अधिशासी अभियंता चंद्रप्रभा को निर्देश दिए।

नवीन ममता राजकीय मानसिक मंदित विद्यालय आवासीय के निर्माण कार्य में मजदूरों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश जिलाधिकारी ने सीएण्डडीएस वाराणसी को दिया। कहा कि बैठक में संबंधित अधिकारीगण सभी परियोजनाओं का स्वयं निरीक्षण करते हुए निमार्णाधीन कार्य की गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कहा कि निमार्णाधीन कार्यों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसका पूरी निष्पक्षता एवं वास्तविकता के अनुसार महीने में दो बार बनाई गई टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर जांच सुनिश्चित करते हुए अवगत कराया जाय। थाना शहाबगंज में 32 क्षमता के हॉस्टल बैरक एवं विवेचना कक्ष का निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए माह के अंत तक पूर्ण कर हैंडोवर किया जाना सुनिश्चित हेतु निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि जिन परियोजनाओं का कार्य बारिश के पानी या फसल लगने से अवरुद्ध हो रहे थे उन कार्यों को अधिक मजदूर लगाकर समय सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण करे।कहा की को ठेकेदार ठीक से काम नहीं करा रहे है तो उनको ब्लैकलिस्टेड करते हुवे अन्य ठेकेदार से कार्य कराए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजितेंद्र नारायण उपस्थित रहे।

### सोशल मीडिया पर ट्रॉल हुए राहुल

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ पहले ही क्रिकेट टेस्ट मैच में टीम इंडिया की खराब शुरूआत के बाद कार्यवाहक कप्तान लोकेश राहुल जमकर ट्रॉल हुए। राहुल इस मैच में पारी की शुरूआत करते हुए केवल 22 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। राहुल इस मैच में युवा सलामी बल्लेबा शुभमन गिल के साथ पारी की शुरूआत के लिए उतरे थे पर शुभमन केवल 20 रन ही बना पाये। इसके बाद राहुल से लोगों को उम्मीदें थी पर उन्होंने भी निराश किया। इसके बाद लोगों ने अपना गुस्सा सोशल मीडिया के जरिये निकाला। राहुल को 19वें ओवर की पहली ही गेंद पर खालेद अहमद ने बोल्ड किया। राहुल ने ड्राइव खेलने का प्रयास किया पर गेंद बल्ले से लगकर सीधी विकेट से जा टकरायी। वहीं लोगों ने कहा कि जो रणजी खेलने के भी योग्य नहीं है उसे भारतीय बोर्ड ने कप्तान बनाया हुआ है। गौरतलब है कि राहुल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिकतर बार कमजोर टीमों के खिलाफ ही रन बनाते देखे गये हैं।



# खराब शुरूआत के बाद पुजारा, अय्यर ने भारतीय टीम को संभाला, पहले दिन भारत छह विकेट पर 278 रन

## बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने पहले दिन 6 विकेट पर बनाए 278 रन, शतक से चूके चेतेश्वर पुजारा

**चिटगांव ।** चेतेश्वर पुजारा और श्रेयस अय्यर के अर्धशतकों की सहायता से भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी पहली पारी में छह विकेट पर 278 रन बना लिए थे। दिन का खेल समाप्त होने के समय पुजारा 90 जबकि अय्यर 82 रनों पर खेल रहे थे। इस मैच में टॉस जीत कर भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम के कप्तान लोकेश राहुल और शुभमन गिल ने पारी की शुरूआत की पर दोनो ही लंबी पारी नहीं खेल पाये। शुभमन 20 जबकि राहुल 22 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी एक रन पर ही आउट हो गयी। ऋषभ पंत 46 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद पुजारा और अय्यर के बीच हुई 149 रनों रनों की अहम साझेदारी से भारतीय टीम संभली और वह 250 रनों का आंकड़ा हासिल करने में सफल रही। वहीं एक समय भारतीय टीम ने 50 रनों के अंदर ही तीन विकेट खो दिये थे। पुजारा ने 203 गेंदों में 11 चौकों की सहायता से 90 रन बनाए जबकि अय्यर ने 169 गेंदों में 10 चौकों की मदद से नाबाद 82 रन बनाए।



वहीं इससे पहले टीम इंडिया ने की ओर से पारी की पारी की शुरूआत करते हुए शुभमन और राहुल ने रन बनाने शुरू किये पर सात रन के अंदर ही तीन विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गयी। भारतीय टीम का पहला विकेट 14वें ओवर के दूसरी गेंद पर शुभमन के रूप में गिरा। गिल ताइजुल इस्लाम की गेंद पर यासिल अली के हाथों कैच हुए। टीम इंडिया को दूसरा झटका कप्तान राहुल के रूप में लगा। राहुल भी अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए और 22 रन बनाकर खालिद अहमद का शिकार बने। भारतीय टीम ने केवल चार रन और बनाने के बाद दूसरा विकेट 45 रन पर ही खो दिया। इसके बाद चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली से बड़ी साझेदारी की उम्मीदें थीं पर विराट असफल रहे ओर एक रन पर ही तैजुल इस्लाम की गेंद पर पेवेलियन लौट गये। लंच तक भारत ने तीन विकेट खोकर 85 रन बना लिए थे। लंच के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ मेहदी हसन की गेंद पर बोल्ड हुए वह केवल चार रनों से अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर पाये। भारत का चौथा विकेट 112 रन पर गिरा। इसके बाद अक्षर पटेल भी 14 रन बनाकर मेहेंदी हसन का शिकार बने। भारतीय टीम ने अंतिम ग्यारह में कुलदीप यादव सहित 3 स्पिनर को शामिल किया है जबकि तेज गेंदबाज के रूप में मोहम्मद सिराज और उमेश यादव को अवसर मिला है।

भारत इस श्रृंखला में रोहत शर्मा, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बमराह ओर ऑलराउंडर रवीन्द्र जडेजा के बिना उतरा है। ये सभी खिलाड़ी चोटिल हैं। भारत अभी डब्ल्यूटीसी तालिका में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बाद चौथे स्थान पर चल रहा है। टीम को अगर जून में होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करना है तो उसे बांग्लादेश के खिलाफ दोनों और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चारों टेस्ट जीतने होंगे।

टीम इंडिया प्लेइंग 11 में शुभमन गिल, केएल राहुल (कप्तान), चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, उमेश यादव, मोहम्मद सिराज हैं। जबकि बंगलादेश की प्लेइंग 11 में जाकिर हसन, नजमुल हुसैन शंटो, लिटन दास, शाकिब अल हसन (कप्तान), मुश्फिकुर रहीम, यासिर अली, नुरुल हसन (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, खालिद अहमद, एबादत हुसैन शामिल हैं। *एजेंसी*

## सचिन की तरह अर्जुन तेंदुलकर ने भी पदार्पण मैच में शतक लगाया

**नई दिल्ली।** अर्जुन तेंदुलकर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने पदार्पण मैच में ही शतक लगाकर अपने पिता सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर ली है। अर्जुन ने रणजी ट्रॉफी में गोवा से खेलते हुए राजस्थान के खिलाफ 52 गेंदों पर ही छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने शतक लगाकर अपनी पिता सचिन की भी बराबरी की। सचिन ने भी साल 1988 में अपने पहले ही प्रथम श्रेणी मैच में पदार्पण करते हुए शतक लगाया था। अब 34 साल के बाद अर्जुन ने इसी कारनामा दोहराया है। अर्जुन के शतक 112 और सुयश सरदेसाई के 172 रनों की सहायता से गोवा ने चायकाल तक पांच विकेट पर 410 रन बना लिए थे। अर्जुन ने अपनी पारी में 12 चौके और दो छक्के लगाये। अर्जुन तेंदुलकर टी20 लीग में आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस से जुड़े हुए हैं। सचिन ने दिसंबर 1988 में गुजरात के खिलाफ प्रथम श्रेणी में पदार्पण मैच खेला था। तब बॉम्बे की टीम से खेलते हुए सचिन ने पहली पारी में बेहतरीन शतक लगाया था। सचिन तब केवल 15 साल के थे जबकि अर्जुन अभी 23 साल के हैं। सचिन रणजी ट्रॉफी के इतिहास के डेब्यू मैच में ऐसा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं।



## आईसीसी वनडे रैंकिंग: विराट कोहली को हुआ फायदा, ईशान किशन ने भी लगाई छलांग

### किशन ने इसी मैच में अपना सबसे तेज दोहरा शतक लगाया


**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए, जबकि युवा सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने 117 पायदान की छलांग से 37वां स्थान हासिल किया। कोहली को तीन से ज्यादा साल में पहले वनडे शतक की बदौलत रैंकिंग में फायदा मिला जो बांग्लादेश के खिलाफ मैच में बना। किशन ने इसी मैच में अपना सबसे तेज दोहरा शतक लगाया। पूर्व भारतीय कप्तान कोहली ने शनिवार को चटगांव में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में 91 गेंद में 113 रन की पारी खेली। यह अगस्त 2019 के बाद 50 ओवर के प्रारूप में उनका पहला शतक था। बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज किशन ने 131 गेंद में 210 रन की रिकॉर्डतोड़ पारी खेली। श्रेयस अय्यर भी ढाका में श्रृंखला के दूसरे मैच में 82 रन की पारी के दम पर बल्लेबाजी सूची में ऊपर चढ़ने में सफल रहे, जिसमें वह 20वें से 15वें स्थान पर पहुंच गये। गेंदबाजों में भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को चार पायदान का फायदा हुआ है जिससे वह वनडे रैंकिंग में 22वें स्थान पर पहुंचे। बांग्लादेश के स्पिन आल राउंडर शाकिब अल हसन एक पायदान के लाभ से आठवें स्थान पर पहुंच गये। आल राउंडर सूची में बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज तीन पायदान के फायदे से तीसरे नंबर पर पहुंचे। टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में तीन शतकीय पारियों की बदौलत करियर के सर्वश्रेष्ठ 937 रेटिंग अंक से शीर्ष स्थान मजबूत किया। उन्होंने पिछले हफ्ते पर्थ में पहले मैच के दौरान एक ही टेस्ट में एक दोहरा शतक और एक सैकड़ा जड़ा था। लाबुशेन ने अब दूसरे स्थान पर काबिज स्टीव स्मिथ पर 62 रेटिंग अंक की बढ़त बनायी हुई है। वह सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल करने वाले खिलाड़ियों के मामले में कोहली के साथ संयुक्त 11वें स्थान पर बने हुए हैं, जिसमें आस्ट्रेलियाई महान डॉन ब्रैडमैन 961 रेटिंग अंक से शीर्ष पर थे। स्मिथ इस सूची में 961 अंक लेकर दूसरे स्थान पर हैं जबकि रिकी पोंटिंग (942 रेटिंग अंक) शीर्ष 10 में शामिल तीसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं।



## अबू धाबी नाइट राइडर्स के कप्तान बने सुनील नारायण

**कोलकाता।** वेस्टइंडीज के अनुभवी ऑलराउंडर सुनील नारायण को आगामी आईएलटी20 लीग के लिए अबू धाबी नाइट राइडर्स का कप्तान नियुक्त किया गया है। केकेआर के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

नारायण ने कप्तानी की जिम्मेदारी के बारे में कहा, 'मैं अबू धाबी नाइट राइडर्स के कप्तान की भूमिका निभाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह एक नई चुनौती है क्योंकि अब मुझे अपनी पूरी टीम के कामकाज के बारे में सोचना है, न कि सिर्फ मेरे खेल या मेरे चार ओवरों के बारे में। यह ऐसी चीज है जिसका मैं इंतजार कर रहा हूं। नारायण ने कहा, मैं नाइट राइडर्स (फ्रेंचाइजी) के साथ ही खेल में बड़ा हुआ हूं, इसलिए यह मेरे लिय एक परिवार की तरह है।



हर जगह उनकी एक टीम होती है, मुझे इसका हिस्सा बनना पसंद है। मैंने यूएई में काफी क्रिकेट खेली है इसलिए मैं परिस्थितियों को अच्छी तरह जानता हूं। यदि आप अबू धाबी नाइट राइडर्स को देखते हैं तो यह एक जानी-पहचानी टीम है, न कि एक नई एकादश जिसकी मुझे आदत डालनी है।

## मेसी के शानदार प्रदर्शन से अर्जेंटीना विश्वकप फाइनल में पहुंची, सबसे ज्यादा गोल दागने वाले अर्जेंटीनी खिलाड़ी बने, बैटिस्टूटा का रिकॉर्ड टूटा

**दोहा।** स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी के बेहतरीन प्रदर्शन से अर्जेंटीना की टीम आठ साल के बाद फीफा विश्वकप फुटबॉल के फाइनल में पहुंच गई है। अर्जेंटीना ने क्रोएशिया को 3-0 से हराया। मेसी ने सेमीफाइनल में अर्जेंटीना की ओर से पहला गोल किया और अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलायी। इसके बाद उनके एक शानदार मूव पर जूलियन अल्वारेज ने गोल किया। मेसी ने इस विश्वकप में अपनी धमाकेदार प्रदर्शन से अबतक पांच गोल दागे हैं। मेसी ने इसके साथ ही अर्जेंटीना के दिग्गज खिलाड़ी ग्रेबियल बतिस्तुता का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अब. मेसी फीफा विश्व कप में सबसे ज्यादा गोल दागने वाले अर्जेंटीनाई खिलाड़ी बन गए हैं। बतिस्तुता के विश्वकप में कुल 10 गोल थे जबकि मेसी के 11 हो गये हैं। वहीं दिवंगत डिएगो मारडोना के नाम विश्व कप में 8 गोल हैं। .मेसी फीफा वर्ल्ड कप में इस बार गोल्डन बूट के भी दावेदार बन गये हैं। मेसी और फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे के नाम 5-5 गोल हो गये हैं। वहीं फाइनल में अब अर्जेंटीना की टीम का मुकाबला फ्रांस या मोरक्को से होगा। फ्रांस और मोरक्को के बीच फीफा विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। मेसी अपना पांचवां विश्वकप कप खेल रहे हैं। उन्होंने 25 मैचों में अब तक 11 गोल किये हैं। अब उनके पास फाइनल में महान फुटबॉलर पेले का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। पेले ने विश्वकप के 14 मैचों में 12 गोल किये थे हालांकि फीफा विश्व कप में सबसे ज्यादा गोल दागने का रिकॉर्ड जर्मनी के मिरास्लोव क्लोस के नाम हैं. उन्होंने 24 मैचों में 16 गोल दागे हैं। *एजेंसी*



### फीफा विश्व कप फाइनल में पहुंचते ही अर्जेंटीना में जश्न शुरू, सड़कों पर उमड़े लोग

**ब्यूनस आयर्स।** फीफा विश्वकप फुटबॉल के फाइनल में पहुंचने के बाद से ही अर्जेंटीना में जश्न का माहौल है। लोग सड़कों पर नाचते गाते हुए उमड़ आये। सभी के हाथों में अर्जेंटीना के झंडे थे। फुटबॉल प्रशंसकों का झुंड नीली जर्सी में चारों पर फैल गया। ये लोग मेसी- मेसी चिल्ला रहे थे। सेमीफाइनल में अर्जेंटीना की क्रोएशिया पर 3-0 से जीत के बाद से ही लोगों में फुटबॉल का जुनून छाया हुआ है। राजधानी ब्यूनस आयर्स में मैच समाप्त होते ही लोग सड़कों पर उमड़ पड़े। टीम की जर्सी पहने लोगों के हाथ में देश का झंडा था और वे राष्ट्रगान गा रहे थे। मैच शुरू होने से पहले पूरा शहर मानों थम गया था। चिलचिलाती गर्मी के बाद भी कैफे रेस्त्रां और सार्वजनिक स्थानों पर लगी बड़ी स्क्रीनों के सामने लोग मैच देखेन खड़े थे। सभी की नजरें टीम के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी के प्रदर्शन पर थीं। वहीं एक विज्ञापन कंपनी में काम करने वाले 31 वर्ष के एमिलियानो एडम ने कहा, मैं खुशी के मारे पागल सा हो गया हूं। यह पहला मैच था जिसमें मुझे कोई तनाव नहीं हुआ। शुरू से अंत तक मैने पूरा आनंद लिया। आर्थिक मुसीबतों से घिरे इस देश के लोगों के चेहरों पर टीम के इस प्रदर्शन से खुशी ला दी है। पहले मैच में सउदी अरब से मिली अप्रत्याशित हार के बाद लगातार जीत दर्ज करके टीम फाइनल तक पहुंची। अर्जेंटीना में मुद्रास्फीति की दर प्रतिवर्ष करीब 100 फीसदी है और देश के दस में से चार व्यक्ति गरीबी में रह रहे हैं। अभिनेत्री लैला डेसमेरी ने कहा, हम सभी उत्साहित हैं। इतनी खुशी बरसों बाद मिली है। यह खूबसूरत है। हम बता नहीं कर सकते कि अगले कुछ दिन कितने अच्छे होने वाले हैं। *एजेंसी*

## प्रभसिमरन ने रणजी में लगाया दोहरा शतक

**नई दिल्ली।** बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने रणजी ट्राफी के नये सत्र में दोहरा शतक लगाकर सबका ध्यान खींचा है। प्रभसिमरन को आईपीएल के लिए पंजाब किंग्स ने अपनी टीम में बरकरार रखा था। इस बल्लेबाज ने अपनी प्रदर्शन से अपनी फ्रेंचाइजी के फैसले को सही करार दिया है। प्रभसिमरन ने चंडीगढ़ के खिलाफ यह दोहरा शतक लगाया है। रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप-डी के इस मैच में पंजाब के खिलाफ चंडीगढ़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की पर चंडीगढ़ के कप्तान मनन वोहरा का ये फैसला गलत साबित हुआ। पंजाब की ओर से सलामी बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ने शानदार शुरूआत कर चंडीगढ़ के गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। इन दोनों ने पहले दिन ही पंजाब को बेहतर स्थिति में पहुंचा दिया। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 347 गेंद में 250 रन की साझेदारी हुई। इसमें से प्रभसिमरन ने 144 और अभिषेक ने 100 रन बनाए। अभिषेक 100 रन बनाकर पेवेलियन लौटे जबकि दूसरे छोर पर प्रभसिमरन जमे रहे और उन्होंने चंडीगढ़ के गेंदबाजों को जमकर पीटते हुए दोहरा शतक लगाया। प्रभसिमरन ने 278 गेंद में 202 रन बनाये। अपनी इस पारी में उन्होंने 28 चौके 2 छक्के लगाए। प्रभसिमरन 2019 से पंजाब किंग्स में शामिल है। पहली बार इस युवा बल्लेबाज को पंजाब किंग्स ने 4.80 करोड़ रुपये में खरीदा था। प्रभसिमरन ने इसी साल अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था।



## आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम की नजरें अब जीत की हैट्रिक पर

**वेलेंशिया।** सेमीफाइनल में जगह बना चुकी भारतीय टीम एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की हैट्रिक लगाने का होगा। दुनिया की आठवें नंबर की टीम भारत पूल बी में दोनों मैच जीत चुकी है। चिली को 3 . 1 से हराने के बाद उसने जापान को 2 . 1 से मात दी। अब उसका सामना 20वीं रैंकिंग वाली दक्षिण अफ्रीका टीम से है। दक्षिण अफ्रीका को हराने से उन्हें सेमीफाइनल में मेजबान स्पेन (सातवीं रैंकिंग) से खेलना है। भारत के अलावा स्पेन ने पूल ए से सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आयरलैंड, इटली और कोरिया पूल ए से सेमीफाइनल में दूसरा स्थान हासिल करने की होड़ में है। वहीं पूल बी से दूसरे स्थान के लिये चिली और जापान में मुकाबला है। आठ टीमों का टूनामेंट भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें प्रमोशन और रेलिगेशन लागू होने वाला है। चैम्पियन को 2023 . 24 एफआईएच हॉकी महिला प्रो लीग में जगह मिलेगी जो अगले साल एशियाई खेलों और 2024 पेरिस ओलंपिक से पहले अहम टूनामेंट है। भारतीय टीम इस साल की शुरूआत में पहली बार प्रो लीग खेलते हुए तीसरे स्थान पर रही थी। भारत के लिए अब तक पांच अलग अलग खिलाड़ियों संगीता कुमारी, सोनिका, नवनीत कौर, सलीमा टेटे और ब्यूटी डुंगडुंग ने गोल दागे । दोनों मैचों में मिडफील्ड और फॉरवर्ड पंक्ति ने अच्छा प्रदर्शन किया। सलीमा, मोनिका, नेहा गोयल, सोनिका और नवजोत कौर ने मिडफील्ड को बांधे रखा । फॉरवर्ड पंक्ति में वंदना कटारिया, लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, संगीता और ब्यूटी ने अपेक्षा के अनुरूप खेल दिखाया है ।गोल के आगे कप्तान सविता पूनिया चट्टान की तरह अडिग रही है। पेनल्टी कॉर्नर हालांकि भारत के लिये चिंता का सबब रहा है। जापान के खिलाफ भारत को नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर एक भी गोल नहीं कर सकी।



## आंगनबाड़ी पर बच्चों को फिर मिलेगा कुक्ड फूड

**वाराणसी।** कोरोना काल के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में बंद किये गये हॉट कुक्ड फूड एकबार फिर से उपलब्ध कराए जाने की तैयारी है। इससे जनपद के ऐसे लगभग एक लाख बच्चे लाभांवित होंगे जो आंगनबाड़ी केंद्रों पर आते हैं। उम्मीद की जा रही है कि इस बारे में जल्द ही शासनादेश जारी होगा और उसके बाद इसकी शुरुआत कर दी जाएगी।

जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर मार्च 2020 से हॉट कुक्ड फूड की सेवा बंद कर दी गयी थी। उसके बाद से अबतक उस व्यवस्था को दोबारा आरंभ नहीं किया गया। अब पुनः इस दिशा में पहल की तैयारी की जा रही है। जिसके तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर छह माह की उम्र से लेकर छह साल तक की आयु के बच्चों को यह भोजन मुहैया कराएंगे। जनपद में इस आयुवर्ग के कुल दो लाख 41 हजार 380 बच्चे हैं। दावा है कि उनमें से 92 हजार 110 बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों पर आते हैं।

**तैयारी**

**जनपद में आंगनबाड़ी केंद्रों के लगभग एक लाख बच्चे होंगे लाभांवित**

**बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में बीते मार्च 2020 से व्यवस्था थी बंद**

जब से हॉट कुक्ड फूड बंद किया गया है तब से टीएचआर यानि टेक होम राशन के अंतर्गत बच्चों को उनके घर पर निर्धारित ड्राई राशन उपलब्ध करा रहे हैं। गत दिनों विभागीय स्तर पर हुए मुआयने में पाया गया कि टीएचआर व्यवस्था में एक समस्या यह है कि बच्चों के लिए घरों पर मुहैया कराए जा रहे राशन का उपभोग तमाम परिवारों में बच्चों समेत घर के सभी सदस्य कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान कुछ घरों में दो-तीन माह पहले जारी किये गये टीएचआर के बंद पैकेट भी पाये गये।



उस निरीक्षण के दौरान पूछे जाने पर संबंधित परिवार के सदस्यों ने बताया कि सिर्फ एक बच्चे के लिए बहुत कम मात्रा में दाल आदि पकाकर देना संभव न होने के चलते पूरा परिवार उस राशन का उपभोग कर रहा है।

टीएचआर के तहत प्रति माह एक-एक किलो गेहूं का दलिया व चने की दाल और 455 एमएल खाद्य तेल उपलब्ध कराने का प्रभावधान है। दूसरी ओर, जिले के पांच विकास खंड हरहुआ, आराजी लाइन, चोलापुर, चिरईगांव और बड़ागांव में स्थापित प्लांट से एनआरएलएम से संबद्ध स्वरोजगार समूहों की देखरेख में तैयार की जा रही रेसिपी गेहूं तथा दाल भूनकर आटा व बेसन की बर्फी आदि उपलब्ध करा रहे हैं।

### मानक के अनुसार दे रहे भोजन : डीपीओ

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) दिनेश कुमार सिंह के मुताबिक कोविड-19 के दौरान में मार्च 2020 से हॉट कुक्ड फूड बंद कर आंगनबाड़ी के बच्चों को टेक होम राशन दिया जा रहा है। तय आयुवर्ग से अधिक के बच्चों को उनके विद्यालयों में एमडीएम के माध्यम से भोजन उपलब्ध करा रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर एकबार फिर से हॉट कुक्ड फूड व्यवस्था आरंभ करने की कवायद है। शासनादेश के अनुसार छह माह से छह साल तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को वर्ष में कम से कम 300 दिन तक प्रतिदिन 300 कैलोरी और दस से 12 ग्राम तक प्रोटीन देने का प्रावधान है।

# सभासद का शव लेकर धरने पर बैठे परिजन, पुलिस से नाराजगी

**आक्रोश**

**वकील योगेश यादव की गोली मारकर की गयी थी हत्या**

**मल्हनी विधायक ने पुलिस कप्तान से बात कर दिलाया न्याय का भरोसा**

**जनसंदेश न्यूज**



मृतक सभासद के परिजन से वार्ता करते मल्हनी विधायक व अन्य सपा नेता

**जौनपुर।** बदलापुर नगर पंचायत के सभासद व अधिवक्ता योगेश यादव की गोली मारकर हत्या कर किये जाने पर प्रशासन ने शव का पोस्टमार्टम तो करा दिया लेकिन हत्यारों को पकड़ने में अभी तक नाकाम साबित हुई है। मृतक के परिजन पार्थिव शरीर लेकर गांव सरोखनपुर में धरने पर लगभग 38 घंटे तक बैठे रहे।

मल्हनी के विधायक लकी यादव मौके पर पहुंचे और परिवार से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों से बात कर परिवार की पूरी मांग से उन्हें अवगत कराया व सुरक्षा प्रदान करने की बात कही जिसको प्रशासन ने स्वीकार किया। उसके बाद पीड़ित परिवार की शिवपाल सिंह यादव से बात कराई गयी। उनके द्वारा परिवार को पूरा भरोसा दिलाया गया कि वो परिवार की पूरी मदद करेंगे और न्याय दिलायेंगें। विधायक लकी यादव, सपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने परिजनों से बात कर धरने को समाप्त कराया और शव का अंतिम संस्कार पिलकिछा घाट पर अपनी उपस्थिति में कराया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, महेन्द्र यादव, रमापति यादव, आशीष यादव, अंकित यादव, ओमप्रकाश यादव, अमित यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## नगरीय निकाय निर्वाचन की डीएम ने ली तैयारी बैठक

**जौनपुर।** नगरीय निकाय निर्वाचन-2023 की तैयारी के संबंध में विकास भवन के सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह ने बताया कि मतगणना कार्मिकों की तैनाती कर दी गयी है। मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रकार की तैयारियां कर ली जायें। फ्लाइंग स्क्वायड की टीम लगाई जाए, रुट चार्ट बना लिया जाए। मतपेटियों, डाक मतपत्र एवं बेरिकेडिंग के सम्बन्ध में तैयारी कर लेने के निर्देश दिये गये। डीडीएजी वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी के सम्बंध में तैयारी कर लें। इस अवसर पर उपजिलानिर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व राम अक्षयबर, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व रजनीश राय, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डोर टू डोर कूड़ा उठाना सुनिश्चित करें : डीएम

**जनसंदेश न्यूज**

**निर्देश**

**जिला शहरी विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में समस्त नगर निकाय, नगर पंचायत, जिला शहरी विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। अधिशासी अधिकारी केराकत एवं जफराबाद के द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की जमीन चिन्हित न करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया और कहा कि आगे 7 दिन में नहीं कर पाए तो निलंबित कर दिए जाएं।

अधिशासी अधिकारी रामपुर को भी चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गये। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिया कि पोस्टमार्टम हाउस के सामने खाली जमीन पर पार्क बनाये जाने का प्रस्ताव भेजा जाए। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि डोर टू डोर कूड़ा उठाना सुनिश्चित करें। सामुदायिक शौचालय का उपयोग कराना सुनिश्चित करें और कोई भी बाहर शौच न करने जाएं। उन्होंने ईओ नगरपालिका को निर्देशित किया कि ट्रांजिट हास्टल एवं कचहरी के सामने के शौचालय को अपग्रेड किया जाये, बदलापुर पड़ाव पर नए शौचालय बनाये। नई नगर पंचायतों का संपत्ति रजिस्टर 3 दिन के भीतर बनाया जाए, साफ-सफाई अभियान चलाकर करायें। ईओ गलियों में जाकर देखे की सफाई हुई है कि नहीं और जो ठेकेदार काम लेकर करा नहीं रहे है ऐसे ठेकेदारों पर एफआईआर दर्ज कराने एवं ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही करें। पीएम स्वनिधि के प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो पलटी, आठ घायल



**जनसंदेश न्यूज**

**नौपेड़वा।** स्थानीय बाजार के समीप बुधवार की शाम चौकियां धाम से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो टायर फटने से हाइवे किनारे पलट गई। बोलेरो में सवार 10 लोगों में 6 महिलाओं सहित कुल आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को बेहतर उपचार हेतु सीएचसी अस्पताल से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

बक्शा थाना क्षेत्र के बेलहटा गांव निवासी राहुल खरवार अपने घर की महिलाओं बच्चों के साथ चौकियां धाम दर्शन करने गए थे। शाम करीब चार बजे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो जैसे ही राष्ट्रीय राज्यमार्ग नौपेड़वा के समीप पहुँची बोलेरो का टायर फट गया। टायर फटने से अनियंत्रित बोलेरो सड़क किनारे खाई में पलट गई जिससे बोलेरो में सवार 18 वर्षीय डिम्पल, 35 वर्षीय संगीता, 24 वर्षीय लक्ष्मी, 52 वर्षीय चम्पा, 35 वर्षीय बिंदु खरवार, 25 वर्षीय वंदना तथा 28 वर्षीय रवि व 30 वर्षीय चाक सुरेश घायल हो गए। थाना के सब इंस्पेक्टर महेश सिंह ने एम्बुलेंस बुलाकर सभी घायलों को नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल भेजवाया गया जहां चिकित्सक डॉ. आलोक रघुवंशी ने सभी घायलों को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# जूनियर वर्ग में श्रवण व सीनियर में रिया ने मारी बाजी

**विज्ञान प्रदर्शनी**

**मोहम्मद हसन इण्टर कॉलेज में आयोजित हुई जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी**



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथिगण

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज में बुधवार को जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर वर्ग में श्रवण कुमार सोनी तथा सीनियर वर्ग में रिया यादव ने बाजी मारी।

इस आयोजन में दर्जन भर से अधिक स्कूल के छात्रों ने विभिन्न प्रकार के मॉडलों का प्रदर्शन किया। जिसमें जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज के श्रवण कुमार सोनी तथा द्वितीय स्थान अभय पटेल व तृतीय स्थान पर जोहरा बानो रही। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान रिया यादव, द्वितीय वैष्णवी व तृतीय स्थान पर अभिनव मोदनवाल रहे। बीआरपी इंटर कॉलेज, शिया इंटर कॉलेज, अशोक इंटर कॉलेज एवं मोहम्मद हसन गर्ल्स इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, राजा श्री कृष्ण दत्त इंटर कॉलेज को सांत्वना पुरस्कार हेतु चयन हुआ।

जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव के निर्देशानुसार एवं उनकी गरिमामयी उपस्थिति में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीआरपी इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जफराबाद, शिया इंटर कॉलेज, अशोक इंटर कॉलेज, राजा श्रीकृष्ण दत्त इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, मोहम्मद हसन गर्ल्स इंटर कॉलेज, जनक कुमारी इंटर कॉलेज, मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव एवं विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अब्दुल कादिर खान द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा नामित डा. मनोज तिवारी सहायक प्रोफेसर जंतु विज्ञान, राजा श्री कृष्ण दत्त कॉलेज के डॉक्टर विष्णु मौर्य विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान तथा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित प्रधानाचार्या मंजू लता वर्मा एवं डायट प्राचार्य द्वारा नामित दुर्गेश चंद्र यादव प्रवक्ता, अश्वनी पांडे प्रवक्ता, अखिलेश मौर्य प्रवक्ता ने निर्णायक मंडल दल के रूप में कार्य किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं आए हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत तथा आभार प्रकट किया तथा छात्र/छात्राओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी। संचालन धर्मेंद्र यादव तथा अनवर अल्वी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर डॉक्टर शाहिद अलीम, तंजीलुर्रहमान, मोहम्मद अहमद, मो. जैस, मोहम्मद अस्करी, सादात रुश्दी, आजम, अनुपम, मो. आजम, सुशील, सुफियान अहमद, सलमान, सैयद फैजी, महताब, प्रदीप, सईद, जैद आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी डोभी को सर्वश्रेष्ठ बनाने की कवायद तेज

**कायाकल्प अवार्ड**

**सीएमओ ने निरीक्षण कर सुविधाओं का लिया जायजा, फिर से चयनित होने के लिए दिया मंत्र**

**जनसंदेश न्यूज**



सीएचसी डोभी का निरीक्षण करती सीएमओ

**जौनपुर।** लगातार पांच वर्षों से कायाकल्प अवार्ड योजना के श्रेष्ठ पांच में चयनित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी को सर्वश्रेष्ठ पहुंचाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। इसके चलते मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने सीएचसी डोभी का निरीक्षण कर वाह्य रोगी विभाग, अंतः रोगी विभाग, लेबर रूम सहित अन्य विभागों में उपलब्ध सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान सीएचसी पर चल रहे कायाकल्प संबंधी प्रशिक्षण में शामिल हुईं और कर्मचारियों को विशेष मंत्र दिए।

उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में कायाकल्प अवार्ड योजना चलाई जा रही है। इसके माध्यम से मरीजों की संतुष्टि, स्वास्थ्यकर्मियों का व्यवहार-आचरण, अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं तथा मरीजों को कोई कष्ट न हो आदि विषयों को परखा जाता है। अस्पताल कर्मचारियों का स्वास्थ्य, उनका आचरण-व्यवहार, अस्पतालों में होने वाले संक्रमण से बचाव, सभी अस्पताल कर्मियों के लिए ड्रेस कोड पालिसी तथा मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को दी जाने वाली सुविधाओं का भी मूल्यांकन होता है।

सीएमओ ने बताया कि अस्पताल के कर्मचारियों का व्यवहार ही नहीं, यदि किसी मरीज ने किसी सहूलियत की मांग की तो वह भी उपलब्ध कराई जाती है। इसके लिए मरीजों का फीडबैक भी लिया जाता है। मरीजों की मांग पर ही सीएचसी डोभी के ओपीडी में 100 मरीजों/तीमारदारों को एक साथ बैठने की व्यवस्था की गई। पीने के पानी के लिए वाटर कूलर लगाया गया। लेबर रूम में निजता के लिए प्रसूताओं के हर बेड के हिसाब से पर्दे लगे। उनकी सुविधा के लिए वेस्टर्न स्टाइल टॉयलेट बना। जननी सुरक्षा योजना के तहत दिन में दो बार खाना और नाश्ता दिया जाता है जिसकी गुणवत्ता की जांच के लिए दो अधिकारी नोडल नामित हैं जो हर दिन भोजन की गुणवत्ता जांचते हैं। साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाता है। संक्रमण पर काबू पाने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है। सीएमओ ने प्रशिक्षक व क्वालिटी एश्योरेंस के जिला सलाहकार डॉ. क्षितिज पाठक से इस संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित मिले।

## नगर सृजन योजना में मिले 3 करोड़ 85 लाख

**गौराबादशाहपुर।** मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत गौराबादशाहपुर जो कि नवसृजित नगर पंचायत बनी है को इस योजना के अंतर्गत तीन करोड़ पचासी लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस पैसे से नगर पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों को किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ईओ अनुपम सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रथम किश्त प्राप्त हो गई है जिससे 2 विद्यालयों की मरम्मत, कल्याण मंडप का निर्माण व कस्बे में इंटरलॉकिंग का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

## किशोर हेल्थ मंचन का कर छात्र छात्राओं को किया जागरूक



छात्र-छात्राओं को जागरूक करते चिकित्सक

**जनसंदेश न्यूज**

**पवारा।** सर्वोदय विद्यापीठ इण्टर कॉलेज मीरगंज के प्रांगण में बुधवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ. बीएल यादव के नेतृत्व में किशोर स्वास्थ्य मंच का अयोजन किया गया जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर की जांच के साथ-साथ किशोरावस्था में होने वाली बीमारी, यौन रोग, एनीमिया, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर के बारे में बताया गया। बच्चों में प्रश्न उत्तरी प्रतियोगिता भी सम्पन्न कराई गई।

बच्चों को यह भी बताया गया कि तम्बाकू से कैंसर होता है। तंबाकू सेवन न करने की शपथ सभी को दिलायी गयी। उन्होंने कहाकि कॉलेज के 500 मीटर के अंदर तम्बाकू बेचने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। मेडिकल टीम में मुख्य रूप से अभिषेक यादव नेत्र परीक्षण अधिकारी, कंचन स्टॉफ नर्स, एलटी सागर कन्नौजिया, विजय मौर्या के साथ मौके पर यशवन्त मौर्या, अखिलेश यादव, सुदीप सिंह, शिवकुमार सिंह एवं नम्रता सिंह के साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## ऊर्जा संरक्षण से ही बेहतर कल की परिकल्पना की जा सकती है: शुक्ल

**सिंगरामऊ।** राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में बुद्धवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में बेहतर कल के लिए आज ऊर्जा बचाएं विषय पर संगोष्ठी और पोस्टर एवं मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुये प्रो. लालजी शुक्ल ने कहा कि किसी भी तंत्र में एंट्रॉपी बढ़ने पर ऊर्जा का क्षरण होता है। इसके लिए हमे ऊर्जा की बचत करने के उपायों को अपनाने के लिये प्रेरित किये जाने की जरूरत है। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुये महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरूण कुमार सिंह ने कहा कि प्रकृति द्वारा बिना किसी कीमत के प्राप्त होने वाले ऊर्जा के स्त्रोतों के दुरुपयोग को रोका जाना चाहिये। इस आयोजन में विषय प्रवर्तन सर्वेश कुमार दुबे ने किया और आमत्रिंत अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन भौतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. श्याम बाबू द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन पीयूष मिश्र ने किया। मौके पर प्रो. जय कुमार मिश्र, डॉ. बृजेश प्रताप सिंह, डॉ. संतोष कुमार सिंह, शुभम मौर्य, आशीष सिंह सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



बच्चों द्वारा बनाये गये मॉडलों का अवलोकन करते अतिथिगण

# मां जीवन की सबसे बड़ी मार्गदर्शक : स्वामी अंजनी दास

**कार्यक्रम**

**साढ़े तीन सौ जरूरतमंदों को वितरित किया गया कंबल**

**भाजपा नेता की माता की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि**

**जनसंदेश न्यूज**



जरूरतमंदों में कम्बल वितरित करते अतिथिगण

**करंजाकला।** समाज सेविका की पुण्यतिथि पर समसपुर पनियरिया में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमे साढ़े तीन सौ जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। आगंतुकों ने उनके जीवन चरित्र प्रकाश डाला।

हरिद्वार आश्रम से आए हुए राष्ट्रीय संत स्वामी अंजनी नंदन दास महाराज ने कहा कि जीवन की सबसे बड़ी गुरु पालनहार मार्गदर्शक माता होती है। उनकी कमी कभी पूरी नहीं होती है। उन्होंने समाज सेविका स्व. सुमित्रा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि सुमित्रा देवी महिलाओं के उत्थान के लिए हमेशा काम करती रही और समाज में जरूरतमंदों के लिए की मदद करती रही। मां के पालन का कर्ज की भरपाई कभी कोई पूरी नहीं कर सकता। भाजपा नेता अजय सिंह खर्चू, रविंद्र सिंह दादा ने कहा कि सुमित्रा देवी हमेशा गरीब असहाय लोगों के लिए लड़ी हैं और न्याय दिलाने का काम किया है।

अध्यक्षता कर रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकेशर पाल ने कहाकि मां की चरणों में सभी तीर्थ होते हैं और मां ही धरती की पहली भगवान होती है। इस दौरान भाजपा नेता कवि जनार्दन अस्थाना, शरद सिंह, जितेंद्र सिंह, सुशील सिंह, दुर्गेश सिंह ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। स्व. सुमित्रा देवी प्रबंधक समर बहादुर यादव की पत्नी व भाजपा नेता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन की माता थी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संत स्वामी अंजनी नंदन दास महाराज व समरबहादुर यादव के हाथों साढ़े तीन जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान भाजपा नेता सुनील कुमार मम्मन ने सबका आभार जताया। इस अवसर पर रामजस मिश्रा, श्यामबाबू, रामकशुन राजभर, चन्दन यादव, मिठाई यादव, रामाशंकर, रमेश यादव, जियालाल, सौरभ सिंह, ईश्वरलाल, अशोक यादव, प्रमोद यादव, उमाशंकर, डॉ. अनिल, राजेश यादव आदि मौजूद रहे। सभा का संचालन प्रशांत सिंह दीपक ने किया।

## संक्षेप

### एनसीसी कैडेट्स ने चलाया सफाई अभियान



**जौनपुर।** पुनीत सागर स्वच्छता अभियान के तहत नदी एवं तालाबों की साफ सफाई की जा रही है। इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए 5वढ (स्वतंत्र) कम्पनी एनसीसी के कैडेट्स ने कर्नल आरएस मोनी के नेतृत्व में बुधवार को हुसैनाबाद में साफ सफाई का कार्य किया। इस मौके पर कर्नल ने संदेश दिया कि अपने आस पास के इलाके की साफ सफाई रखकर हम अनेक बीमारियों से बच सकते हैं। इस मौके पर एनओ मेजर एसएन सिंह, कैप्टन ओपी सिंह, सूबेदार तरसेम कुमार, हवलदार अमरीक सिंह और हवलदार बोधराज आदि मौजूद रहे।

### चोरों ने कुण्डी काटकर 80 हजार का सामान किया पार

**केराकत।** स्थानीय कोतवाली थाना क्षेत्र के सरौनी पश्चिम पट्टी गांव के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में बीती रात चोरी हो गई। चोर शटर का ताला तोड़कर भीतर घुस गए और अलग अलग कमरों के दरवाजों की कुण्डी काटकर उसमें रखी 32 इंच की स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर, दो ब्लूटूथ स्पीकर, साइंस किट आदि सामान उठा ले गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इस्माइल सुबह जब विद्यालय पहुंचे तब घटना का पता चला। उन्होंने बताया कि चोर करीब 80 हजार रुपए का सामान उठा ले गए। कोतवाली थाना पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### आठ बीसी सखियों को किया गया सम्मानित



**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर विकास खण्ड कार्यालय में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अपने-अपने ग्राम पंचायतों में जिन बीसी सखियों ने बेहतर कार्य किया है ऐसी आठ बीसी सखियों को धमार्पुर ब्लॉक के प्रभारी बीडीओ संजय श्रीवास्तव ने साड़ी देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने बीसी सखियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जब तक आधी आबादी सशक्त नहीं होगी तब तक भारत पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता है और इस दौरान बीसी सखियों ने प्रमुख योगदान अतुलनीय है। मौके पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक प्रीतम, एडीओ पंचायत लालजी राम, सेक्रेटरी राजेश, अखिलेश कुमार, श्रुति गुप्ता, बेलाल, नील कमल व ऋषभ आदि मौजूद रहे।

### पेंशनर्स दिवस का आयोजन 17 को

**जौनपुर।** मुख्य कोषाधिकारी सुनील कुमार ने अवगत कराया है कि गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी पेंशनर्स दिवस का कार्यक्रम विकास भवन सभागार में 17 दिसम्बर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया जाना है। इस सम्बन्ध में सभी प्रमुख पेंशनर्स संगठनों के जनपदीय पदाधिकारियों को तथा प्रमुख कार्यालयाध्यक्षों/आहरण वितरण अधिकारियों को स्वयं अथवा कार्यालय के किसी वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी को पेंशनरों से जुड़े बिन्दुओं पर विचार विमर्श एवं सुझाव तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु उक्त दिवस में प्राथमिकता के आधार पर ससमय उपस्थिति हो। उपरोक्त के अलावा ऐसे पेंशनर्स/पेंशनर्स संगठन जिनकी कोई विशेष समस्या/सुझाव हो वह कोषागार कार्यालय में 15 दिसम्बर समय 12 बजे पूर्वाह्न तक लिखित रूप में संक्षिप्त विवरण सहित उपलब्ध करा सकते हैं।

### गैरहाजिर निर्वाचन अधिकारियों को स्पष्टीकरण देने का निर्देश

**जौनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी मतदान/मतगणना कार्मिक ने अवगत कराया है कि नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 49 निर्वाचन अधिकारी तथा 58 सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था जिनका प्रशिक्षण बुधवार को तिलकधारी सिंह इण्टर कालेज के सभागार में अपरान्ह 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया गया था। उक्त प्रशिक्षण में 10 निर्वाचन अधिकारी एवं 1 सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभाग नहीं किया गया जिस पर जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभाग न करने वालों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### विधायक ने अतरौड़ा में किया अंत्येष्टि स्थल का भूमि पूजन



**सुइथाकला।** विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने बुधवार को अतरौड़ा गांव में अंत्येष्टि स्थल का विधि विधान से भूमि पूजन व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार देश व प्रदेश के चहुंमुखी विकास के प्रति समर्पित है। गांव में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण हो जाने से सबसे ज्यादा लाभ उस गरीब तबके को मिलेगा जो आर्थिक रूप से कमजोर है। उन्होंने कहा कि गांव की जर्जर सड़क के निर्माण का भी टेंडर हो चुका है जल्द ही लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चंद्र तिवारी ने भी संबोधित किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन, ग्राम प्रधान राघव शरण, अरविंद सिंह 'मुन्ना', स्वतंत्र सिंह, विजय तिवारी, पं. पुनीत तिवारी, सुशील सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। संचालन भाजपा नेता बेचन सिंह ने किया।

### कौशल विकास मिशन के बच्चों को वितरण किया गया ड्रेस



**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के गुवांवा भीलमपुर पीजी कॉलेज में संचालित कौशल विकास मिशन उत्तर प्रदेश के अध्ययनरत छात्र/ छात्राओं को निशुल्क ड्रेस वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश शुक्ला ने बताया कि ऐसे सरकार द्वारा कोर्स चलाने से इस योजना से गरीबों के बच्चों को मजबूती मिलती है। यह कोर्स यहां चलाकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया है। आने वाले समय में यह मील का पत्थर बनकर साबित होगा। विशिष्ट अतिथि आईपीएस शालू सोनी ने अपने संबोधन में बताया कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। यदि लक्ष्य बनाकर परिश्रम किया जाय तो निश्चित ही सफलता मिलती है। मैं भी एक साधारण परिवार से हूं। परिवार में ही रहकर कठिन परिश्रम कर आज जो सफलता मिली है वह आप लोगों के सामने हैं। शिक्षा से ही चमत्कार किया जा सकता है। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कॉलेज के प्रबंधक एवं व्यवस्थापक द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कालेज के प्रबंधक डॉ. रमाशंकर सिंह, कौशल विकास मिशन के मैनेजर शहीद खान, व्यस्थापक सुरेश चंद्र गुप्ता, चिंटू सिंह, अनिल सिंह फौजी प्रधान, राजेश जायसवाल, हरिशंकर उपाध्याय प्रधान, राधेश्याम यादव प्रधान, पूर्व प्रधान सभाजीत सिंह, समर बहादुर सिंह प्रधान, सूबेदार सिंह एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक मौजूद रहे।

### अवैध कब्जे को लेकर सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**केराकत।** मुफ्तीगंज ब्लाक के भोगीपट्टी गांव के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सत्यप्रकाश चौहान ने गांव के विनोद मिश्रा, प्रेमचंद्र मिश्रा और सन्तोष पाण्डेय के खिलाफ एक तालाब और भीटा की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाया है। बुधवार को उन्होंने अपने समर्थकों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रधानपति ने बताया कि कब्जा करने वाले लोग न तो तालाब की साफ सफाई करने दे रहे हैं और न ही भीटा की जमीन पर रास्ता ही बनवाने दे रहे हैं। जब भी प्रयास किया जाता है तो वे उसे रोक देते हैं। एसडीएम ने आरोपों की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस मौके पर सतीश चन्द्र तिवारी, अरविन्द चौहान, विनोद कुमार, शिवकुमार, चन्द्रभान चौहान, जोखू प्रजापति, राजेन्द्र चौहान आदि रहे।



# अपराध होने से पहले ही उसे रोकने पर करें काम

**बोले डीआईजी**

## पुलिस उपमहानिरीक्षक ने क्राइम मीटिंग में दिए निर्देश

### भदोही पुलिस लाइन सभागार में डीआईजी ने की समीक्षा बैठक



पुलिस लाइन सभागार में समीक्षा बैठक करते डीआईजी विंध्याचल परिक्षेत्र

**ज्ञानपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक, विंध्याचल परिक्षेत्र आरपी सिंह ने जनपद भदोही में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, आगामी आने वाले नये वर्ष एवं स्थानीय नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत बुधवार को एसपी डॉ. अनिल कुमार सहित अपर पुलिस अधीक्षक एवं समस्त क्षेत्राधिकारियों, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं समस्त शाखा प्रभारियों के साथ अपराध एवं कानून व्यवस्था के सम्बंध में समीक्षा गोष्ठी की।

बैठक के दौरान डीआईजी ने आगामी आने वाले नवीन वर्ष को निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं संप्रदायिक सद्भाव के वातावरण में मनाये जाने हेतु शांति कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया।

डीआईजी ने कहा कि जनपद के अंतर्गत गठित शांति समितियों, संभ्रांत नागरिकों, डिजिटल वॉलिंटियर्स, शांति समितियों, नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों का सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाए तथा थाना समाधान दिवस व तहसील दिवस पर विशेष ध्यान देने, अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने, जमीन सम्बन्धित विवाद में पुलिस व राजस्व की टीम द्वारा संयुक्त रुप से मिलकर विवाद को निस्तारित कराने व वन विभाग के जमीन सम्बन्धित मामले में पुलिस, राजस्व व वनविभाग को मिलकर काम करने के का निर्देश दिया। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं जैसे हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म, दहेज हत्या, नकबजनी, चोरी, वाहन चोरी जैसी घटनाओं पर रोक लगाते हुए प्रभावी कार्रवाई करने एवं महिला सम्बन्धी अपराधों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा एटीएम कार्ड चोर, एक फरार

**गोपीगंज।** नगर में काफी दिनों से एटीएम चोर सक्रिय हो गए है। जिसकी तलाश में पुलिस काफी समय से लगी हुई थी। बुधवार को गोपीगंज चौकी पुलिस ने बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक के सामने से एक एटीएम चोर को धर दबोचा। जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। पुलिस ने भागने वालों की पहचान कर ली है। उसके घर दबिश दे रही है। मालूम हो कि गोपीगंज पड़ाव स्थित बैंक आफ बड़ौदा एटीएम के पास दो एटीएम चोर एटीएम हेराफेरी करने के चक्कर में थे। तभी चौकी के कांस्टेबलों ने एक एटीएम चोर को धर दबोचा तथा दूसरा भागने में सफल रहा। गिरफ्तार एटीएम चोर के पास से एक दर्जन एटीएम बरामद किया गया। उसने बताया कि कई स्थानों से उसने एटीएम बदलकर लोगों को झांसा देकर पैसा लूटा है। दूसरा एटीएम चोर भाग निकला। पकड़े गए चोर ने बताया की हमारा दूसरा साथी जोगिनका गांव का है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। चौकी प्रभारी ने बताया कि एटीएम चोर के फिराक में वे एक हफ्ते से लगे रहे। गिरफ्तार एटीएम चोर जौनपुर का निवासी बताया गया है।

# शिथिलता व लापरवाही पर दो बीडीओ का डीएम ने रोका वेतन

**जनसंदेश न्यूज**

**कार्रवाई**

### अभोली व सुरियावां बीडीओ पर कार्रवाई, शोकाज नोटिस जारी

### बडौना ग्राम पंचायत भदोही में गोबर गैस प्लॉन्ट कार्य शुरू करने का दिया निर्देश

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत डीपी क्रियान्वयन समिति एवं जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में पंचायत भवन निर्माण कार्य प्रगति में अपेक्षाकृत कमी, शिथिलता व लापरवाही बरतने पर दो बीडीओ का डीएम ने वेतन रोकने का निर्देश देते हुए शो काज नोटिस जारी किया।

बैठक में डीपीआरओ राकेश कुमार यादव ने पंचायत राज विभाग द्वारा संचालित योजनाएं-वित्तीय वर्ष-2022-23 की ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत की कार्य योजना बनाये जाने की प्रगति एवं इसके अन्तर्गत चयनित ग्रामों के ग्राम प्रधान व सचिव का उन्मुखीकरण विषयक मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया।

जिलाधिकारी ने अवशेष पंचायत भवन निर्माण की भौतिक प्रगति में अपेक्षाकृत कमी, शिथिलता व लापरवाही बरतने पर सुरियावां व अभोली के खण्ड विकास अधिकारी का वेतन रोकते हुए शोकाज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। पंचायत भवन सचिवालय में पंचायत सहायकों के अनुपस्थित रहने की शिकायतों का स्वतः संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारी को सहायकों की उपस्थिति तथा पंचायत भवन के पूर्ण तरीके से क्रियाशीलता का निर्देश दिया। बडौना ग्राम पंचायत में गोबर गैस प्लॉन्ट का डीपीआर परीक्षण कर कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बिना अध्ययन के नहीं मिलती उपलब्धि : डॉ. सावित्री



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के पर्यावरण विज्ञान विभाग में गुरु नानक महाविद्यालय चेन्नई के डीन एकेडमिक ऑफ साइंस डॉ. एस. सावित्री एवं डायरेक्टर रिसर्च डॉ. प्रेम एम. मारन ने शिक्षक एवं छात्रों से बुधवार को संवाद किया। विगत वर्ष गुरुनानक कालेज चेन्नई, तमिलनाडु के साथ शैक्षणिक गतिविधियों के परस्पर सहयोग हेतु एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया था। टीम ने एक दूसरे से पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे कार्य और प्रगति पर चर्चा की। डॉ. प्रेम ने पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतरीन रिसर्च करने हेतु, विभाग को बधाई दी और यह भी बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में पर्यावरण के बच्चे और अच्छा कार्य कर सकते हैं। इस क्षेत्र में उन्होंने अपना सहयोग प्रदान करने की भी बात कही और साथ ही में पर्यावरण विज्ञान के बच्चों के सवालों से प्रभावित हुए। उन्होंने कुछ बच्चों को अपने यहां उच्च शिक्षा और रिसर्च हेतु लेने की इच्छा जाहिर की। डीन एकेडमिक ऑफ साइंस डॉ. एस. सावित्री ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए व्यक्ति को स्वयं आगे आना होगा जिस तरह खाने सोने और मनोरंजन करने का समय निर्धारित है उसी तरह पढ़ाई का भी समय निर्धारित होना चाहिए। बिना अध्ययन के कोई भी शिक्षा के क्षेत्र में महान उपलब्धि नहीं प्राप्त कर सकता है। इसके बाद टीम माइक्रोबायोलॉजी विभाग में गई और वहां के बच्चों के साथ बातचीत की। इसके बाद टीम ने विश्वविद्यालय परिसर के कई विभागों को देखा। वह संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष और विद्यार्थियों से बातचीत की। गुरु नानक कॉलेज की टीम में मनजीत सिंह नायर, डॉ. स्वाति पालीवाल, डॉ. सौम्यकांत सारंगी, डॉ. क्रिस्टी, डॉ. डॉली, डॉ. प्रेम माथी मारन आदि शामिल थे। मौके पर प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. विवेक, डॉ. एसपी तिवारी, ऋषि आदि उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों व वर्कर्स की निगरानी होगी सहयोग एप से

**भदोही।** आंगनबाड़ी केंद्रों व कार्यकर्ताओं की निगरानी के लिए विभाग की ओर से एक एप लांच किया गया है, इस एप के जरिये कुछ सेकेंडों में केन्द्रों व कार्यकर्ताओं की स्थिति की निगरानी की जा सकेगी। इस आशय की जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विभाग की मंजू वर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि इस समय जिले में 1300 केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। उसकी निगरानी के लिए विभाग की ओर से सहयोग एप को बनाया गया है। इसके माध्यम से कुछ ही सेकेण्ड में स्थिति की निगरानी की जा सकेगी। इस एप में एक-एक केन्द्रों का विवरण दर्ज होगा। सिर्फ एक ही क्लिक करने पर विभाग की ओर से चल रही गतिविधियों की जानकारी आसानी ले सकेंगे। इसके लिए मुख्य सेविकाओं व कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाया जायेगा। साथ ही विभाग के कार्यों की तकनीकी में काफी स्तर तक सुधार आ जायेगा। विभाग की ओर से चलाये जा रहे तमाम योजनाओं का लाभ जनसमुदाय तक पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविका को सहयोगात्मक पर्यवेक्षण व सहयोग एप के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस एप के जरिये मुख्य सेविका और बाल विकास परियोजना अधिकारी अब आनलाइन केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे। केन्द्रों की समस्याओं को एप के जरिये उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया जायेगा।

### एप के काम करने का तरीका

बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू वर्मा ने बताया कि जिले के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी व मुख्य सेविका गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सहयोग एप डाउनलोड करेंगे। डाउनलोड करने के बाद मोबाइल नम्बर डालकर लॉग इन करें। लॉग इन करने के बाद मोबाइल नंबर पर ओपीटी आयेगा, जिसके बाद सहयोग एप का प्रयोग कर सकेंगे।

## गर्द गुबार से परेशान रहवासियों ने स्टेशन के सामने किया प्रदर्शन

**गोपीगंज।** नगर के स्टेशन रोड पर डाले गये गिट्टी मिट्टी से उठ रहे गर्द गुबार से परेशान होकर स्टेशन के सामने धरना प्रदर्शन कर जिम्मेदार विभाग और अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। प्रदर्शन कर रहे लोग आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के लिए गिट्टी मिट्टी डाल कर छोड़ दिया गया है जिससे उड़ रहे धूल से जीना मुहाल हो गया है। स्टेशन के सामने बसे लोग बुधवार को उस समय सड़क पर उतर गये जब धूल से लोगों का जीना मुहाल हो गया। प्रदर्शन कर रहे लोगो ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए गिट्टी आदि डाल कर छोड़ दिया गया है। एक सप्ताह से डाले गये गिट्टी मिट्टी से लगातार उड़ रहा धूल लोगों के घरो मे पहुच जा रहा है। काम मे लगे ठेकेदार गिट्टी डाल कर गायब हो गये है। विरोध प्रदर्शन कर लोगों ने सड़क निर्माण पूरा कराने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में सर्वोदय, राजू, शंभू, आशीष, हनुमान, रामनाथ, संदीप, शंभू, गुरु, मोहम्मद वारिस, जीशान, करिया आदि शामिल रहे।

# 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को बनाए रखने को काशी व तमिल संगमम : इम्तियाज

**संबोधन**

### वाराणसी में टेक्सटाइल कॉन्क्लेव 14 व 15 दिसंबर को होगा आयोजित

**जनसंदेश न्यूज**



आयोजित टेक्सटाइल कॉन्क्लेव में मौजूद सीईपीसी के पदाधिकारी व कालीन निर्यातक

**भदोही।** 19 नवंबर को प्रधानमंत्री द्वारा काशी तमिल संगमम कार्यक्रम द्वारा दोनों स्थानों के संबंध चर्चा किया व संबंधों को दर्शाया था। उसी क्रम में किये गए वाराणसी और तमिलनाडु के सांस्कृतिक संबंध का जश्न मनाने के लिए, काशी तमिल संगमम का आयोजन 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर एक महीने तक वाराणसी में आजादी का अमृत महोत्सव और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को बनाए रखने के लिए किया जा रहा है। यह आयोजन दो प्राचीन ज्ञान केंद्रों के बीच सदियों पुराने जुड़ाव को मजबूत करेगा।

दीन दयाल हस्त कला संकुल, बादललालपुर वाराणसी में काशी तमिल संगमम के अवसर पर होने वाले दो दिवसीय टेक्सटाइल कॉन्क्लेव का आयोजन प्रस्तावित है। जो कि 14 और 15 दिसंबर 2022 को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में कपड़ा मंत्री और कपड़ा राज्य मंत्री शामिल होंगे। सीईपीसी चेयरमैन उमर हमीद व एकमा के पूर्व मानद सचिव पियूष बरनवाल ने कलात्मक कालीनो के इतिहास व सीईपीसी द्वारा उद्योग के बेहतरी के लिए किये जा रहे उपलब्धियों पर संबोधित किया। सेमिनार में सीईपीसी सीओए इम्तियाज अंसारी, श्रीराम मौर्य, अनिल सिंह, दर्पण बरनवाल भी शामिल हुए। सीईपीसी सीओए इम्तियाज अंसारी ने बताया कि वाराणसी और तमिलनाडु के सांस्कृतिक संबंध का जश्न मनाने के लिए काशी तमिल संगमम का आयोजन हो रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को बनाए रखने के लिए यह आयोजन दो प्राचीन ज्ञान केंद्रों के बीच सदियों पुराने जुड़ाव को मजबूत करेगा।

## संक्षेप

### पूर्व विधायक विजय मिश्र के बेटे के नाम की दस करोड़ बीस लाख की सम्पत्ति होगी कुर्क

**ज्ञानपुर।** पूर्व विधायक विजय मिश्र व उनके करीबियों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। आगरा जेल में बंद विजय मिश्र पर हत्या, लूट, अपहरण, बलात्कार, संपत्ति हड़पने जैसे 83 मुकदमें दर्ज हैं। अब तक जिला प्रशासन उसकी 70 करोड़ से अधिक संपत्ति जब्त कर चुका है। बुधवार को पुलिस ने बाहुबली पूर्व विधायक के पुत्र विष्णु मिश्र की मध्य प्रदेश में स्थित जमीन को कुर्क कर दिया। कुर्क होने वाली जमीन की अनुमानित कीमत 10 करोड़ 20 लाख रुपये है। जिला कारागार में बंद विष्णु मिश्र पर डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत है। जिले की पुलिस ने मध्य प्रदेश पुलिस व राजस्व टीम के सहयोग से एमपी के रीवा जिले में हनुमना तहसील के बिराईं गांव में 3.366 हेक्टेयर (आठ एकड़ 30 डिसमिल) भूमि को जब्त कर लिया गया। आरोप था कि विष्णु मिश्रा उक्त संपत्ति को उसने अपने अपराधिक क्रिया कलाप से अर्जित धन से खरीदा था। जिला मजिस्ट्रेट की अदालत ने उक्त जमीन को कुर्क करने का आदेश दिया है। कुर्क होने वाली जमीन की कीमत 10 करोड़ 20 लाख रुपये है। इस मामले में बात करने पर पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद गैंगस्टर विजय मिश्रा के पुत्र विष्णु मिश्रा की मध्यप्रदेश के रीवा जिले में हनुमना तहसील के बिराईं गाँव में स्थित जमीन को धारा 14 (1) गिरोहबंद एवं सामाजिक क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत कुर्क कर दिया गया है। जमीन की अनुमानित कीमत 10 करोड़ 20 लाख रुपये है।

### आईजीआरएस, हेल्पलाइन आदि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सीडीओ ने की बैठक

**ज्ञानपुर।** शासन, परिषद, आयोग, आयुक्त संदर्भ, जन शिकायत, आईजीआरएस एवं सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सीडीओ ने शिकायत संदर्भों की मासिक प्राप्ति, संदर्भों की मार्किंग, अप्रसारण में लगे औसत दिवस, डिफाल्टर संदर्भ, आवेदक द्वारा निस्तारण पर दिये गये फीडबैक की स्थिति, स्वयं के स्तर पर निस्तारित, अप्रसारित, संदर्भो के सापेक्ष सी श्रेणी प्राप्त संदर्भ, मुख्यमंत्री कार्यालय से सी श्रेणीकृत संदर्भ आदि बिन्दुओं पर निस्तारण प्रक्रिया पर बल दिया। उन्होंने समय सीमा के उपरान्त निस्तारण करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों से गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय शिकायतों के निस्तारण का निर्देश दिया। समाधान दिवस व सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जमीन व राजस्व से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में कम से कम सब-इन्स्पेक्टर, कानूनगो के साथ तीन लेखपाल अवश्य जाए। पब्लिक संपर्क वाले विभागाध्यक्ष शिकायतों के निस्तारण में भी आईजीआरएस की टीम बनाकर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। अधिकारी शिकायतकर्ता से स्वयं बात चीत करते हुए उनकी संतुष्ट करने का प्रयास करें। बैठक में समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, उप निदेशक कृषि, अधिशाषी अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### किसानों को दी स्ट्रॉबेरी व ड्रैगन फ्रूट की खेती की ट्रेनिंग

**चंदौली।** जिला उद्यान अधिकारी अलका श्रीवास्तव ने बताया कि ड्रेगन फ्रूट की खेती को बढावा देने के लिए इच्छुक कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में अपराहन 11 बजे आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के साथ-साथ साप्ताहिक खाद्य उद्योग मेला में खाद्य प्रसंस्करण से सम्बन्धित उद्योग यथा बेकरी उद्योग, दाल मिल, उद्योग, मशरूम उत्पादन, फ्लोर मिल (आटा चक्की), नमकीन उद्योग, मिठाई उद्योग, सब्जी आधारित उत्पाद रेडी टू कुक (मैगी नूडल्स, पास्ता, ढोकला स्वीटकार्न, ओट्स, दलिया, सूजी आदि बेकरी उद्योग दूध उत्पाद से सम्बन्धित उद्योग हर्बल उत्पाद आयॅल सीड आधारित उत्पाद आदि की खेती पर तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के स्थापना पर 35 प्रतिशत तक अनुदान की सुविधा है।

# प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने को लेकर बैठक

**जनसंदेश न्यूज**



बैठक के दौरान लोगों को संबोधित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**ज्ञानपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे राजन के निर्देश में कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं फ्रंटल संगठनों के साथ प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा के लिए बैठक हुई। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे राजन ने कहा कि प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा जो पूर्व मंत्री प्रयागराज प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में 12 जिलों में यह कार्यक्रम चल रहा है और आगामी 16-17 दिसंबर को भदोही शहर से होते हुए ज्ञानपुर गोपीगंज में यह यात्रा चलेगा।

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में हो रहे अन्याय, युवाओं की नौकरी, लोगों के नफरत को मिटाने, किसानों के हित, महिलाओं के सम्मान के लिए इस यात्रा को राहुल गांधी के समर्थन में जिलेवार निकाला जा रहा है।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष माबूद खान व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नाजिम अली ने कहा कि प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा के लिए जिस तरह से राहुल गांधी को पूरे भारत में लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है उसी तरह भदोही जिले में भी प्रयागराज प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में अपार समर्थन मिल रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित दीनानाथ दुबे, जिला दुबे, जजलाल राय, शाबान करीमी, डाक्टर निजामुद्दीन, सैफ अली बाबू, रमेश दुबे, रोशन अली, पप्पू पांडेय, सुरेश चौहान, त्रिलोकी नाथ बिंद, सनाउल्लाह, आनन्द मौर्या, राजा राम दुबे, अबरार अहमद, राजेंद्र मौर्या, मो हारून, जावेद अली आदि मौजूद रहे।


## केविके में आयुर्वेद चिकित्सा व योग शिविर आज

**चंदौली।** कृषि विज्ञान केन्द्र चंदौली में सप्तम आयुर्वेद दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में हर दिन, हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के तहत जनपद स्तर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह एवं निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं योग शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ईशा दुहन द्वारा विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जायेगा। साथ ही साथ आयुर्वेद के संक्षिप्त विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा काय चिकित्सा, शल्य विज्ञान, स्त्री एवं प्रसूति पर जानकारी दी जायेगी एवं निःशुल्क आयुर्वेद औषधि वितरण, पोषक मोदक वितरण, पंचकर्म एवं 15 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण प्राशन का लाभ देकर उनके रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जायेगा। प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनता को लाभ प्रदान कराया जायेगा। डा. भावना द्विवेदी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, वाराणसी द्वारा उक्त कार्यक्रम जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। जिले में संचालित आयुर्वेद चिकित्सालयों, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, योग वेलनेस सेन्टर पर उपलब्ध सेवाओं एवं औषधियों से प्राप्त होने वाले लाभों को बताया जायेगा।

# पैरामेडिकल स्टाफ के सहारे चल रहा सीएचसी

**सुइथाकला।** जनहित में सरकारें चाहे जो भी कदम उठा लें, पर कुछ लोगों का सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखाना उनकी कार्यशैली में बेशुमार हो चला है। कुछ इसी तर्ज पर स्थानीय सीएचसी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों भी हाल है। अभी हाल में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र भैसौली के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति को लेकर क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह की चेतावनी के बावजूद भी स्वास्थ्य कर्मियों की कार्यशैली में कोई सुधार नही दिख रहा है।

कुछ ऐसा ही नजारा बुधवार को उस समय देखने को मिला जब जन सन्देश टाइम्स की टीम अपराह्न 3.30 बजे सीएचसी पर पहुंची तो पाया गया कि पैरामेडिकल स्टाफ को छोड़ अधीक्षक समेत समस्त चिकित्सक मौके से नदारद रहे। सीएचसी लगभग पूरी तरह खाली मिली जबकि इक्का दुक्का मरीज चिकित्सकों की तलाश में घूमते नजर आये। कमोवेश लोगों की माने तो सीएचसी पर तैनात चिकित्सकों की लेटलतीफी उनकी आदत में शुमार हो



चला है जबकि आएदिन मरीजों और पैरास्टाफ में झड़प आम बात हो गई है। मौके पर फार्मासिस्ट गंगा सागर चौरसिया व घनश्याम सिंह, वार्डब्वाय रितेश राय, स्वीपर इस्लाम व उमाकान्त, नेत्र सहायक कमलेश, एसटीएस फरहान, एएनएम सुशीला व स्टाफ नर्स गिरजा मौजूद रही। तैनात एलटी राकेश और कुछ रोग पर्यवेक्षक कन्हैया लाल अवकाश पर थे। मामले में जब अधीक्षक सुर्यप्रकाश यादव के मोबाईल पर सम्पर्क साधा गया तो उनका फोन नही उठा। फिलहाल लोगों के स्वास्थ्य को लेकर सरकार चाहे जितनी गम्भीर हो पर स्वास्थ्य महकमा अपने कर्तव्यों के प्रति गम्भीर नहीं है।

# महिलाएं अपने को कमजोर कतई न समझें : दामिनी

**जौनपुर।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित नई चेतना-पहल बदलाव की कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को रमानाथ महाविद्यालय हिंदीपुर में रचना विशेष विद्यालय की तरफ से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महिलाओं को आत्म निर्भर बनने हेतु विषय पर विद्यालय की विशेष शिक्षिका दामिनी यादव ने सम्बोधित करते हुए कहाकि महिलाओं को समाज में स्वयं को सुरक्षित रखने का कार्य आरपीडब्ल्यूडी 2016 एक्ट में विधिवत कही गयी है। बालिकाएं अपने को कमतर न समझें। इसी क्रम में रमानाथ महाविद्यालय की प्रवक्ता रेनू गुप्ता ने कहाकि इस एक्ट के आ जाने से समाज में हर वर्ग की महिलाएं एवं दिव्यांग महिलाएं बहुत सशक्त होंगी। प्रवक्ता स्वाती साहू ने विद्यालय की समस्त छात्राओं को इस एक्ट के बारे में तथा उनके अधिकार के बारे में विस्तृत रूप से जागरुक किया। दिव्यांग महिलाओं को उनके अधिकार एवं सुरक्षा विषय पर विस्तृत जानकारी मुख्य समन्वयक सुनील कुमार गुप्ता ने दी। सर्वेश मौर्या ने कार्यक्रम में आए हुए समस्त अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं को धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. UPHIN/2012/46221
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एसपी - 78/2011-13

# भूमि पूजन कर विधायक ने खुटहन समोधपुर मार्ग का किया शिलान्यास

**शुभारम्भ**

### 17 करोड़ 27 लाख 39 हजार में बनेगी पन्द्रह किमी सड़क

**जनसंदेश न्यूज**

**गभिरन।** वर्षों से गड्ढे में तब्दील चल रहे खुटहन, पट्टीनरेन्द्रपुर वाया समोधपुर मार्ग की सूरत बहुत जल्द बदलने वाली है। इसको लेकर बुधवार को विधायक रमेश सिंह ने स्थानीय चौराहे पर वैदिक रीति से मंत्रोच्चार के बीच पूरे विधि विधान से भूमि पूजन व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। पंडित अमरनाथ मिश्रा ने पूजन कराया।

चौराहे पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा विकास खंड में गांवों के संपर्क की दर्जनों सड़कें टूटी हुई है जिनका जल्द ही कायाकल्प किया जायेगा। इसके अलावा शाहगंज बाइपास का काम भी जल्दी शुरू करा दिया जाएगा। उन्होंने खुटहन समोधपुर मार्ग को लेकर कहा कि विधान सभा चुनाव के दौरान हमने वादा किया था जिसे अब पूरा कर रहा हूं। यह मार्ग तीन माह बाद नये कलेवर में दिखेगा। श्री सिंह ने कहा कि इस सड़क की चौड़ाई पहले मात्र तीन मीटर थी। अब इसकी चौड़ाई साढ़े पांच मीटर की होगी। इसके दोनों किनारों पर दो दो फुट ईंट की पटरियां भी बनेगी। सड़क मार्च तक पूरा कर लेने का लक्ष्य रखा गया है। 15 किमी सड़क निर्माण में सत्रह करोड़ सत्ताइस लाख



उन्तालीस हजार रुपए व्यय होंगे। इसे लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया जायेगा।

इस मौके पर पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता राजेन्द्र वर्मा, बीडीओ वीरभानु सिंह, राहुल मिश्रा, बेचन पाण्डेय, प्रेमचंद तिवारी, दिनेश गुप्ता, शशिकांत तिवारी, जितेंद्र सिंह, विनोद यादव, विपिन यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वंशबहादुर पाल व संचालन सुधीर सिंह ने किया।

# राजस्व वसूली में शिथिलता बरती तो होगी कार्रवाई

**जनसंदेश न्यूज**

**सख्ती**

### कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी के तेवर सख्त

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक मंगलवार देर सायं आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित राजस्व वसूली से जुड़े समस्त विभागीय अधिकारियों को दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप वसूली सुनिश्चित कराएं, अधिकारियों के द्वारा वसूली में शिथिलता बरती गई तो उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष रूचि लेकर वसूली करके अपने लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि आबकारी, परिवहन विभाग द्वारा वसूली लक्ष्य से कम है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आबकारी अधिकारी का स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक दशा में वसूली का लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली, भूमि पट्टा आवंटन, किसान दुर्घटना बीमा, स्वामित्व योजना, खतौनी पुनरीक्षण की भी विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि 5 वर्ष से अधिक लंबित वादों का अभियान चलाकर निस्तारण करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व रजनीश राय, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व राम अक्षयबर, नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी मनीष वर्मा

# भारतीय शास्त्रीय संगीत को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास

**महज नौ साल की उम्र में सरोद वादन की प्रस्तुति**

**प्राय: हर देश में सरोद का फहराया परचम**

## हमें दुनिया के हर संगीत व कला का सम्मान करना चाहिए: पं. विकास महराज



**राधेश्याम कमल**



पं. विकास महराज ने महज नौ साल की उम्र में पहली सरोद वादन की मंच प्रस्तुति दी। जो कि भारतीय शास्त्रीय संगीत के इतिहास में एक और शानदार अध्याय जुड़ने की शुरूआत थी। अपने पिता तबला ऋषि व बंगाल टाइगर के नाम से मशहूर पं. नन्हकू महराज फर्दीबाज एवं मामा पद्मविभूषण तबला सम्राट पं. किशन महराज से तबले की लयकारियां तथा गुरू मैहर घराने के संस्थापक पंडित राजेशचन्द्र मोइत्रा से सरोद की शिक्षा ग्रहण की। पं. विकास महराज का जन्म एक जुलाई 1957 को बनारस के कबीरचौरा में प्रसिद्ध महराज परिवार में हुआ। जो लगभग 500 वर्ष के महान वंश परम्परा में विरासत की 14वीं पीढ़ी के रूप में उनके कंधों पर सुशोभित है। पं. विकास महराज के ज्येष्ठ भ्राता स्व. पं. प्रकाश महराज (तबला) रहे व छोटे भ्राता सुभाष महराज हैं जो कि जर्मनी में रहते हैं। पं. विकास महराज दुनिया के बहुत ही कम देश बचे होंगे जहां पर उन्होंने सरोद वादन न किया हो। पं. विकास महराज को संगीत विरासत में मिला। उनसे जनसंदेश टाइम्स की खास मुलाकात हुई। पं. विकास महराज बताते हैं कि मां हिंगलाज महाराज की प्रेरणा व पिता स्व. नन्हकू महराज के मार्गदर्शन में हम आगे बढ़े। गुरू का अथक प्रयास व शिक्षा ने कम उम्र में ही सरोद वादन का मार्ग खोल दिया जो आज तक निरंतर जारी है। वे बताते हैं कि भारतीय कलाकार के रुप में हमारा उद्देश्य था भारतीय संगीत को जनमानस तक पहुंचाने का जिसमें वह सफल भी रहे। कहा कि हमें दुनिया के हर संगीत व कला का सम्मान करना चाहिए। पं. विकास महाराज के तीन पुत्रों में प्रभाष महराज (तबला), विशाल महराज (सरोद) व अभिषेक महराज (सितार) हैं। तीनों पुत्र भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय से गोल्ड मेडलिस्ट हैं। तीनों सुपुत्र विश्व के कई विश्वविद्यालयों में बतौर संगीत टीचर के रूप में कार्य कर रहे हैं। जिसमें अमेरिका, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, जापान आदि देशों में जाकर एवं आनलाइन भी संगीत की शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। तीनों सुपुत्र ऐसे लोगों को संगीत में निपुण करते हैं जो पहले से ही संगीत के जानकार हैं। इनमें कई प्रोफेसर तो कई म्यूजिक कम्पोजर व सिंगर हैं।

## 6000 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय संगीतकारों संग की प्रस्तुतियां

उन्होंने विश्वविख्यात अंतर्राष्ट्रीय संगीतकारों के साथ 6000 से ज्यादा मंच प्रस्तुतियां दी हैं। भारत रत्न पंडित रवि शंकर की पुस्तक द डॉन ऑफ इंडियन म्यूजिक इन द बेस्ट में पंडित विकास महाराज को भारतीय संगीत को पश्चिम देशों में प्रचारित करने वाले प्रमुख संगीतकारों में सम्मिलित किया गया है। इसमें विश्व के 20 विश्व विख्यात संगीतकारों में सम्मिलित कर न केवल संगीत में योगदान को अमर बनाया, बल्कि पश्चिमी देशों में भारतीय संगीत की पहचान को आने वाले सैकड़ों सालों तक जीवंत कर दिया है।





## जर्मन संसद चिह्न से सम्मानित होने वाले प्रथम भारतीय सरोद वादक

वर्तमान में देश के सबसे बड़े आबादी वाले राज्य, उत्तर प्रदेश के एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय सरोद वादक के रूप में पं. विकास महराज न्यूजीलैण्ड के संसद भवन एवं नार्वे स्थित नोबेल हाउस में सरोद वादन के साथ ही साथ जर्मन संसद चिन्ह से सम्मानित होने वाले प्रथम भारतीय सरोद वादक के रूप में भारत का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की ओर से आयोजित भारत महोत्सव के अंतर्गत स्वीटजरलैण्ड के ज्यूरिख एवं जेनेवा, स्वीडन के स्टॉकहोम एवं न्यूजीलैण्ड के ऑकलैंड एवं वेलिंग्टन शहर में अपने सरोद वादन की प्रस्तुतियाँ दी। आईसीसीआर भारत सरकार की ओर से आयोजित प्रवासी कार्यक्रम के तहत न्यूजीलैण्ड एवं बांग्लादेश में अपना सफल सरोद वादन प्रस्तुत किया एवं संगीत नाटक अकादमी के उत्तर प्रदेश पर्व के अंतर्गत भारत के कई राज्यों पश्चिम बंगाल, ओडिसा, केरल एवं असम में अपने सरोद वादन से श्रोताओं के बीच भारतीय संस्कृति एवं शास्त्रीय संगीत को साझा किया। पं. विकास महाराज ने कई फिल्मो में संगीत निर्देशन दिया है जिनमें नागोशी, होलीवाटर प्रोजेक्ट, गरम मसाला, मेकिंग ट्रैक्स एवं बनारस: शास्त्रीय संगीत घराना मुख्य हैं। 1982 में जर्मनी के 5 वें राष्ट्रपति कार्ल कर्स्टन के विशेष निमंत्रण पर म्यूनिख, जर्मनी में अंतर्राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन संगोष्ठी के दौरान सरोद वादन कर, भारत की प्राचीन संस्कृति एवं संगीत का प्रतिनिधित्व किया।

## कौन से मिले सम्मान


पं. विकास महराज को सन्त चिंतामणि मुखर्जी सम्मान, द्वय शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश व आयुष मंत्री उत्तर प्रदेश (2022), अखिल भारतीय ब्राम्हण परिषद न्यास की ओर से भगवान परशुराम रत्न सम्मान- काशी (2022), शिक्षक श्रेष्ठ सम्मान-(2022), मनीषी रत्न सम्मान वाराणसी(2021),चंद्रशेखर रत्न सम्मान (2017), यश भारती सम्मान (2015),सांस्कृतिक राजदूत (20315), जर्मन शहर रेम साइड के महापौर द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार (2016), कर्मवीर सम्मान-नई दिल्ली (2015), राइट लाइवलीहुड अवार्ड-स्वीडन (नामित) (2015), संतकेशव दास रत्न सम्मान-बिहार सरकार (2012), विद्या-भूषण-उप्र. (2007), गुरु सम्मान-उप्र. (2005), डॉ.सर्वपल्ली राधा कृष्णनन सम्मान-नई दिल्ली (2001), पहरुआ सम्मान-उप्र (2001),निम्बारकर रत्न सम्मान (2000),सरोद शिरोमणि-मॉरीशस (1999), भारतीय सांस्कृतिक राजदूत-जर्मनी (1997), सिटी रत्न-जीटीवी समूह-भारत (1997), सरोद मेस्ट्रो-उप्र. (1997), सरस्वती सम्मान-नई दिल्ली (1998), सरोद मेस्ट्रो-जर्मनी (1986) एवं सरोद के जादूगर-झारखण्ड (1981) जैसे अनेकों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों एवं पदकों से सुशोभित किया गया है। पं. विकास महराज होलीवाटर-न्यूजीलैण्ड तथा इंडो-जर्मनी सोसाइटी-जर्मनी के सदस्य के रूप में निरंतर समाज सेवा का भी कार्य कर रहे हैं। पं. विकास महाराज ने समाज एवं संगीत के प्रति अपने कर्तव्यों को दृढ़ करते हुए अनेकों संगीत महोत्सवों एवं सामाजिक संगठनों की नींव डाली, जो आज नई पीढ़ियों को मंच प्रदर्शन एवं समान शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, जिनमे, गंगा महोत्सव, संगीत विभाग-काशी विद्यापीठ-, काशी विश्वनाथ संगीत समारोह आदि है।

# काशी व दक्षिण की कला और संस्कृति को रखा है जीवंत

**बनारस के (हनुमानघाट) में ही जन्मे, पले-बढ़े तमिल भाषी डॉ. राधाकृष्ण गणेशन पिछले 200 वर्ष तीन पीढ़ियों से (माता-पिता दोनों) बनारस के निवासी हैं जिनकी प्रारम्भ से ही चित्रकला, आंतरिक सज्जा, संगीत, अभिनय, लेखन आदि अनेक विषयों में रूचि थी, जिसमें इन्होंने उपाधियां भी अर्जित की। इनकी भारतीय कला एवं संस्कृति के विविध पक्षों के अध्ययन में भी गहरी रुचि एवं पैठ है जो इनके विविध पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध-पत्रों, लेखों व पुस्तकों से स्पष्ट है। इन्होने चित्रकला, क्राफ्ट, कोलम आदि विषयों पर अनेक प्रदर्शनियां, कार्यशालाएं की एवं स्कूलों में इन कलाओं को प्रोत्साहित भी करते रहे। बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा पर अनेक पुस्तकें लिखीं, एवं हिंदी शोध पत्रिका शाश्वत का सम्पादन भी किया। इसका सारा श्रेय गणेशन अपने माता-पिता को ही देते हैं।**

### तमिलभाषी परिवार डा. राधा कृष्ण गणेशन काशी में तीन पीढ़ियों से रह रहे हैं









## माता-पिता के पूर्वज तमिलनाडु से काशी आये...

भारत कला भवन से जुड़े राधाकृष्ण गणेशन बताते हैं कि मेरे माता एवं पिता के पूर्वज दोनों ही तमिलनाडु से काशी आये जो दाक्षिणात्य एवं स्थानीय कला संस्कृति एवं वेद-वेदांग, कर्मकाण्ड, शास्त्र के समग्र संस्थान ही थे। हमारा छोटा सा मध्यमवर्गीय दक्षिण भारतीय पुरोहित परिवार था, जिस कारण हमसब धार्मिक वातावरण में ही पले बढ़े। अपने माता-पिता के इस विशाल वट-वृक्ष के छाँव तले जो अनमोल मूर्त एवं अमूर्त थाती हम सब भाई-बहनों (तीन भाई, तीन बहन) ने पायी, वे हमें आज भी रचनात्मक कार्य करने हेतु प्रेरित करते रहते हैं। माता-पिता के द्वारा संचालित न जाने कितने ही क्रियाकलापों को हम सब बचपन से देखते आये हैं। मेरी मां के पिता (मेरे नानाजी) डॉ.रंगस्वामी अय्यर सन 1922 में तमिलनाडु के त्रिचिरापल्ली जिले के लालगुडी गांव से सपत्नीक काशी आये और यहां उन्होंने संकठा मंदिर के निकट गंगामहल घाट को अपना निवास बनाया। डॉ. रंगस्वामी अय्यर एक कुशल आयुर्वेदिक चिकित्सक के साथ वेद-वेदांग और आध्यात्म के ज्ञाता भी थे। यही कारण था कि उन्हें धर्म एवं पुरातन नगरी काशी बेहद पसंद आई और वे यहीं के होकर रह गये। उनके तीन पुत्र एवं पुत्रियों में सन् 1932 में जन्मी मेरी माता सीतालक्ष्मी उनकी ज्येष्ठ पुत्री थीं, जिन्होंने काशी के रामापुरा स्थित रामेश्वरी गर्ल्स हाई स्कूल से प्रवेशिका परीक्षा (आठवीं) सर्वोच्च अंक पाकर उत्तीर्ण की। 18 वर्ष की अवस्था में सन 1950 में विवाह होने के कारण आगे अध्ययन जारी न रख सकीं, मेरे पिता के आवास, हनुमान घाट आ गईं। अध्यापक, मित्र सभी उनके शिक्षा के प्रति लगन, बुद्धिमत्ता एवं कुशाग्र बुद्धि से प्रभावित थे।



हमारी मां तो गुणों की खान थी, जिसका लाभ मात्र हम घर वालों को ही नहीं, आसपास के पड़ोसी, रिश्तेदारों व बच्चों को भी मिला। बच्चों की तो हमेंशा भीड़ होती, कोलाहल सा मचा रहता, नाच, गाने, चित्रकला न जाने क्या-क्या सीखते। प्रातःकाल सूर्योदय के पूर्व उठकर घर-द्वार को धोकर, रंगोली काढ़ने से प्रारम्भ कर रात्री सोने के समय तक माॅ के द्वारा संचालित न जाने कितने ही क्रिया कलापों को हम सब बचपन से देखते आये हैं। कभी धार्मिक कथाओं, प्रेरक प्रसंगों, विविध संस्मरणों को सुनाकर उनके सार-तत्त्वों से हमें अवगत करातीं। इतना ही नहीं, चुटकुलों, कहानियों, बचपन के गीतों, कविताओं, भजनों को सुनाकर हमारा मनोरंजन भी किया करती थी। हिन्दी एवं तमिल साहित्य का उन्हें अच्छा ज्ञान था। बनारस की होने के कारण भोजपुरी भाषा भी पूरे खाटी बनारसी अंदाज में बोलती थीं। पर दक्षिण भारतीय होने के कारण मातृभाषा तमिल को ही घर में उन्होंने जीवन्त रखा। जबकि मेरे पिता के पूर्वज (मेरे परदादा) वैदिक विद्वान, कर्मकाण्ड पुरोहित स्व.गोपालकृष्ण वध्यार (पुरोहित) सुदूर दक्षिण तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले के कल्लिडईकुरूचि गांव से अपनी पत्नी तैलाम्बाल एवं अपने तीन पुत्रों-कृष्णन, नारायणन एवं श्यामा के साथ सन 1870 के लगभग काशीवास के लिए आये। काशी का हनुमान घाट ही वह स्थान था, जहां वेद पण्डित एवं कर्मकाण्ड के आचार्यों का अनवरत आगमन होता रहा और वह सभी यहाँ बसते रहें और यहाँ रहकर काशी यात्रा हेतु आने वाले दक्षिण के तीर्थ यात्रियों के धार्मिक कार्यों, उनके खान-पान, देव-दर्शन आदि की समुचित व्यवस्था करते रहे। परदादा के बाद मेरे दादा कृष्णवाध्यार ने ही सर्वप्रथम प्रमुख पुरोहित के रूप में हनुमान घाट स्थित प्रयाग मठ में रहते हुए तमिल तीर्थयात्रियों के अलावा अनेक परोपकारी कार्य किये। उनके चार पुत्रों एवं तीन पुत्रियों में मेरे पिता राधाकृष्णन दूसरे पुत्र थे जिन्होंने सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल से कक्षा 10 तक की पढ़ाई पूर्ण कर सरकारी नौकरी करते हुए अपने पिता के पौरोहित कार्यों में भी आजीवन सहयोग करते रहे। दादाजी द्वारा निर्मित हनुमान घाट स्थित नवीन घर में रहकर उन्होंने अपनी सांस्कृतिक वैदिक धरोहर को संरक्षित रखने के लिए अपने कर्मकाण्ड के शास्त्रीय परम्परा को यथावत अनवरत जीवित रखने का प्रयास करते रहे।

# सनबीम वरुणा में कैम्ब्रिज स्कूल का शुभारम्भ

**वाराणसी।** सनबीम इण्टरनेशनल, वरुणा में अप्रैल माह से कक्षा 1-7 तक की कक्षाओं के संचालन के साथ वाराणसी में पहली बार कैम्ब्रिज असेसमेन्ट इण्टरनेशनल एजुकेशन के अन्तर्गत सनबीम स्कूल वरुणा में विश्वस्तरीय पाठ्यक्रम का शुभारम्भ सनबीम इण्टरनेशनल वरुणा के रूप में हुआ जिसका संचालन आगामी सत्र से प्रारम्भ हो जायेगा। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के द्वारा संचालित कैम्ब्रिज प्रोग्राम एक अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्था है। जो विश्व के 110 देशों में 1300 शिक्षण-संस्थान के रूप में कार्यरत है और मुख्य रूप से 5-11 वर्ष के बच्चों में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं आई.सी.टी. के ज्ञान का विकास करके उनको वैश्विक परिदृष्टि से युक्त इच्छुक एवं जिज्ञासु बनाती है जिससे बच्चों का सार्वभौमिक विकास होता है। यह संस्था बच्चों में सीखने की प्रवृत्ति का विकास एवं उनकी बौद्धिक क्षमता की अभिवृद्धि करके उनकी कमियों को दूर करने में सहायक शैक्षणिक तकनीकी का विकास करती है। सनबीम इण्टरनेशनल वरुणा बच्चों में शैक्षणिक विकास के साथ अच्छे आचरण को विकसित करती है। यह संस्था बच्चों में ऐसी विश्वस्तरीय योग्यता की खोज एवं संप्रेषित बुद्धि क्षमता का विकास करती है जो उन्हें विश्व स्तर पर किसी विद्यालय या विश्वविद्यालय में कार्य करने की योग्यता प्रदान करती है।



सनबीम इण्टरनेशनल वरुणा में आगामी सत्र में अप्रैल माह से प्राथमिक एवं निम्न माध्यमिक स्तर पर कक्षा 1 से 7 तक की कक्षाएं प्रारम्भ होंगी और आने वाले वर्षो में कक्षा 12 तक की कक्षाएं संचालित होंगी। प्रवेश फार्म का वितरण प्रारम्भ हो चुका है एवं प्रथम प्रवेश परीक्षा का आयोजन 15 दिसम्बर 2022 को होगा।

कैम्ब्रिज पाठ्यक्रम की शुरूआत वाराणसी में पहली बार हो रही है और हमे विश्वास है कि आने वाले दिनों में यह अपना यथोचित स्थान बनाने में सफल रहेगा। इस उद्घोषणा के समय सनबीम समूह के अध्यक्ष डा दीपक मधोक, निदेशिका श्रीमती भारती मधोक, उपनिदेशिका श्रीमती अमृता बर्मन, मानद निदेशक हर्ष मधोक, महेश श्रीवास्तव क्षेत्रीय प्रबन्धक (कैम्ब्रिज असेसमेन्ट इण्टरनेशनल एजुकेशन, दक्षिण एशिया), श्रीमती प्राची मेहता प्रबंधक (कैम्ब्रिज असेसमेन्ट इण्टरनेशनल एजुकेशन, उत्तर भारत) एवं प्रधानाचार्या डॉ. अनुपमा मिश्रा इत्यादि गणमान्य मौजूद थे।

# चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात




**अश्विनी कुमार श्रीवास्तव**

मंत्री जी आएं हैं अभी हटो, मंत्री जी आएं हैं यहां ऑटो नहीं लगनी चाहिए, जी हां यह कोई फिल्म का डॉयलाग नहीं है बल्कि रेलवे की सुरक्षा में लगे उनके ही सुरक्षा जवान के बोल हैं इतना ही नहीं उस एरिया के बाहर जहां से सिविल सुरक्षा के जवानों का क्षेत्र शुरू होता है उनके जवान के भी बोल थे। यानि अतिक्रमण के सफाई का अभियान कुछ इस तरह से संयुक्त रुप से चलाया गया था कि जैसे अमेरिका और भारत के जवानों के लिए संयुक्त रुप से सैन्य अभ्यास का अभियान हो, इस अभियान में एकता इतनी थी कि इस बार कोइ कहने वाला नहीं था कि यहां से हमारा कार्य क्षेत्र शुरू होता है तो यहां से हमारा कार्य क्षेत्र खत्म होता है। दो घंटे के मंत्री के कार्यक्रम के बाद चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात का मुहावरा याद किया जाने लगा।

### हनक ऐसी कि टैम्पो, ट्रॉली, ठेला गाड़ी गायब

मंत्री के आने की सूचना मिलते ही तैयारियों का पूरा ले आउट एक दिन पहले ही बना लिया गया, इतना ही नहीं अंदर बाहर का भी खाका खिंच लिया गया कि आंखों में गड़ने वाला कोई भी शख्स नहीं दिखना चाहिए। और हुआ भी, मंत्री के आने के पूर्व पूरा क्षेत्र इस कदर साफ नजर आया जैसे यहां के यात्रियों को सिर्फ परिसर के अंदर लगे स्टॉलों के भरोसे ही रहना होता हो, ऑटो वालों को देख ऐसे लग रहा था मानों मानवता की गंगा इन्हीं को छूकर बहती हो। बाकायदे अल सुबह से ही सुरक्षा के जवानों की ड्यूटी लगा दी गयी थी। इस ड्यूटी के लिए ना तो किसी जवान ने आनाकानी की और ना ही किसी ने किसी तरह की विवशता जाहिर की।

### चलते-चलते

किसी भी वीवीआईपी के मूमेंट पर हर विभाग का सामांजस्य अपने आप स्थापित हो जाता है फिर तो शेर और बकरी एक ही घाट प पानी बड़े आराम से पीते हैं लेकिन ऐसी कौन सी विवशता है जो वीवीआईपी मूमेंट के बाद विभागों में कार्य क्षेत्र का बटवारा करवा देती है। इस पर हम सभी को सोचना होगा, आखिर बार-बार मना करने पर भी अतिक्रमण कारी क्यों नहीं मानते वहीं अतिक्रमणकारी वीवीआईपी मूमेंट पर एक बार में ही मान जाते हैं।

### काश! रोज आए मंत्री का काफिला

मंत्री के आने वाले दिन परिसर के अंदर बाहर की स्थिति को देखने वाले रोजाना के लोगों ने मंत्री जी का धन्यवाद कहने के लिए उन तक तो नहीं पहुंच पाये लेकिन मन की तार से मंत्री तक अपनी बात पहुंचा दी कि काश मंत्री जी रोज ऐसे ही आये फिर किसी भी तरह का ना तो एरिया बटेगा और ना ही कोई कार्य करने से कतरायेगा, लोगों को सहूलियत होगी और फेरी पटरी वालों के चलते कोई जाम का झाम नहीं होगा।